कॉन्फरन्स प्रकाश का चतुर्थ वर्ष का अपूर्व उपहार

श्रीमदनुयोगद्वार सूत्रम्.

(पूर्वार्द्धम्)

श्रीमदुपाध्याय विद्वद्रत्न जैनमुनि आत्मारामजी (पंजाबी)
कृत ज्ञानप्रबोधिनी भाषा टीका समेतम्

प्रकाशक–रवेरचन्द जादवजी कामदार सम्पादक 'जैन कान्फरन्स प्रकाश'

श्रीमान सेठ महावीरसिंहजी साहब रईस पार्टीदार
हांसी की तर्फ से भेंट–

बाबू दुर्गाप्रसाद के प्रबन्ध से सुखदेवसहाय जैन प्रिंटिंग प्रेस,
अजमेर में मुद्रित हुआ

वीर सं० २४४३] [खिष्टाब्द १९१७

प्रस्तावना ।

प्रिय महाशय ! यह संसार चक्र बड़े वेग से चल रहा है उस में प्रतिक्षण और प्रतिपल में अनेक परिवर्तन होते हैं तथा वर्तमान भूत से परिवर्तित होता है इसलिये विचारशील पुरुष अपने भविष्य जीवन को सदुपयोग वा परोपकार तथा आत्मचिंतन आदि में ही लगाते हैं अतः इस संसार चक्र में परिभ्रमण करते हुए प्राणियों को मनुष्य जन्म प्राप्त होना अति दुर्लभ है यदि किसी आत्मा को पूर्वोदय से मनुष्य जन्म प्राप्त भी होगया तो फिर उसको पंचेन्द्रिय पूर्ण आयु, नीरोगी शरीर आदि सामग्रियें प्राप्त होनी बहुत कठिन हैं। यदि उक्त सामग्रियें भी मिल गईं तो फिर विद्या अध्ययन, करना तो परम कठिन है संसार में अनेक विद्वान् हुए वा हैं अथवा होंगे परन्तु इस विषय में वक्तव्य इतना ही है कि जिस शास्त्र से आत्मबोध की प्राप्ति हो ऐसे शास्त्रों के पठन वा पाठन कराने वाले विद्वान् बहुतही अल्प होते हैं सांसारिक कलाओं के उपदेष्टा अनेक विद्वान् वा उन कलाओं के उत्पादक अनेक तत्त्ववेत्ता विद्यमान हैं और भूतकाल में विद्यमान थे किन्तु अंत समय यह कलायें आत्मा की सहायक नहीं होतीं इसलिये सब से बढ़कर सब से उत्तम एक धर्म है सो धर्म की जिज्ञासा करने वालों के लिये धर्म शास्त्र ही अति उपयोगी हैं जिन में श्रीअर्हन देव के कथन किये हुए वाक्य परम पवित्र हैं और उन वाक्यों के संग्रह का नाम ही सूत्र वा सिद्धान्त शास्त्र है सो जिन वाणी के पठन करने का अभ्यास प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिये जिस से आत्मबोध की प्राप्ति हो । श्री जिनेन्द्र भगवान् की वाणी ने पदार्थों का सत्य २ स्वरूप प्रतिपादन किया है जिसके श्रवण वा मनन करने से आत्मा को अतीव शान्ति की प्राप्ति होती है । अंत में आत्मा कर्मों से मुक्त होकर मोक्ष में विराजमान होजाता है इस लिये माना गया कि स्वाध्याय के समान कोई भी दूसरा तप नहीं है । क्योंकि (स्वाध्यायस्तप) किन्तु श्रुतज्ञान के प्रति पादक अनेक महान २ ग्रंथ हैं । उन में जिज्ञासुओं को पहले उन शास्त्रों का स्वाध्याय करना योग्य है कि जिन में अनेक विषयों का समावेश हो और वे शास्त्र नियमबद्ध हों ।

किन्तु जैन सूत्र, मूल प्राकृत वा वृत्ति संस्कृत में ही प्राय प्रतिपादित हैं जिन में प्रवेश करना प्रत्येक व्यक्ति को सुगम नहीं है तथा जो गुजराती भाषा में "टब्बादि" लिखे हुए हैं यद्यपि वे परम उपयोगी हैं किन्तु वे एक प्रान्त के लिये ही उपयुक्त हैं सर्व प्रान्तों के लिये नहीं।

इसलिये सर्व हितैषी आज दिन हिंदी भाषा को ही प्राय सर्व विद्वानों ने स्वीकार किया है इसलिये मेरा विचार भी यही हुआ कि जैन शास्त्रों का हिंदी अनुवाद करना चाहिये जिस से प्रत्येक व्यक्ति आत्मिक लाभ ले सके किन्तु इस काम में अपनी असमर्थता को देख कर इस शुभ कार्य में आज तक विलम्ब होता रहा अपितु १९७१ वे वर्ष का चातुर्मास श्रीश्रीश्री गणावच्छेदक वा स्थविरपद विभूषित श्री स्वामी गणपतिरायजी महाराज ने कसूर नगर में किया तथा मैं भी आपके चरणों में ही निवास करता था तब मुझे बाबू परमानन्दजी ने व प० मुनि ज्ञानचन्द्रजी ने प्रेरित किया कि आप श्री अनुयोगद्वारजी सूत्र का हिन्दी अनुवाद करो जिससे बहुत से प्राणियों को जैन शासन के अमूल्य ज्ञान की प्राप्ति हो क्योंकि इस सूत्र में प्राय सर्व विषयों का समावेश है और प्रत्येक विषय को बडी योग्यता के साथ वर्णन किया गया है और जैन सिद्धान्त ... व्याख्या की गई है प्रत्येक विषय की व्याख्या उ... गम ३ नय ४ द्वारा की गई है। इसी वास्ते इस का नाम अनुयोगद्वार है।

यथा—स्वाभिधायक सूत्रेण सहार्थस्य अनुगीयते अनुकूलो वा योगोऽस्येद अभिधेय मित्येव मयोऽन्यशिष्येभ्य प्रतिपादनमनुयोगः सूत्रार्थकथनमित्यर्थ अथवा एकस्यापि सूत्रस्यानन्तोर्थ इत्यर्थो महान् सूत्र त्वणु ततश्चाणु ना सूत्रेण सहार्थस्ययोगो अनुयोग तथा अनुयोगस्य विधिर्वक्तव्यो यथा प्रथम सूत्रार्थ एव शिष्यस्य कथनीय द्वितीयवारे सोपिनिर्युक्त्यर्थ कथन मिश्रस्तृतीयवारया तु प्रसङ्गानु प्रसङ्गानुगत सर्वोप्यर्थावाच्यस्तदुक्त सुत्तत्थोखलुपढमोबीओनिज्जुत्तिमीसओ भणियो तइयो निरविसेसो एसविही अणुओगो ॥

इत्यादि प्रकार से अनुयोग की विधि वर्णन की गई है तथा अन्य प्रकार

और भी विधि जाननी चाहिये जैसे कि– ज्ञात, अज्ञात, परिषद् तो अनुयोग योग्य है किन्तु दुर्विदग्ध परिषद् अनुयोग के अयोग्य है।

फिर संहिता, पदच्छेद, पदार्थ, पदविग्रह, शंका, (तर्क) और प्रत्ययवस्थान द्वाराही अनुयोग करना चाहिये इत्यादि अनेक प्रकार से अनुयोग की व्याख्या की गई है।

और इस सूत्र में प्रत्येक पद सूक्ष्म बुद्धि से विचारने योग्य है तथा नाम द्वार में दश प्रकार के नामों का बडी सुन्दर शैली से निरूपण किया गया है फिर प्रमाण विषय तो बहुत ही गहन है इस लिये इस सूत्र के हिन्दी अनुवाद की अत्यन्त आवश्यकता थी तब मैंने बाबू परमानन्दजी की प्रेरणा से व प० मुनि ज्ञानचन्द्रजी की प्रेरणा से इस काम करने में साहस किया यद्यपि यह बात स्वतः सिद्ध है कि यावन्मात्र अनुवाद होते हैं वे पाठकों की रुचि मूल से हटाकर भाषाकी ओर ही खींचते हैं क्योंकि मनुष्य स्वभावतः सुगम मार्ग की ओर ही चलते हैं इसलिये मूल पठन करने का प्रायः अभ्यास स्वल्प होरहा है किन्तु मेरी इच्छा सर्व साधारण की रुचि को मूल की ओर ले जाने की है इसी भाव से प्रेरित होकर मैंने मूल पदार्थ की ही व्याख्या लिखी है।

तथा सूत्र व्याख्यान की समाप्ति में पूर्ण सूत्र का भावार्थ भी दिया है जिससे साधारण पुरुष भी सूत्रके आशय को यथार्थ रीति से जान सके।

के उत्पादक अनेक तत्ववेत्ता[illegible]ग, के न मिलने पर इस अपूर्व ज्ञान से जब तक समय यह भव्यार्थ आत्मा [illegible] ही अवश्य लाभ होगा।

[illegible] के कारण व मुनि ज्ञानचन्द्रजी के रुग्णावस्था के कारण इस काम में विलम्ब होने लगा किन्तु अनुवाद फिर भी कुछ होता ही रहा फिर बरनालामंडी में मुनि ज्ञानचन्द्रजी का स्वर्गवास होगया।

यद्यपि यह ग्रंथ पूर्ण तो हो चुका था किन्तु इसकी द्वितीयावृत्ति करने में बहुत ही विलम्ब हुआ मुनि ज्ञानचन्द्रजी की प्रेरणा से इस भाषा टीका के लिखने का प्रारम्भ हुआ था इसी वास्ते इस भाषा टीका का नाम "ज्ञान बोधिनी" भाषा टीका * रक्खा गया है इसमें जहां तक होसका है इसको सुगम करने का उद्योग किया गया है जिससे कि प्रत्येक व्यक्ति इससे लाभ ले सके और भाषा के स्पष्ट करने में भी यथाशक्ति उद्योग किया गया है प्रत्येक पद का अर्थ भिन्न २ लिखा है।

तथा जो प्रश्न रूप पद है उनको एकत्र लिख कर ही उनके अर्थ में (प्रश्न) इसे लिख दिया है जैसे कि "सेकिंत" शब्द है इसके अर्थ में (प्रश्न)

लिख दिया है क्योंकि संकेत शब्द का संस्कृत 'अर्थान्तत्' प्रयोग बनता, उसको बार बार न लिखकर केवल "प्रश्न" शब्द को ही लिखा है और 'बहुल' 'आर्षम्' व्यत्ययश्च इन तीन सूत्रों की प्राकृत भाषा में विशेष प्राप्ति है किन्तु जहां जिस सूत्र की प्राप्ति है वहां पर हेमचन्द्राचार्य कृत प्राकृत व्याकरण के सूत्र वा संस्कृत शाकटायन व्याकरण के सूत्र दिये गये हैं और संस्कृत के प्रकरणों में केवल संस्कृत व्याकरण के ही सूत्र लगाए गए हैं और इस सूत्र के संशोधन में मैं तीन पुस्तकों का ऋणी हूं जिन में एक तो बहुत ही प्राचीन प्रति है, द्वितीय नूतन है, तृतीय रायबहादुर सेठ धनपतिसिंह की मुद्रित की हुई है। किंतु तृतीय प्रति में दृष्टि दोष के कारण से शुद्ध अशुद्धियें रह गई हैं यद्यपि बड़ी सावधानी से पत्र में काम किया जाता है फिर भी दृष्टि दोष के कारण से मनुष्य का भूलना स्वाभाविक है।

किन्तु मुझ से जहां तक होसका है इस के शुद्ध करने में मैंने बहुत ही उद्योग किया है और हर्ष का विषय है कि मैं बहुत से अंश में इस कार्य में उत्तीर्ण हुआ हूं। इस शास्त्र को योग्यता पूर्वक पठन करने का प्राणी मात्र को अधिकार है। और प्रत्येक व्यक्ति जो इस शास्त्र का पठन करना चाहे उसको उचित है कि अन याम काल को छोड़ कर इस शास्त्र का अध्ययन करे।

क्योंकि विधिपूर्वक शास्त्र अध्ययन किया हुआ ही फलीभूत होता है इसलिये आशा है भव्यजन इस सूत्र से लाभ उठाकर और नय निक्षेप के वेत्ता होकर पूर्ण दर्शन शुद्धि के विषय में स्वयात्मा को प्रविष्ट करते हुए मेरे परिश्रम को साफल्य करेंगे और जो कुछ मैंने लिखा है वह श्रीश्रीश्री १००८ आचार्य वर्य पञ्चत्रिंशत् गुणालंकृत श्रीश्रीश्री पूज्य मोतीरामजी महाराजजी की कृपा से लिखा है किन्तु मेरी मंद मति इस कार्य में सर्वथा असमर्थ थी।

सुज्ञजनो! अन्य विकथा युक्त उपन्यासादि ग्रंथों के पठन से आत्मिक लाभ नहीं हो सकता है इसलिये इस शास्त्र के पठन से अपना आत्मा को ज्ञान से विभूषित करें और अन्य आत्माओं का परोपकार द्वारा सन्मार्ग में प्रवृत्त कराय फिर जब "आत्मा" और "ज्ञान" एक रूप हो जायेंगे उस काल में ही आत्मा सिद्धगति को प्राप्त होगा जो सादि अनंत पदयुक्त है इसलिये उक्त पद के वास्ते प्रत्येक प्राणी को परिश्रम करना चाहिये॥

गुरु चरणकमल सेवी, विनीत—

उपाध्याय जैनमुनि आत्माराम (पंजाबी)

श्री वर्द्धमानाय नमः

श्री अनुयोगद्वार सूत्रम्

मूल-नाणं पंचविहं पण्णत्तं, तंजहा-आभिणिबोहियनाणं सुयनाणं ओहिनाणं मणपज्जवनाणं केवलनाणं । तत्थ चत्तारि नाणाइं ठप्पाइं ठवणिज्जाइं णो उद्दिसंति णो समुद्दिसंति णो अणुण्णविज्जति ॥ १ ॥

हिंदी पदार्थ-(नाणं) ज्ञान, (पंच विहं) पांच प्रकार से (पण्णत्तं) प्रतिपादन किया गया है, (तंजहा) जैसे कि, (आभिणिबोहियनाणं) आभिनिबोधिक-मति-ज्ञान, (सुयनाणं) श्रुतज्ञान, (ओहिनाणं) अवधिज्ञान, (मणपज्जवनाणं) मन.पर्यवज्ञान, (केवलनाणं) केवलज्ञान, (तत्थ) इन पांच ज्ञानों में (चत्तारि) चार (नाणाइं) ज्ञान, (ठप्पाइं) सव्यवहार्य नहीं, (ठवणिज्जाइं) स्थापनीय है, क्योंकि मतिज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान ये चारों ही (णोउद्दिसंति) उद्देश—उपदेश-नहीं करते (णो समुद्दिसंति) समुद्देश नहीं करते (णो अणुण्णविज्जति) आज्ञा नहीं देते हैं " ... भावात् " मुख का अभाव होने से, क्योंकि ये चार ज्ञान अपने अनुभव को प्रकाश नहीं कर सकते. इस लिये परोपकारी न होने के कारण ये चार ही ज्ञान स्थापनीय हैं ।

भावार्थ-सर्व पदार्थों का ज्ञाता और शास्त्र की आदि में मङ्गल रूप, विघ्नों का उपशम करने वाला, निज आनन्द का प्रदाता, आत्मा का निज गुण प्रदर्शक, ज्ञान है, इसलिये सब से प्रथम ज्ञान का वर्णन किया जाता है । अर्हन् देवने ज्ञान पांच प्रकार से प्रतिपादन किया है क्योंकि ज्ञान शब्द का अर्थ यही है, कि जिस के द्वारा वस्तुओं का स्वरूप जाना जाय, अथवा जो निज स्वरूप का प्रकाशक है, वही ज्ञान है अथवा जो ज्ञानावरणीयादि कर्मों के क्षय वा क्ष

योपशम के कारण से उत्पन्न होता है वही यथार्थ ज्ञान है सो यह ज्ञान अर्ह
भगवन्तों ने तो अर्थ करके और गणधरों ने सूत्र करके पांच प्रकार से वर्ण
किया है जैसे कि–जो सन्मुख आए हुए पदार्थों का मर्यादा पूर्वक जानता
वह आभिनिबोधिक ज्ञान है तथा इस ज्ञान को मतिज्ञान भी कहते हैं। द्विती
जो सुनकर पदार्थों के स्वरूप को जानता है उसे श्रुतज्ञान कहते हैं। तृतीय जं
प्रमाणपूर्वक रूपवान् द्रव्यों को जानता है उसे अवधिज्ञान कहते हैं। चतुर्थ जं
मन के पर्यवों को भी जानलता है वही मन:पर्ययज्ञान है। और सम्पूर्ण लोकालो
के स्वरूप को जानने वाला केवलज्ञान कहलाता है, किन्तु इन पांचों में से श्रु
ज्ञान को छोड़ कर शेष चारज्ञान स्थापनीय (पृथक् करने योग्य) हैं। चा
ज्ञान लोक में व्यवहार का उपयोगी नहीं है, अर्थात् परोपकारी नहीं हैं, अपि
जिस आत्मा को जो ज्ञान होता है, वही उस का अनुभव करता है अन्य नहीं।
किन्तु श्रुतज्ञान परोपकारी है। इसलिये शास्त्र में अब श्रुतज्ञान का ही वर्णन किय
जायगा, क्योंकि उद्देशादि श्रुतज्ञान से ही उत्पन्न होते हैं, इस से भिन्न शेष ज्ञान
के उद्देश तथा समुद्देशादि नहीं है। जो गुरु कहते हैं वही श्रुतज्ञान है। अपि
जो चारों ज्ञानों का स्वरूप वर्णन किया जाता है वह सर्व श्रुतज्ञान के द्वारा ही वर्ण
किया जाता है।

अथ श्रुतज्ञान के विषय में सविस्तर स्वरूप।

मूल–सुयनाणस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्ण अणुओगोय पवत्तइ। जइ सुयनाणस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्ण अणुओगोय पवत्तइ, किं अंगपविट्ठस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्ण अणुओगोय पवत्तइ? किं अंगबाहिरस्स उद्देसो समुद्देसो अणुण्ण अणुओगोय पवत्तइ? ॥ २ ॥

हिन्दी पदार्थ-(सुयनाणस्स) श्रुत ज्ञान का, (उद्देसो) उद्देश, (समुद्देसो
समुद्देश, (अणुण्ण) अनुज्ञा, और (अणुओगोय) अनुयोग ("पवत्तइ") होत
है। (जइ) यदि (सुयनाणस्स) श्रुतज्ञान का, (उद्देसो) उद्देश, (समुद्देसो
समुद्देश, (अणुण्ण) अनुज्ञा और (अणुओगोय) अनुयोग, (पवत्तइ) प्रवृ
होते हैं तो (किं अंगपविट्ठस्स) क्या अंगप्रविष्ट सूत्रों में श्रुतज्ञान का (उद्देसो
उद्देश, (समुद्देसो) समुद्देश, (अणुण्ण) अनुज्ञा, (अणुओगोय पवत्तइ) अनु

योग प्रवर्तता है। (विं अगबाहिरस्स) अथवा अगसूत्रों से बाहिर के उत्तराध्ययनादि सूत्रों म श्रुतज्ञान के (उद्देसो) उद्देश (समुद्देसो) समुद्देश, (अणुण्णा) अनुज्ञा, (अणुओगोय पवत्तई) और अनुयोग प्रवर्तता है ?

भावार्थः-इन पाच ज्ञानों में से श्रुतज्ञान के ही उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग होते हैं, किंतु शेष चारों के नहीं। ऐसा कहने पर शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन्! यदि श्रुतज्ञान के उद्देश, समुद्देश, आज्ञा और अनुयोग हैं तो क्या अग सूत्रों में जो श्रुतज्ञान है उसके उद्देश, समुद्देश, आज्ञा और अनुयोग हैं वा जो अग सूत्रों से बाहिर के उत्तराध्ययनादि सूत्र हैं उन में श्रुतज्ञान के उद्देश, समुद्देश आज्ञा और अनुयोग हैं ? शिष्य के ऐसा पूछने पर गुरु कहते हैं।

मूल-अगपविट्ठस्सवि उद्देसो जाव पवत्तइ, अग वाहिरस्सवि उद्देसो जाव पवत्तइ ? इम पुण पट्ठवणं पडुच्च अग वाहिरस्सवि उद्देसो ४ ॥ ३ ॥

हिन्दी पदार्थ-(अग पविट्ठस्सवि) अपि शब्द समुच्चयार्थ में है, अगप्रविष्ट सूत्रों में भी, (उद्देसो जाव पवत्तइ) उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग प्रवृत्त हैं। तथा (अग वाहिरस्सवि) अग बाहिर के सूत्रों में भी, (उद्देसो जाव पवत्तइ) उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा, अनुयोग प्रवर्त्तते हैं। (इम पुण पट्ठवणं) पुनः इस प्रकार वर्त्तमान आरम्भ की (पडुच्च) अपेक्षा से (अग वाहिरस्सवि उद्देसो ४) अग बाहिर के सूत्रों का उद्देश, समुद्देश, अनुज्ञा और अनुयोग विद्यमान हैं।

भावार्थ-अगप्रविष्ट सूत्रों में भी उद्देशादि प्रवर्तमान है, और अगबाहिर के सूत्रों में भी श्रुतज्ञान के उद्देशादि विद्यमान है, तथा जो वर्तमान में अनुयोग का प्रारम्भ किया हुआ है, उसकी अपेक्षा से तो अगबाहिर के सूत्रों में श्रुतज्ञान के उद्देशादि विद्यमान हैं। शिष्यने फिर प्रश्न किया कि हे भगवन्!:-

मूल-किं कालियस्स उद्देसो ४ ? उक्कालियस्स उद्देसो ४ ? कालियस्सवि उद्देसो ४ उक्कालियस्सवि उद्देसो ४ इम पुण पट्ठवणं पडुच्च उक्कालियस्स उद्देसो ४ जइ उक्कालियस्स उद्देसो—

(निक्खिविस्सामि) निक्षेपों करके वर्णन करूगा (सुय निक्खिविस्सामि) श्रुत को भी निक्षपण करूगा, (खध निक्खिविस्सामि) स्कध को भी निक्षेपण करूगा और (अज्झयण निक्खिविस्सामि) अध्ययन को भी निक्षेपों करके निक्षेपण करूगा, (जत्थ जणाणिज्जा) जिस जीवादि वस्तुओं में जितना निक्षेपा जाने, (निक्खेव निक्खिवे) उस में उतना निक्षेपों का निक्षेपण करे (निरवसेस) सर्व प्रकार स, अपितु, (जत्थवि य न जाणिज्जा) जिस वस्तु में निक्षेपों का अधिक प्रकार न जाने उसमें भी (चउक्कय निक्खिवे तत्थ) चारों निक्षेप निर्विशेषता से निक्षेपण कर, अर्थात् उस वस्तु में भी चार निक्षेप करके दिखलावे।

भावार्थ-यदि आवश्यक सूत्र का अनुयोग किया जाता है तो क्या आवश्यक सूत्र एक अग है, या बहुत से अग हैं, अथवा एक श्रुतस्कन्ध है या बहुत से श्रुतस्कन्ध हैं? तथा एक अध्ययन है या बहुत से अध्ययन हैं, अथवा एक उद्देश है या बहुत से उद्देश हैं?। गुरु कहते हैं आवश्यक सूत्र एक अग नहीं है न बहुत से अग हैं, एक श्रुतस्कन्ध है, बहुत से श्रुतस्कन्ध नहीं हैं, और एक अध्ययन नहीं है किन्तु बहुत से अध्ययन हैं, न एक उद्देश है न बहुत से उद्देश हैं इसलिये आवश्यक सूत्र के निक्षेप करेंगे और श्रुत के भी चार निक्षेप करेंगे, स्कध के भी चार निक्षेप करेंगे, अध्ययन शब्द के भी चारों निक्षेप करेंगे क्योंकि जिन पदार्थों के जितने निक्षेप जाने उनके उतने निक्षेप निर्विशेषता से करे, अपितु जिन पदार्थों के पूर्ण स्वरूप को न जाने, उनमें भी चार निक्षेप करे अर्थात् उन पदार्थों को भी चार निक्षेपों द्वारा वर्णन करें, इसलिये अत्र आवश्यक का वर्णन किया जाता है।

"अथ आवश्यक विशेष"

मूल-१ सेकिंत आवस्सय ? आवस्सय चउविह पण्णत्त तंजहा नामावस्सय १ ठवणावस्सय २ दव्वावस्सय ३ भावा वस्सय ४ सेकिंत नामावस्सय २ ? जस्सण जीवस्सवा अजीवस्सवा जीवाणवा अजीवाणवा तदुभयस्सवा तदुभयाणवा आवस्सएत्ति नाम कज्जइ ॥ ६॥

हिन्दी पदार्थ-(सेकिंत) अब वह आवश्यक कौनसा है ? गुरु कहते है (आवस्सय) आवश्यक (चउविहं पएणत्त) चतुर्विध से प्रतिपादन किया गया है (तजहा) जैस कि (नामावस्सय) नामावश्यक (ठवणावस्सय) स्थापनावश्यक (दव्वावस्सय) द्रव्यावश्यक (भावावस्सय) भावावश्यक, (सेकिंत नामावस्सय) शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन् ! वह नामावश्यक किस प्रकार से वर्णन किया गया है ? गुरु कहते हैं कि (नामावस्सय) नामावश्यक इस प्रकार से है जैसे कि (जस्स जीवस्स) जिस जीव का (वा) अथवा (अजीवस्स) अजीव का (वा) अथवा (जीवाण) बहुत से जीवों का (वा) अथवा (अजीवाण) बहुत से अजीवों का (वा) अथवा (तदुभयस्स) जीव अजीव दोनों का (वा) अथवा (तदुभयाणवा) बहुत से जीवों और अजीवों का (आवस्सएत्ति नाम कज्जइ) आवश्यक इस प्रकार से नाम किया जाता है (सेत नामावस्सय) वही नामावश्यक है ।

भावार्थ-शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन् ! वह आवश्यक किस प्रकार से वर्णन किया गया है ? गुरु ने उत्तर दिया कि आवश्यक चार प्रकार से वर्णन किया गया है, जैसे कि नामावश्यक १, स्थापनावश्यक २, द्रव्यावश्यक ३, और भाव आवश्यक ४, शिष्य ने फिर पूछा कि हे भगवन् ! नामावश्यक किस को कहते हैं ? गुरु ने उत्तर दिया कि हे शिष्य ! नामावश्यक उसे कहते हैं जैसे कि-किसी ने एक जीव का अथवा एक अजीव का तथा दोनों का वा बहुत जीवों और अजीवों का या दोनों का "आवश्यक" ऐसे नाम रख दिया सो वही नामावश्यक है, क्योंकि-फिर लोग उस भी आवश्यक, इस नाम से आमन्त्रण देते हैं, इसलिये ही उसे नामावश्यक कहा जाता है ।

⊛ अथ स्थापनावश्यक विषय ⊛

मूल-सेकिंत ठवणावस्सय ? २ जएण कट्ठकम्मे वा चित्तकम्मेवा पोत्थकम्मेवा लेप्पकम्मेवा गंथिमेवा वेढिमेवा पूरिमेवा सघाइमेवा अक्खेवा वराडएवा एगोवा अणेगोवा सब्भावठ्ठवणाएवा असब्भावठ्ठवणाएवा आवस्सएत्तिठ्ठवणा ठविज्जइ सेत ठवणावस्सय २ नामट्ठवणाण को पइविसेसो ?

(निक्खिविस्सामि) निक्षेपों करके वर्णन करूगा (सुय निक्खिविस्सामि) श्रुत को भी निक्षपण करूगा, (खघ निक्खिविस्सामि) स्कध को भी निक्षेपण करूगा और (अज्झयण निक्खिविस्सामि) अध्ययन को भी निक्षपों करके निक्षेपण करूगा, (जत्थ जजाणिज्जा) जिस जीवादि वस्तुओं में जितना निक्षेपा जाने, (निक्खेव निक्खिवे) उस में उतना निक्षेपों का निक्षेपण करे (निरवसेस) सर्व प्रकार से, अपितु, (जत्थवि य न जाणिज्जा) जिस वस्तु में निक्षेप का अधिक प्रकार न जाने उसमें भी (चउक्कय निक्खिवे तत्थ) चारों निक्षेप निर्विशेषता से निक्षेपण करे, अर्थात् उस वस्तु में भी चार निक्षेप करके दिखलावे ।

भावार्थ-यदि आवश्यक सूत्र का अनुयोग किया जाता है तो क्या आवश्यक सूत्र एक अग है, या बहुत से अग है, अथवा एक श्रुतस्कन्ध है वा बहुत से श्रुतस्कन्ध हैं? तथा एक अध्ययन है या बहुत से अध्ययन हैं, अथवा एक उद्देश है या बहुत से उद्देश हैं? । गुरु कहते हैं आवश्यक सूत्र एक अग नहीं है न बहुत से अग है, एक श्रुतस्कन्ध है, बहुत से श्रुतस्कन्ध नहीं हैं, और एक अध्ययन नहीं है किन्तु बहुत से अध्ययन हैं, न एक उद्देश है न बहुत से उद्देश हैं इसलिये आवश्यक सूत्र के निक्षेप करेंगे और श्रुत के भी चार निक्षेप करेंगे, स्कध के भी चार निक्षेप करेंगे, अध्ययन शब्द के भी चारों निक्षेप करेंगे क्योंकि जिन पदार्थों के जितने निक्षेप जाने उनके उतने निक्षेप निर्विशेषता से करे, अपितु जिन पदार्थों के पूर्ण स्वरूप को न जान, उनमें भी चार निक्षेप करे अर्थात् उन पदार्थों को भी चार निक्षेपों द्वारा वर्णन करें, इसलिये अब आवश्यक का वर्णन किया जाता है ।

"अथ आवश्यक विशेष"

मूल-१ सेकिंत आवस्सय ? आवस्सय चउविह पण्णत्तं तजहा नामावस्सय १ ठवणावस्सय २ दव्वावस्सय ३ भावावस्सय ४ सेकिंत नामावस्सय २ ? जस्सण जीवस्सवा अजीवस्सवा जीवाणवा अजीवाणवा तदुभयस्सवा, तदुभयाणवा आवस्सएत्ति नाम कज्जइ सेत नामावस्सय ॥ ६ ॥

हिन्दी पदार्थ-(सेकिंत) अब वह आवश्यक कौनसा है ? गुरु कहते है (आवस्सय) आवश्यक (चउविह पण्णत्त) चतुर्विध से प्रतिपादन किया गया है (तजहा) जैस कि (नामावस्सय) नामावश्यक (ठवणावस्सय) स्थापनावश्यक (दव्वावस्सय) द्रव्यावश्यक (भावावस्सय) भावावश्यक, (सेकिंत नामावस्सय) शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन् ! वह नामावश्यक किस प्रकार से वर्णन किया गया है ? गुरु कहते हैं कि (नामावस्सय) नामावश्यक इस प्रकार से है जैसे कि (जस्स जीवस्स) जिस जीव का (वा) अथवा (अजीवस्स) अजीव का (वा) अथवा (जीवाण) बहुत से जीवों का (वा) अथवा (अजीवाण) बहुत से अजीवों का (वा) अथवा (तदुभयस्स) जीव अजीव दोनों का (वा) अथवा (तदुभयाणवा) बहुत से जीवों और अजीवों का (आवस्सएत्ति नाम कज्जइ) आवश्यक इस प्रकार से नाम किया जाता है (सेत नामावस्सय) वही नामावश्यक है ।

भावार्थ-शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन् ! वह आवश्यक किस प्रकार से वर्णन किया गया है ? गुरु ने उत्तर दिया कि आवश्यक चार प्रकार से वर्णन किया गया है, जैसे कि नामावश्यक १, स्थापनावश्यक २, द्रव्यावश्यक ३, और भाव आवश्यक ४, शिष्य ने फिर पूछा कि हे भगवन् ! नामावश्यक किस को कहते हैं ? गुरु ने उत्तर दिया कि हे शिष्य ! नामावश्यक उसे कहते हैं जैसे कि-किसी ने एक जीव का अथवा एक अजीव का तथा दोनों का वा बहुत जीवों और अजीवों का या दोनों का "आवश्यक" ऐसे नाम रख दिया सो वही नामावश्यक है, क्योंकि-फिर लोग उसे भी आवश्यक, इस नाम से आमन्त्रण देते हैं, इसलिये ही उसे नामावश्यक कहा जाता है ।

ॐ अथ स्थापनावश्यक विषय ॐ

मूल-सेकिंतं ठवणावस्सय ? २ जण्णं कट्ठकम्मे वा चित्तकम्मेवा पोत्थकम्मेवा लेप्पकम्मेवा गंथिमेवा वेढिमेवा पूरिमेवा सघाइमेवा अक्खेवा वराडएवा एगोवा अणेगोवा सब्भावट्ठवणाएवा असब्भावट्ठवणाएवा आवस्सएत्तिठवणा ठविज्जइ सेत ठवणावस्सय २ नामट्ठवणाणं को पइविसेसो

णाम आवकहियं ठवणा इत्तरियावा होज्जा आवकहिया ५ (सेत ठवणावस्सय) ॥ ७ ॥

हिन्दी पदार्थ-(सेकिंत ठवणावस्सय) शिष्य ने प्रश्न किया कि स्थापना आवश्यक कौनसा है ? गुरु ने उत्तर दिया कि भो शिष्य ! (वम्मय) स्थापना आवश्यक इस प्रकार से है जैसे कि-(जएणकट्ठकम्मे) काष्ठ कर्म अर्थात् काष्ठ में कोतरी हुई मूर्ति (वा) अथवा (चित्तकम्मे) कर्म चित्रचर (वा) अथवा (पोत्थकम्मे) वस्त्र की पुतली (लेप्पकम्मे लेपकर्म (वा) अथवा (गंठिम) गुथकर बनाया हुवा कोई रूप (वा अथवा (वेढिमे) वेष्टन से बनाया रूप (वा) अथवा (पूरिमे) कास्य आदि धातुए पिघला कर प्रतिमा आदि बनवाना वा माला आदि, (वा अथवा (सघाइमेवा) वस्त्रादि खंडों के संघात से बना हुवा रूप (अक्खेवा) अक्षरूप पासा आदि (वराडए) अथवा वराट (कौडी प्रमुख कर्प (एगोवा) एक रूप अथवा (अणेगोवा) अनेक रूप । (सब्भावठ वा) सद्‌स्थापना जैसे कि-आवश्यक की आकृति पूर्व प्रकार से ५ करना और (असब्भावठवणाएवा) असद् रूप स्थापना जैसे कि वराट आवश्यक मानना (आवस्सएत्तिठवणा ठविज्जइ) इस प्रकार से उक्त वस्तु आवश्यक के अभिप्राय से स्थापना करना, (सेतठ्ठवणावस्सय) वही स्था नावश्यक है, अर्थात् इस प्रकार से स्थापन श्यक माना जाता है, शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि हे भगवन् ! (नामठवणाण) नाम स्थापना का (कोपइ विसेसो) परस्पर क्या विशेष है ? क्योंकि दोनों का स्वरूप परस्पर प्राय ए सामान्य है, गुरु कहते हैं कि भो शिष्य ! (णाम आवकहिय) नाम आयु पर्य्यन्त रहता है अथवा यावत् उस द्रव्य की स्थिति है तावत् काल पर्य्यन्त उसका न रहता है किन्तु स्थापना (ठवणा इत्तरियावा होज्जा) स्तोक काल तथा (आ वकहियावा हविज्जा) आयु पर्य्यन्त भी रह सकती है क्योंकि स्थापना वाले की इच्छा पर निर्भर है इसलिये इतना ही परस्पर दोनों का भेद है १ (ठवणावस्सय) सो वही स्थापनावश्यक है ॥

---

१ जैसे मुनि आवश्यक क्रियायें करता है, तद्वत् ध्यानमुद्रा उसकी स्थापना करना उसे स्थापना कहते हैं ।

भावार्थ -स्थापना आवश्यक उसका नाम है जो चित्रादि कर्म है उनमें आवश्यक की पूर्णाकृति की जाय यदि वे उसी प्रकार स्थापना की हुई है, तब वे सद्रूप स्थापना कही जाती है, यदि वराटादि को स्थापना माना हुआ है, तब वो असद् रूप स्थापना मानी जाती है और नामस्थापना का परस्पर भेद इतना ही है कि नाम आयु पर्यन्त रह सक्ता है स्थापना अल्प काल की भी हो सक्ती है, यावत् स्थिति पर्यन्त भी रह सक्ती है, सो इतना ही भेद होने पर इन को नाम और स्थापनावश्यक कहते हैं, किन्तु यहा पर स्थापना निक्षेप ही दिखाया गया है नतु पूजनीय, क्योंकि यदि वह पूजनीय ही होता तो सूत्रकार यहां उसका अवश्य ही विधान कर देते । अब द्रव्यावश्यक का वर्णन किया जाता है ।

मूल-सेकिंत दव्वावस्सय? २ दुविह पएणत्त तजहा आगमश्रो य नोआगमश्रो य। सेकिंत आगमश्रो दव्वावस्सय? २ जस्सण आवस्सएत्ति पय सिक्खिय ठिय जिय मिय परिजिय नामसम घोससम अहीणक्खर अणच्चक्खर अव्वाइद्धक्खरं अक्खलिय अमिलिय अवच्चामेलिय पडिपुन्न पडिपुन्नघोसं कंठोट्ठविप्पमुक्क गुरुवायणोवगय सेण तत्थ वायणाए पुच्छणाए परियट्टणाए धम्मकहाए णो अणुप्पेहाए कम्हा ? अणुओगो दव्वमितिकट्टु ॥ ८ ॥

हिन्दी पदार्थ-(सेकिंत दव्वावस्सय) वह कौनसा द्रव्यावश्यक है ? गुरु कहते हैं (दव्वावस्सय) द्रव्यावश्यक (दुविह पन्नत्तं) द्वि प्रकार से प्रतिपादन किया गया है । (तजहा) जैसे कि (आगमओय) आगम से और (नो आगमओय) नो आगम से, शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि हे भगवन् ! (सेकिंत आगमओ दव्वावस्सय) आगम से द्रव्यावश्यक कौनसा है ? गुरु ने उत्तर दिया कि हे शिष्य ! (आगमओ दव्वावस्सय) आगम से द्रव्यावश्यक उसका नाम है कि, (जस्सण) जिसने (आवस्सएत्ति) आवश्यक ऐसे (पय) पद (सिक्खिय) सीख लिया है (ठिय) हृदय में स्थित कर लिया है (जिय) अनुक्रमता पूर्वक उन किया (मिय) अक्षरादि की मर्यादा भी भली भान्ति से जानना है (प-

रिजिय) अननुक्रमता से भी पठन कर लिया है (नामसम) अपने नाम की माफक याद किया गया है (घोससम) उदात्तादि घोष भी सम हैं (अहीणक्खर) फिर हीन अक्षर भी नहीं है (अणच्चक्खरं) अधिक अक्षर भी नहीं है (अ व्वाइद्धक्खर) विपरीत अक्षर भी नहीं है और (अक्खलिय) पाठ स्खलित भी नहीं है (अमिलिय) परस्पर मिले हुए अक्षर नहीं हैं तथा अन्य सूत्रों के पाठों के साथ भी वर्ण एकत्र नहीं हुए हैं (अवच्चामेलिय) अन्य सूत्रों के पाठ एकार्थ रूप ज्ञात करके अन्य सूत्र में एकत्व कर देने उसका नाम वच्चामेलिय है, तथा स्वमति से कल्पित करके अधिक पाठ कर देना उसका नाम भी वच्चा मेलिय है सो वह आवश्यक रूप पद अवच्चामेलिय रूप है फिर वह (पडिपुन्न) प्रतिपूर्ण और (पडिपुन्नघोस) प्रतिपूर्ण घोष है फिर (कंठोट्ठविप्पमुक्क) कंठ और ओष्ट-होठ-दोनों के दोषों से रहित है, क्योंकि शुद्ध उच्चारण कंठादि के दोषों से रहित ही होता है, अपितु (गुरुवायणोवगय) गुरु से पठन किया हुआ है, किन्तु स्वबुद्धि से अध्ययन नहीं किया और नाहीं अविनय भाव से पठन किया है (सेणं तत्थ वायणाए) सो वह आवश्यक पद वाचना करके (पुच्छणाए) पृच्छणा करके (परियट्टणाए) परिवर्तना करके (धम्मकहाए) धर्मकथा करके तो पुनः पुनः अस्खलित किया हुआ है वह द्रव्यावश्यक है क्योंकि (णाअणुप्पेहाए) अर्थ ज्ञान पूर्वक अनुप्रेक्षा करके जिसकी पठनादि क्रिया प्र नहीं की अथवा अनुपेक्षा नहीं की। शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि (कम्हा) क्यों ? उसे द्रव्यावश्यक कहा जाता है ? गुरु ने उत्तर दिया कि (अणुवओगो-दव्वमितिकट्टु) अनुपयोग की अपेक्षा वह द्रव्यावश्यक है, क्योंकि यदि वाचनादि क्रिया उपयोगपूर्वक की जाय तब वे भावावश्यक ही हो जाता, द्रव्यावश्यक इसी लिये ही कहा गया कि वह उपयोगशून्य है।

भावार्थ द्रव्यावश्यक द्वि प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि-आगम से १ और नो आगम से २ सो आगम रूप द्रव्यावश्यक उसका नाम है कि जिसने "आवश्यक" ऐसे एक पद सीखलिया है और उसको चतुर्दश ज्ञान के दोषों से रहित ही उच्चारण करता है और घोष भी जिसका शुद्ध है, कंठादि स्थान भी पवित्र है, साथ ही वाचना १ पृच्छना २ परिवर्तना ३ धर्मोपदेश ४ में भी उक्त पद को व्यवहृत करता है, किन्तु एक अनुप्रेक्षा ही नहीं करता इसलिये वह द्रव्यावश्यक है, क्योंकि यदि उपयोग पूर्वक अनुप्रेक्षा हो तब वह भा-

वावश्यक हो जाए सो अनुपयोग के ही कारण से उसे द्रव्यावश्यक ऐसा पद दिया गया है।

अथ नयों की अपेक्षासे सूत्रकार द्रव्यावश्यक का विवेचन करते हैं।

मूल–णेगमस्सण एगो अणुवउत्तो आगमओ एग दव्वावस्सय दोन्नि अणुवउत्ता आगमओ दोन्नि दव्वावस्सयाइं तिन्निअणुवउत्ता आगमओ तिन्निदव्वावस्सयाइ एव जावइया अणुवउत्ता आगमओ तावइयाइं दव्वावस्सयाइ एवमेव ववहारस्सवि ॥ ६ ॥

हिन्दी पदार्थ–(णेगमस्सण एगो अणुवउत्तो) नैगमनय के मतमें यदि एक व्यक्ति अनुपयोग पूर्वक आवश्यक करता है तो (आगमओ) आगम से (एग दव्वावस्सय) एक द्रव्यावश्यक है अर्थात् नैगमनय के मत में एक द्रव्यावश्यक है यदि (दोन्निअणुवउत्ता) दो अनुपयोग पूर्वक आवश्यक करते हैं तो (आगमओ) आगम से (दोन्निदव्वावस्सयाइ) दो द्रव्यावश्यक हैं यदि (तिन्नि अणुवउत्ता) तीन पुरुष अनुपयोग पूर्वक आवश्यक करते हैं तो (आगमओ) आगम से (तिन्निदव्वावस्सयाइ) तीन द्रव्यावश्यक है (एव जावइया) इसी प्रकार से यावत् परिमाण (अणुवउत्तो) अनुपयोग पूर्वक आवश्यक करते हैं (आगमओ) आगम से (तावइयाइ) उतने ही परिमाण में (दव्वावस्सयाइ) द्रव्यावश्यक होते हैं (एवमेव ववहारस्सवि) इसी प्रकार मन्तव्य व्यवहार नयका भी है और अपि शब्द समुच्चार्थ में है ॥

भावार्थ–नैगमनय के मतमें यावत् प्रमाण अनुपयुक्त आगम से द्रव्यावश्यक करते हैं उतने ही नैगम नय के मत से द्रव्यावश्यक होते हैं, अपितु इसी प्रकार व्यवहार नयका भी मन्तव्य है।

मूल–संगहस्स ण एगो वा अणेगो वा अणुवउत्तोवा अणुवउत्तावा आगमओ दव्वावस्सय वा दव्वावस्सयाणि वा से एगे दव्वावस्सए ॥ १० ॥

हिन्दी पदार्थ–(संगहस्सण) संग्रह नयके मत से (एगो) एक (वा)अ-

यरा (अणेगो) अनेक (अणुवउत्तो) एक अनुपयुक्त पूर्वक (वा)अथवा (अ-णुवउत्तावा) बहुत अनुपयुक्त पूर्वक (दव्वावस्सयवा) एक द्रव्यावश्यक करता है अथवा (दव्वावस्सयाणिवा) बहुत जन द्रव्यावश्यक करता है (से एगेद व्वावस्सए) वह संग्रह क मत से एक ही द्रव्यावश्यक है ॥

भावार्थ-सग्रह नय के मत से यदि एक वा अनेक पुरुष अनुपयोग पूर्वक द्रव्यावश्यक करते हैं वह सर्व एक ही द्रव्यावश्यक है क्योंकि समान और वि-शेप भाव को सग्रहनय एक रूप से ही मानता है ॥

अथ ऋजुसूत्र नय विपय।

मूल-उज्जुसुयस्स एगो अणुवउत्तो आगमओ एग दव्वा वस्सय पुहुत्त नेच्छइ ॥ ११ ॥

हिन्दी पदार्थ-(उज्जुसुयस्स एगो अणुवउत्तो आगमओ एग दव्वावस्सय पुहुत्त नेच्छइ ॥ ११ ॥) ऋजुसूत्रनय के मत से एक अनुपयुक्त आगम से जो द्रव्यावश्यक करता है वह एकही द्रव्यावश्यक है, किन्तु यह नय पृथक् २ आ-वश्यक की इच्छा नहीं करता क्योंकि यह नय वर्तमान काल के पदार्थों को ही स्वीकार करता है ॥ ११ ॥

भावार्थ –ऋजुसूत्रनय के मत में यावन्मात्र प्रमाण आगम से द्रव्यावश्यक करते हैं वे सर्व अनुपयुक्त होने से एकही आगम से द्रव्यावश्यक हैं क्योंकि अनुपयुक्त भाव सर्व में एक समान ही है, इसलिये यह नय पृथक् २ आवश्यक को स्वीकार नहीं करता ॥

अथ शब्द, समभिरूढ एवभूत नय विपय।

मूल-तिएह सद्दनयाण जाणए अणुवउत्ते अवत्थु क-म्हा ? जइ जाणए अणुवउत्ते ण भवइ जइ अणुवउत्ते जाणए ण भवइ तम्हा नत्थि आगमओ दव्वावस्सय सेत आगमओ दव्वावस्सय ॥ १२ ॥

हिन्दी पदार्थ –(तिएह सद्दनयाण) तीनों शब्द नयों के मत से जैसे कि शब्दनय १ समभिरूढनय २ एवभूतनय ३ इन तीनों नयों का नाम ही शब्दनय है क्योंकि यह नय विशेष करके शुद्ध शब्दों पर ही स्थित हैं और

शुद्ध वस्तुओं को मानते हैं जैसे कि–तीनों नयोंके मत से (जाणए अणुव-उत्ते अवत्थु) जो जानता तो है किन्तु उपयोग पूर्वक नहीं है वह अवस्तु है (कम्हा) क्योंकि–(जइ जाणए) यदि जानता है तब (अणुवउत्तेण भवइ) अनुपयोग युक्त नहीं है (जइ अणुवउत्ते जाणए न भवइ) यदि अनुपयोग युक्त है तब जानकार नहीं है–(तम्हा) इसी वास्ते (नत्थि आगमओ दव्वावस्सय) तीनों नयों के मत में आगम से द्रव्यावश्यक होता ही नहीं क्योंकि यह तीन नय शुद्ध वस्तु पर ही आरूढ हैं और उस आगमरूप द्रव्यावश्यक को अवस्तु रूप से ज्ञात करते हैं इसलिये वे आगम रूप द्रव्यावश्यक को अवस्तु करके मानते हैं (सेत आगमओ दव्वावस्सय) यही आगम से द्रव्यावश्यक का स्वरूप है सो यह द्रव्यावश्यक का स्वरूप पूर्ण हुआ।

भावार्थ.–तीनों शब्द नय अनुपयुक्त आगम रूप द्रव्यावश्यक को अवस्तु रूप से मानते हैं, क्योंकि इन नयों का मन्तव्य है कि-यदि जानता है तब अनुपयुक्त नहीं है यदि अनुपयुक्त है तब जानता नहीं है सूत्रों में आत्मा का गुण ज्ञान माना है इसलिये ज्ञाता और अनुपयुक्त यह दोनों परस्पर विरोधी भाव है इसलिये इन नयों के मत से आगम रूप से द्रव्यावश्यक नहीं होता है सो यह आगम रूप द्रव्यावश्यक का विवेचन पूर्ण हुआ।

अथ नो आगम द्रव्यावश्यक का स्वरूप वर्णन किया जाता है।

मूल–सेकित नो आगमओ दव्वावस्सय ? २ तिविह पण्णत्त तजहा–जाणगसरीर दव्वावस्सय १ भवियसरीर दव्वावस्सयं २ जाणगसरीर भवियसरीरवइरित्त दव्वावस्सय ३ सेकिंत जाणगसरीरदव्वावस्सय ? २ आवस्सएत्ति पयत्थाहिगार जाणगस्स ज सरीरय ववगयचुयचाविय चत्त देह जीवविप्पजढ सिज्जागय वा सथारगयवा निसीहियागय वा सिद्धसिलातलगयवा पासित्ताण कोईवएज्जा अहो! ण इमेण सरीर समुस्सएण जिणोव इट्ठेणं भावेण आवस्सएत्तिपय आघविय पण्णविय परूविय दंसिय निदंसिय उवदंसिय

जहा कोदिट्ठतो ? अय महुकुंभे आसी अय घयकुंभे आसी सेत जाणगसरीरदव्वावस्सय ॥ १३ ॥

हिन्दी पदार्थ-(सेकित नो आगमओ दव्वावस्सय) नो आगम से वह द्रव्यावश्यक कौनसा है जो केवल क्रियारूप तो है किन्तु पठन रूप नहीं है अपितु नो शब्द सर्वथा पठन का निषेध करता है अर्थात् क्रियारूप नो आगम द्रव्यावश्यक कौनसा है ऐसी पृच्छा करने पर गुरु कहने लगे कि (नो आगमओ दव्वावस्सय तिविहं पन्नत्त तजहा) नो आगम द्रव्यावश्यक तीन प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि-(जाणग सरीर दव्वावस्सय) प्रथमज्ञ शरीर द्रव्यावश्यक जैसे कि आवश्यक के पूर्ण ज्ञाता का शरीर (भविय सरीर दव्वावस्सय) द्वितीय भव्य शरीर द्रव्यावश्यक जैसे कि आवश्यक के सीखने वाले का शरीर और (जाणग सरीर भविय सरीर वइरित्त दव्वावस्सय) तृतीयज्ञ शरीर और भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यावश्यक-यह तीनों प्रकार का नो आगम द्रव्यावश्यक है (सेकित जाणग सरीर दव्वावस्सय) ज्ञ शरीर द्रव्यावश्यक कौनसा है--गुरु कहने लगे कि (जाणग सरीर दव्वावस्सय) ज्ञ शरीर द्रव्यावश्यक इस प्रकार से है जैसे कि-(आवस्सएत्ति) आवश्यक के (पयत्थाहिगार) पद और अर्थ के अधिकार (जाणगस्स) के जानकार का (ज सरीरय) जो शरीर है किन्तु (ववगयचुयचावियचत्तदेह) चेतना से रहित प्राणों से मुक्त होकर केवल शरीर ही उपचय रूप है अर्थात् जो जीव से रहित शरीर है (जीव विप्पजढ) और जीव का त्यागन किया हुआ जो शरीर है (सिज्जागयवा) शय्या गत हो अथवा (सथारगयवा) सस्तार कगत हो अर्थात् प्राण छूटने पर भी समाधिस्थ हो अथवा बैठा हुआ हो (सिद्धसिलातलगयवा) जिस शिला पर मुनि अनशन करते है उस शिला पर (पासित्ताण) देख करके (कोई भणेज्जा) कोई भाषण करता कि (अहोण इमेण सरीर समुस्सएण) अहो यह शरीर का समूह (जिणोव इट्ठेण भावेण) जिनेन्द्र देव के उपदिष्ट भावों करके (आवस्सएत्तिपय) आवश्यक इस प्रकार का पद (आघविय) प्रतिपादन किया (पण्णविय) प्रज्ञप्त किया (परूविय) विशेष करके प्रतिपादन किया (दसिय निदसिय उवदसिय) आवश्यक पद को दिखाया और विशेष करके दिखलाया फिर उसका उपदेश करके इसने परिपक्व किया था (जहा को दिट्ठतो) किस दृष्टान्त से यह कथन सिद्ध हो जैसे कि (अय महुकुंभे आसी)

यह मधु का घट था अथवा (अय घयकुंभे आसी) यह घृत का घट था क्योंकि घट वर्तमान काल में विद्यमान रूप तो है, किन्तु घृत और मधु से रहित है इसी प्रकार घट तुल्य शरीर तो है अपितु घृत और मधु के समान जीव आवश्यक करने वाला वर्तमान काल में नहीं है इसी लिये ही उसका नाम (सेत-जाणगसरीर दव्वावस्सय) ज्ञ शरीर द्रव्यावश्यक है अर्थात् आवश्यक के जानकार का शरीर है।

भावार्थ—नो आगम द्रव्यावश्यक तीन प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि ज्ञ शरीर द्रव्यावश्यक १ भव्य शरीर द्रव्यावश्यक २ ज्ञ शरीर भव्यशरीर व्यतिरिक्त, द्रव्यावश्यक ३ सो ज्ञ शरीर द्रव्यावश्यक उसका नाम है जो आवश्यक का पूर्ण विधि से करता हुआ किसी स्थान पर मृत्यु को प्राप्त होगया, किन्तु आवश्यक की आकृति पूरी उसी प्रकार से है जैसे कि आवश्यक के करने वालों की होती है, इस में केवल जानने वाले की अपेक्षा से नैगमनय के मतसे ज्ञ शरीर द्रव्यावश्यक कहा जाता है, जैसे मधु वा घृत का घट था।

अथ भव्य शरीर द्रव्यावश्यक विषय।

मूल—सेकित भवियसरीर दव्वावस्सय ? २ जे जीवे जोणिजम्मणनिक्खते इमेण चेव आत्तएण सरीरसमुस्सएण जिणोव इट्ठेण भावेण आवस्सएत्तिपय सेयकाले सिक्खिस्सइ न ताव सिक्खइ जहा को दिट्ठतो ? अय महुकुंभे भविस्सइ अय घयकुंभे भविस्सइ सेत भवियसरीर दव्वावस्सय सेकितं जाणगसरीरभवियसरीरवतिरित्त दव्वावस्सय ? २ तिविहं पन्नत्त तजहा लोइय कुप्पावयणिय लोउत्तरिय। सेकित लोइय दव्वावस्सय ? २ जे इमे राईसर तलवर माडंविय कोडुंविय इब्भ सेट्ठि सेणावइ सत्थवाह प्पभिइओ कल्लं पाउप्पभाए रयणीए सुविमलाए फुल्लुप्पल कमल कोमलुम्मिलियम्मि अह पंडुरे पहाए रत्तासोगप्पगासकिंसुयसुय मुह गुंजद्धरागसरिसे कमलायर नलिणि संडवोहए उट्ठिय-

म्मि सूरे सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलते मुहधोयण-दतपक्खालणतेल्लफणिहसिद्धत्थयहारियालिय अद्दागधूव पुप्फ मल्ल गध तबोल वत्थाइयाइ दव्वावस्सयाइ काउ तओ पच्छा रायकुल वा देवकुल वा आराम वा उज्जाण वा सभ वा पव वा णिगच्छति सेत लोइय दव्वावस्सय । सेकिंत कुप्पावयणिय दव्वावस्सय ? २ जे इमे चरग चीरिय चम्मखडिय भिक्खोंड पडुरग गोयम गोव्वइय गिहिधम्म धम्मचिंतग अविरुद्ध विरुद्ध वुड्ढसावयपभिइओ पासडत्था कल्ल पाउप्पभाए रयणीए जाव तेयसा जलते इदस्स वा खदस्स वा रुद्दस्सवा सिवस्स वा वेसमणस्स वा देवस्स वा नागस्स वा जक्खस्स वा भूयस्स वा मुगुदस्सवा अज्जाएवा दुग्गाएवा कोट्टकिरियाएवा उवलेवण सम्मज्जणआवरिस्सणधूव पुप्फ गध मल्लाइयाइ दव्वावस्सयाइ करेंति सेत कुप्पावयणिय दव्वावस्सयं ॥ १४ ॥

हिन्दी पदार्थ (सेकिंत भवियसरीर दव्वावस्सय) शिष्यने प्रश्न किया कि हे भगवन्! कि भव्य शरीर द्रव्यावश्यक कोनसा है ? गुरु कहते हैं (भविय सरीर दव्वावस्सय) भव्यशरीरद्रव्यावश्यक उसका नाम है जैसे कि (जेजीवे जोणिजम्मणानिक्खत्त इमेण चेव आत्तएण सरीर समुस्सएण जिणोव इट्ठेण भावेण आवस्सएत्ति पय सेयकाल सिक्खिस्सइ नताव सिक्खइ) जो जीव योनि के द्वारा जन्म को प्राप्त हो गया है और वह आगामी काल में अपने शरीर समुदाय करके जिनेन्द्र उपदिष्ट भाव से " आवश्यक " एसे पद भविष्यत् काल में सीखेगा, किन्तु वर्तमान काल में उसने आवश्यक के पद को धारण नहीं किया है-इस में दृष्टान्त देते हैं कि (जहा को दिट्ठतो अय घयकुभेभविस्सइ) जैसे कि यह घट घृत के लिये होगा ।

---

१ स्याद् भव्य चैत्य चौर्य समेपुयात् ॥ स्यादादिषु चौर्य शब्देन समेपुच सयुक्तस्य यात् पूर्व इद् भवति ॥ प्राकृत व्याकरण-अ० ८ पा० २ सूत्र ॥ १०७ ॥

(अय महुकुभे भविस्सइ) यह कुंभ मधु के वास्ते होगा, अर्थात् इस में घृत इसमें मधु रखा जावेगा. (सेत भवियसरीरदव्वावस्सय) यही भव्य शरीर द्रव्यावश्यक है अर्थात् होने वाले शरीर को भव्य शरीर कहते हैं (से-किंतं जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्त दव्वावस्सय) इसके पश्चात् शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन् ! ज्ञ शरीर और भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यावश्यक कौनसा है ? (जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्तदव्वावस्सय) गुरु कहते हैं कि ज्ञ शरीर और भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यावश्यक (तिविह पण्णत्त तजहा) तीन प्रकार से प्रतिपादन किया गया है-जैसे कि (लोइय १ कुप्पावयणिय २ लोगुत्तरिय ३) लौकिक १ कुप्रावचनिक* २-परमत वालों का-और लौकोत्त-रिक ३ (सेकिंत लोइय दव्वावस्सय? लोइय दव्वावस्सय) शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि लौकिक द्रव्यावश्यक कौनसा है ? गुरु कहते हैं कि लौकिक द्रव्या-वश्यक इस प्रकार से है जैसे कि-(जेइमे राईसरतलवर माडविय कोडुंबिय इब्भ सेट्ठिसेणावइसत्थवाह पभिइओ) जो राजा, ईश्वर, कोतवाल-थानेदार-माडबि, बड़े परिवार वाला, प्रधान श्रेष्टि-शेठ-सेनापति,— सार्थवाह प्रमुख लोग (कल्लपाउप्पभायाए) प्रभातकाल में किंचित् मात्र प्रकाश होते हुए और (रयणीए) रात्रि के व्यतिक्रम होने पर (सुविमलाए) अतिनिर्मल आकाश होने पर (फुल्लुप्पल कमलकोमलुम्मिलियम्मि) विकसित होगये है कमल और नेत्र और (अह पडुरेपभाए) प्रात काल में प्रकाश भी होगया है और जिसमें निम्नलिखित प्रकार से सूर्योदय हुआ है (रत्तासोगप्पगास किंसुयसुय मुहगुजद्धरागसरिसे) लाल अशोक वृक्ष के समान और केसुओं के पुष्प वा शुक मुख-तोते के तुल्य-तथा गुजार्द्ध-अर्द्ध गुजा, रत्ती- के रग स-मान (कमलागर) कमलों के जलाशय को जिसमें[1] (नलीण सडबोहए) नलि नादि कमल हैं उनको अथवा कमलों के वन को प्रतिबोधित करता हुआ (उट्ठियम्मिसूरे) उदय हुआ सूर्य जिसमें (सहस्सरस्सिमि) सहस्र किरणें है ऐसा (दिणयरे) दिनकर (तेयसा) तेजसे (जलते) जो प्रकाश मान है उसके उदय होने पर (मुहधोयण-) मुख धोते हैं ॥ (दंतपक्खालण) दांत प्रक्षालण करते हैं (तेल्लफणिहसिद्धत्थय) तेल

* अर्थात् निन्दनीय भूत आदिकों की उपासना करने वाला ॥

[1] – सह इनेन वतव इति सेना, इन प्रभो सूर्ये नृपे इत्यादि ॥

अथवा वेश समाचरण फणि अर्थात्–कंघी–(सिद्धत्थय) सरसों के पुष्प (हरियालिए) दग्गिताल अर्थात् दूर (अदाग) दर्पण, (धूव पुप्फ) धूप पुष्प (मल्लगध) माला अथवा सुगध (तबाल) ताम्बूल–पान–(वत्थमाइयाइ) वस्त्रादि को भी पहिरते हैं (दव्वावस्सयाइ करेंति) सो द्रव्यावश्यक इस प्रकार से वह नित्य ही करते हैं फिर वह इस प्रकार से द्रव्यावश्यक करके (तओपच्छा रायकुल वा देवकुल वा सभ वा पव वा) तत्पश्चात् राजकुल में अथवा देवकुल में अथवा सभा में पानी के स्थान में (आराम वा उज्जाणवाणिगच्छति) आराम अर्थात् बाग में अथवा उद्यान में–दौड–जाते हैं (सेतलोइय दव्वावस्सय) यही लौकिक द्रव्यावश्यक है (सेकित कुप्पावयणिय दव्वावस्सय कुप्पावयणिय दव्वावस्सय) अथ कुभावचन का वर्णन किया जाता है, शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन् ! कुभावचनिक द्रव्यावश्यक ~~अनेकशा है~~ ? गुरु कहने लगे कि भो शिष्य ! कुभावचनिक द्रव्यावश्यक इस प्रकार से है जैसे कि (जे इमे चरग) जो चरक (चीरिय) वस्त्र के पहिरने वाले (चम्मखडिय) चर्म खड रखने वाले तथा मृग शाला धारण करने वाले (भिक्खोंड) भिक्षा करने वाले (पडुरग) भस्म शरीर के लगाने वाले (गोयम गोयव्वइय) वृषभादि के निमित्त से आजीविका करने वाले जैसे वृषभ को शृंगार के आजीविका के करने वाले और गोवृत्ति के समान भोजन करने वाले अर्थात् जैसे गो क्रिया करती है उसी प्रकार काम करने वाले और (गिहधम्म) गृहस्थधर्म के उपदेशक (धम्म चितगा) धर्म के चिन्तन करने वाले अर्थात् लौकिक शास्त्र अध्ययन करने वाले (अविरुद्ध) विनयवादी–विरुद्ध–नास्तिकवादी (वुड्ढसावय) वृद्ध श्रावक ब्राह्मणों का नाम है क्योंकि इन्होंने जैन धर्म को श्री ऋषभदेव भगवान् के समय धारण करके फिर पीछे त्याग कर दिया इसी करके इन्होंका नाम आजपर्यन्तभी वृद्ध श्रावक करके चला आता है (प्रभिओ) सो वृद्ध श्रावक प्रमुख (पासडथा) यावत्प्रमाण पाखंडी हैं वे सर्व (कल्लपाउप्पभायाए) प्रात काल होते ही जिस समय किञ्चित् मात्र ही प्रकाश होता है (रमणीय) रात्रि व्यतिक्रम होजाती है (जावजलते) यावत् जाज्वल्यमान सूर्य प्रकाश करता है उसी समय वे उक्त सर्व (इदस्सवा) इन्द्र को अथवा (खदस्सवा) स्कन्द को (रुद्दस्सवा) रुद्र को (सिवस्सवा) शिवको (वसमणस्सवा) वैश्रवण को (देवस्सवा) देव को (नागस्सवा) नागकुमार को (जक्खस्सवा) यक्ष को (भूयस्सवा) भूत को (मुगुदस्सवा) बलदेव को (अ-

ज्जाएवा) आर्य देवी अथवा (दुग्गाएवा) दुर्गा को (कोट्टकिरियाएवा) –कोट्ट किया उसका नाम है जो देविया हिंसा करवाती हैं–प्रतिमा और यह सर्व उपचार नय के मत से इन के आयतनही समझने चाहिये क्योंकि यह द्रव्यावश्यक कुमावचनिक तीनों काल की अपक्षा से है इसलिये इनके मंदिर ही ज्ञात करने चाहिये सो वे लोग इनके स्थानों को अथवा इनकी प्रतिमाओं को (उवलेवण) लेपन करते हैं (सम्मज्जण) समार्जन करते हैं (वरिसण) पानी के छींटे देते है। (धूव पुप्फ) धूप और पुष्प चढ़ाते हैं (गंध मल्लाइयाइ) सुगंध और पुष्पमालादि भी चढ़ाते हैं इस प्रकार से वे (दव्वावस्सयाइ करेंति) द्रव्यावश्यक करते हैं (सेत कुप्पावयणिय दव्वावस्सय) यही कुप्रावचनिक द्रव्यावश्यक है क्योंकि कु अव्यय निन्दा अर्थ में व्यवहृत है इसलिये जिन का कु प्रावचन है वे उक्त प्रकार से द्रव्यावश्यक करते हैं।

भावार्थः–भव्य शरीर द्रव्यावश्यक उसका नाम है जिस जीव ने भविष्यत् काल में अर्हन् देव के उपदेशानुकूल आवश्यक सीखना है, किन्तु वर्तमान काल में वह आवश्यक का अज्ञाता है जैसे यह घट, मधु वा घृत के लिये होगा. इसी प्रकार अमुक व्यक्ति भविष्यत् काल में आवश्यक सीखेगा उसी का नाम भव्य शरीर द्रव्यावश्यक है अपितु जो ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त आवश्यक है वह तीन प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि १ लौकिक, कुप्रावचनिक २, लोकोत्तरिक ३ सो लौकिक द्रव्यावश्यक उसको कहते हैं जैसे कि–राजा, ईश्वर, (तलवर) कोतवाल, धनाढ्य कौटुंबिक, प्रधान सेठ, सेनापति, सार्थवाह, प्रभृति लोक प्रातःकाल होते ही मुखधावन, दंतप्रक्षालन, तैल कंघी सरसों वा पुष्प, दुर्वादि का स्पर्श करके दर्पण को देखकर फिर धूप पुष्पमाला सुगंध ताम्बूल वस्त्रादि को पहिन कर फिर इसी प्रकार से नित्यमेवही द्रव्यावश्यक करके तत्पश्चात् राजद्वार वा यथेष्ट स्थानों में चले जाते हैं सो इसी का ही नाम लौकिक द्रव्यावश्यक है, किन्तु जो कुप्रावचनिक है जैसे कि–चरक चीर को धरने वाले, चर्म खंडको पहिरने वाले भिक्षा से आजीविका करने वाले अगपर भस्म लगाने वाले, गोतमवृत्ति, वा गोवृत्ति से निर्वाह करने वाले गृहस्थ धर्म के उपदेशक अथवा धर्म के चिन्तक विनयवादी वा नास्तिक आदि लोग प्रातः काल होते हुए इन्द्रादि के मन्दिरों में जाकर यथोचित क्रियायें करते हैं सो उसीका ही नाम कुप्रावचनिक द्रव्यावश्यक है और अब लोकोत्तर द्रव्यावश्यक

का वर्णन किया जाता है।

मूल–सेकितं लोगुत्तरियं दव्वावस्सयं ? २ जेइमे समण गुणमुक्कजोगी छक्कायणिरणुकंपा हया इव उद्दामा गया इव निरकुसा घट्ठा मट्ठा तुप्पोट्ठा पडुरपडपाउरणा जिणाणमणाणाए सच्छंद विहरिउण उभओकालमावस्सगस्सउवट्ठति सेत लोगुत्तरियं दव्वावस्सयं सेत जाणगसरीरभविय सरीरवइरित्त दव्वावस्सय सेत नो आगमओ दव्वावस्सय सेत दव्वावस्सय ।

पदार्थ–(सेकित लोगुत्तरिय दव्वावस्सय २) शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन् ! लोकोत्तर द्रव्यावश्यक कौनसा है? गुरु ने उत्तर दिया कि (जे इमे समण गुणमुक्कजोगी) जो यह प्रत्यक्ष साधु गुणों से रहित और जिसने अपने योगों को संयम से बाहिर कर लिया है और (छकाय निरणुकंपा) षट्काय के जीवों की अनुकंपा से भी रहित होगया है अपितु निर्दय होकर (हया इव उद्दामा) अश्व की नाई शीघ्र गामी है क्योंकि जैसे घोड़ा चलता हुआ अविवेक से जीवों का उपमर्दन करता है उसी प्रकार वह मुनि होगया, किन्तु (गया इवणिरकुसा) हस्ती की नाई निरकुश है किसी की भी आज्ञा नहीं मानता (घट्ठा मट्ठा तुप्पोट्ठा) नवनीत करके जाघों को मर्दन किया हुआ है, तैलादि करके शरीर और मस्तिष्क भी अलकृत है फिर जिसके ओष्ट भी शृगारित है अपितु (पडुरपडपाउरणा) श्वेत वस्त्र को जिसने पहिरा हुआ है, और (जिणाणमणाणाए) अर्हतों की विना आज्ञा (सच्छद विहरिउण) स्वच्छन्दता में विचर करके जो (उभओकाल आवस्सयस्स उवट्ठति)दोनों काल में आवश्यक को करता है अर्थात् आवश्यक के लिये दोनों काल में सावधान होता है, अपितु सूत्र में चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति दी हुई है सो यह (सेत लोगुत्तरिय दव्वावस्सय) लोकोत्तर द्रव्यावश्यक है क्योंकि यह द्रव्यावश्यक इसलिये है कि कथन मात्र ही यह आवश्यक है और यहा पर नो शब्द देश निषधक है (सेत जाणगसरीरभविय सरीर वइरित्त दव्वावस्सय) अब इस की पूर्ति इस प्रकार से की जाती है कि

यही ज्ञ शरीर भव्य शरीर से व्यतिरिक्त द्रव्यावश्यक है (सेत नो आगमओ दव्वावस्सय सेत दव्वावस्सय) अथानन्तरम् नोआगम द्रव्यावश्यक पूर्ण हो गया है और इसी का ही नाम द्रव्यावश्यक है।

भावार्थ-लौकोत्तरिक द्रव्यावश्यक उसका नाम है जो साधु गुणों से रहित षट्काय में दया न करने वाला अश्व की नाईं शीघ्रगामी गजवत् निरंकुश श्वेत वस्त्रों को धारण करने वाला, अपितु जिसने शरीर को शृंगारित किया हुआ अतः अरिहंतों की आज्ञा से रहित स्वच्छन्दता से विचरकर जो दोनों समय आवश्यक के लिये सावधान होजाता है उसी का नाम ज्ञ शरीर भव्य शरीरव्यतिरिक्त लौकोत्तरिक नो आगम द्रव्यावश्यक है क्योंकि पठन रूप ही उसका कर्तव्य है। इसीलिये उसका नाम नो आगम द्रव्यावश्यक है।

इस के अनन्तर भावावश्यक का व्याख्यान किया जाता है।

* अथ भावावश्यक विषय *

मूल-सेकित भावावस्सय ? २ दुविहं पण्णत्तं तंजहा आगमओय नो आगमओय सेकितं आगमओ भावावस्सयं ? २ जाणए उवउत्ते सेत आगमओ भावावस्सय ॥

पदार्थ-(सेकित भावावस्सय) शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन्! भावावश्यक कौनसा है ? तब गुरु कहने लगे (भावावस्सय) भावावश्यक (दुविहं पण्णत्तं तंजहा) दो प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (आगमओय नो आगमओय) आगम से और नोआगम से अर्थात् क्रिया रूप। शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि हे भगवन्! (सेकित आगमओभावावस्सय २) आगम से भावावश्यक कौनसा है ? तब गुरु ने उत्तर दिया कि (जाणए उवउत्ते) जो आवश्यक के स्वरूप का उपयोग पूर्वक जानता है, उसी का नाम आगम से भावावश्यक है (सेत आगमओभावावस्सय) अथानन्तर इसी का नाम आगम से भावावश्यक है सो आगम से भावावश्यक का स्वरूप पूर्ण हुआ।

भावार्थ[1]-भावावश्यक दो प्रकार से वर्णन किया गया है एक तो आगम से और द्वितीय नो आगम से जो आवश्यक के स्वरूप को उपयोग पूर्वक जानता है और आत्मा के भाव उसमें स्थित है वह आगम से भावावश्यक है।

१—सेकितमत्रादि उभयत्र निरर्थक पद है ॥

अथ द्वितीय भेद विषय ।

मूल–सेकिंत नो आगमओ भावावस्सय ? २ तिविह पन्नत तजहा लोइयकुप्पावयणिय लोगुत्तरिय, सेकिंतं लोइय, भावावस्सय ? २ पुव्वराहे भारहअवरराहे रामायण सेत लोइय भावावस्सय।

पदार्थः–(सेकिंत नो आगमओ भावावस्सय२) शिष्यने पूछा कि हे भगवन् ! नो आगम भावावश्यक कौनसा है ? गुरुने उत्तर दिया कि भा शिष्य ! नो आगम भावावश्यक (तिविह पन्नत तजहा) तीनों प्रकार से कथन किया गया है जैसे कि–(लोइय कुप्पावयणिय लोगुत्तरिय) लौकिक १ कुप्रावचनिक २ लौकोत्तरिक ३ (सेकिंत लोइय भावावस्सय २ पुव्वराहे भारह अवरराहे रामायण सेत लोइय भावावस्सय) शिष्यने फिर प्रश्न किया कि हेभगवन् ! लौकिक भावावश्यक कौनसा है ? गुरुने फिर कहा कि हे पृच्छक ! जो लोग प्रथम प्रहर में भारत और अपराह्न (पश्चिम) काल में रामायण सुनते हैं वा पठन करते हैं उसी का नाम लौकिक भावावश्यक है ।

भावार्थ –नो आगम भावावश्यक तीन प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि लौकिक १ कुप्रावचनिक २ लौकोत्तरिक ३ अपितु जो प्रात काल में भारत वा वेदाध्ययन करते हैं और अपरान्ह काल में रामायणादि ग्रन्थों को भावपूर्वक अध्ययनादि करते हैं उसी का नाम लौकिक भावावश्यक है ।

अथ कुप्रावचनिक भावावश्यक विषय ।

मूल–सेकिंत कुप्पावयणिय भावावस्सय ? २ जेइमे चरग चीरिय जाव पासडत्था इज्ज जलि होम जप उदुरुक्कण मोकारमाइयाइ भावावस्सयाइ करेंति सेत कुप्पावयणिय भावावस्सय ।

पदार्थ–(प्रश्न) कुप्रावचनिक भावावश्यक कौनसा है ! (उत्तर) कुप्रावचनिक भावावश्यक उसका नाम है जैसे कि (जेइमे चरग चीरिय जाव पासडत्था) जो चरक वस्त्रधारी यावत् पाषडी जो पूर्व कथन किये गये हैं वे सर्व (इज्ज

जलि) यज्ञव्य अपने इष्टदेव के सन्मुख हाथ जोड़ते हैं तथा निज माता को नमस्कार करते हैं अथवा (इद्दजलि) अपने इष्टदेव को अंजलि द्वारा नमस्कार करके तथा पानी देकर (होम) हवनादि क्रियायें करते हैं फिर (जप) गायत्री प्रमुख मन्त्रों का जाप करते हैं (उदुरुक्कणमोक्कारमाइयाइ भावावस्सय करेंति) मुख से वृषभवत् शब्द करके फिर नमस्कार आदि पूर्ण क्रियायें करते हुए इस प्रकार से भावावश्यक पूर्ण करते हैं, (सेत कुप्पावयणिय भावावस्सय) यही कुप्रावचनिक भावावश्यक है।

भावार्थ-कुप्रावचनिक भावावश्यक उसे कहते हैं जो परमतवाले लोग अपने इष्टदेव को अंजलि द्वारा नमस्कार करते हैं पुन: हवन और जाप करके वृषभवत् शब्द करते हैं, फिर नमस्कार प्रमुख भावावश्यक उक्त प्रकार से करके अपने भावावश्यक की पूर्ति करते हैं, यही कुप्रावचनिक भावावश्यक है।

अथ लौकोत्तरिक भावावश्यक विषय।

मूल—सेकिंत लोगुत्तरिय भावावस्सय ? २ जण्णं इमे समणे वा समणी वा सावओ वा साविया वा तच्चित्ते तम्मणे तल्लेसे तदज्झवसिए तत्तिव्वज्झवसाणे तदट्ठोवउत्ते तदप्पियकरणे तब्भावणाभाविए रागमणे अविमणे जिण वयण धम्मरागरत्ते तब्भावणा भाविए अण्णत्थ कत्थइ मणमकरे माणे उभओकाल आवस्सय करेइ सेत लोगुत्तरिय भावावस्सय सेत नोआगमओ भावावस्सय तस्सण इमे एगट्ठिया नाणाघोसा णाणावजणा नामधेज्जा भवति तजहा आवस्सय अवस्सकरणिज्ज धूवणिग्गहो विसोहीय। अज्झयणच्छकवग्गो। नाओ आराहणामग्गो ॥ १ ॥ समणेण सावएणय। अवस्सकायव्वय हवइ जम्हा। अतो अहो निसस्सय तम्हा आवस्सय नाम ॥ २ ॥ सेत्त आवस्सय ॥

पदार्थ-(सेकिंत लोगुत्तरिय भावावस्सय २) लौकोत्तरिक भावावश्यक कौनसा है ? ऐसे शिष्य के प्रश्न करने पर गुरु कहने लगे कि भो शिष्य !

लौकोत्तरिक भावावश्यक इस प्रकार से है कि जैसे (जण समणोवा), जो साधु अथवा (समणीवा) साध्वी अथवा (सावओवा) श्रावक वा (सावियावा) श्राविका (तच्चित्त) जिनका आवश्यक में चित्त है (तम्मणे) आवश्यक में मन है (तल्लेसे) आवश्यक में भाव है (तदज्झवसिए) आवश्यक के ही अध्यवसाय है (तत्तिव्वज्झवसाण) अन्तःकरण में आवश्यक का तीव्र अध्यवसाय है (तदट्ठोवउत्ते) और आवश्यक के अर्थों में उपयोग लगा हुआ है (तदप्पियकरणे) आवश्यक के योग्य उपकरण जैसे कि रजोहरण, मुखपत्ति आदि भी शुद्ध है अर्थात् आवश्यक के अनुकूल हैं (तब्भावणाभाविए) और आवश्यक के विषय ही एकांत भाव है और उसी की भावना है फिर (एगमणे) आवश्यक के विषय एकाग्रमन है (अविमणे) अपितु विमन नहीं है जैसे कि चित्त की विकलता (जिणवयण) जिन वचनों में अथवा (धम्माणुरागरत्तमण) धर्मानुराग में रक्त है मन जिनका फिर (अण्णत्थ कत्थइ मण अकरमाणे) अन्य कहीं पर मन न करते हुए ज (उभओकाल आवस्सय करेंई) दोनों काल में शुद्ध आवश्यक को करते (सेत लोगुत्तरिय भावावस्सय) यही लोकोत्तर भावावश्यक है (सेत न आगमओभावावस्सय) अथ इसी का नाम नो आगम से भावावश्यक (सेत भावावस्सय) अथानन्तर इसी प्रकार से भावावश्यक होता है और यही भावावश्यक है किन्तु (तस्सण इमे एगट्ठिया) उस आवश्यक के परमार्थ करके एकार्थ रूप (नाणाघोसा) नाना प्रकार के घोष हैं (नाणा वजणा नामधेज्जा भवंति) और नाना प्रकार के व्यञ्जनों से युक्त इस आवश्यक के नाम भी हैं (तजहा) जैसे कि (आवस्सय अवस्स करणिज्ज) आवश्यक उसी का नाम है जो अवश्य करणीय है अपितु यह शब्दार्थ है किन्तु पर्यायार्थ इस प्रकार से है जैसे कि ज्ञानादि गुण वा मोक्ष जिसके वश में है उसी का नाम आवश्यक है अथवा सर्व प्रकार से इन्द्रिय जिसके वश में हो उसी का नाम आवश्यक है अथवा जो सर्व गुणों का आवास भूत है वही आवश्यक है सो यह आवश्यक (धुवनिग्गहा) ध्रुव और इन्द्रियों के निग्रह करने वाला है (विसोहीय) कर्मों की शुद्धि करने वाला है (अज्झयणछक्क वग्गो) सामायिक आदि षट् अध्यायों का एक वर्ग है (नाओ आराहणामग्गो न्यायमार्गी है जीव को आराधना कराने वाला और मोक्ष का मार्ग है म

(समणेणं) साधु को अथवा (सावएण) श्रावक को उपलक्षण से साध्वी और श्राविकाओं को (अवस्सकायव्वोव्वय हवइ जम्हा अतो अहोनिसस्स तम्हा आवस्सय नाम २) जो रात्रि दिवस के अन्तर में अवश्य ही करणीय है, इसी करके आवश्यक इसका नाम स्थापित है अथवा जो दोनों समय अवश्य-करणीय है इसी करके आवश्यक इसका नाम स्थापित हुआ है (सेत आव-स्सय) इस प्रकार से आवश्यक का स्वरूप है।

इतिश्री अनुयोग द्वार सूत्र में आवश्यक नामक प्रथमाधिकार समाप्त हुआ ॥८॥

भावार्थ.—लोकोत्तरिक भावावश्यक उसका नाम है जो साधु साध्वी श्रावक श्राविकायें एकाग्रता के साथ जिनवचनों में चित्त रखते हुए दोनों समय आवश्यक करते हैं वही नो आगम से लोकोत्तरिक भावावश्यक है अथवा इस आवश्यक के एकार्थरूप शब्द के नाना प्रकार के घोष व नाना प्रकार के व्यंजन हैं और चतुर्विध के सघ को अवश्य ही करणीय है क्योंकि ध्रुव और इन्द्रिया के निग्रह करने वाला विशुद्धि का मार्ग है सामायिकादि षट् अध्याय रूप एक वर्ग है न्यायकारी और मोक्षगामी मार्ग है साधु साध्वी और श्रावक श्राविकाओं को रात्रि और दिवस के अन्तर में अवश्य ही करणीय है, इसी लिये आवश्यक इसका नाम है और गुणों का आश्रयभूत है। इतिश्री अनुयो-गद्वार सूत्र में (शास्त्रमैत्रा) आवश्यक नाम प्रथमाधिकार समाप्त हुआ ॥

अथ श्रुतशब्द के निक्षेप चतुष्टय के विषय में कहते हैं.

मूल—सेकित सुय २ चउव्विह पएणत्तं तंजहा नामसुयं ठवणासुय दव्वसुय भावसुय नाम ठवणाओ भणिओ सेकित दव्वसुय ? २ दुविह पएणत्त तजहा आगमओय नो आगमओय सेकितं आगमओ दव्वसुय ? २ जस्सण सुएत्ति पय सिक्खियं ठिय मिय जिय परिजिय जीव णो अणुप्पेहाए कम्हा ? अ-णुवओगो दव्वमितिकट्टु णेगमस्सणं एगो अणुवउत्तो आग-मओ एगे दव्वसुय जाव जाणए अणुवउत्ते ण भवइ सेत आ-

गमओ दव्वसुय। सेकित नो आगमओ दव्वसुय ? २ तिविह पण्णत्त तजहा जाणगसरीरदव्वसुय भवियसरीरदव्वसुय जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्त दव्वसुय सेकिंत जाणग सरीरदव्वसुय ? २ सुयपदत्थाहिगारजाणयस्स जं सरीरयं ववगयचुयच। विय चत्तदेह तचेव पुव्वभणिय भाणियव्व जाव सेत्त जाणगसरीर दव्वसुय। सेकित भवियसरीरदव्वसुय ? २ जे जीवे जोणीजम्मणनिक्खते जहा दव्वावस्सए तहेव भाणियव्व जाव सेत्त भवियसरीरदव्वसुयं सेकिंत जाणग सरीरभवियसरीरवइरित्त दव्वसुय २ त० पत्तयपोत्थयलिहियं।

पदार्थ-(सेकित सुय २ चउविह पन्नत्त तजहा) शिष्य ने प्रश्न किया कि हे भगवन्! श्रुत कितने प्रकार से वर्णन किया है? गुरु ने उत्तर दिया कि हे शिष्य! श्रुत चार प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (नामसुय ठवणासुय दव्वसुय भावसुय) नामश्रुत १ स्थापनाश्रुत २ द्रव्यश्रुत ३ और भावश्रुत ४ सो (नाम ठवणाओ भणिओ) नामश्रुत और स्थापना श्रुत का वर्णन पूर्ववत् है जैसे आवश्यक के स्वरूप में किया गया है उसी प्रकार जानना (सेकित दव्वसुय २ (प्रश्न) द्रव्य श्रुत के कितने भेद हैं (उत्तर) द्रव्य श्रुत (दुविह पन्नत्त तजहा) दो प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि (आगमओय नोआगमओय) आगम से द्रव्यश्रुत (सूत्र) और नोआगम से द्रव्यश्रुत (सेकित आगमओ दव्वसुय २) (प्रश्न) आगम से द्रव्य सूत्र (श्रुत) कैसे होता है (उत्तर) आगम से द्रव्यश्रुत इस प्रकार से है जैसे कि (जस्सण सुएत्ति पय सिक्खिय ठिय मिय जिय परिजिय जाव णो अणुप्पेहाए) जिसने श्रुत ऐसे पद सीख लिया है और हृदय में स्थापना कर लिया है और जिसको अक्षरों की मात्रा का भी बोध होगया है और पूछने पर अस्खलित है किन्तु पश्चात् अनुपूर्वी से भी स्पष्ट हो रहा है यावत् अनुप्रेक्षा से रहित होकर पठन किया जाता है अर्थात् पठन करते समय उपयोग पूर्वक पठन [illegible] जाता (कम्हा) किस लिये (अणुवओगो दव्वमितिकट्टु) [illegible] होने पर ही उसको द्रव्यश्रुत कहा जाता है सो (णाण आराहणाप्रमो [illegible] मोक्ष का मार्ग है मे

एगो आगमउ एग दव्वसुय) नैगमनय के मत से एक अनुपयुक्त आगम से एक द्रव्य श्रुत है (जाव जाणए अणुवउत्तेण भवइ) यावत् यदि जानता है तब अनुपयुक्त नहीं है। यदि अनुपयुक्त है तब जानता नहीं है जहा पर्यन्त यह पाठ है वहा पर्यन्त (सेतं आगमउ दव्वसुय) वही आगम से द्रव्य श्रुत है-(से किं त नो आगमउ दव्वसुय २) (प्रश्न) वह कौनसा है जो नो आगम से द्रव्य श्रुत माना जाता है (उत्तर) द्रव्य से नो आगम श्रुत (तिविह पन्नत्त तजहा) तीनों प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि:-(जाणयसरीरदव्वसुय) ज्ञ शरीर द्रव्य श्रुत १ (भविय शरीर दव्वसुय) भव्यशरीर द्रव्यश्रुत २ (जाणग सरीरभावियसरीरवइरित्त दव्वसुय) ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य श्रुत (सेकित जाणगसरीरदव्वसुय २) शिष्यने फिर प्रश्न किया कि हे भगवन्! ज्ञ शरीर द्रव्यश्रुत किसको कहते हैं? गुरु ने उत्तर दिया कि हे शिष्य! ज्ञ शरीर द्रव्यश्रुत उसका नाम है जैसे कि-(सुयपदत्थाहिगार जाणयस्स ज सरीरय ववगयचुयचवियचत्तदेह त चेव पुव्वमणिय भाणियव्व जावसेत्त जाणय सरीरदव्वसुय) श्रुतपद के अर्थाधिकार के ज्ञाता का जो शरीर है जिससे जीव च्युत होगया है और शरीर जीव से रहित है जैसे कि पूर्व वर्णन किया गया है उसी का नाम ज्ञ शरीर द्रव्यश्रुत है (से किंत भवियसरीरदव्वसुय २ जे जीवे जोणी जम्मण निक्खत्ते जहा दव्वावस्सय तहा भाणियव्व जावसेत्त भवियसरीर दव्वसुय) (प्रश्न) भव्यशरीर द्रव्यश्रुत किस का नाम है (उत्तर) जो जीव योनि के द्वारा जन्म लेकर श्रुतपद सीखेगा जैसे कि-पूर्व द्रव्यावश्यक का वर्णन किया गया है उसी प्रकार द्रव्यश्रुत का वर्णन जान लेना सो यही द्रव्यश्रुत है (सेकित जाणयसरीर भवियशरीरवइरित्त दव्वसुय त० पत्तयपोत्थय लिहिय) शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि हे भगवन्! ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्त द्रव्यश्रुत किस का नाम है? गुरु ने उत्तर दिया कि हे शिष्य! ज्ञ शरीर भव्य सरीर व्यतिरिक्त द्रव्यश्रुत उसका नाम है जैसे कि-पत्र अथवा पुस्तक पर जो लिखा हुआ श्रुत है उसी का नाम ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यश्रुत है। पुस्तक को द्रव्यश्रुत का पद इसलिये दिया गया है कि भावश्रुत का अधि' करण है।

भावार्थ -श्रुत शब्द के भी चार निक्षेप है जैसे कि-नाम १ स्थापना २ द्रव्य भाव ४ सो नाम और स्थापना का स्वरूप जैसे आवश्यक शब्द के

स्थान पर वर्णन किया गया है वैसे ही जानलेना किन्तु द्रव्यश्रुत के दो भेद हैं आगम से और नोआगम से आगम से पूर्ववत् कथन है जैसे कि-श्रुतशब्द को सर्व प्रकार से धारण किया हुआ है किन्तु अनुपयुक्त पूर्वक है। इसलिये नैगम और व्यवहार नय के मत से यावन्मात्र अनुपयोग पूर्वक पठन करने हों तावन्मात्र द्रव्यश्रुत हैं किन्तु संग्रह और ऋजुसूत्र नय के मत से यावन्मात्र पठन करते हों अनुपयोग पूर्वक होने से एक ही द्रव्यश्रुत है। अपितु तीनों शब्दादिक नयों के मत से अश्रुत है क्योंकि यदि जानता है तो अनुपयुक्त नहीं है। यदि अनुपयुक्त है तब जानता नहीं है। यही द्रव्य से आगम श्रुत है और नोआगम से द्रव्य श्रुत तीनों प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि ज्ञ शरीर द्रव्यश्रुत १ भव्य शरीर द्रव्यश्रुत २ ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यश्रुत ३ सो प्रथम दोनों का स्वरूप तो पूर्ववत् ही है किन्तु ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्तश्रुत जो पत्र और पुस्तक पर लिखा हुआ हो तो उसका नाम भी श्रुत है। क्योंकि जो पुस्तकों पर सूत्र लिखे हुए हैं वे आगम से द्रव्य सूत्र हैं, क्रियादिरहित होने से उनकी द्रव्य संज्ञा होगई है ॥ अर्थात् प्राकृत में श्रुत शब्द तथा सूत्र शब्द इन दोनों के लिये केवल 'सुय" पद का प्रयोग किया जाता है। इसीलिये अब सूत्र "डोरा" शब्द के विषय में वर्णन किया जाता है।

मूल-अहवा जाणगभवियसरीरवइरित्तदव्वसुय पचविह पण्णत्त तजहा अडय वोडय कीडय वालय वक्कय सेकिंत अडय? २ हसगब्भाइ वोडय कप्पासमाइ कीडय पचविह पन्नत्त तजहा पट्टे मलए असुए चीणंसुए किमिरागे वालय पचविह पण्णत्त तजहा उरिणय उट्टिय मियलोमेय कोतवे किट्टिसे सेत्त वालय सेकिंत वक्कय सणमाइ सेत्त वक्कय सेत्त जाणगसरीर भवियसरीरवइरित्त दव्वसुय सेत्त नो आगमओ दव्वसुय सेत्त दव्वसुय।

पदार्थ -(अहवा) अथवा (जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्त दव्वसुय पचविह पण्णत्त तजहा) ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यसूत्र पांच प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि-अडय वोडय कीडय वालय वक्कयं) अंड से

उत्पन्न होने वाला सूत्रफल से उत्पन्न होने वाला कृमि से अथवा वाल और वल्कल से उत्पन्न होने वाला सूत्र जो हैं सो ये भी ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्त सूत्र है। जहा पर कार्य और कारण के सम्बन्ध होने से ही इनको सूत्र शब्द दिया गया है सो (अदय हंसगम्भाए) अडक से हंसगर्भ प्रमुख जान लेना (बोंडय कप्पासमाइ) फल से अथवा वनस्पति प्रमुख से कर्पास का सूत्र २ (कीडय पचविहं पन्नत्त तजहा पट्टे १ मलए २ अंसुए ३ चीण सुय ४ किमि रागे ५) कीटक स जो सूत्र की उत्पत्ति है वे पाच प्रकार से कथन कीगई है जैसे कि-पट्ट १, मलयदेश का सूत्र २ अंशुक सूत्र ३ चीनांशुक सूत्र ४ कृमिराग सूत्र ५-यह पांच ही प्रकार के सूत्र की कृमियों से उत्पत्ति होती है इसीलिये इनको सूत्रपद दिया गया है। अपितु (वालय पचविह पन्नत्त तजहा) वालों से जो सूत्र की उत्पत्ति होती है वे भी ५ प्रकार से वर्णन कीगयी है जैसे कि-(उ-ण्णिए, उट्टिए, मियलोमए कुतवे किट्टिसे सेत्त वालय) उर्णिक के रोमों का सूत्र ऊन, उसी प्रकार ऊट के रोमों की ऊन और मृग के रोमों का सूत्र अथवा मृगवत् अन्य जीव विशेष के रोमों का सूत्र और ऊट के रोमों का सूत्र जो ऊनादि के वा नाना प्रकार के सयोग से सूत्र उत्पन्न होता है उसको किट्टस सूत्र कहते हैं॥ अथवा अश्वादि के रोमों से जो सूत्र उत्पन्न होता है उसको भी किट्टस सूत्र कहते हैं यही वालों का सूत्र है (सेकित वक्कय २) (प्रश्न) वल्कल (छाल्लि से कौनसा सूत्र उत्पन्न होता है) (उत्तर) (सणमाइ) सनि आदि यह वल्कल सूत्र है (सेत्त वक्कय) यही स्वरूप वल्कल सूत्र का है (सेत्त जाणग सरीरभवियसरीर वइरित्त दव्वसुय) अथानन्तर से यही ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यसूत्र है (सेत्त आगम उदव्वसुय सेत्त दव्वसुय) यही आगम से द्रव्य सूत्र है और इसी स्थान पर द्रव्यसूत्रका समास पूर्ण होगया है।

भावार्थः-द्रव्यसूत्र और भी प्रकार से कथन किया गया है जैसे कि-अडज१ बोंडज २ कीटज ३ वालज ४ वल्कलज ५ अडज हंसगर्भादि बोंडज कर्पासादि कीटज से पट्टज १ और मलय देशोद्भव २ अंशुय ३ चीणांशुक ४ कृमिराग ५, और वालज सूत्र यह हैं कि-ऊर्णादि का सूत्र १ उष्ट्रिकसूत्र २ मृगरोमसूत्र ३ उदारिक सूत्र ४ किट्टिस सूत्र और वल्कलज सूत्र सनि आदि है यह सर्व ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यसूत्र है और इसी स्थान पर नो आगम से द्रव्य सूत्र का समास पूर्ण होगया है॥

(अपितु सूत्र शब्द का वर्णन करते हुए जो सूत (दोरा) का वर्णन किया गया है वे प्राकृत की शैली के अनुसार किया गया है क्योंकि प्राकृत में सूत्र शब्द दोनों अर्थों में व्यवहृत है ॥

॥ अथ भावश्रुत विषय ॥

मूल–सेकिंत भावसुय २ दुविह पराणत्त तजहा आगमओ नोआगमओ सेकिंत आगमओभावसुय २जाणए उवउत्ते सेत्त आगमओ भावसुय सेकिंत नोआगमओ भावसुय २ नोआगमओभावसुय दुविह पन्नत्त तजहा लोइय लोगुत्तरियं सेकिंत लोइयनोआगमओभावसुय२ ज इमे अन्नाणीहिं मिच्छदिट्ठिहिं सच्छद बुद्धिमइ विकप्पिय तजहा भारह रामायण भीमासुरुक्ख कोडिल्लय घोडयमुह मगडभद्दियाओ कप्पासिय नागसुहम कणगसत्तरिवेसिय वइसेसिय बुद्धसासण काविल लोगायत सट्ठितत्त माढरपुराण वागरण नाडगाई अहवा बावत्तरिकलाओ चत्तारिय वेया सगोवगाण सेत्तनोआगमओ भावसुय ।

पदार्थ.–(सेकिंत भावसुय २ दुविह पण्णत्त तजहा) (प्रश्न) भावश्रुत कितने प्रकार से प्रतिपादन किया गया है (उत्तर) भावश्रुत दो प्रकार से कहा गया है जैसे कि–(आगमउय) आगम से और नो आगम से (सेकिंत आगमओ भावसुय २) (पूर्वपक्ष) आगम से भावश्रुत कौनसा है (उत्तरपक्ष) आगम से भावश्रुत उसका नाम है (जाणय उवउत्ते सेत्त आगमओ भावसुय) जो श्रुत शब्द के अर्थ को उपयोग पूर्वक जानता है वही आगम से भावश्रुत है (सेकिंत नोआगमओभावसुय २) (प्रश्न) नो आगम से भावश्रुत कितने प्रकार से है (उत्तर) नो आगम से भावश्रुत (दुविह पराणत्त तजहा) दो प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि–(लोइय लोगुत्तरिय) लौकिक और लोकोत्तरिक (सेकिंत लोइयनोआगमओभावसुय २) (पूर्वपक्ष) लौकिक नो आगम से भावश्रुत कौनसा है (उत्तरपक्ष) लौकिक नो आगम से भावश्रुत उस

का नाम है जैसे कि-(जइम अन्नाणीहिं मिच्छदिट्ठी हिसच्छंद बुद्धिमइ विगप्पिय तजहा) जो अज्ञानी तथा मिथ्यादृष्टियों न स्वच्छदता की बुद्धि से कल्पना किये जो ग्रन्थ हैं जैसे कि-(भारह) भारत (रामायण) रामायण २ (भीमासुरक्ख) भीमासुरुख ३ (कोडिल्लय) कौटिल्य (अर्थ) शास्त्र (घोडयमुह) घोड़ा मुख शास्त्र (सगडभद्दियाउ) शकटभद्रशास्त्र (कप्पासिय) कार्पासिक शास्त्र (नागसुहुम) नागसूक्ष्म (कणग सत्तरी) कनकसप्तति शास्त्र (वइसेसिय) वैशेषिक शास्त्र (बुद्धसासण) बुद्धशासन (काविल) कापिल (सारव्य) शास्त्र (लोगायत) लोकायित (चार्वाक) शास्त्र (सट्ठी तन्त) षष्ठितन्त्र शास्त्र (माढर पुराण) माढर पुराण (वागरण) व्याकरण शास्त्र (नाडगाई) नाटिकादि शास्त्र (अहवा) अथवा (बावत्तरिकलाओ) ७२ कलाओं से लकर (चत्तारि वेया सगोवगाण सत्त लोइयनोआगमओ भावसुय) चारवेद सांगोपांगयुक्त जैसे कि-शिक्षा १ कल्प २ व्याकरण ३ छन्द ४ निरुक्त शास्त्र ५ ज्योति. ६ यह षट् शास्त्र वेदों के उपांग कहाते हैं यह सर्व लौकिक नोआगम से भावसूत्र हैं ॥

भावार्थ.--भावश्रुत दो प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि--आगम से और नो आगम से सो आगम से भावश्रुत उसका नाम है जो श्रुतशब्द के अर्थ को उपयोग पूर्वक जानता है वही आगम से भावश्रुत है अत नो आगम से भावश्रुत के दो भेद हैं लौकिक और लोकोत्तरिक, सो लौकिक उसका नाम है जो मिथ्यादृष्टि लोगों ने अज्ञानता के वश होकर नाना प्रकार के शास्त्र कल्पित कर लिये हैं और उन में पदार्थों का असत्य स्वरूप लिखा है वही नो आगम से लौकिक भावश्रुत हैं ॥

॥ अथ लोकोत्तरिक नो आगम से भावश्रुत विषय ॥

मूल-सेकिंतं लोगुत्तरियनोआगमओभावसुयं ? २ जंइयमं अरिहंतेहि भगवंतेहिं उप्पन्ननाणदसणधरेहिं तीय पडुप्पराण मणागयजाणएहिं तिलुकनिरक्खियवहियमहियपुइएहिं सव्वराणूहिं सव्वदरिसीहि अप्पडिहयवरनाणदसणधरेहिं पणीय दुवालसग गणिपिडग त आयारो १ सूयगडो २ ठाण ३ समवाओ ४ विवाहपराणत्ती ५ नायाधम्मकहाओ ६ उ-

वासगदसाओ ७ अंतगडदसाओ ८ अणुत्तरोववाइयदसाओ ९ पराहावागरणाइ १० विवागसुय ११ दिट्ठिवाओ य १२ सेत्त लोगुत्तरिय नोआगमओ भावसुय सेत्त नो आगमओ भावसुय सेत्त भावसुय तस्सण इमे एगट्ठिया नाणाघोसा नाणावंजणा नामधेज्जा प० त० सुय १ सुत्त २ गथ ३ सिद्धत ४ सासण ५ आणती ६ वयण ७ उवएसो ८ पएणवने ९ आगमेय १० एगट्ठापज्जवा सुत्ते ११ सेत्तसुय ॥

पदार्थ -(सेकिंत लोगुत्तरिय नो आगमओ भावसुय २) (प्रश्न) वह कौनसा है जो लोकोत्तरिक नो आगम स भावश्रुत है (उत्तर) लोकोत्तरिक नो आगम से भावश्रुत उसका नाम है (जइमे अरिहतेहिं भगवतेहिं उप्पन्ननाण दसणधरेहिं तीय पडुप्पन्न मणागय जाणएहिं) जो यह अरिहतो करके भगवन्तो करके पुन' जिन्हों को ज्ञान और दर्शन उत्पन्न होगया है सो ज्ञान दर्शन के धरने वालों ने तथा जो भूतकाल और वर्त्तमान और अनागत काल के ज्ञाताओं ने (तिलोक्कनिरक्खिय वहिय महिय पुइएहिं) और जिन्होंको देव मनुष्य भवनपत्यादि देवों ने आनन्दाश्रु पूर्णदृष्टि से अवलोकन किया है और जो गुण कीर्त्तनरूप भाव पूजा करके पूजित हैं तथा जो सर्वज्ञ पूज्य हैं उन्होंने अथवा जो (सव्वएणूहिं सव्वदरिसीहिं) सर्वज्ञ वा सर्वदर्शी हैं उन्होंने फिर (अप्पडिहयवरनाणदसणधरेहिं) अप्रतिहत (न हनन होने वाला) ज्ञान दर्शन के धरने वालों ने (पणीय) प्रतिपादन किया है (दुवालसग गणिपिडग तजहा) द्वादशाग की गणी जो आचार्यों की मञ्जूषा समान है जैसे कि-(आयारो सूयगडो ठाण समवाओ विवाहपएणत्ती नायाधम्मकहाओ वासगदसाओ अतगडदसाओ अणुत्तरोववाइयदसाओ पराहावागरणाइ विवागसुय दिट्ठिवाओय सेत्त लोगुत्तरिय नो आगमओ भावसुय सेत नोआगमओ सुय सेत्त भावसुय) आचाराग सूत्र १ सूत्रकृताङ्ग सूत्र २ स्थानाङ्ग सूत्र ३ समवायाग सूत्र ४ विवाहप्रज्ञप्तिसूत्र ५ ज्ञाताधर्मकथाग सूत्र ६ उपासकदशांग सूत्र ७ अन्तकृतदशाग सूत्र ८ अनुत्तरोपपातिक सूत्र ९ प्रश्न व्याकरण सूत्र १० विपाक सूत्र ११ दृष्टिवाद सूत्र १२ यही लोकोत्तरिक नोआगम से भावश्रुत है और इसी स्थान पर नो आगम से भावश्रुत का संक्षेप से वर्णन पूर्ण किया गया है ॥

भावार्थः-लोकोत्तरिक नोआगम से भावश्रुत उसका नाम है जो अर्हन्त भगवन्तों ने जिन्होंको त्रिकाल ज्ञान उत्पन्न होरहा है और सर्वज्ञ सर्वदर्शी हैं त्रैलोक्य पूजनीय हैं सो उन्होंने द्वादशाग की वाणी प्रतिपादन की है अतः वही द्वादशाग लोकोत्तरिक नोआगम से भावश्रुत है। यहां पर नो शब्द देशनिषेध-वाची नहीं है (तस्सण इमे एगट्ठिया नाणा घोसा नाणा वजणा नामधेज्जा पन्नत्ता तजहा) उस भावश्रुत के यह एकार्थि नाम जिनके नाना प्रकार के घोष वा व्यञ्जन हैं निम्न प्रकार से कहे जाते हैं ॥

अथ भावश्रुत के पर्य्यायवाची नाम विषय ॥

मूल-सुय १ सुत्तं २ गंथ ३ सिद्धन्त ४ सासण ५ आणत्ति ६ वयण ७ उवएसो ८ पराणवणे ६ आगमेय १० एगट्ठा पज्ज-वासुत्ते सेत्तं सुय

पदार्थ.-भावश्रुत के निम्नलिखित दश नाम हैं जैसे कि-(सुय) गुरुमुख से श्रवण करने से इस भावसूत्र को श्रुत कहा जाता है १ (सुत्त) और अर्थ की सूचना होने से ही सूत्र भी इसी का नाम है २ (गथ) अतः नाना प्रकार की ग्रन्थना होने से ही इसे ग्रन्थ कहते हैं ३ (सिद्धन्त) जो स्वय प्रमाण में प्रतिष्ठित होकर ज्ञानस्वरूप को दिखलाता है उसी का नाम सिद्धान्त है ४ (सासण) और शिक्षाप्रद होने से ही शासन कहा जाता है ५ (आणत्ति) और मुक्ति के लिये आज्ञा करना इसी करके भावसूत्र का नाम भी आज्ञा है ६ (वयण) सत्यवक्ता होन से वचन भी इसी का नाम है ७ (उवएसो) प्राणीमात्र को सत्य में आरूढ करने से ही उपदेश भी इसी का नाम है ८ (पएणवण) सत्य कथन के प्रभाव से प्रज्ञापन नाम है ६ (आगमेय) और परम्परा से आरहा है इसी करके आगम कहा जाता है १० (एगट्ठे पज्जवा सुत्ते सेत्त सुय) सो यह एकार्थी शब्द पर्य्याय करके भावश्रुत के ही नाम हैं और इन्हीं का भावसूत्र कहा जाता है ॥

इति श्री अनुयोगद्वार सूत्र में द्वितीयाधिकार श्रुतरूप समाप्त हुआ ॥

भावार्थः-भावश्रुत के एकार्थी नाना प्रकार के घोष और व्यञ्जनों से युक्त दश नाम हैं जैसे कि-श्रुत १ सूत्र २ ग्रन्थ ३ सिद्धान्त ४ शासन ५

बचन ७ उपदेश ८ प्रज्ञापन ६ आगम १० सो यह पर्य्यायवाची दश नाम भावश्रुत के हैं और इसी स्थान पर अनुयोगद्वार सूत्र का द्वितीय अधिकार पूर्ण हो गया है। अब स्कन्ध का विवर्ण किया जाता है॥

॥ अथ स्कन्ध शब्द विषय ॥

मूल—सेकिंतं क्खधे ? २ चउव्विहे पराणत्ते तजहा नाम क्खधे ठवणाक्खधे दव्वक्खंधे भावक्खधे नाम ठवणाश्रो गयाश्रो सेकित दव्वक्खधे ? २ दुविहे पन्नते तजहा आगमओय नोआगमओ सेकिंत आगमओ दव्वक्खधे २ जस्सण क्खधेत्ति पय सिक्खियं, सेस जहा दव्वावस्सए तहा भाणियव्वा नवरं क्खधाभिलावो जाव सेकित जाणगसरीर भवियसरीरवइरित्ते दव्वक्खधे?२ तिविहे पराणत्ते तजहा सचित्ते अचित्ते मिस्सए।

पदार्थः—(सेकित खधे ? २ चउव्विहे पन्नत्ते तजहा नामक्खधे, ठवणा क्खधे, दव्वक्खधे, भावक्खधे नाम ठवणाश्रो गयाओ) (प्रश्न) स्कध शब्द कितने प्रकार से वर्णन किया गया है? (उत्तर) स्कंध शब्द भी चार प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि-नामस्कध १ स्थापनास्कध २ द्रव्यस्कध ३ और भावस्कध ४ सो नाम और स्थापना का विवण पूर्व आवश्यक के अधिकार में किया गया है (प्रश्न) द्रव्यस्कध के कितने भेद हैं ? (उत्तर) (सेकित दव्वक्खधे २ दुविहे पराणत्ते तजहा आगमओ नोआगमओय) द्रव्यस्कध भी दो प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि- आगम से और नोआगम से (सेकित आगमओ दव्वक्खधे २ जस्सण क्खन्धेति पय सिक्खिय सेस जहा दव्वावस्स ए तहा भाणियव्वा नवर क्खधाभिलावो) (प्रश्न) आगम से द्रव्यस्कध किस को कहते है ? (उत्तर) आगम से द्रव्यस्कध उस का नाम है जिसने स्कंध ऐसा पद सीख लिया है शेष विवर्ण जैसे द्रव्यावश्यक का है उसी प्रकार जानना चाहिये किन्तु यहा पर स्कध शब्द का आलापक ग्रहण करा। (जाव-सेकित जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्ते दव्वक्खध तिविहे, पराणत्ते तजहा स-

चित्ते अचित्ते मिस्सए) यावत् ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्त द्रव्यस्कंध तीनों प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि सचित्त १ अचित्त २ और मिश्र ३।

भावार्थः-स्कंध शब्द भी चारों प्रकार से वर्णित है जैसे कि-नामस्कंध १ स्थापनास्कंध २ द्रव्यस्कन्ध ३ भावस्कन्ध ४ सो नाम और स्थापना का विवर्ण पूर्व आवश्यक के अधिकार में किया गया है किन्तु द्रव्यस्कन्ध दो प्रकार से हैं आगम से और नोआगम से सो इन का भी विवर्ण पूर्व हो चुका है यावत् ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्त द्रव्यस्कन्ध के भी तीन भेद हैं जैसे कि-सचित्त द्रव्यस्कन्ध अचित्त द्रव्यस्कन्ध २ मिश्र द्रव्यस्कन्ध ३। अब तीनों का विवरण सूत्रकार निम्न प्रकार से करते हैं।

मूल-सेकित सचित्ते दव्वक्खधे ? २ अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा हयक्खधे गयक्खधे नरक्खधे किनरक्खधे किंपुरिसक्खधे महोरगक्खधे गधव्वक्खधे उसभक्खधे सेत्त सचित्ते दव्वक्खधे।

पदार्थ-सेकित सचित्त दव्वक्खधे २ (प्रश्न) सचित्त द्रव्यस्कन्ध कौनसा है ? (उत्तर) सचित्त द्रव्यस्कन्ध (अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा) अनेक प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि (हयक्खन्धे १ गयक्खन्धे २ नरक्खन्धे ३ किंनरक्खन्धे ४ किंपुरिसक्खन्धे ५ महोरगक्खन्धे ६ गधवक्खन्धे ७ उसभक्खधे ८ सेत्त सचित्ते) अश्वस्कन्ध १ गजस्कन्ध २ मनुष्यस्कन्ध किनर (व्यंतर विशेष) स्कन्ध किंपुरुषस्कन्ध महोरगस्कन्ध गन्धर्वस्कन्ध यह व्यन्तर विशेष हैं वृषभस्कन्ध यह सब सचित्त द्रव्यस्कन्ध है।

भावार्थ-सचित्त द्रव्यस्कन्ध अनेक प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि वृषभ स्कन्ध अश्वस्कन्ध गजस्कन्ध नरस्कन्ध अथवा किंपुरुषादि देवों के स्कन्ध सचित्तस्कन्ध उसी का नाम है-जिस जीव के साथ स्कन्ध की उत्पत्ति हुई हो जैसे ऊपर लिखे हुए नरस्कंधादि हैं।

अथ अचित्त द्रव्यस्कन्ध विषय।

मूल-सेकित अचित्ते दव्वक्खधे ? २ अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा दुप्पयसिएक्खधे तिप्पएसिएक्खधे जावदसप्पएसिएक्खधे

सखेज्जपएसिएक्खंधे असखिज्जपयसिएक्खधे अणतपए सिएक्खंधे सेत्त अचित्ते दव्वक्खधे ।

पदार्थ-(सेकिंत आचित्ते दव्वक्खधे ? २ अणेगविहे पएणत्ते तजहा (प्रश्न) अचित्त द्रव्यस्कध कितने प्रकार से वर्णन किया गया है ? (उत्तर) आचित्त द्रव्यस्कध अनेक प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि (दुप्पएसिएक्खधे तिप्पए सिएक्खधे जावदसपएसिएक्खधे) द्विप्रदेशिक स्कध, त्रिप्रदेशिक स्कध यावत् दश प्रदेशिक स्कध (सखेज्जपएसिएक्खधे) सख्यात प्रदेशिक स्कध। असंख ज्जपएसिएक्खधे) असख्यातप्रदेशिकस्कध (अणतपएसिएक्खधे) अनत प्रदेशिक स्कध (सेत्त अचित्ते दव्वक्खधे) यही अचित्त द्रव्यस्कध है, अर्थात् आचित्त द्रव्यस्कध का समास पूर्ण हुआ।

भावार्थ-द्विप्रदेशिकादि से लेकर अनन्त प्रदेशिक पर्यंत अचित्त द्रव्यस्कंध होता है उसी का नाम अचित्त द्रव्यस्कध है क्योंकि परमाणुद्वय के एकत्व होने से द्विप्रदेशिक स्कध बन जाता है इसी प्रकार आगे भी जानना चाहिये।

अथ मिश्र द्रव्यस्कध विषय।

मूल-सेकिंत मीसए दव्वक्खधे ? २ अणेगविहे पन्नत्ते तंजहा सेणाए अग्गिमक्खधे सेणाए * मज्झिमक्खधे सेणाए पच्छिमक्खधे सेत्त मीसए दव्वक्खधे ॥

पदार्थ-(सेकिंत मीसए दव्वक्खधे ? २ अणेगविहे पएणत्ते तजहा) (प्रश्न) मिश्र द्रव्य स्कध किसका नाम है ? (उत्तर) मिश्र द्रव्यस्कध के अनेक भेद हैं जैसे कि (सेणाए अग्गिमक्खधे) सेना का अग्रिम स्कध है वा (सणाएमज्झिमक्खधे) सेना का मध्यम स्कध है (सेणाए पच्छिमक्खंधे) अथवा सेना का पश्चिम स्कध है (सेत्त मीसए दव्वक्खधे) इस प्रकार मिश्र द्रव्य स्कध का विवर्ण समाप्त हुआ।

भावार्थ-मिश्र द्रव्यस्कध उसका नाम है जिसमे सचित्त और अचित्त

---

* मध्यमकतमे द्वित्वस्य ॥ प्रा० ५४।० अ० ८ पा० १ सूत्र ४८ ॥ मध्यम शब्दक सम शब्दे च द्वित्वस्यात इत्व भवति ॥

दोनों ही सम्मिलित हो सो सेना का अग्रिम स्कंध कहने से सचित्त हस्त्यादि गर्भित हुए अचित्त खड्गादि शस्त्र लिये गए इसी प्रकार मध्यम वा पश्चिम भाग की भी संयोजना कर लेनी चाहिये इसी का नाम मिश्र द्रव्य स्कंध है।

अथ प्रकारान्तर विषय।

मूल—अहवा जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्ते दव्व-क्खंधे तिविहे पण्णत्ते तंजहा कसिणक्खंधे अकसिणक्खंधे अणेगदवियक्खंधे सेकिंत कसिणक्खंधे ? २ सोचेव हयक्खंधे गयक्खंधे जाव उसभक्खंधे सेत्तं कसिणक्खंधे सेकिंत अक-सिणक्खंधे? २ सोचेव दुप्पएसियाइक्खंधे जाव अणंतपए सिएक्खंधे सेत्तं अकसिणक्खंधे सेकिंत अणेगदवियक्खंधे? २ तस्स चेव देसे अवचिए तस्स चेव देसे उवचिए सेत्तं अणेग दवियक्खंधे सेत्तं जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्ते दव्वक्खंधे सेत्तं नोआगमओ दव्वक्खंधे सेत्तं दव्वक्खंधे ॥

पदार्थः-(अहवा) अथवा (जाणगसरीरभवियसरीरवईरित्ते दव्व-क्खंधे तिविहे पण्णत्ते तंजहा) ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्तद्रव्यस्कंध तीन प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (कसिणक्खंधे) सम्पूर्ण स्कंध (अकसिणक्खंधे) असम्पूर्ण स्कंध (अणेगदवियक्खंधे) अनेक द्रव्यस्कंध (सेकिंत कसिणक्खंधे? २ सोचेव हयक्खंधे गयक्खंधे जाव उसभक्खंधे सेत्तं क-सिणक्खंधे) (प्रश्न) सम्पूर्ण स्कंध किसे कहते हैं ? (उत्तर) सम्पूर्ण स्कंध उसी का नाम है जो पूर्व लिखा गया है जैसे कि अश्वस्कंध १ गजस्कंध २ यावत् वृषभस्कंध इत्यादि जान लेने क्योंकि वही सम्पूर्ण स्कंध है। उनमें किसी प्रकार की भी न्यूनता नहीं है (सेकिंत अकसिणक्खंधे) (प्रश्न) असम्पूर्ण स्कंध किसे कहते हैं ? (उत्तर) असम्पूर्ण स्कंध द्विप्रदेशिक से लेकर अनन्तप्रदेशी पर्यन्त जो स्कंध हैं उन्हीं का नाम असम्पूर्ण स्कंध है क्योंकि द्विप्रदेशिक से लेकर अनन्तप्रदेशिक पर्यन्त असम्पूर्ण स्कंध ही कहे जाते हैं (सेकिंत अणेगदवियक्खंधे? २) (प्रश्न) अनेक द्रव्यस्कंध किसे कहते

हैं (उत्तर) अनेक द्रव्यस्कंध उसका नाम है (तस्स चेव देसे अवचिए तस्स चेव देसे उवचिए सेत्त अणेगदवियक्खंधे) जो पूर्व अश्वादिस्कंधों का विवरण किया गया है उन्हीं स्कंधों का देशमात्र नखादिस्थान अचित्त जीव प्रदेशों से रहित होता है और हस्त उदरादि स्थान जीव प्रदेशों से सहित होते हैं इसी वास्ते उसे अनेक द्रव्यस्कंध कहते हैं क्योंकि एक शरीर में ही देशअपचित्त देशउपचित्त यह दोनों स्वरूप पाए जाते हैं और यही अनेक द्रव्य स्कंध का स्वरूप है (सेत्त जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्ते दव्वक्खंधे सेत्त नोआगमओ दव्वक्खंधे सेत्त दव्वक्खंधे) अब वह ज्ञ शरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्त द्रव्य स्कंध का स्वरूप नोआगम से सम्पूर्ण हुआ क्योंकि इसी का नाम द्रव्यस्कंध है।

भावार्थः अथवा ज्ञ शरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्त द्रव्यस्कंध तीनों प्रकार से अन्य भी कथन किया गया है जैसे कि सम्पूर्ण स्कंध १ असम्पूर्ण स्कंध २ अनेक द्रव्यस्कंध ३ सो सम्पूर्ण स्कंध पूर्ववत् अश्वादि के ही स्कंध हैं और असम्पूर्ण स्कंध द्विप्रदेशी आदिस्कंध से लेकर अनन्तप्रदेशिक स्कन्ध पर्यन्त है किन्तु अनेक द्रव्यस्कन्ध उन्हीं का नाम है जो सचित्त स्कंध के विवर्ण में नखादि छोड़ दिये गये थे वही देश अपचित स्कंध हैं और करचरणादि देश उपचित स्कंध हैं सूत्र का आशय यह है कि जो जीव प्रदेशों से सहित स्कन्ध है वह उपचित के नाम से अनेक द्रव्य-स्कन्ध कहा जाता है जो हित हैं वह अपचित संज्ञा के नाम से उच्चारण किये जाते हैं सो इसी स्थान पर ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्त नोआगम से द्रव्य-स्कन्ध का स्वरूप पूर्ण होगया है और उक्त लक्षणोंयुक्त को ही द्रव्यस्कंध कथन किया गया है ॥

॥ अथ भावस्कन्ध का व्याख्यान किया जाता है ॥

अथ भावस्कंध विषय।

मूल-सेकिंत भावक्खंधे? २ दुविहे पण्णत्ते तंजहा आगमओय नोआगमओय सेकिंतं आगमओभावक्खंधे २ जाणए उवउत्त सेत्त आगमओभावक्खंधे।

पदार्थ—(सेकिंत भावक्खंधे २ दुविहे पण्णत्ते तंजहा) (प्रश्न) भाव स्कन्ध किसे कहते हैं? (उत्तर) भावस्कन्ध दो प्रकार से वर्णन किया गया है

जैसे कि (आगमओ नोआगमओ) आगम से और नोआगम से (सेकिंत आगमओ भावक्खन्धे? २ जाणए उवउत्ते सेत्त आगमओ भावक्खन्धे) (प्रश्न) आगम से भावस्कन्ध किसे कहते हैं? (उत्तर) आगम से भावस्कन्ध उसका नाम है जो स्कन्ध शब्द के अर्थ को उपयोगपूर्वक जानता है यही आगम से भावस्कन्ध हैं।

भावार्थः–भावस्कध द्विप्रकार से प्रतिपादन किया गया है आगम से और नोआगम से, सो जो स्कध शब्द के अर्थ को उपयोगपूर्वक जानता है वही आगम से भावस्कध है।

अब नोआगम के विषय में कहते हैं।

मूल–सेकिंत नो आगमओ भावक्खधे ? २ एएसि चेव सामाइयमाइयाण छण्ह अज्झयणाण समुदयसमिइसमागमेण- निप्पएणे आवस्सयसुयक्खधे भावक्खधेत्ति लब्भइ सेत्त नो आगमओय भावक्खंधे सेत्त भावक्खधं सेत्त क्खधे तस्सण इमे एगट्ठिया नानाघोसा नामधेज्जा भवन्ति तजहा गण १ काए २ निकाए चिए ३ क्खधे ४ वग्गे ५ तहेव रासीय ६ पुजय ७ पिंडे ८ णिगरे ६ सघाए १० आउल ११ समूहे १२ सेत्तक्खन्धे। आवस्सयस्सणं इमे अत्थाहिगारा भवन्ति तजहा सावज्जजोग विरइ उकित्तण गुणवओय पडिवत्ती खलियस्स णिदणावण- तिगिच्छ गुणधारणा चेव १ आवस्सयस्सण एसो पिंड- त्थो वरिणओ समासेण एत्तो एकेक्क पुण अज्झयण कित्तइ- स्सामि· तसामाइय चउवीसत्थओ वदणय पडिक्कमण काउस- ग्गो पच्चक्खाण तत्थ पढम अज्झयण सामाइयं तस्सण इमे चत्तारि अणुओगदाराणि भवति तंजहा उवक्कमे निक्खेवे अणुगमे नए।

पदार्थः–(सेकिंत नो आगमओ भावक्खन्धे? २) (प्रश्न) नो आगम से

भावस्कन्ध किसे कहते हैं ? (उत्तर) नो आगम से भावस्कन्ध निम्न प्रकार से है (एएसिं चेव सामाइयमाइयाण) यह निश्चय ही सामायिकादि से लेकर (छण्ह अज्झयणाण समुदय (षट् अध्ययनों का जो समुदाय रूप है वह (समिइसमागमेण निप्पएणे आवस्सयसुयक्खन्धे भावक्खन्धेत्ति लब्भइ) सर्व परस्पर एकत्र करने पर आवश्यक सूत्र का भाव स्कन्ध निष्पन्न होता है और जो आवश्यक सूत्र क्रियायुक्त किया जाता है (भावक्खन्धेचिलब्भइ) वहीं आवश्यक सूत्र का भावस्कन्ध कहा जाता है अर्थात् जो भाव स्कन्धरूप आवश्यक सूत्र है वह अवश्यही करणीय है क्योंकि- भावस्कन्ध यहीं प्राप्त होता है (सेत्तनोआगमओय भावक्खन्धे) अब नोआगम से भावस्कन्ध का स्वरूप सम्पूर्ण हुआ क्योंकि (सेत्त भावक्खन्धे सेत्तक्खन्धे) यही भावस्कन्ध है और यही स्कन्ध का स्वरूप है (तस्सण) उस स्कन्ध के (इमे एगट्ठिया नाणा घोसा नामधेज्जा भवति तजहा) यह एकार्थिक और नाना प्रकार के घोषयुक्त नाम है जैसे कि अपेक्षा गण भी इस का नाम है १ (काय) षट्काय के समान काय भी है और । निकाय चिय) शरीर के तुल्य निकाय भी कहते हैं (क्खधे) द्विप्रदेशिक आदिस्कध के समान स्कन्ध है । (वग्गे) गो वर्ग के समान वर्ग (तहेव रासीय) उसी प्रकार शाल्यादि के तुल्य राशि (पुजय) धानों के समान पुज और गुड़ादि के समान (पिंड) पिंड भी कहते हैं द्रव्य के तुल्य (णिगरे) निकर भी इस का नाम है (सघाय) सघ मिलने के समान सघात भी इसी का नाम है और महानगर के समान (आउल) आकुल भी कहते हैं और (समूह) समूह भी इसे कहा जाता है (सेत्तक्खधे) यही स्कध का स्वरूप है और (आवस्सयस्सए इमे अत्थाहिगारा भवति तजहा) आवश्यक के यह आर्थाधिकार होते हैं जैसे कि (सावज्जजोग विरइ) सावद्य योग की विरति रूप प्रथमाध्याय है (उक्कित्तण) गुण कीर्तन रूप द्वितीयाध्याय है (गुणवओयपडिवत्ती) गुणयुक्त की वंदना रूप तृतीयाध्याय है (खलियस्स निंदणा वण तिगिच्छ गुणधारणा चेव) अतिचारों की निवृत्ति रूप चतुर्थ अध्याय है और व्रण की औषधि रूप पचमाध्याय है मूल गुण और उत्तर गुण के धारण करने रूप छठा अध्याय है (आवस्सयस्स एसो) यह आवश्यक रूप (पिंडत्थो वण्णिओ समासेण) स्कंध का सक्षेप से अर्थ वर्णन किया है किन्तु (एतो एक्कक्क पुण) स्कध के एक (अज्झयण्ण कित्तइस्सामि तजहा) अध्ययन

की व्याख्या करूंगा जैसे कि-(सामाइय) सामायिक (चउवीसत्थय चतुर्विंशति स्तव (वंदयण) वंदना (पडिक्कमण) प्रतिक्रमण (काउसग्गो) कायोत्सर्ग (पच्चक्खाण) प्रत्याख्यान (तत्थ पढम अज्झयण सामाइयतस्सण इमे चत्तारि अणुओगदाराणि भवन्ति तंजहा-) उन षट् अध्यायों में से प्रथम अध्ययन सामायिक है उसके यह चार अनुयोगद्वार होते हैं जैसे कि-(उवकमे) जो वस्तु अत्यन्त दूर हो उसको निकट करना उसी का नाम उपक्रम है और फिर उसको (निक्खेवे) नामादि निक्षेपों में स्थापन करना उसका नाम निक्षेप है फिर सूत्रानुकूल कार्य करने का नाम (अणुगमे) अनुगम है अपितु (नय) अनन्त धर्मयुक्त वस्तुओं में से एक अंश को लेकर वस्तु के स्वरूप को वर्णन करना उसका नाम नय है उसी नय के द्वारा सदसद् का ज्ञान भली प्रकार से हो जाता है।

भावार्थ-नो आगम से भावरूप आवश्यक सूत्र के षट् अध्यायों का ही नाम है और यही भावस्कंध है इन्ही के नानाप्रकार के पर्यायुक्त द्वादश नाम हैं जैसे कि- गण १ काय २ निकाय ३ स्कंध ४ वर्ग ५ राशि ६ पुंज ७ पिंड ८ निकर ९ संघ १० आकुल ११ और समूह १२ फिर आवश्यक सूत्र के षट् अर्थाधिकार रूप अध्याय है जैसे कि-सामायिक १ चतुर्विंशति स्तव २ वंदना ३ प्रतिक्रमण ४ कायोत्सर्ग ५ और प्रत्याख्यान ६ अपितु अतिचार रूप व्रण की औषधि रूप पंचम अध्याय है औषधि भक्षण रूप छठा अध्याय है फिर जैसे महा नगर के चार मुख्य द्वार होते हैं उसी प्रकार इस सामायिक रूप प्रथम अध्याय के चार अनुयोगद्वार हैं जैसे कि उपक्रम जो वस्तु दूर हो उसको निकट करना १ फिर उसके निक्षेप करके अनुगम करना फिर नय द्वारा व्याख्या करनी यह चार अनुयोग द्वारा पदार्थों की व्याख्या अवश्य ही करणीय है। इसी कारण से प्रथम उपक्रम का वर्णन किया जाता है।

मूल-सेकिंत्त उवक्कमे ? २ छव्विहे पन्नत्ते तंजहा नामोवक्कमे १ ठवणोवक्कमे २ दव्वोवक्कमे ३ खेत्तोवक्कमे ४ कालोवक्कमे ५ भावोवक्कमे ६ नामठवणाओ गयाओ सेकिंत्तं दव्वोवक्कमे ? २ दुविहे पएणत्ते तंजहा आगमओय नोआगमओय जाव जाणगसरीरभवियसरीरवइ रित्तेदव्वोवक्कमे तिविहे पएणत्ते

तजहा सचित्ते अचित्ते मीसए। सेकिंत सचित्ते दव्वोवक्कमे?२ तिविहे पराणत्ते तजहा दुपए चउप्पए अपए एक्केक्क पुण दुविहे पराणत्ते तजहा परिक्कमेय वत्थुविणासेय।

पदार्थ –(सेकिंत उवक्कमे?२ छव्विहे पराणत्ते तजहा) (प्रश्न) उपक्रम कितने प्रकार से वर्णन किया गया है (उत्तर) उपक्रम षट् प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि–(नामोवक्कमे १ ठवणोवक्कमे २ दव्वोवक्कमे ३ खेत्तोवक्कमे ४ कालोवक्कमे ५ भावोवक्कमे ६ नामठवणाओ गयाओ) नामोपक्रम १ स्थापनोपक्रम २ द्रव्योपक्रम ३ क्षेत्रोपक्रम ४ कालोपक्रम ५ भावोपक्रम ६ सो नाम और स्थापना का विवर्ण पूर्व किया गया है (सेकिंत दव्वोवक्कमे २) (प्रश्न) द्रव्योपक्रम किसे कहते हैं (उत्तर) द्रव्योपक्रम (दुविहे पराणत्ते तजहा) दो प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि–(आगमओय नोआगमओय) आगम से और नोआगम से (जाव जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्तेदव्वोवक्कमे तिविहे पराणत्ते तजहा) यावत् ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्तद्रव्योपक्रम तीनों प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि–(सचित्ते अचित्ते मीसए) सचित्त अचित्त और मिश्र (सेकिंत सचित्तोवक्कमे २ तिविहे पराणत्ते तजहा दुप्पए चउप्पए अपए) (प्रश्न) सचित्तद्रव्योपक्रम कितने प्रकार से कथन किया गया है? (उत्तर) सचित्तद्रव्योपक्रम तीनों प्रकार से कथन किया गया है, जैसे कि–द्विपदोपक्रम १ चतुष्पदोपक्रम २ अपदोपक्रम ३ फिर (एक्केक्क पुण दुविहे पराणत्ते तजहा परिकम्म वत्थुविणासय) एक एक के दो दो भेद कहे गये हैं जैसे कि–परिक्रम जो वस्तु का मूल गुण है, उसका प्रकाश करना तिसको परिक्रम कहते हैं किन्तु जो किसी वस्तु द्वारा किसी पदार्थ के गुण का नाश किया जाय उसे वस्तुविनाश कहते हैं सो उक्त तीनों भंगों के साथ इन दोनों गुणों की भी प्राप्ति है।

भावार्थ–उपक्रम का षट् प्रकार से विवेचन किया गया है जैसे कि–नामोपक्रम, १ स्थापनोपक्रम, २ द्रव्योपक्रम, ३ क्षेत्रोपक्रम ४ कालोपक्रम, ५ भावोपक्रम, ६ नाम और स्थापना का विवर्ण तो पहिले किया जा चुका है किन्तु ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्तद्रव्योपक्रम के तीन भेद हैं जैसे कि सचित्त अचित्त और मिश्र फिर सचित्त द्रव्योपक्रम तीनों प्रकार से वर्णित है,

द्विपदोपक्रम चतुष्पदोपक्रम अपदोपक्रम, अपितु इनके भी दो दो भेद हैं परिक्रम और वस्तुविनाश वस्तु के मूल गुण का प्रकाश करना उपक्रम कहाता है यदि मूल गुण का नाश किया जाय उसे वस्तुविनाशद्रव्यउपक्रम कहते हैं।

अथ द्विपदोपक्रम विषय ।

सेकिंतं दुप्पए उवक्कमे? २ दुप्पयाण नडाण नट्टाण जल्लाण मल्लाणं मुट्ठियाण वेलवगाण कहगाणं पवगाण लासगाणं आइक्खगाण लखाण मंखाणं तूणइल्लाण तुववीणियाण कावोयाण मागहाणं सेत्तं दुप्पए उवक्कमे ।

पदार्थ-(प्रश्न) द्विपदोपक्रम किसे कहते हैं ? (उत्तर) द्विपदोपक्रम निम्न प्रकार से है जैसे कि (नडाण) नचाने वाले (नट्टाण) नृत्य करने वाले (जल्लाण) राज्यस्तुति करने वाले (मल्लाण) मुष्टि आदि युद्ध करने वाले (मुट्ठियाण) केवल मुष्टि ही युद्ध करने वाले (वेलवगाण) नाना प्रकार के वेष करने (विदूषक) वाले (कहगाण) कथा करने वाले (पवगाण) गर्तादि वा नद्यादि के तैरने वाले (लासगाण) रास खेलने वाले अथवा जयध्वनि करने वाले (आइक्खगाण) दैवज्ञ आकाश विद्या के कथक (लखाण) वंशाग्र में नृत्य करने वाले (मखाण) चित्र पट्ट के द्वारा आजीविका करने वाले (तूणइल्लाण) वादित्र के बजाने वाले (तुववीणियाण) अलाबु की वीणा बजाने वाले (कावोयाण) कावड (कउड) के वहन वाले (मागहाण) मांगलिक वचन के बोलने वाले इनको यदि घृतादि द्वारा उपचित किया जाय उसे परिकर्म द्रव्योपक्रम कहते हैं यदि खड्गादि द्वारा विनाश किया जाय उसका नाम वस्तुविनाशद्रव्योपक्रम है क्योंकि बलादि वृद्धि के लिये प्रथम उपक्रम है इससे विपरीत द्वितीय उपक्रम है (सत्त दुप्पय उवक्कम) अथ द्विपद उपक्रम का स्वरूप इसी स्थान पर पूर्ण हुआ इसी का नाम द्विपद सचित्तोपक्रम है ।

भावार्थ-द्विपद उपक्रम उसे कहते हैं कि जो नृत्यादि क्रिया करने वाले हैं उनको बलादि की वृद्धि के वास्ते प्रथम उपक्रम होता है और नाश के लिये द्वितीय उपक्रम होता है सो इसका नाम द्विपद सचित्तोपक्रम है ।

अथ चतुष्पदोपक्रम विषय ।

सेकिंतं चउप्पए उवकमे २ चउप्पयाण आसाण हत्थीण इच्चादि सेत्त चउप्पए उवकमे ।

पदार्थ-(सेकित चउप्पय उवकमे ? २) (प्रश्न) चतुष्पदोपक्रम कौनसा है ? (उत्तर) चतुष्पदोपक्रम इस प्रकार से है जैसे कि–अश्वों को हस्तियों को इत्यादि चार पाद वाले जीवों का परिक्रम वा वस्तु विनाश के द्वारा शिक्षित वा नाश करना उसी का नाम चतुष्पदोपक्रम है ।

भावार्थ-चार पैर वाले जीवों को परिक्रम अथवा वस्तु विनाश द्रव्योपक्रम इनके द्वारा शिक्षितादि कर्म करने उसी को चतुष्पदोपक्रम अथवा द्रव्योपक्रम कहते हैं ।

अथ अपद विषय ।

सेकित्त अपए उवकमे ? २ अपयाण अंबाण अंबाडगाण इच्चाइ सेत्त अपए उवकमे सेत्त सचित्तदव्वोवकमे ।

पदार्थ-(सेकित अपए उवकमे ? २) (प्रश्न) अपद उपक्रम किसे कहते हैं ? (उत्तर) अपद उपक्रम उसे कहते हैं जैसे कि (अपयाण अंबाण अंबाड गाण इच्चाइ सेत्त अपए उवकमे) आम्रफल अंबाडग फल इत्यादि फलों को परिक्रमद्रव्योपक्रम के द्वारा पारिपक्व किया जाता है तथा वस्तु विनाश द्रव्योपक्रम के द्वारा इन फलों को अन्य प्रकार से किया जाय जैसे आम्रफल पाक वा कुष्माण्ड फल पाक बदाम पाक अथवा अन्य प्रकार से औषधियों का बनाना उस का नाम परिक्रम वस्तु विनाश है और इसी का नाम (सेत्त सचित्तदव्वोवक मे) सचित्त द्रव्योपक्रम है ।

भावार्थ-अपदसचित्तद्रव्योपक्रम उसका नाम है जो फलादि का परिक्रम और वस्तु विनाश के द्वारा बनाया जाए जैसे कि–फलादि के गुण दीर्घ करने तथा उनके पाकादि बनाने उसी का नाम अपदसचित्तद्रव्योपक्रम है । यह सचित्तद्रव्योपक्रम का स्वरूप पूर्ण हुआ ।

अथ अचित्त द्रव्योपक्रम विषय ।

से किंत अचित्तदव्वोवकमे ? २ खडाईणं गुडाईणं मच्छडीण सेत्तं अचितदव्वोवकमे ।

पदार्थ-(प्रश्न) अचित्तद्रव्योपक्रम किसे कहते हैं? (उत्तर) अचित द्रव्योपक्रम उसका नाम है (खडाइण गुडाईण मच्छडीण) जो खाड, गुड़, मत्सडी (मिसरी) आदि पदार्थों को परिक्रम और वस्तुविनाश के द्वारा, पवित्र व नाश किया जाय उसी का नाम (सेत्त अचितदव्वावकम) अचित्त द्रव्योपक्रम है ।

भावार्थ-अचित्तद्रव्योपक्रम उसका नाम है जो खाड, गुड, मत्सडी आदि पदार्थों को परिक्रम द्रव्योपक्रम द्वारा सिद्ध किया जाता है और वस्तुविनाश के द्वारा उसके रसादि का नाश किया जाता है उसी का नाम अचित्त द्रव्योपक्रम है ।

अथ मिश्र द्रव्योपक्रम विषय ।

सेकिंतं मीसए दव्वोवकमे ? २ सेचेव थासग मंडीए अस्साई सेत्त मीसए दव्वोवकमे ।

पदार्थ-(सेकित मीसएदव्वोवकमे) (प्रश्न) मिश्र द्रव्योपक्रम किसे कहते हैं (उत्तर) (सोचेवथासग मडीए अस्साइ सेत्त मीसए दव्वोवकमे) वही अश्वादि जो भूषणों से अलकृत होरहे हैं उनका उपक्रम द्वारा वा वस्तु विनाश द्वारा शिक्षित करना वा नाना प्रकार से दीप्त वा नाशकारी कार्य करने उन्हीं का नाम मिश्र द्रव्योपक्रम है सो इसी स्थान पर उक्त समास की पूर्ति है (सेत्त जाणगसरीरभवियसरीरवइरित्ते दव्वोवकमे सेत्त नो आगमओ दव्वोवकमे सेत्त दव्वोवकमे) यही ज्ञसरीरभव्यसरीरव्यतिरिक्त द्रव्योपक्रम है अब नो आगम से द्रव्योपक्रम का स्वरूप सम्पूर्ण हुआ ।

भावार्थ-मिश्र द्रव्योपक्रम उसे कहते हैं जो वही पूर्वोक्त अश्वादि आभूषणों से अलकृत हैं उनको परिक्रम द्रव्योपक्रम द्वारा वा वस्तु विनाश द्वारा शिक्षित करना अथवा विनाश करना सो इसी का नाम ज्ञसरीरभव्यसरीर व्यतिरिक्त नो आगम से द्रव्योपक्रम होता है और यही द्रव्योपक्रम है ।

॥ अथ क्षेत्रोपक्रम विषय ॥

सेकिंत खेत्तोवक्कमे? २ जरण हलकुलियाइहिं खेत्ताइ उव-कमिज्जति इच्चाइ सेत्त खेत्तोवक्कमे सेकिंत कालोवक्कमे? २ जण-नालियाईहिं कालस्सोवक्कमण कीरइ सेत्त कालोवक्कमे सेकिंत भावोवक्कमे? दुविहे पराणत्ते तंजहा आगमओय नोआगमओय आगमओ जाणए उवउत्ते नोआगमओ दुविहे पन्नत्ते तं-जहा पसत्थेय अप्पसत्थेय तत्थ अपसत्थे डोडिणिगणिया अमच्चाइण तत्थ पसत्थे गुरुमाइणं सेत्तनोआगमओ भावो-वक्कमे सेत्त भावोवक्कमे सेत्त उवक्कमे ।

पदार्थ—सेकिंत खेत्तोवक्कमे २) (प्रश्न) क्षेत्रोपक्रम किसे कहते हैं (उत्तर) (जण्ण हलकुलियाईहिं खेत्ताई ओवक्कमिज्जति इच्चाई) जो (ण इति व्याक्या लंकारे) हल और कुलिकर के क्षेत्रादि का उपक्रम वा वस्तुविनाश उपक्रम किया जाता है उसको क्षेत्रोपक्रम कहते हैं क्योंकि यह-सामान्य वचन है अपितु क्षेत्राधार वस्तु के ही उपक्रम होते हैं, क्षेत्र तो अमूर्ति पदार्थ है क्षेत्राधार भूमि और भूमि आधार तृणादि की उत्पत्ति वा विनाश करने को ही क्षेत्रोपक्रम कहा जाता है (सेत्त खेत्तोवक्कमे) अब क्षेत्रोपक्रम के पीछे कालोपक्रम का विवर्ण किया जाता है (सेकिंत कालोवक्कमे २) [illegible] किसे कहते हैं (उत्तर) जण्ण [illegible] कालस्सोवक्क [illegible] सेत्त कालोवक्कमे) जो घटी ([illegible] कालस्स उप [illegible] है उसे कालोपक्रम कहते हैं [illegible] आदि [illegible] और नक्ष [illegible] काल [illegible] जैसे [illegible] से [illegible] दुर्भिक्ष [illegible] विनाश [illegible] में

(

है उसे आगम से भावोपक्रम कहते हैं द्वितीय नोआगम से किन्तु (नोआगमओ दुविहे पएणत्ते तजहा) नो आगम से भाव उपक्रम द्वि प्रकार से है जैस कि- (पसत्थेय अपसत्थेय) सुन्दर भाव उपक्रम और अप्रशस्त भाव उपक्रम अर्थात् असुन्दर भाव उपक्रम अपितु (तत्थ अप्पसत्थे डोढिाणगणिया अमचाइया) इन दोनों में जा अप्रशस्त भाव उपक्रम है उसकी सिद्धि के लिये सूत्रकार ने तीन उदाहरण दिये हैं जो अनुक्रमता से निम्नलिखितानुसार प्रथम उदाहरण ब्राह्मणी का है द्वितीय वेश्या का तृतीय मन्त्री का। सो प्रथम ब्राह्मणी के उदा हरण का स्वरूप लिखा जाता है।

अमुक नगर में एक ब्राह्मणी की ३ पुत्रियां थी जो कि उसके हृदय को रंजित व हर्षित रखती थी ब्राह्मणी का भी उन पर असीम अनुराग था, वह सदैव चाहती थी कि क्षण मात्र भी इनका मेरे से वियोग न हो तथा इन को क्षण मात्र भी दु ख न हो, समय बीतने पर वह तीनों कन्या यौवनावस्था को प्राप्त हुई तथा लावण्यवती भी होगई, अतः माताने उन तीनों का विवाह कर दिया परन्तु मनमें सोचने लगी की कोई ऐसा उपाय करना चाहिये जिस से इन के पति इन पर सदैव प्रसन्न रहें और इनके सुख में कोई विघ्न नहा, ऐसा विचार कर पुत्रियों को विदा करने के समय बडी लड़की को कहीं एकान्त ले जा कर उसे कहन लगी की हे पुत्रीके! जब तेरा पति वासभवन में मिलने के लिये आवे तब तूने उसका कोई अपराध जानकर उस के मस्तक पर पाद प्रहार करना, ऐसा करने पर जा बर्ताव वह तेरे साथ करे वह मेरे से आकर कहना मेरी इस शिक्षा को अवश्यमेव याद रखना, अनन्तर कन्या के वैसे ही करने पर उस का पति स्नेह से आर्द्र हृदय होकर तथा उस के अपराध को गुण समझ कर उस से बोला कि प्रियतम! तेरे चरण रूपी कमल अतीव सुकोमल हैं और मेरा शिर पत्थर की ना अति कठिन है इसलिये तेरे पाद में पीड़ा तो नहीं हुई इस प्रकार अनेक विनय युक्त वचनों से अपनी पत्नी का शीतल करके प्रसन्न किया और उस के पांव को मर्दन किया। अनन्तर कन्याने आकर समस्त वर्ताव आद्योपान्त माता से कह सुनाया वह भी ऐसे जामातृ पर अति प्रसन्न हुई और अपनी पुत्री से बोली कि हे पुत्रिके! तेरे घर में तेरी अखंड आज्ञा चलेगी क्योंकि तेरे पति आज्ञानुकूल कार्य करने वाला है इसलिये तू निर्भय होकर अपने घर में यथेष्ट सुखों को भोग तुझे कोई डर नहीं। इसी

प्रकार ब्राह्मणी ने दूसरी कन्या को भी करने की शिक्षा दी इसलिये उसने भी अपने पति के मस्तक में पादप्रहार किया-तब उस का पति कुछ समय क्रोध करके तथा श्रेष्ठ पुरुषों को स्त्रियों से ऐसा अपमानित करवाना योग्य नहीं है, विचार कर फिर प्रसन्न हो गया और कन्या को कुछ भी न कहा।

दूसरी कन्याने भी अपनी माता के पास आकर वैसे ही सारा वृत्तान्त कहा माता आनन्दित होकर दूसरी पुत्री से बोली कि हे कन्ये ! तू भी मन माना सुख भोग जैसे तेरी इच्छा हो वैसे अपने घर में वर्तांव कर तुझ कोई भय नहीं है क्योंकि तेरा पति क्षणमात्र क्रोधित होकर प्रसन्न हो जायगा, इसी प्रकार ब्राह्मणी ने तीसरी कन्या को कहा उसने भी वैसे ही अपनी माता की आज्ञा पालन की अर्थात् जब उसका पति मिलने के लिये उसके आवास भवन में आया तो तीसरी कन्याने (अर्थात् उस की पत्नी ने) उसके मस्तक में पाद प्रहार किया, तब उसका पति विचार ने लगा कि पुरुषों को स्त्रियों से ऐसी अधोगति नहीं करवाना चाहिये अथवा कुलीन स्त्रियों का यह कर्तव्य नहीं है। पति की सेवा करनी ही नारियों का धर्म है नकि ऐसा अपमान करना इस प्रकार सोच कर उसने उसको (तीसरी कन्या को) बहुत मारा अंत में स्वगृह से बाहर कर दिया, सो वह भी अपने पति से निकाली हुई अपने घर आई तथा अपनी माता को सर्व वृत्तान्त कह सुनाया माता सुनकर बड़ी दुखित हुई और बोली कि हे पुत्रीके ! तेरा पति दुराराध्य होगा तू जितनी भी उसकी विनय भक्ति तथा उसकी आज्ञानुसार वर्तांव करेगी उतना ही तुझे सुख होगा यदि उस से पराङ्मुख होगी तो कदापि तुझे आनन्द और सुख प्राप्त न होगा इसलिये तुझे योग्य है कि सदैव काल अपने पति की आज्ञानुकूल वर्तांव करें ऐसी शिक्षा दे चुकने के पश्चात् ब्राह्मणी ने अपने जामाता को बुला कर बहुत नम्रता से तथा अनेक शीतलोपचारोंसे उसे सतुष्ट व शान्त कर दिया और पुन वह स्व पत्नी पर प्रसन्न होगया ब्राह्मणी ने एव (इस प्रकार) तीनों जामाताओं की परीक्षा कर ली सो इसी का नाम अप्रशस्त भावोपक्रम है।

अथ द्वितीय उदाहरण।

किसी नगर में ६४ चौसठ कला प्रवीण एक वेश्या व सती थी उसने दूसरों का अभिप्राय जानने के लिये एक रतिभवन बनवाया जिस की सर्व

तों पर, राजपुत्र, सेठ, सेनापति, आदि नगर में प्रधान पुरुषों के अत्युत्तम और मनोहर चित्रों से चित्र कर्म बनवाया अनन्तर राज पुत्रादि जो कोई भी हां आता है वह वहां अपने सुन्दर चित्र को देख कर अतीव आल्हादित होकर उसकी (गणिका की) प्रशंसा करता था इस प्रकार उसने (वेश्याने) नगर के प्रायः सर्व बड़े बड़े पुरुषों को अपने पर मोहित कर लिया और यथेष्ट धन उनसे लूटकर सुखों को भोगने लगी इस प्रकार से अप्रशस्त भावोपक्रम का द्वितीय उदाहरण है।

॥ अथ तृतीय उदाहरण ॥

किसी नगरी में कोई राजा राज्य करता था जो कि राजा के समस्त गुणों से युक्त प्रजा को पुत्रवत् समझने वाला और न्यायविक्रम अनुकम्पादि गुणों से भूषित था पुण्य योग से जिसका मन्त्री भी महाबुद्धि शील और अत्यन्त विचक्षण था किम्बहुना, राज्य में धुरा के समान होने से राज का सारा भार उसपर ही निर्भर था, राजा भी अन्तःकरण से उसपर मुग्ध तथा मोहित था अतएवः सर्व कार्यों में राजा उसकी सम्मति लेता था। एक समय राजा और मन्त्री दोनों ही घोड़े पर आरूढ़ होकर वन क्रीडा के लिये गये, तब मार्ग में चलते हुए राजा के घोड़े ने कहीं सखिलप्रदेश में प्रस्रवण (मूत्र) करने लगा अपितु वहां पर पृथिवी सुन्दर होने से वह मूत्र चिर के पश्चात् शुष्क होता था, इसलिये राजा ने ऐसी दशा देखकर विचार किया कि—यदि यहां पर तडाग बनवाया जावे तो वह बहुत सुन्दर चिरस्थायी होवे इस प्रकार चिरकाल तक उस अचंभे को देखता रहा किन्तु मन्त्री को कुछ भी न बोलकर चल दिया और भ्रमण करके अन्त में वे अपने २ स्थान पर आगये परन्तु इंगिताकार ज्ञान की कुशलता से मन्त्री झट ताड़गया कि राजा के मन में यह परिणाम उत्पन्न हुए थे उसके अनुसार राजा के न कहने पर भी विचारशील मन्त्री ने स्वअनुमति से वहां पर एक परम और मनोज्ञ सरोवर बनवाया और उसके चारों ओर नाना प्रकार के वृक्ष तथा अनेक प्रकार के पुष्प देने वाली लताए लगवाई जो कि षट् ऋतुओं के पुष्पों को देती थी इस प्रकार वह थोड़े काल में ही एक परम सुन्दर आराम (बाग) बन गया तथा उनकी शोभा ने उस सरोवर को महापद्म शतपत्र सहस्रपत्र आदि कमलों से उसका पानी सुगन्धि वाला तथा अतीव शीतल होगया। अन्यथा फिर कभी राजा मन्त्री के साथ वनक्रीड़ा के

लिये गया और जाते हुए राजा ने उसी सरोवर को देखा और आश्चर्य से मन्त्री को बोला कि हे मन्त्रिन् यह सुन्दर और रमणीय सरोवर किसने बनवाया है ! प्रधान ने उत्तर दिया कि हे देव ! यह आपका ही ताल है और आपने ही इसे स्वयं बनवाया था ऐसा उत्तर सुनकर राजा अत्यन्त आश्चर्य युक्त होकर बोला कि हे प्रधान ! इसके बनाने के लिये मैंने कब आज्ञा दी ? तब मन्त्री ने सविस्तर आद्योपान्त वह वृत्तान्त राजा को सुनाया सुनने के अनन्तर राजा बहुत प्रसन्न हुआ और प्रधान की अति स्तुति करके कहने लगा कि हे मन्त्रिन् तू महा कुशाग्र बुद्धि तथा अत्यन्त मन के भावों का (इंगिताकार का परिचित है) इस प्रकार राजा ने मन्त्री की बहुतसी स्तुति करी और उसका वेतन अधिक कर दिया इसको सांसारिक फल होने से अप्रशस्त भावोपक्रम कहते हैं, अब प्रशस्त भावोपक्रम दो प्रकार से कथन करते हैं, एक तो गुरु सम्बन्धी, द्वितीय शास्त्र सम्बन्धी । प्रथम गुरु सम्बन्धी का विवर्ण किया जाता है (तत्थपसत्थो गुरु माइण) (तत्र) प्रथम प्रशस्त भावोपक्रम गुर्वादि का इंगितानुसार वर्ताव करना जैसे कि श्रुताध्ययन के समय गुर्वादि के भावोंकी परीक्षा करना तथा उनके इंगिताकार द्वारा जानकर, अन्न पानी वस्त्रादि द्वारा उनकी सेवा करनी सो इसे प्रशस्त भावोपक्रम कहते हैं (सेत्त नो आगम उभावोवक्कमे सेत्त भावोवक्कमे सेत्त उवक्कमे) अथ इसकी पूर्ति करते हैं कि यही नो आगम से भावोपक्रम है और इसे भावोपक्रम कहते हैं इतना ही स्वरूप भावोपक्रम का है अथ द्वितीय शास्त्रीय उपक्रम का स्वरूप वर्णन किया जाता है ।

भावार्थ-क्षेत्र सम्बन्धी उपक्रम उसे कहते हैं जो हल और कुलिकादि द्वारा क्षेत्र का माप किया जाए, कालोपक्रम उसका नाम है जो घटिकादि द्वारा काल मान किया जाता है किन्तु भावोपक्रम दो प्रकार से प्रतिपादन किया गया है एक नो आगम रूप से दूसरे नोआगम से, आगम से जो सामायिकादि भावों को उपयोग पूर्वक जानता है उसे आगम से भावोपक्रम कहते हैं अतः नोआगम से जो भावोपक्रम है वह भी दो प्रकार से है एक तो प्रशस्त, द्वितीय अप्रशस्त, अपितु अप्रशस्त भावोपक्रम में पूर्वोक्त तीनों उदाहरण हैं प्रशस्त में केवल गुर्वादि के आग सेष्टानुकूल कार्य करने उसी का नाम प्रशस्त भावोपक्रम है और इसे ही भावोपक्रम कहते हैं किन्तु एक भावोपक्रम शास्त्रीय भी होता है जो निम्न लिखितानुसार है ।

॥ अथ पुन: भावोपक्रम विषय ॥

अहवा ओवक्कमे छविहे पराणत्ते तंजहा आणुपुव्वी १ नाम २ पमाण ३ वत्तवया ४ अत्थाहिगारे ५ समवयारे ६ सेकिंतं आणुपुव्वी २ दसविहा पन्नत्ता तजहा नामाणु पुव्वी १ ठवणाणुपुव्वी २ दव्वणुपुव्वी ३ खेत्ताणुपुव्वी ४ कालाणुपुव्वी ५ ओक्कितणाणुपुव्वी ६ गणणाणुपुव्वी ७ संठाणाणुपुव्वी ८ सामायारीयाणुपुव्वी ९ भावाणुपुव्वी १० सेकिंतं नामाणुपुव्वी नामठ्ठवणाओ गयाओ तहेव दव्वाणुपुव्वी जाव सेकिंत जाणग सरीर भविय सरीर वइरित्ता दव्वाणुपुव्वी २ दुविहा पराणत्ता तजहा ओवणिहिया अणो वणिहियाय तत्थण जासाओ वणिहिया साठ्ठप्पातत्थण जासा अणो वणिहिया सादुविहा पन्नत्ता तजहा नेगम ववहाराण सगाहस्सय सेकित नेगम ववहाराणं अणो वणिहिया दव्वाणुपुव्वी २ पचविहा पं० तं० अट्ठपयपरूवणया १ भगसमुक्कितणया २ भंगोव दसणया ३ समोयारे ४ अणुगमे ५ ॥

पदार्थ:--(अहवा) अथवा (ओवक्कमे छविहे पन्नत्ते तजहा) शास्त्रीय उपक्रम षट् प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (आणुपुव्वी) आनुपूर्वी अनुक्रम १ (नाम) नाम उपक्रम २ (पमाण) प्रमाण उपक्रम ३ (वत्तवया) वक्तव्यता उपक्रम ४ (अत्थाहिगार) अर्थाधिकार उपक्रम ५ (समवयारे) समवतार उपक्रम ६ (सेकित आणुपुव्वी २ दसविहा पन्नत्ता तजहा) (प्रश्न) आनुपूर्वी कितने प्रकार से वर्णन कीगई है (उत्तर) दश प्रकार से जैसे कि-- (नामाणुपुव्वीठवणाणु पुव्वी दव्वाणुपुव्वी खेत्ताणुपुव्वी कालाणुपुव्वी) नामानुपूर्वी १ स्थापनानुपूर्वी २ द्रव्यानुपूर्वी ३ क्षेत्रानुपूर्वी ४ कालानुपूर्वी ५ (उक्कित्तणाणुपुव्वी गणणाणुपुव्वी सठाणाणुपुव्वी सामायारीयाणुपुव्वी भावाणु पुव्वी) उत्कीर्तानुपूर्वी ६ गणनानुपूर्वी ७ संस्थानानुपूर्वी ८ सामा-

चारी आनुपूर्वी ६ भावानुपूर्वी १० (सेकिंत नामाणु पुव्वी नामठवणा उगयाउ तहेव दव्वाणुपुव्वी जाव सेकिंत जाणग सरीर भविय सरीर वइरित्ता दव्वाणु पुव्वी २दुविहा प० त० उवणिहिया अणो वणिहिया य)(प्रश्न) नामानु पूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) नाम स्थापना का पूर्व विवर्ण किया गया है उसी प्रकार जानना यावत् द्रव्यानुपूर्वी पर्यन्त (प्रश्न) ज्ञशरीरभव्यशरीरव्यतिरिक्त द्रव्यानुपूर्वी कितने प्रकार से कहीगई है ।

(उत्तर) ज्ञशरीर भव्यशरीर व्यतिरिक्त द्रव्यानुपूर्वी दो प्रकार से प्रति पादन की गई है जैसे कि उपनिधि की और अनुपनिधि की क्योंकि उप नाम समीप का है निधि नाम निधान तुल्य जो होवे उसे कहिये निधिसो जो समीप की हुई वस्तुओं का स्वरूप पूर्ण प्रकार से करा जाए उसे उपनिधि कहते हैं तथा प्रयोजनार्थे इकण् प्रत्यायान्त करने से उपनिधि की ऐसे शब्द बन जाता है सो अनुक्रमता पूर्वक पदार्थों को स्थापन करना उसे " उपनिधिकी " कहते हैं अथवा वस्तुओं के स्वरूप को जो निक्षेप करे उसी का नाम " उपनिधिकी " है अपितु इससे विपरीत अर्थ देने वालों को अनु- पनिधि की कहते हैं सो यहा पर वर्तमान प्रयोजन सामायिकाधिकार है इस लिये इन्हीं की आवश्यक्ता है । अब इन्हीं का विस्तार फिर करते हैं (तत्थण जामा उवणि हिया साठप्पा) उनमें प्रथम जो उपनिधिकी है वह इस समय स्थापनीय है क्योंकि इसका स्वरूप अल्प है और अनुक्रमता पूर्वक है इसलिये सुगम भी है किन्तु (तत्थण जासा अणे वाणि हिया सादुविहा प० त० नेगम ववहाराण सग्गहस्सय) जो अनुपनिधिकी है वह भी दो प्रकार से प्रतिपादन की गयी है जैसे कि–नैगम व्यवहारनय के मत से और संग्रहनय के मत से (सेकिंत नगम ववहाराणं अणो वणिया दव्वाणु पुव्वी २ पच विहा प० त० (प्रश्न) नैगम और व्यवहार नय के मत स अनुपनिधि की कितने प्रकार से वर्णन की गयी है (उत्तर) पाच प्रकार से जैसे कि (अट्ठपयपरूवणया) प्र थम भेद अर्थ पद या कथन रूप है जैसे कि–अर्थ परमाणु आदि की प्ररूपणा (भ- गसमुक्कित्तणया) द्वितीय भेद अर्थ पद के भगो को उत्कीर्तन रूप है अर्थात् जो भगवनए हुए है उन को प्रकाश करना (समो यारे) चतुर्थ भेद आनुपूर्वी आदि द्रव्यों को यथा स्थान समवतार करना जैसे कि–जो द्रव्य जिस जाति का हो उसी जाति में स्थापन करना (अणुगमे) पचम भेद अनुयाग द्वार करके वि चार करना उसे अनुगम कहते हैं अब सत्रकार पृथक् २ स्वरूप वर्णन करते हैं ।

भावार्थ-शास्त्रीय उपक्रम षट् प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि—आनुपूर्वी १ नाम २ प्रमाण ३ वक्तव्यता ४ अर्थाधिकार ५ समवतार ६ आनुपूर्वी दश प्रकार से वर्णन कीगई है जैसे कि नामानुपूर्वी, स्थापनानुपूर्वी, द्रव्यानुपूर्वी, क्षेत्रानुपूर्वी, कालानुपूर्वी, उत्कीर्तनानुपूर्वी, गणनानुपूर्वी, संस्थानुपूर्वी, समाचारानुपूर्वी, भावानुपूर्वी, सो नाम और स्थापना का विवर्ण आवश्यक के अधिकार में किया जा चुका है, द्रव्यानुपूर्वी भी पूर्ववत् ही जान लेनी किंतु ज्ञशरीर भव्यशरीर व्यतिरिक्त द्रव्यानुपूर्वी दो प्रकार से कथन कीगई है जैसे कि उपनिधिकी और अनुपनिधिकी, उपनिधिकी उसे कहते हैं जो अनुक्रमता पूर्वक वस्तुओं को स्थापनकरे. इस से विपरीत कानाम अनुपनिधि की है इस का विस्तार महान् है इसीलिये प्रथम अनुपनिधिकी का विस्तार किया जाता है वह दो प्रकार से वर्णित हैं नैगम व्यवहार और संग्रहनय के मत से अतः नैगम और व्यवहार नयके मत से उस के पांच भेद हैं जैसे कि अर्थपद प्ररूपणा भंग समुत्कीर्तनता भंगोपदर्शनता, समवतार, और अनुगम अब सूत्रकार इन्हीं का पृथक् २ ता से विवेचन करते हैं।

मूल—सेकिंत नेगम ववहाराणं अट्टपयपरूव णयातिपयसिए आणुपुव्वी चउपयसिए आणुपुव्वी जावदस पएसिए आणुपुव्वी संखेज्ज पएसिए आणुपुव्वी असखेज्ज पएसिए आणुपुव्वी अणत पएसिए आणुपुव्वी परमाणु पोग्गले अणाणु पुव्वी दुप्पएसिए अवत्तव्वए तिपएसिएया आणुपुव्वीओ जाव अणत पएसियाओ आणुपुव्वीओ परमाणु पोग्गला अणाणु पुव्वीओ दुपए सियइं अवत्तव्वयाइ सेत्त णेगम ववहाराणं अट्टपय परूवणया एयाएणे गम ववहाराण अट्टपयपरूवणयाए किं पयोयण एयाएणं णेगम ववहाराणं अट्टपय परूवण याए भंग समुक्त्तिणया कीरइ।

पदार्थ-(सेकिंत नेगम ववहाराण अट्टपय परूवणया) (प्रश्न) वह कौन है नैगम और व्यवहार नय के मतसे जो अर्थ पद की प्ररूपणा की जाती है (उत्तर)

नैगम और व्यवहार नय के मत से जो अर्थपद प्ररूपणा है वे निम्न लिखितानुसार है (तिपए सिए आणुपुव्विए चउपएसिए आणुपुव्वी जावदस पएसिए आणु पुव्वी सखेज्ज पएसिए आणुपुव्वी असखेज्ज पएसिए आणुपुव्वी अणत पएसिए आणु पुव्वी) जो तीन प्रादेशिक स्कंध चतुर प्रादेशिक स्कंध यावत् दश प्रादेशिक स्कंध इसी प्रकार सख्यात प्रादेशिक स्कन्ध असख्यात प्रादेशिक स्कन्ध अनंत प्रदेशिक स्कन्ध हैं वे सर्व आनुपूर्वी में ही गर्भित हैं इन्हें ही आनुपूर्वी कहते हैं (किन्तु परमाणु पोगले अनाणुपुव्वी) केवल परमाणु पुद्गल अनानुपूर्वी द्रव्य है क्योंकि अनानुपूर्वी नञ् समासान्त पद है न आनुपूर्वी यस्यासा अनानुपूर्वी और (दु-पएसिए अवत्तव्वए) द्विप्रदेशिक स्कन्ध अवक्तव्य होता है ये सर्व एक वच-नान्त शब्द हैं इसीलिये एक वचनान्त ३ भग हुए अब बहुवचनान्त तीन भग दिखलाते हैं (तिपयसिएया आणुपुव्वीओ जाव अणतपय सियाओ आ-णुपुव्वीओ) बहुत से ३ प्रदेशिक स्कन्ध से लेकर अनन्त प्रदेशि पर्यन्त पुद्गल द्रव्य आनुपूर्वी द्रव्य में कहे जाते हैं और (परमाणु पोगला अणाणु पुव्वीओ) बहुत से परमाणु पुद्गल द्रव्य अनानुपूर्वी में होते हैं अर्थात् अनन्त परमाणु पुद्गल जो प्रत्येक २ फिरते हैं व सर्व अनानुपूर्वी द्रव्य में हैं किन्तु (दुपएसियाइ अवत्तव्वयाइ) अनेक द्विप्रदेशिक स्कन्ध अवक्तव्य हैं (क्योंकि त्रिप्रदेशी से लेकर अनन्त प्रदेशी पर्यन्त द्रव्य आनुपूर्वी है एक परमाणु पुद्ग-लता प्रत्येक २ अनन्त परमाणु पुद्गल अनानुपूर्वी में हैं अपितु द्विप्रदेशी स्कन्ध अवक्तव्य सज्ञक होता है (सेतणेगमववहाराण) यही नैगम और व्यवहार नय के मत से (अट्ठपयपरूवणया) अर्थ पद की पदप्ररूपणा है उक्त पद् भग दोनों नयों के मत से सिद्ध है शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि हे भगवन्! (एयाएणेगमववहाराण अट्ठपयपरूवणया एकिंपयोयण) इन नैगम और व्य-वहार नय के मत से जो अर्थपद की पदप्ररूपणा कीगई है उसका क्या प्रयो-जन है क्योंकि-सूत्रों में निरर्थक वचन कोई भी नहीं होता फिर इन के कथन करने का प्रयोजन क्या है इस प्रकार से शिष्य के पूछने पर गुरु कहने लगे कि (एयाएणेगमववहाराण अट्ठपयपरूवणाए भगसमुक्कित्तणयाकीरइ) इन नैगम और व्यवहार नय के मत से जो अर्थपद की प्ररूपणा कीगई है वे सर्व भगों की समुत्कीर्तन वास्ते ही है अर्थात् इनके द्वारा भगों की समुत्कीतनता कीजाती है अत. इन दोनों नयों के द्वारा भग बनाए जाते है।

भावार्थ-नैगम और व्यवहार नय के मत में अर्थपद की प्ररूपणा इस प्रकार से की गई है कि त्रिप्रदेशी से लेकर अनंत प्रदेशी पर्यन्त द्रव्याआनुपूर्वी में गिना जाता है और परमाणु पुद्गल अणाणु पूर्वी में होता है द्विप्रदेशी स्कंध अवक्तव्य संज्ञक कहलाता है एक वचनान्त से और बहुवचनान्त से इनके पद् भंग बन जाते हैं जैसे कि-नीचे पढ़िये.

आनु पूर्वी	अनानु पूर्वी	अवक्तव्य
१	१	१
३	३	३

और इन्हीं नैगम और व्यवहार नयके मत से भंगो की समुत्कीर्तनता की जाती है अर्थात् उक्त नयों द्वारा ही भंग बनाए जाते हैं। अब भंगो का स्वरूप निम्न प्रकार से सूत्रकार प्रति पादन करते हैं.

॥ अथ भंग समुत्कीर्तन विषय ॥

सेकित्त णेगम ववहाराण भंगसमुक्कित्तणया २ अत्थिआणुपुव्वी १ अत्थि अणाणुपुव्वी २ अत्थि अवत्तव्वए ३ अत्थि आणुपुव्वी ३ ४ अत्थि अणाणुपुव्वी ३ ५ अत्थि अवत्तव्व याइ ६ अहवा अत्थि आणु पुव्वीय। अणाणु पुव्वी ७ अहवा अत्थि आणु पुव्वीय अणाणु ‍ुव्वीय ८ अहवा अत्थि आणु पुव्वीओय अणाणुपुव्वीय९अहवा अत्थि आणु पुव्वीओय अणाणु पुव्वीओय १० अहवा अत्थि आणु पुव्वीय अवत्तव्वएय ११ अहवा अत्थि आणु पुव्वीय अवत्त याइंच १२ अहवा अत्थि आणु पुव्वीओय अवत्तव्वएय १३ अहवा अत्थि आणुपुव्वी-

ओय अवत्तव्वयाइच १४ अहवा अत्थि अणाणु पुव्वीय अ-वत्तव्वएय १५ अहवा अत्थि अणाणु पुव्वीय अवत्तव्वयाइच १६ अहवा अत्थि अणाणु पुव्वीओय अवत्तव्वएय १७ अहवा अत्थि अणाणु पुव्वीओय अवत्तव्वयाइच १८ अहवा अत्थि आणु पुव्वीय अणाणु पुव्वीय अवत्तव्वएय १६ अहवा अत्थि आणुपुव्वीय अणाणुपुव्वीय अवत्तव्वयाइच २० अहवा अत्थि आणुपुव्वीय अणाणु पुव्वीओय अवत्तव्वएय २१ अहवा अत्थि आणु पुव्वीय अणाणु पुव्वीओय अवत्तव्वयाइच २२ अहवा आणु पुव्वीओय अणाणु पुव्वीय अवत्तव्वएय २३ अहवा अत्थिआणु पुव्वीओय अणाणु पुव्वीय अवत्तव्वयाइच २४ अहवा अत्थिआणु पुव्वीउय अणाणु पुव्वीओय अवत्तव्व एय २५ अहवा अत्थिआणु पुव्वीओय अणाणुपुव्वीओय अवत्त व्वयाइच २६ एए अट्ठभगाएव सव्वे विछव्वी सभगा सेत्तणे गम ववहाराण-भग समुकित्तणया एयाएणणे गमववहाराण भग समुकित्तणयाएकिं पओयण एयाएणे गमववहाराण भग समुकित्तणयाए भगो वदसणया कीरइ।

पदार्थ-(सेकिंतणे गमववहाराण भगसमुकित्तणया २) शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि हे भगवन्! नैगम और व्यवहार नय के मत से भग समुत्कीर्तन कैसे होता है गुरु कहते हैं कि भो शिष्य! नैगम और व्यवहार नय के मत से षट् विंशति भगों की समुत्कीर्तना होती है जो निम्नलिखितानुसार है (अत्थि-आणुपुव्वी) जो अर्थपदका पूर्व विवर्ण किया गया है उस द्रव्य से २६ भग होते हैं जैसे कि-एक पुद्गल आनुपूर्वी का है १ (अत्थि अणाणु पुव्वी) एक अनानुपूर्वी का है २ (अत्थि अवत्तव्वए) एक अवक्तव्य का है ३ फिर (अत्थि आणुपुव्वीओ) बहुत से पुद्गल आनुपूर्वी के है ४ अत्थि अणाणुपुव्वीओ बहुत से पुद्गल अनानुपूर्वी के हैं ५ (अत्थि अवत्तव्वयाइ) बहुत से पुद्गल

पदार्थ-(संगहस्स णाणुपुव्वी दव्वाइ कालओकेवचिर होइ) (प्रश्न) सग्रह नय के मत से आनुपूर्वी द्रव्यों का काल स अन्तर काल कब तक होता हैं अर्थात् परस्पर द्रव्यों का अतरकाल कब तक रहता है (उत्तर) (नत्थि अतर एव दोन्निवि) अतरकाल नहीं होता है क्योंकि यह द्रव्य सदैव काल विद्यमान रहता है और इसी प्रकार दोनों द्रव्यों के स्वरूप को भी जानना चाहिये ६ (सगहस्स आणुपुव्वीदव्वाइ सेसदव्वाण कइभागे होज्जा (प्रश्न) सग्रह नय के मत से आनुपूर्वी द्रव्य, अनानुपूर्वी द्रव्यों के और अवक्तव्य द्रव्यों के कितने भाग में होता है (किं सखेज्जइ भागे होज्जा असखेज्जइ भागे होज्जा) क्या सख्यात भाग में होता है वा असख्यात भाग में होता है अथवा (सखेज्जे सुभागेसु होज्जा असखेज्जेसु भागेसु होज्जा) बहुत से सख्यात भागों में होता है या बहुत से असख्यात भागों में होता है (उत्तर) नो सखेज्जइ भागे होज्जा) सख्यात भाग में नहीं होता (नो असखेज्जेसु भागेसु होज्जा) असख्यात भागों में भी नहीं होता (नो सखेज्जे सुभागे सुहोज्जा) बहुत से सख्यात भागों में नहीं होता (नो असखेज्जेसु भागेसु होज्जा) बहुत स असख्यात भागों में भी नहीं होता किन्तु (नियमा तिभागे होज्जा) नियम से तीन भागों में से एक भाग में होता हैं क्योंकि-सग्रह नय के मत से तीनों द्रव्य है सो आनुपूर्वी द्रव्य तीसरे भाग में होता है (एव दोन्निवि) इसी प्रकार दोनों द्रव्यों के स्वरूप को भी जानना चाहिये ॥

भावार्थ-सग्रहनय से आनुपूर्वी द्रव्यों का अतर काल नहीं होता है और यह आनुपूर्वी द्रव्य दोनों द्रव्यों के तीसरे भाग में होता है क्योंकि सग्रहनय में तीन ही द्रव्य हैं सो यह तीसरे भाग में ही होता है ।

अथ भाव विषय ।

मूल-सगहस्स आणुपुव्वीदव्वाइ कयरमि भावे होज्जा?, नियमा साइपारिणामिए भावे होज्जा एव दोन्निवि ८ अप्पाबहु नत्थि सेत्तं अणुगमे सेत्त सगहस्स अणोवणिहिया दव्वाणुपुव्वी सेत्त अणोवणिहिया दव्वाणुपुव्वी ।

पदार्थ-(सगहस्स) आणुपुव्वीदव्वाइ कयरमि भावे होज्जा) (प्रश्न) सग्रनय स आनुपूर्वी द्रव्य कौनसे भाव में होते हैं (उत्तर) (नियमासाइ पा-

रिणामए भावे होज्जा नियम से सादि पारिणामिक भाव में होते हैं अर्थात् जो आदि सहित परिणमन शील है (एव दोन्निवि) इसी प्रकार दोनों द्रव्यों के स्वरूप को भी जानना चाहिये (अप्पा बहुनत्थि) सग्रहनय से अल्प बहुत्व नहीं होता है (सेत्त अणुगमे) यही अनुगम द्वार है (सेत्त सगहस्स अणोवणिहिया दव्वाणुपुव्वी सेत्त अणो वणिहिया दव्वाणुपुव्वी) यही सग्रहनय से अनुपनिधि द्रव्यानुपूर्वी है अपितु अनुपनिधि द्रव्यानुपूर्वी का स्वरूप इस स्थल पर ही सम्पूर्ण होगया है।

भावार्थ-सग्रह नयसे आनुपूर्व्यादि द्रव्य सादि पारिणामिक भाव में रहते हैं और अल्प बहुत्व द्वार इस नय से नहीं होता है सो इस का नाम अनुगम है और सग्रहनय से अनुपनिधि द्रव्यानुपूर्वी का यहां पर ही समास सम्पूर्ण होगया है।

अथ उपनिधि का विषय।

मूल-सेकिंत उवणिहिया दव्वाणुपुव्वी ? २ तिविहा पं० तं० पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी सेकिंत पुव्वाणुपुव्वी २ धम्मत्थिकाए १ अधम्मत्थिकाए २ आगासत्थिकाए ३ जीवत्थिकाए ४ पोग्गलत्थिकाए ५ अद्धासमय ६ सेत्त पुव्वाणु पुव्वी सेकिंत पच्छाणु पुव्वी ? २ अद्धासमय जावधम्मत्थिकाए सेत्त पच्छाणुपुव्वी सेकिंत अणाणु पुव्वी २ एयाए चेव एगइयाएच्छ गच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नभासो दुरूवूणो सेत्तं अणाणुपुव्वी।

पदार्थ-(सेकिंत उवणिहिया दव्वाणुपुव्वी तिविहा प०) (प्रश्न) (उपनिधि का द्रव्यानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) उपनिधि का द्रव्यानुपूर्वी तीन प्रकार से कथन की गई है जैसे कि (दव्वाणुपुव्वी) द्रव्यानुपूर्वी (पच्छाणु पुव्वी पश्चात् आनुपूर्वी और (अणाणुपुव्वी) अनानुपूर्वी (सेकिंत पुव्वाणु पुव्वी) (प्रश्न) पूर्वानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) पूर्वानुपूर्वी निम्न प्रकार से है जैसे कि-(धम्मत्थिकाय) धर्मास्तिकाय (अहम्मत्थिकाय) अधर्मास्तिकाय (आगासत्थिकाए ३) आकाशास्तिकाय (जीवत्थिकाए) जीवास्तिकाय ४ (पोग-

अनानुपूर्वी विषय निम्न लिखितानुसार है ।

सेकिंत अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरियाए जाव अणतगच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नब्भासो दुरूवूणो सेत्त अणाणुपुव्वी सेत्त उवणिहिया दव्वाणुपुव्वी सेत्त जाणगसरीर भवियसरीर वइरित्ते दव्वाणुपुव्वी सेत्तं नोआगमओ दव्वाणुपुव्वी सेत्त दव्वाणुपुव्वी ।

पदार्थ-(सेकिंत अणाणुपुव्वी २) (प्रश्न) अनानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) (एयाए चेव एगाइयाए एगुतरियाए जाव अणतगच्छ गयाए जाव अणतगच्छगयाए सेढीए) इन को एक से लेकर वृद्धि करते हुए यावत् अनतगच्छ किए जाए फिर अनतगच्छ की श्रेणी को (अन्न मन्नब्भासो दुरुवुणो सेत्त अणाणुपुव्वी) परस्पर गुणा करने से यावत् भग बनजाते हैं उनमें से आदि अत के भग को न्यून करने से शेष रहेहुए भगो का नाम अनानुपूर्वी है सेत्त अणाणुपुव्वी) यही अनानुपूर्वी का स्वरूप है (सेत्त उवणिहिया दव्वाणुपुव्वी) यही उपनिधि का द्रव्यानुपूर्वी है सेत्त जाणग सरीर भविय सरीर वइरित्त दव्वाणुपुव्वी सेत्त नो आगमओ दव्वाणुपुव्वी सेत्त नो आगमओ सेत्त दव्वाणुपुव्वी) यही ज्ञ शरीर और भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यानुपूर्वी नो आगम से वर्णन की गई है और इसे ही द्रव्यानुपूर्वी कहते हैं ।

भावार्थ-अनानुपूर्वी उसे कहते हैं कि-जो अनत प्रदेशि श्रेणी है-उसको परस्पर गुणा करने से यावत् परिमाण भग बनते हैं उनमें से दो भग न्यून करने से अनानुपूर्वी बन जाती है और इसी का नाम उपनिधि का द्रव्यानुपूर्वी है और इसी का नाम ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्यानुपूर्वी नो आगम से वर्णन की गई है ।

अथ क्षेत्रानु पूर्वानुपूर्वी विषय ।

मूल-सेकिंत खेत्ताणुपुव्वी २ दुविहा प० तं० उवणिहिया अणोवणिहिया तत्थण जासा उवणिहिया साठप्पा तत्थण जासा अणोवणिहियासा दुविहा प० त० णेगम ववहाराण १

संगाहस्स २ सेकिंत णेगमववहाराण अणोवणिहिया खेत्ताणु पुव्वी २ पंचविहा प० त० अट्ठपयपरूवणया १ भगसमुकित्तणया भगोवदसणया समोयारे ४ अणुगमे ५ सेकिंत अट्ठपय परूवणया २ तिपएसोगाढे आणुपुव्वी जाव असखेज्जपए सोगाढे आणुपुव्वी एगपएसोगाढे अणाणुपुव्वी दुपए सोगाढे अवत्तव्वएति सोगाढा आणुपुव्वीओ जावं असखेज्जपएसोगाढा आणुपुव्वीओ एगपए सोगाढा अणाणुपुव्वीओ दुपएसोगाढा अवत्तवए एयाए णेगमववहाराए अट्ठपयपरूवणया एए किं पयोयणं एयाणं णेगमववहाराणं अट्ठपयपरूवणयाए भगसमुक्कित्तणया कीरइ ।

पदार्थ-(सेकिंत खेत्ताणुपुव्वी २ दुविहा प० त० उवणिहिया अणोवणिहिया) (प्रश्न) क्षेत्रानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) क्षत्रानुपूर्वी द्विप्रकार से प्रतिपादन की गई है जैसे कि–उपनिधि का और अनुपनिधि का (तत्थण जासा उवणिहिया साट्ठप्पो) उन दोनों में से जो प्रथम उपनिधि है वह केवल स्थापनीय है क्योंकि उसका विवर्ण फिर किया जायगा अपितु जो (तत्थण जासा अणो वणिहिया सादुविहा प० त० णेगमववहाराण सगाहस्स २) अनुपनिधि का है वह दो प्रकार से वर्णन की गई है जैसे कि नैगम व्यवहारनय और सग्रहनय से–इस प्रकार क कथन करन पर शिष्य ने फिर शका की (सेकिंत णेगमववहाराण अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी २ पचविहा प० त०) वह कौनसी है जो नैगम और व्यवहार नय से अनुपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी है । गुरु ने उत्तर में कहा कि नैगम और व्यवहार नय से अनुपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी पाच प्रकार से प्रतिपादन कीगई है जैसे कि–(अट्ठपयपरूवणया) अर्थपद की प्रतिपादनता १ (भगसमुक्कित्तणया) भगसमुत्कीर्तनता २ (भगोवदसणया) फिर भगोपदर्शनता ३ और (समोयारे) समवतार ४ (अणुगमे) अनुगमता ५ (सेकिंत अट्ठपयपरूवणया २ (प्रश्न) अर्थ प्रतिपादनता किसे कहते हैं (उत्तर) (तिपएसोगाढे आणुपुव्वी जाव असखेज्ज-

पए सोगाढे आणुपुव्वी) अर्थपद प्रतिपादनता उसका नाम है जो तीन प्रदेशि से लेकर आकाश के असंख्यात प्रदेशों पर पुद्गल अवगाहन हुआ है उसे क्षे त्रआनुपूर्वी कहते हैं और (एगपएसोगाढे अणाणुपुव्वी) आकाश के जो एक प्रदेशोपरि अवगाहन हुआ है उसका नाम अनानुपूर्वी है (दुपए सोगाढे अव त्तव्वए) द्विप्रदेशोपरि जो अवगाहन हुआ है उसका नाम अवक्तव्य द्रव्य है इसी प्रकार (तिपए सोगाढा आणुपुव्वीओ) बहुत से आनुपूर्वी द्रव्य बहुत से तीनों प्रदेशोपरि अवगाहन हुए हैं उनका नाम बहुत सी क्षेत्रानुपूर्वियां हैं (जाव असंखेज्ज पएसोगाढा आणुपुव्वी ३) इसी प्रकार यावत बहुत से असंख्यात प्रदेशोपरि अवगाहन कीहुई बहुतसी आनुपूर्वियायें हैं किन्तु (एगपएसो गाढा अणाणुपुव्वीओ) जो एक आकाश के प्रदेशों पर बहुत से पुद्गल अवगाहन हैं उनका नाम बहुतसी अनानुपूर्वियां हैं (दुपएसोगाढा अवत्तव्वए) पूर्ववत् ही बहुत से द्विप्रदेशों पर अवगाहन हुआ पुद्गल उसका नाम बहुत से अवक्तव्य द्रव्य है (एयाणं णेगमववहाराणं) इन नैगम और व्यवहारनय से (अट्ठपयपरूवणयाए किं पयोयण) जो अर्थ पद की प्रतिपादनता कीगई है उसका क्या प्रयोजन है? गुरु कहते हैं कि (एयाए णेगमववहाराणं अट्ठपयपरूवणयाए भंग समुक्कित्तणया कीरइ) इन नैगम और व्यवहारनय से अर्थ पद दिखलाया गया है इसका मुख्य प्रयोजन भंगों का कीर्तन करना ही है।

भावार्थ-क्षेत्रानुपूर्वी द्रव्यों की अपेक्षा से ही सिद्ध है क्योंकि जैसा द्रव्य जिस प्रकार से क्षेत्र में स्थित है उसी प्रकार उसकी गिणती की जाती है सो क्षेत्रानुपूर्वी द्वि प्रकार से प्रतिपादन की गई है जैसे कि-उपनिधि का और अनुपनिधि का सो उपनिधि का अभी स्थापनीय हैं अनुपनिधि का द्वि प्रकार से प्रतिपादन की जाती है एक नैगम व्यवहार नय से द्वितीय संग्रह नय से-सो नैगम और व्यवहार नय के मत से अनुपाधि क्षेत्रानुपूर्वी पांच प्रकार से कही गई है जैसे कि-विद्यमान अर्थों की प्रतिपादनता १ भंग समुत्कीर्तनता २ भंगोपदर्शनता ३ समवतार ४ और अनुगम ५ विद्यमान पदार्थों की प्रतिपादनता उसका नाम है जो तीन प्रदेशि से लेकर असंख्यात प्रदेशों पर्यन्त आकाश में पुद्गल स्थित हैं वे क्षेत्रानुपूर्वी हैं एक प्रदेश पर जो स्थित है-उसका नाम अनानुपूर्वी है द्वि प्रदेशों पर जो हैं वे अवक्तव्य द्रव्य हैं यह कथन एक वचनान्त है किन्तु इसी प्रकार यही कथन बहुवचनान्त भी जान लेना तब बहुत आनुपूर्वि-

यमें अनानुपूर्वियाँ अवक्तव्य द्रव्य सिद्ध हो जाते हैं अतः इस नियमान अर्थ प्रतिपादनता का मुख्य प्रयोजन भग समुत्कीर्तन करना ही है, अपितु यह सर्व कथन नैगम और व्यवहार नय से कहा गया है जो अर्थ पद है वह सर्व तीनों प्रकार से द्रव्यों की सिद्धि करता है सो लोक में तीनों प्रकार के द्रव्यों की अस्ति है इसीलिये इसका नाम अर्थ प्रतिपादनता है ॥

अथ भग समुत्कीर्तनता विषय ।

मूल-सेकिंतं णेगमववहाराण भग समुकित्तणया ? २ अत्थिआणुपुव्वी १ अणाणुपुव्वी २ अत्थि अवत्तव्वएय ३ एव जहे वहेठा तहेवने यव्व नवरउगाटा भाणियव्वा तहेव भगो व दसणया तहेव समोयारे ।

पदार्थ-(सेकिंत णेगमववहाराण भग समुकित्तणा २ (प्रश्न) नैगम और व्यवहारनय के मत से भग समुत्कीर्तनता किस प्रकार से है (उत्तर) नैगम और व्यवहारनय से भग समुत्कीर्तनता निम्नप्रकार से है जैसे कि-(अत्थिआणुपुव्वी १ अणाणुपुव्वी २ अत्थिअवत्तव्वएय ३) एक आनुपूर्वी द्रव्य १ एक अनानुपूर्वी २ एक अवक्तव्य ३ (एव जहेवहेट्ठा तहेव नेयव्व नवरउगाढा भाणियव्वा तहेव भगोवदसणया तहेव समोयारे) इसी प्रकार भग जो पूर्व लिखे गये हैं वैसे ही यहा पर जान लेने चाहिये और उसी प्रकार पद् विंशति भग चेत्रानुपूर्वी के जान लेने किन्तु अवगाहन शब्द का प्रयोग कर लेना चाहिये और पूर्ववत् ही समवतार द्वार जान लेना तद्वत् ही भगोपदर्शनता है ॥

भावार्थ-नैगम और व्यवहार नय के मत से प्राग्वत् भग समुत्कीर्तना और भगोपदर्शनता समवतार द्वार अथवा चेत्रानुपूर्वी आदि सर्व जान लेने क्योंकि-इनका विवर्ण पूर्व कई स्थलों में किया गया है ॥

अथ अनुगम विषय ।

सेकिंत्त अणुगमे २ नवविहे पराणत्ते तजहा संतपयपरूवणया गाहा सेकिंत संतपयपरूवणया २ णेगमववहाराण खेत्ताणुपुव्वीदव्वाइ कि अत्थि नत्थि नियमा अत्थि एवं दो-

असंख्यात वा बहुत से लोक के संख्यात भागों में वा बहुत से वा असंख्यात भागों में अथवा अल्प देश न्यून सर्व लोक में होजाता है क्योंकि यदि अचित्त महास्कंध सर्वलोक प्रमाण भी होजावे तो तब भी तीन प्रदेश न्यून होता है जो अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्य के स्थानों को छोड़ देता है यह दोनों द्रव्य सदैव काल इस लोक में विद्यमान रहते हैं अपितु नाना प्रकार के द्रव्यों की अपेक्षा निश्चय ही यह द्रव्य सर्वलोक में विराजमान रहते हैं और इसी प्रकार अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्यों के स्वरूप को भी जानना चाहिये और स्पर्शना द्वार काल द्वार भावत् ही जान लेने चाहिये ।

अथ स्थिति द्वार विषय ।

खेत्ताणुपुव्वीदव्वाइं कालओ केवच्चिरं होइ एगं दव्वं पडुच्च जहन्नेणं एगं समयं उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं नाना दव्वाइं पडुच्च सव्वद्धा एवं दोन्निवि णेगमववहाराणं खेत्ताणुपुव्वी दव्वाइ कालउ केवचिरं अंतरं होइ एगं दव्वं पडुच्च जहन्नेणं एगं समयं उक्कोसेणं असंखेज्जं कालं नानादव्वाइं पडुच्च नत्थि अंतरं एवं दोन्निवि णेगमववहाराणं खेत्ताणुपुव्वी दव्वाइं सेसदव्वाणं कइभागे होज्जा किं संखेज्जइ भागे एवं पुच्छाणि वयणं च जहेव हेट्ठा तहेव नेयव्वा अणाणुपुव्वी दव्वाइ अवत्तव्वगदव्वाणिवि जहेव हेट्ठा णेगमववहाराणं खेत्ताणुपुव्वीदव्वाइं कयरंमि भावे होज्जा नियमा साइ परिणामिए भावे होज्जा एवं दोन्निवि ॥

पदार्थ-(णेगमववहाराणं खेत्ताणुपुव्वीदव्वाइं कालओ केवचिरं होइ) शिष्य ने प्रश्न किया कि हे पूज्य ! नैगम और व्यवहार नय से क्षेत्रानुपूर्वी गत द्रव्य काल से कब तक एक स्थान में स्थिति करते हैं गुरु कहने लगे कि भो शिष्य कि नैगम और व्यवहार नय के मत से क्षेत्रानुपूर्वी गत द्रव्यों की गति निम्न प्रकार से है यथा-(एगं दव्वं पडुच्च जहन्नेणं एगं समयं उक्कोसेणं असंखे ज्जकालं) एक द्रव्य की अपेक्षा जघन्यस्थिति एक समय प्रमाण उत्कृष्ट अस

ख्यात काल पर्यन्त होती है यदि एक द्रव्य एक एक स्थान पर स्थित रहे तो न्यून से न्यून एक समय मात्र उत्कृष्ट असख्यात काल पर्यन्त रह सकता है अपितु-(नानादव्वाइ पडुच्च सव्वद्धा एव दोन्निवि) नाना प्रकार के द्रव्यों की अपेक्षा सर्व काल में आनुपूर्वी द्रव्य रहते हैं और इसी प्रकार अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्य भी जानने चाहिये (णेगमववहाराण खेत्ताणुपुव्वीदव्वाइ कालओ केवचिर अतर होइ) नैगम और व्यवहार नय के मत से जो क्षेत्रानुपूर्वी गत द्रव्य है उनका काल से कितना चिर अतर होता है-ऐसा शिष्य के पूछने पर गुरु कहने लगे कि-(एग दव्व पडुच्च जहन्नेण एग समय उक्कोसेण असखेज्जकाल) एक द्रव्य की अपेक्षा जघन्य एक समय मात्र अन्तरकाल होता है उत्कृष्ट असख्यात काल पर्यन्त अन्तर होता है किन्तु-(नानादव्वाइ पडुच्च नत्थि अतर एव दोन्निवि) नाना प्रकार के द्रव्यों की अपेक्षा अन्तरकाल नहीं होता है इसी प्रकार दोनों द्रव्यों के विषय में भी जानना चाहिये (णेगमववहाराण खेत्ताणुपुव्वी दव्वाइ सेस दव्वाण कइ भागे होज्जा) (प्रश्न) नैगम और व्यवहार नय के मत से क्षेत्रानुपूर्वी द्रव्य शेष द्रव्यों के कितने भागों में होता है (किं सखेज्जइ भागे होज्जा एव पुच्छाणि वयण च जहेवद्दव्वा तहेव नेयव्वा) क्या सख्यात भाग में होते हैं वा असख्यात भाग में इत्यादि जैसे पूर्व इस विषय में लिखा गया है कि वैसे ही जानना चाहिये (अणाणुपुव्वी दव्वाइ अवत्तव्वगदव्वाणिवि जहेव हेट्ठा) अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्य भी प्राग्वत हैं। (णेगमववहाराण खेत्ताणुपुव्वी दव्वाइ कयरंमि भावे होज्जा) नैगम और व्यवहार नय के मत से क्षेत्रानुपूर्वी गत द्रव्य कौन से भाव में होते हैं-ऐसे पूछने पर गुरु कहने लगे कि-(नियमासाइ पारिणामिए भावे होज्जा) निश्चय ही यह द्रव्य सादि पारिमाणिक भाव में होते हैं किन्तु यह द्रव्य नित्य नहीं हैं, इसलिये सादि पारिणामिक भाव में कहे गये है-(एव दोन्निवि) इसी प्रकार दोनों द्रव्य भी जानने चाहिये ॥

भावार्थ-नैगम और व्यवहार नय के मत से क्षेत्रानुपूर्वी गत द्रव्यों की स्थिति जघन्य एक समय प्रमाण उत्कृष्ट असख्यात काल पर्यन्त है किन्तु सर्व द्रव्यों की अपेक्षा सर्व काल में नाना प्रकारों के द्रव्यों की स्थिति रहती है इसी प्रकार इनका अन्तर काल है शेष द्रव्यों के कितने भाग में यह द्रव्य हैं इस विषय में प्राग्वत् जानना चाहिये और यह द्रव्य नियम से सादि पारिणामिक

भाव में होते हैं क्योंकि ये परिणमन शील हैं अपितु यह द्रव्य स्वाभाविक नित्य नहीं होते इसी प्रकार अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्यों के स्वरूप को भी जानना चाहिये ॥

अथ अल्प बहुत्वद्वार विषय ।

एएसि णं भंते णेगमववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाणं अणाणुपुव्वीदव्वाणं अवत्तव्वगदव्वाण य दव्वट्ठयाय पयसट्ठयाए दव्वट्ठपएसट्ठयाए कयरे २ हितो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहिया वा गोयमा सव्वत्थोवाइ णेगमववहाराणं अवत्तव्वगदव्वाइ दव्वट्ठयाए अणाणुपुव्वीदव्वाइ दव्वट्ठयाए विसेसाहियाइ अणाणुपुव्वीदव्वाइं दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणाइ पएसट्ठयाए सव्वत्थोवाइ णेगमववहाराणं अणाणुपुव्वी दव्वाइ अप्पएसट्ठयाए अवत्तव्वगदव्वाइ पएसट्ठयाए विसेसाहियाइ आणुपुव्वीदव्वाइ पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणाइ दव्वट्ठपएसट्ठया सव्वत्थोवाइ णेगमववहाराणं अवत्तव्वगदव्वाइ दव्वट्ठयाए अणाणुपुव्वीदव्वाइ दव्वट्ठयाए अप्पएसट्ठयाय विसेसाहियाइ अवत्तव्वगदव्वगदव्वाइं पएसट्ठयाए विसेसाहियाइ आणुपुव्वी दव्वाइ दव्वट्ठयाए असंखेज्जगुणाइ ताइ चेव पएसट्ठयाए असंखेज्जगुणाइ सेत्तं अणुगमे सेत्तं णेगमववहाराणं अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी॥ सेकिंतं संगाहस्स अणोवणिहिया खेत्ताणु जहेव दव्वाणुपुव्वी तहेव खेत्ताणुपुव्वी विसेत्तं संगाहस्स अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी ॥

पदार्थ–(एएसि णं भंते णेगमववहाराणं आणुपुव्वीदव्वाणं अणाणुपुव्वी दव्वाणं अवत्तव्वगदव्वाणय दव्वट्ठयाए पएसट्ठयाए दव्वट्ठपएसट्ठयाय कयरेर हितो अप्पा वा बहुया वा तुल्ला वा विसेसाहियाइ वा) श्री गौतम प्रभुजी श्री

भगवान् से पूछते हैं कि–हे भगवन् ! नैगम और व्यवहार नय से आनुपूर्वी द्रव्य, अनानुपूर्वी द्रव्य और अवक्तव्य द्रव्य, यह तीनों ही द्रव्य द्रव्यार्थिक से और प्रदेशार्थिक से तथा द्रव्य और प्रदेश दोनों के युगपत् से कौन २ से द्रव्य अल्प हैं वा बहुत हैं वा तुल्य हैं या विशेषाधिक हैं, इस प्रकार के पूछने पर श्री भगवान् उत्तर देते हैं कि–(गोयमा) हे गौतम (सव्वत्थोवाइ णेगमववहाराण) सर्व से स्तोक नैगम और व्यवहार नय के मत से (अवत्तव्वगदव्वाइ दव्वट्ठयाए) अवक्तव्य द्रव्य द्रव्यार्थक से हैं १ अपितु (अणाणुपुव्वीदव्वाइ दव्वट्ठयाए विसेसाहियाइ) अनानुपूर्वी द्रव्य द्रव्यार्थक से विशेषाधिक है २ (आणुपुव्वी दव्वाइ दव्वट्ठयाए असखेज्जगुणाइ) आनुपूर्वी द्रव्य द्रव्यार्थक से असख्यात गुणाधिक हैं किन्तु (पएसट्ठयाए) प्रदेशार्थक से (सव्वत्थोवाइ णेगम ववहाराण) सर्व से स्तोक नैगम और व्यवहार नय के मत से (अणाणुपुव्वी दव्वाइ अप्पएसट्ठयाए) अनानुपूर्वी द्रव्य अप्रदेशार्थक से हैं किन्तु (अवत्तव्वगदव्वाइ पएसट्ठयाए विसेसाहियाइ) अवक्तव्य प्रदेशार्थिक से विशेषाधिक हैं उनसे–(आणुपुव्वीदव्वाइ पएसट्ठयाए असखेज्जगुणाइ) आनुपूर्वी द्रव्य प्रदेशार्थक से असख्यात गुणाधिक हैं अपितु (दव्वट्ठपएसट्ठयाए सव्वत्थो वा णेगमववहाराण अवत्तव्वगदव्वाइ दव्वट्ठयाए) द्रव्यार्थक और प्रदेशार्थक से सर्व से स्तोक नैगम और व्यवहार नय की अपेक्षा से अवक्तव्य द्रव्य हैं अपितु (अणाणुपुव्वीदव्वाइ दव्वट्ठअप्पएसट्ठयाए विसेसाहियाइ) अनानुपूर्वी द्रव्य द्रव्यार्थक से और प्रदेशार्थक से विशेषाधिक हैं फिर उनसे (अवत्तव्वगदव्वाइ पएसट्ठयाए विसेसाहियाइ) अवक्तव्य द्रव्य प्रदेशार्थक से विशेषाधिक हैं फिर (आणुपुव्वीदव्वाइ दव्वट्ठयाए असखेज्जगुणाइ) आनुपूर्वी द्रव्य द्रव्यार्थक से असख्यात गुणाधिक हैं (ताइ चेव पएसट्ठयाए असखेज्जगुणाइ) उन द्रव्यार्थक से प्रदेश असख्यात गुणाधिक हैं (सेत्त अणुगमे) यही अनुगम है (सेत्त णेगमववहाराणं अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी) यही नैगम और व्यवहारनय के मत से अनुपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी है । (सेकिंत सगहस्स अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी जहेव दव्वाणुपुव्वी तहेव खेत्ताणुपुव्वी सेत्त सगहस्स अणोवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी) (प्रश्न) सग्रह नय के मत से अनुपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी किस प्रकार से है (उत्तर) जैसे द्रव्यानुपूर्वी कथन की गई है वैसे ही क्षेत्रानुपूर्वी का भी समास जान लेना यही सग्रह नय के मत से क्षेत्रानुपूर्वी है ॥

भावार्थ—श्री गौतम स्वामीजी उक्त द्रव्यों को अल्प बहुत के नियम से भगवान् से विशेष निर्णय करते हैं कि हे भगवन्! उक्त तीनों द्रव्यों में अल्प बहुत्व कौन २ से द्रव्य हैं, श्री भगवान् कहते हैं कि हे गौतम! सर्व से स्तोक नैगम और व्यवहार नय के मत में द्रव्यों की अपेक्षा से अवक्तव्य द्रव्य हैं उन से अनानुपूर्वी द्रव्यों का द्रव्य विशेषाधिक है। और उनसे आनुपूर्वी द्रव्यों का द्रव्य असंख्यात गुणाधिक है। अपितु प्रदेशों की अपेक्षा से सर्व से स्तोक नैगम और व्यवहार नय के मत से अनानुपूर्वी द्रव्य अप्रदेशार्थक हैं। और अवक्तव्य द्रव्य प्रदेशों की अपेक्षा से उनसे विशेषाधिक हैं। फिर उनसे भी आनुपूर्वी द्रव्य प्रदेशों की अपेक्षा से असंख्यात गुणाधिक हैं किन्तु द्रव्य और प्रदेशों की अपेक्षा से सर्व से स्तोक नैगम और व्यवहार नय के मत से द्रव्यार्थक से अवक्तव्य द्रव्य हैं उनसे अनानुपूर्वी द्रव्य द्रव्य और अप्रदेशार्थक की अपेक्षा से विशेषाधिक हैं फिर उनसे अवक्तव्य द्रव्य प्रदेशों की अपेक्षा से विशेषाधिक हैं फिर आनुपूर्वी द्रव्य द्रव्यार्थक से असंख्यात गुणाधिक हैं किन्तु प्रदेश उनसे भी असंख्यात गुणाधिक हैं सो इसी का नाम अनुगम है नैगम और व्यवहार नय के मत से अनुपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी का समास सम्पूर्ण हुआ और संग्रह नय के मत से अनुपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी जैसे कि द्रव्यानुपूर्वी पहिले वर्णन की गई है उसी प्रकार जान लेनी चाहिये और संग्रह नय के मत से इसी का नाम अनुपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी कहते हैं।

अथ उपनिधि का पूर्वी विषय।

मूल—सेकिंत उपणिहिया खेत्ताणुपुव्वी २ तिविहा प० तं० पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी सेकिंत पुव्वाणुपुव्वी२ अहोलोए तिरियलोए उड्ढलोए सेत्त पुव्वाणपुव्वी ॥१॥ सेकिंत पच्छाणुपुव्वी उड्ढलोए तिरियलोए अहलोए, सेत्त पच्छाणुपुव्वी सेकिंत अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरियाएतिगच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नब्भासो दुरूवूणो सेत्त अणाणुपुव्वी ॥

पदार्थ-(सेकिंत उवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी २ तिविहा प० तं०) (प्रश्न) अब क्षेत्रानुपूर्वी उपनिधिका कौनसी है (उत्तर) उपनिधिका क्षेत्रानुपूर्वी तीनों प्रकार से प्रतिपादन कीगई है जैसे कि (पुव्वाणुपुव्वी) पूर्वानुपूर्वी (पच्छाणुपुव्वी) पश्चात् आनुपूर्वी (अणाणुपुव्वी) अनानुपूर्वी (सेकिंत पुव्वाणुपुव्वी २) (प्रश्न) पूर्वानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) पूर्वानुपूर्वी तीनों प्रकार से वर्णन कीगई है जैसे कि (अहोलोए तिरियलोए उड्ढलोए) अधोलोक तिर्यक्लोक ऊर्ध्वलोक (सेत्त पुव्वाणुपुव्वी) यही पूर्वानुपूर्वी है (सेकिंत पच्छाणुपुव्वी २) (प्रश्न) पश्चात् आनुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) पश्चात् आनुपूर्वी भी तीनों प्रकार से वर्णित है जैसे कि (उड्ढलोए तिरियलोए अहोलोए) ऊर्ध्वलोक तिर्यक लोक अधोलोक (सेत्तं पच्छाणुपुव्वी) यही पश्चात् आनुपूर्वी है (सेकिंत अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगुत्तरियाए तिगच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नब्भासो दुरूवूणो) (प्रश्न) अनानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) इन्हीं तीनों आनुपूर्वी द्रव्यों को तीनों गच्छ करके अर्थात् (१–२–३) तीनों श्रेणिया स्थापन करके फिर इन्हीं को परस्पर गुणा करके दो आदि अत के भग न्यून करने से जो भग शेष रहते हैं उन्हीं को अनानुपूर्वी कहते हैं (सेत्त अणाणुपुव्वी) यही अनानुपूर्वी है ॥

भावार्थ-उपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी तीनों प्रकार से वर्णन कीगई है जैसे कि पूर्वानुपूर्वी १ पश्चात् आनुपूर्वी २ अनानुपूर्वी ३ सो पूर्वानुपूर्वी भी तीनों प्रकार से है अधोलोक तिर्यक्लोक ऊर्ध्वलोक इन्हीं को उल्था करके पठन करना उन का नाम पश्चात् आनुपूर्वी है अपितु अनानुपूर्वी में तीनों गच्छ करके फिर उनको परस्पर अभ्यास (गुणा) करने से यावन्मात्र भग बनते हों उनमें से आदि और अन के भग को न्यून करने से यावन्मात्र भग शेष रहे हों सो उन्हीं का नाम अनानुपूर्वी है ॥

अथ अधोलोक विषय ।

अहो लोए खेत्ताणुपुव्वी २ तिविहा पं० तं० पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी सेकिंत पुव्वाणुपुव्वी २ रयणप्पभा १ सक्करप्पभा २ वालुयप्पभा ३ पकप्पभा ४ धूमप्पभा ५ तमा ६ तमतमा ७ सेत्त पुव्वाणुपुव्वी सेकिंत पच्छाणुपुव्वी २

तमतमा जाव रयणप्पभा सेत्त पुच्छाणुपुव्वी सेकिंत अणाणु पुव्वी २ एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरियाए सत्त गच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नब्भासो दुरुवूणो सेत्त अणाणुपुव्वी ॥

पदार्थ-(अहो लोए खेत्ताणुपुव्वी २ तिविहा प० त० पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी) अधोलोक की अपेक्षा मे क्षेत्रानुपूर्वी तीन प्रकार से वर्णन कीगई है जैसे कि पूर्वानुपूर्वी १ पश्चात् आनुपूर्वी २ और अनानुपूर्वी ३ इस प्रकार के गुरु के वचन सुनकर शिष्य ने प्रश्न किया कि (सेकिंत पुव्वाणुपुव्वी २ रयणप्पभा सक्करप्पभा वालुयप्पभा पंकप्पभा धूमप्पभा तमप्पभा तमप्पभा तमतमाप्पभा) हे भगवन् ! पूर्वानुपूर्वी किसे कहते हैं, गुरु ने उत्तर में कहा कि अधोलोक के क्षेत्र की अपेक्षा से सात प्रकार की आनुपूर्वी है क्योंकि नीचे लोक में सात पृथिवियां हैं जैसे कि रत्नप्रभा १ शर्करप्रभा २ वालुप्रभा ३ पंकप्रभा ४ धूमप्रभा ५ तमप्रभा ६ तमतमाप्रभा ७ से यह अनुक्रमता पूर्वक गणन करने से इनकी आनुपूर्वी बन जाती है (सेत्त पुव्वाणुपुव्वी) यही पूर्वानुपूर्वी है (सेकिंत पच्छाणुपुव्वी तमतमा जाव रयणप्पभा सेत्त पच्छाणुपुव्वी) (प्रश्न) पश्चात् आनुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) सातवें नरक से प्रथम पर्यन्त गणन करना उसे (७-६-५-४-३-२-१) पश्चात् आनुपूर्वी कहते हैं, सो यही पश्चात् आनुपूर्वी है (सेकिंत अणाणुपुव्वी एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरिया सत्त गच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नब्भासो दुरूवूणा सेत्त अणाणुपुव्वी) (प्रश्न) अनानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) इन सातों को एक एक की वृद्धि करते हुए जो सात गच्छ किये हैं जैसे कि (१, २, ३, ४, ५, ६, ७) इनको परस्पर गुणाकार करने से ५०४० भग बन जाते हैं जिनमें आदि अत के भग को छोडकर ५०३८ भग रहते हैं उन्हीं का नाम अनानुपूर्वी है।

भावार्थ-अधोलोक की तीनों प्रकार से आनुपूर्वी होती हैं सात ही नरकों के नाम आनुपूर्वी और पश्चात् आनुपूर्वी पूर्ववत् ही जान लेनी चाहिये किन्तु अनानुपूर्वी में सात को परस्पर गुणाकार करने से ५०४० भग बन जाते हैं सो उनमें से आदि अत के भग को छोडकर शेष जो ५०३८ भग रहते हैं उन्हीं को अनानुपूर्वी कहते हैं ॥

अथ तीर्यक्लोक विषय ।

तिरिय लोए खेत्ताणुपुव्वी २ तिविहा पं० तं० पुव्वाणु-पुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी सेकिंत पुव्वाणुपुव्वी २ जवूद्दीवे लवणे २ धायइ ३ कालोय ४ पुक्खरे ५ वरुणे ६।७। खीर ८ घय ९ खोयनदी अरुणवरे कुडले रुयगे आभरण १ वत्थ २ गंध ३ उप्पल ४ पउमेय ५ पुढवी ६ निधि ७ रयणे ८ वासहर ९ दह १० नइओ ११ विजया १२ वक्खार १३ क-प्पिंदा १४ । १५ । २ कुरा १६ मदर १७ आवासा १८ कूडा १९ नक्खत्त २० चद २० चंद २१ सूरा य २२ देवे १।१ नागे १।१ जक्खो १। १ भूएय १। १ सयभू रमणे य १। १ ॥ ३ ॥ सेत्त पुव्वाणुपुव्वी सेकिन्तं पच्छाणुपुव्वी २ सयभू रमणे भूय जाव जवूद्दीवे सेत्तं पच्छाणुपुव्वी सेकित्तं अणाणुपुव्वी २ एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरियाए असखिज्ज गच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नभासो दुरूवूणो सेत्त अणाणुपुव्वी "

पदार्थ[1] (तिरियलोए खेत्ताणुपुव्वी २ तिविहा प० त० पुव्वाणुपुव्वी पच्छा-णुपुव्वी अणाणुपुव्वी) तिर्यक्लोक की क्षेत्रानुपूर्वी तीनों प्रकार से वर्णन की गई है जैसे कि पूर्वानुपूर्वी १ पश्चात् आनुपूर्वी २ और अनानुपूर्वी ३ इस प्रकार के गुरु के वचन सुनकर शिष्य ने प्रश्न किया कि (सेकिंत पुव्वाणुपुव्वी २) हे भगवन् पूर्वानुपूर्वी किसे कहते है गुरु कहने लगे कि भो शिष्य ! पूर्वानुपूर्वी निम्न प्रकार से है जैसे कि-(जबूद्दीवे १ लवणे २) जबूद्वीप १ लवणसमुद्र २ (धायई ३ कालोय) धात की खड ३ कालोदधि ४ (पुक्खरे ५-६) पुष्कर-द्वीप ५ और पुष्करसमुद्र ६ (वरुणे ७।८) वरुणद्वीप ७ वरुणसमुद्र ८ (खीर ९-१०) क्षीरद्वीप ९ और क्षीर समुद्र १० (घयं ११। १२) घृत

१-ऋतोऽत् प्रा० व्या० अ० ८ सूत्र १२६ आदेर्ऋकारस्य अत्वमभवति यथायथ तयम् कयम् वसहो मयो घडो इत्यादि ॥

द्वीप ११ और घृतसमुद्र १२ (खोय १३ । १४) इक्षुद्वीप १३ और इक्षुसमुद्र १४ (नन्दी १५ । १६) नदीद्वीप १५ नदीसमुद्र १६ (अरुणवरे १७ । १८) अरुणद्वीप १७ और अरुणसमुद्र १८ कुडल १९ । २०) कुडलद्वीप १९ और कुडलसमुद्र २० (रुयगे २१ । २२) रुचकद्वीप २१ और रुचकसमुद्र २२॥ अब विशेष द्वीपों के जानने का उपाय वर्णन करते हैं (आभरण १) आभूषणों के नामों पर द्वीप और समुद्र हैं १ (वत्थ २) वस्त्रों क नामों पर २ (गंध ३) गंध के नामों पर ३ (उप्पल ४ पद्मेय ५ पुढवी ६ निधि ७) और यावन्मात्र उत्पल कमलों के नाम हैं ४ पद्म कमलों के नाम हैं ५ पृथिवियों के नाम हैं ६ और निधियों के नाम हैं ७ (रयणे ८ वासहर ९ दह १० नइउ ११ विजया १२ वक्खार १३ कप्पिंदा १४–१५) रत्नों के नामों पर ८ वर्ष धरों के नामों पर ९ (जो पर्वत क्षेत्रों के नियम कर्ता है) ह्रदों के नामों पर १० विजयों के नामों पर इसी तरह आगे भी जान लेने चाहिये वक्षरों के नाम पर (यह भी पर्वत है) कल्पों के नाम पर १४ और इन्द्रों के नाम १५ (कुरु १६ मंदिर १७ आवास १८ कूडा १९ नक्खत्त २० चन्द २१ सूर २२ देवे २३ नाग २४ जक्खे २५ भूयय २६ सयभूरमणे २७) देवकुरु आदि क नाम मंदिरों के नाम आवासों के नाम कूटों के नक्षत्रों के चन्द्रमा के सूर्य के यावन्मात्र नाम हैं उसी प्रकार द्वीप समुद्रों के असंख्यात नाम जानने चाहिये किंतु देव नाग यक्ष भूत स्वयम्भूरमण इन पांच द्वीप और पांच ही समुद्रों के एकैक ही नाम है इसलिये यह पांच एकत्व वर्णन किये गये हैं (सेत्त पुव्वाणुपुव्वी) यही पूर्वानुपूर्वी है (सेकिंत पच्छाणुपुव्वी २ सयभूरमणे भूय जाव जंबूद्दीवे सेत्त पच्छाणुपुव्वी) (प्रश्न) पश्चात् आनुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) स्वयंभूरमण समुद्र से लेकर जंबूद्वीप पर्यन्त यावन्मात्र द्वीप और समुद्र हैं उन्हीं का नाम पश्चात् आनुपूर्वी है (सेकिंत अणाणुपुव्वी २ एयाए चेव एगा इयाए एगुत्तरियाए असंखिज्ज गच्छगयाए सेढीए अन्न मन्नम्भासो दुरूवणो सेत्त अणाणुपुव्वी) (प्रश्न) अनानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) इन सर्व को एक एक की वृद्धि करते हुए असंख्यात गच्छ रूप श्रेणि की जाय फिर उन को परस्पर गुणा करें यावन्मात्र भगवन्ने वर्णन से आदि और अन्त के भग को वर्जे करके शेष भग अनानुपूर्वीय कहलाते हैं सो इसी का नाम अनानुपूर्वी है।

भावार्थ–जम्बूद्वीप से लेकर स्वयम्भू रमण समुद्र पर्यन्त गणन करने को

पूर्वानुपूर्वी कहते हैं स्वयम्भू रमण से जम्बूद्वीप पर्य्यंत गिणती को पश्चात् आनुपूर्वी कहते हैं असंख्यात रूप गच्छ श्रेणी को परस्पर गुणा करने पर यावन्मात्र भंग बनें उनमें से आदि और अंत के भंग को छोड़कर शेष भंग अनानुपूर्वी के होते हैं।

ऊर्ध्वलोक क्षेत्रानुपूर्वी विषय।

उड्ढलोए खेत्ताणुपुव्वी २ तिविहा पन्नत्ता त० पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी सेकिन्त पुव्वाणुपुव्वी २ सोहम्मे १ इसाणे २ सणंकुमारे ३ माहिन्दे ४ वम्भलोए ५ लंतए ६ महासुक्के ७ महस्सारे ८ आणए ९ पाणए १० आरणे ११ अच्चुए १२ गेविज्जविमाणे १३ अणुत्तरविमाणे १४ इसीप्पभारा १५ सेत्तं पुव्वाणुपुव्वी सेकिन्तं पच्छाणुपुव्वी इसीप्पभारा जाव सोहम्मे सेत्तं पच्छाणुपुव्वी सेकिंत अणाणुपुव्वी २ एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरियाए पन्नरस गच्छगयाए सेढिये अन्न मन्नभासो दुरूवुणो सेत्त अणाणुपुव्वी॥

पदार्थ-(उड्ढलोए खेत्ताणुपुव्वी २ तिविहा प० त०) ऊर्ध्वलोक क्षेत्रानुपूर्वी तीनों प्रकार से वर्णित है जैसे कि (पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी) पूर्वानुपूर्वी पश्चात् आनुपूर्वी अनानुपूर्वी (सेकिंत पुव्वाणुपुव्वी २) (प्रश्न) पूर्वानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) उर्ध्वलोक की पूर्वानुपूर्वी निम्न प्रकार से है जैसे कि-(सोहम्मेसाणेसणं कुमार माहिन्देवम्भलोए लन्तए महासुक्के सहस्सारे आणए पाणए आरणे अच्चुए गविज्जविमाणे अणुत्तरोविमाणे इसीप्पभारा सेत्त पुव्वाणुपुव्वी) सुधर्मदेवलोक इसी प्रकार देवलोक शब्द सर्वत्र संयोजन कर लेवें १ ईशान २ सनत्कुमार ३ माहेन्द्र ४ ब्रह्मलोक ५ लांतक ६ महाशुक्र ७ सहस्रार ८ आनत ९ प्राणत १० आरण ११ अच्युत १२ ग्रैवेयक १३ अनुत्तरविमान १४ ईषत्प्रभारा पृथिवी १५ इन्हीं का नाम पूर्वानुपूर्वी है। (सेकिंत पच्छाणुपुव्वी २ इसीप्पभारा जावसोहम्मे सेत्त पच्छाणुपुव्वी) (प्रश्न) पश्चात् आनुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) ईसत्प्रभा पृथिवी से लेकर सुधर्म देवलोक

पर्यन्त जो गणना है उन्हीं का नाम पश्चात् आनुपूर्वी है (सेकित अणाणुपुव्वी २ एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरियाए पन्नरसगच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नभासो दुरूवुणो सेत्त अणाणुपुव्वी । (प्रश्न) अनानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) इन पच दश (१-२-३-४-५-६-७-८-९-१०-११-१२-१३-१४-१५) अकों को परस्पर गुणा करने पर यावन्मात्र भग*बने उनमें से आदि अत क भगों को छोड़कर शेष भग अनानुपूर्वी कहलाते हैं सो इन्हीं का नाम अनानुपूर्वी है ॥

भावार्थ-ऊर्ध्व लोक की तीनों प्रागवत् पूर्विया हैं सो द्वादश कल्प देवलोक ग्रैवयक १३ अनुत्तर विमान १४ ईषत् प्रभा १५ इस प्रकार की गणना को पूर्वानुपूर्वी कहते हैं इससे विपरीत को पश्चात् आनुपूर्वी कहते हैं पच दश अकों की श्रेणी का परस्पर गुणा करने पर यावन्मात्र भग बने उनमें से आदि अतके भग को छोड़ कर शेष रहे हुए भग अनानुपूर्वी कहाते हैं सो इन्ही का नाम अनानुपूर्वी है ।

अथ प्रकारान्तर विषय ।

अहवा उवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी तिविहा प० तं० पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी सेकिन पुव्वाणुपुव्वी २ एग पए सोगाढे जाव असखेज्जपए सोगाढे सेत पुव्वाणु- सेकित पच्छाणुपुव्वी २ असखेज्जपए सोगाढे जाव एगपए सोगाढे सेत्त पच्छाणु सेकित अणाणुपुव्वी एगाए चेव एगाइयाए एगुत्तरियाए असखेज्ज गच्छगयाए सेढीए अन्न मन्न भासो दुरूवुणो सेत्त अणाणुपुव्वी सेत्त उवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी ।

पदार्थ-(अहवा) अथवा (उवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी तिविहा प० त०) उपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी तीन प्रकार से विवर्ण की गई है जैसे-कि पुव्वाणुपुव्वी १ पच्छाणुपुव्वी २ अणाणुपुव्वी ३) पूर्वानुपूर्वी १ पश्चात् आनुपूर्वी २ अनानुपूर्वी ३ इस प्रकार गुरु के कहने पर शिष्यने फिर प्रश्न किया कि-गुरु

* नोट-१३०७६७४,३६८००० इतने भग १५ अको के होते हैं ॥

(सेकिंत पुव्वाणुपुव्वी) हे भगवन् ! पूर्वानुपूर्वी किसे कहते हैं गुरुने उत्तर दिया भो शिष्य ! पूर्वानुपूर्वी उसका नाम है जो (एगपए सोगाढे जाव असखेज्ज-पएसोगाढे सेत्त पुव्वाणुपुव्वी) द्रव्य अनुक्रमता पूर्वक आकाश के एक प्रदेश से लेकर यावत् असख्यात प्रदेशों पर्यन्त अवगाहन हुआ है उसे क्षेत्रानुपूर्वी कहते हैं (सेकिंत पच्छाणुपुव्वी २ असखेज्जपएसोगाढे जाव एगपए सोगाढे सेत्त पच्छापुव्वी) (प्रश्न) पश्चात् आनुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) जो असख्यात प्रदेशोपरि द्रव्य अवगाहन हुआ है यावत् एक प्रदेशोपरि अवगाहन होरहा है उसे पश्चात् आनुपूर्वी कहते हैं (सेकिंत अणाणुपुव्वी २ एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरियाए असखेज्ज गच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नब्भासो दुरूवूणो सेत्त अणाणुपुव्वी (प्रश्न) अनानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) इस आनुपूर्वी को एक २ की वृद्धि करते हुए असख्यात गच्छरूप श्रेणियें जब होजाए तब उनको परस्पर गुणाकार करके फिर उसके आदि और अत के रूप को छोड़ कर शेप जो भग रहते हैं उनको अनानुपूर्वी कहते हैं क्योंकि अनानुपूर्वी में यावन्मात्र अक होते हैं उनको परस्पर गुणा किया जाता है अपितु आदि और अत के अकों को वर्ज करके शेप रहे हुए अक अनानुपूर्वी कहलाते है। (सेत्त उवणिहिया खेत्ताणुपुव्वी) यही उपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी होता है ॥

भावार्थ-उपनिधि का क्षेत्रानुपूर्वी तीन प्रकार से वर्णन कीगई है जैसे कि पूर्वानुपूर्वी, पश्चात् आनुपूर्वी, अनानुपूर्वी जो द्रव्य आकाश के एक प्रदेश से लेकर यावत् असख्यात प्रदेशों पर अवगाहन हुआ है उसे पूर्वानुपूर्वी कहते हैं ठीक इससे विपरीत गणना को पश्चात् आनुपूर्वी कहते हैं और एक प्रदेश से लेकर यावत् असख्यात प्रदेश पर्यन्त जो श्रेणियें है उनको परस्पर गुणा करने से यावत्-प्रमाण भग बनते हैं उनमें से आदि और अत के भग को वर्ज करके, शेप रहे हुए भग अनानुपूर्वी कहलाते हैं यही उपनिधिका क्षेत्रानुपूर्वी है और इसे ही उपनिधिका कहते है ॥

अथ कालानुपूर्वी विषय ।

सेकिंतं कालाणुपुव्वी २ दुविहा पं० तं० उवणिहिया अणोवणिहिया तत्थ णं जा सा उवणिहिया सा ठप्पा तत्थ णं

जासा अणोवणिहिया सा दुविहा प० त० णेगमववहाराण सग्गहस्स णेगमववहाराण तहेव पचविहा जाव तिसमयट्ठिइए आणुपुव्वी जाव असखेज्ज समयट्ठिइए आणुपुव्वी एगसमय ट्ठितीय अणाणुपुव्वी दुसमयट्ठितीए अवत्तव्वए तिसमयट्ठितीयाओ आणुपुव्वीओ जाव असखेज्ज समयट्ठितीयाओ आणुपुव्वीओ एगसमय ट्ठितीयाओ अणाणुपुव्वीओ दुसमयट्ठितीयाइ अवत्तव्वयाइ सेत्त णेगमववहाराण अट्ठपयपरूवणया एयाए चेव णेगमववहाराण अट्ठपयपरूवणयाए किं पओयण २ भग समुक्कित्तणया कीरइ सेकिंत णेगमववहाराण, भगसमुक्कित्तणया २ अत्थि आणुपुव्वी अत्थि अणाणुपुव्वी अत्थि अवत्तव्वए एव दव्वाणुपुव्वी गमेण कालाणुपुव्वी एवित्ते चेव छव्वीस भगाणेयव्वा जाव सेत्त णेगमववहाराण भगसमुक्कित्तणयाए एयाए णेगमववहाराण भगसमुक्कित्तणयाए किं पओयण २ भगोवदसणया कीरइ सेकित्त णेगमववहाराणं भगोवदसणया २ तिसमयट्ठिइए आणुपुव्वी एगसमयट्ठिइए अणाणुपुव्वी दुसमयट्ठितीए अवत्तव्वए एत्थविसो चेव गमो सेत्त भगोवदसणया सेकित समोयारे णेगमववहाराण आणुपुव्वी दव्वाइ कहिं समोयरति किं आणुपुव्वि दव्वेहिं समोयरति पुच्छागो, आणुपुव्वी दव्वेहिं समोयरति नो अणाणुपुव्वी दव्वेहि समोयरति नो अवत्तव्वग दव्वेहिं समोयरति एव दोन्निवि सट्ठाणे २ समोयरति सेत्त समोयारे सेकित्त अणुगमे २ नवविहे पण्णत्ते तजहा सतपयपरूवणया जाव अप्पाबहु ॥

पदार्थ-(सेकिंत कालाणुपुव्वी २ दुविहा प० त०) (प्रश्न) कालानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) कालानुपूर्वी द्विप्रकार विवर्ण कीगई है जैसे कि (उवणिहियाय अणोवणिहियाए) उपनिधि का और अनुपनिधि का अपितु (तत्थ ण जा सा उवणिहियाए साइप्पा) जो उपनिधि का है वह इस समय स्थापनीय है क्योंकि उसका स्वरूप फिर किया जायगा किन्तु जो (तत्थ णजा सा अणावखिहिया सा दुविहा प० त०) उनमें से जो अनुपनिधि का है वह द्विप्रकार से प्रतिपादन कीगई है जैसे कि (णेगमववहाराण संगहस्स) नैगम और व्यवहारनय और सग्रहनय के मत से किन्तु (णेगमववहाराण तहेव पचविहा) नैगम और व्यवहारनय से पूर्ववत् पाच प्रकार से वर्णन कीगई है (जाव तिसमयट्ठिइए आणुपुव्वी जाव असखेज्ज समयट्ठिइए आणुपुव्वी) यावत् तीन समय की स्थिति वाला द्रव्य आनुपूर्वी सज्ञक होता है इसी प्रकार असख्यात समय की स्थिति वाला भी आनुपूर्वी सज्ञक होता है स्थिति की अपेक्षा से द्रव्यों की कालानुपूर्वी वनती है क्योंकि अभेदरूप होने से अपितु (एगसमयट्ठितीए अणाणुपुव्वी) एक समय की स्थिति वाला द्रव्य अनानुपूर्वी होता है (दुसमय ट्ठितीय अवत्तव्वए) द्विसमय की स्थिति वाला द्रव्य अवक्तव्य सज्ञक होता है यह तीन भग एक वचनान्त हैं अब तीनों के सूत्रकार बहुवचन सिद्ध करते हैं (तिसमयट्ठितीयाओ आणुपुव्वी जाव असखेज्ज समयट्ठितीयाओ आणुपुव्वीओ) बहुत से द्रव्य तीनों समय की स्थिति वालों की अपेक्षा से बहुतसी कालानुपूर्विया होती हैं इसी प्रकार यावत् असख्यात समय की स्थिति वालों द्रव्यों की अपेक्षा से बहुतसी कालानुपूर्विया होती है । (एगसमयट्ठितीयाओ अणाणुपुव्वीओ) बहुत से द्रव्यों की एक समय की स्थिति की अपेक्षा से बहुत सी अनानुपूर्विया होती है (दुसमयट्ठितीयाइ अवत्तव्वयाइ) बहुत से द्विसम की स्थिति वाले द्रव्यों की अपेक्षा से बहुत से अवक्तव्य द्रव्य होते हे (सेत्त णेगमववहाराण अट्ठपयपरूवणया) यही नैगम और व्यवहारनय के मत से अर्थ पद की प्रतिपादनता है । जब गुरु ने इस प्रकार से कहा तब शिष्य ने शका की कि हे भगवन ! (एयाए चव णेगमववहाराण अट्ठपयपरूवणयाए किं पओयण) इन नैगम और व्यवहारनय के मत से अर्थ पद प्रतिपादनता का मुख्य प्रयोजन क्या है ? इस प्रकार शिष्य की शका होने पर गुरु कहने लगे कि ! इनका मुख्य प्रयोजन (भगसमुक्कित्तणया कीरइ) भगों की समुत्कीर्तन

करना है अर्थात् इनके द्वारा भगों की समुत्कीर्तनता कीजाती है जब गुरु ने इस प्रकार से कहा तब शिष्य ने फिर पूछा कि (सेकिंत णेगमववहाराण भगसमुक्कित्तणया) वह कौनसी है जो नैगम और व्यवहारनय के मत से भग समुत्कीर्तनता है, गुरु ने उत्तर दिया कि (अत्थि आणुपुव्वी अत्थि अणाणुपुव्वी अत्थि अवत्तव्वय एव दव्वाणुपुव्वी गमेण कालाणुपुव्वी एविंचे चेव छव्वीस भगाणेयव्वा जाव सेत्त णेगमववहाराण भगसमुक्कित्तणयाए) एक आनुपूर्वी द्रव्य है एक अनानुपूर्वी द्रव्य है २ एक अवक्तव्य द्रव्य है ३सी प्रकार द्रव्यानुपूर्वीवत् कालानुपूर्वी जाननी चाहिये सो वही षट् विंशति भग भी जानने चाहिये माग्वत् यावत् यही नैगम और व्यवहारनय के मत से भगों की समुत्कीर्तनता है जब गुरु ने ऐसे कहा, तब फिर शिष्य ने शका की कि (एयाए णेगमववहाराण भगसमुक्कित्तणयाए किंपओयण २ भगोवदसणया कीरइ) इस नैगम और व्यवहारनय के मत से भग समुत्कीर्तनता का मुख्य प्रयोजन क्या है जब शिष्य ने ऐसे कहा तब गुरु ने उत्तर दिया कि इनका मुख्य प्रयोजन भगोपदर्शनता है अर्थात् इनके द्वारा भगोपदर्शनता कीजाती है शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि (सेकिंत णेगमववहाराण भगोवदसणया २ तिसमयट्ठिइए आणुपुव्वी एगसमयट्ठिइए अणाणुपुव्वी दुसमट्ठितीय अवत्तव्वए एत्थ विसो चेव गमो सेत्त भगोवदसणया) वह कौनसी नैगम और व्यवहारनय से भगोपदर्शनता है गुरु ने कहा कि तीन समय की स्थिति वाला द्रव्यआनुपूर्वी सञ्ज्ञक है एक समय की स्थिति वाला अनानुपूर्वी सञ्ज्ञक है, द्विसमय की स्थिति वाला अवक्तव्य सञ्ज्ञक है सा इसी प्रकार यहां पर उन्हीं भगों का उच्चारण करना चाहिये जो भगपूर्व दिखलाए गए हैं से शब्द अर्थ शब्द का वाचक है सो यही भगोपदर्शनता है (सेकिंत समोयारे) (प्रश्न) समवतार किसे कहते हैं (णेगमववहाराण आणुपुव्वी दव्वाइ कहिं समोयरति) और नैगम व्यवहार नयके मतसे आनुपूर्वी द्रव्य कहांपर समवतार होते है (किं आणुपुव्वी दव्वेहिं समोयरति पुच्छा) क्या आनुपूर्वी द्रव्यों में ही समवतार होते हैं या अनानुपूर्वी द्रव्यों में अथवा अवक्तव्य द्रव्यों में समवतार होते हैं (गोयमा आणुपुव्वी दव्वेहिं समोयरति नो अणाणुपुव्वी दव्वेहिं समोयरति नो अवत्तव्वगदव्वेहिं समोयरति) भगवान् ने उत्तर दिया कि हे गौतम ! आनुपूर्वी द्रव्य आनुपूर्वी द्रव्यों में ही

समवतार होते हैं अनानुपूर्वी द्रव्यों में समवतार नहीं होते अवक्तव्य द्रव्यों में भी समवतार नहीं होते केवल स्वजाति में ही समवतार होते हैं। (एव दोन्निवि सट्ठाणे २ समोयरति सेत्त समोयारे) इसी प्रकार अनानुपूर्वी द्रव्य और अवक्तव्य भी स्वस्थानों में ही समवतार होते हैं अन्य स्थानों में समवतार नहीं होते सो यही समवतार द्वार हैं (सेकित अनुगमे २ नवविहे प० त०) (प्रश्न) अनुगम कितने प्रकार से प्रतिपादन किया गया है (उत्तर) नव प्रकार से जैसे कि (सेत पयपरूवणया जाव अप्पाबहु) विद्यमान पदों की प्रतिपादनता यावत् अल्प बहुत पर्यन्त पूर्ववत् जानना चाहिये अब इनका पृथक् २ ता से विवर्ण किया जाता है जिससे बहुत ही सुलभ बोध हो।

भावार्थ-कालानुपूर्वी उसका नाम है जो द्रव्य काल से अभेद रूप हैं, जिनकी स्थिति काल से विद्यमान है सो कालानुपूर्वी कही जाती है स्थिति की अपेक्षा से कालानुपूर्वी बनजाती है सो कालानुपूर्वी के मुख्य दो भेद हैं उपनिधि का और अनुपनिधि का उनमें से उपनिधि का स्थापनीय है उसका स्वरूप फिर किया जायगा अपितु अनुपनिधि का दो प्रकार से कही गई है नैगम व्यवहार से और सग्रहनय से पुनः नैगम और व्यवहार नय के मतसे उसके ५ भेद हैं यावत् तीन समय की स्थिति वाला द्रव्य आनुपूर्वी सज्ञक होता है इसीप्रकार असंख्यात समय की स्थिति वाले द्रव्य को भी जान लेना चाहिये एक समय की स्थिति वाला अनानुपूर्वी होता है द्विसमय की स्थिति वाला अवक्तव्य सज्ञक होता है इन तीनों को बहुवचनान्त करने से आनुपूर्वी द्रव्य अनानुपूर्वी और अवक्तद्रव्य होते हैं, इस प्रकार जान लेने चाहिये यही नैगम और व्यवहारनय के मत से अर्थपद की प्रतिपादनता है सो इसका प्रयोजन भगों की समुत्कीर्तन करना है। भगों की समुत्कीर्तनता जैसे पूर्वद्रव्यानुपूर्वी में की गई है उसी प्रकार जान लेनी षट् विंशति भगों का स्वरूप यहापर दिखलाया गया है और भग समुत्कीर्तनता का मुख्य प्रयोजन भगोपदर्शनता है वहभी प्राग्वत् है क्योंकि पूर्व इनका सविस्तर स्वरूप दिखलाया जाचुका है अपितु नैगम और व्यवहार के मत यावन्मात्र द्रव्य हैं वह स्व जाति में समवतार होते है अन्यजातियों में नहीं जैसे कि आनुपूर्वी द्रव्य आनुपूर्वी द्रव्यों में समावेश किए जाते हैं अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्यों में नहीं, इसी प्रकार अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्यों के स्वरूप को भी जानना चाहिये इसी का नाम समवतार द्वार

है अतः अनुगम द्वार यावत् नव प्रकार से प्रतिपादन किया गया है, विद्यमान अर्थोंका प्रतिपादन यावत् अल्प बहुत पर्यन्त जानना ॥ अब इनका सविस्तार स्वरूप वर्णन किया जाता है ॥

मूल–णेगमववहाराण आणुपुव्वीदव्वाइ किं अत्थि नत्थि नियमा अत्थि एवं दोन्निवि ॥

पदार्थ—(णेगमववहाराण आणुपुव्वी दव्वाइ किं अत्थि नत्थि नियमा अत्थि एव दोन्निवि) (प्रश्न) नैगम और व्यवहार नय के मत से आनुपूर्वी द्रव्यों की अस्ति है किम्वा नास्ति है (उत्तर) नैगम और व्यवहार नय के मत से आनुपूर्वी द्रव्यों की निश्चय ही अस्ति है इसी प्रकार अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्यों की भी अस्ति है ॥

भावार्थ-नैगम और व्यवहार नय के मत से तीनों द्रव्यों की सदैव काल अस्ति है तीनों द्रव्य दोनों नयों के मत से सदैव काल विद्यमान रहते हैं ॥

अथ द्रव्यों के प्रमाण विषय ।

मूल-(णेगम ववहाराण आणुपुव्वीदव्वाइ किं संखेज्जाइ असंखेज्जाइ अणताइ नो सखेज्जाइ असखेज्जाइ नो अणताइ एव दोन्निवि णेगमववहाराण आणुपुव्वीदव्वाइं लोगस्स किं सखेज्जइभागे पुच्छा एग दव्वं पडुच्च सखेज्जइ भागे वा होज्जा जाव देसूणे लोए वा होज्जा नानादव्वाइ पडुच्च नियमा सव्वलोए होज्जा एव दोन्निवि एव फुसणावि णेगमववहाराण आणुपुव्वीदव्वाइ कालओ केवचिर होइ एग दव्व पडुच्च जहन्नेण तिन्निसमया उक्कोसेण असखेज्ज काल नाना दव्वाइ पडुच्च सव्वद्धा णेगमववहाराण अणाणुपुव्वीदव्वाइ कालओ केवचिर होइ एग दव्व पडुच्च अजहन्नमणुक्कोसेणएग समय नानादव्वाइ पडुच्च नियमा सव्वद्धा अवत्तव्वगदव्वाण पुच्छा एग दव्व पडुच्च अजहन्नमणुक्कोसेण दोसमयाइ नाना

दव्वाइं पडुच्च सव्वद्धा णेगमववहाराण आणुपुव्वीदव्वाइ अतर कालओ केवचिर होइ एग दव्व पडुच्च जहन्नेण एग समयं उक्कोसेणं दोसमया नाना दव्वाइ पडुच्च नत्थि अतर णेगमववहाराण अणाणुपुव्वीदव्वाण पुच्छा एगं दव्वं पडुच्च जहन्नेण दोसमया उक्कोसेण असखेज्ज कालं नाना दव्वाइ पडुच्च नत्थि अंतर णेगमववहाराण अवत्तव्वगदव्वाणं पुच्छा एग दव्व पडुच्च जहन्नेण एग समय उक्कोसेण असखेज्ज काल नाना दव्वाइं पडुच्च नत्थि अतर णेगमववहाराण आणुपुव्वीदव्वाइं सेसदव्वाण कइभागे होज्जा पुच्छा जहेव खेत्ताणुपुव्वीय भावो वितहेव अप्पा वहुपि तहेवनेयज जावमेत्त णेगम ववहाराण अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी

पदार्थ-(णेगमववहाराण आणुपुव्वीदव्वाइ किं सखेज्जाइ असखेज्जाइ अणताइ) (प्रश्न) नैगम और व्यवहारनय के मत से आनुपूर्वी द्रव्य क्या सख्यात द्रव्य हैं वा असख्यात द्रव्य हैं तथा अनत द्रव्य हैं (उत्तर) (नो सखेज्जाइ असखेज्जाइ नो अणताइ) सख्यात नहीं हैं असख्यात हैं किन्तु अनत भी नहीं है (एव दोन्निवि) इसी प्रकार अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्य भी जान लेने चाहिये । (णेगमववहाराण आणुपुव्वीदव्वाइ लोगस्स किं सखेज्जइ भागे होज्जा पुच्छा) (प्रश्न) नैगम और व्यवहारनय के मत से आनुपूर्वी द्रव्य लोक के सख्यात भाग में होते हैं वा असख्यात भाग में अथवा बहुत से सख्यात असख्यात भागों में होते हैं तथा सर्व लोक में ही होते हैं (एग दव्व पडुच्च सखेज्जइ भागे होज्जा जाव देसूणे वा लोए होज्जा नानादव्वाइ पडुच्च नियमा सव्वलोए होज्जा) (उत्तर) एक द्रव्य की अपेक्षा से लोक के सख्यात भाग में होजाता है असख्यात भाग में भी होजाता है यावत् स्वल्प भाग को छोडकर सर्वलोक में भी होजाता है अचित महास्कधवत् अथवा केवली की समुद्घातवत् अपितु नाना प्रकार के द्रव्यों की अपेक्षा से निश्चय ही सर्व लोक में आनुपूर्वी द्रव्य होते हैं (एव दोन्निवि) इसी प्रकार अनानुपूर्वी और अवक्तव्य द्रव्यों के स्वरूप को भी जानना चाहिये (एव फुसणावि) इसी

भागे होज्जा पुच्छा) हे भगवन् ! नैगम और व्यवहारनय के मत से , आनुपूर्वी द्रव्य शेष द्रव्यों के कतिपय भाग में होता है गुरु कहते हैं (जहेव खत्ताणुपुव्वीए भावो तितहेव अप्पाबहुपि तहेव नेयव्व जाव सेत्त णेगमववहाराणं अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी) जैसे क्षेत्रानुपूर्वी का भाव वर्णन किया गया है-उसी प्रकार कालानुपूर्वी का भी भाव जान लेना चाहिये , और उसी प्रकार अल्प बहुत्वद्वार भी जान लेना यही नैगम और व्यवहारनय के मत से अनुपनिधि का कालानुपूर्वी है स शब्द अथ शब्द का वाची है इसीवास्ते सूत्र में से शब्द पुन २ ग्रहण किया गया है ।

भावार्थ-नैगम और व्यवहार नय के मतमे तीनों द्रव्य असंख्यात हैं और तीनों द्रव्य लोक के सख्यात भाग में वा असख्यात भाग में वा दशून सर्व लोक में हो सकते हैं अत. तीनों द्रव्य नाना प्रकार के द्रव्यों अपेक्षा से सदैव काल विद्यमान रहते है इसी प्रकार स्पर्शनाद्वार जान लेना । नैगम और व्यवहार नय क मत से आनुपूर्वी द्रव्य जघन्य काल तीन समय उत्कृष्ट असख्यात काल पर्यन्त रहता है अपितु नाना प्रकार के द्रव्यों की अपेक्षा से यह द्रव्य सदैव काल रहते हैं तथा उक्त दोनों नयों के मतसे एक अनानुपूर्वी द्रव्य एक समय मात्र रहता है नाना प्रकार के द्रव्यों की अपेक्षा से सदैव काल रहते है और अवक्तव्य द्रव्य की स्थिति दो समय मात्र है नाना प्रकार के अवक्तव्य द्रव्य सदैव काल रहते हैं और नैगम व्यवहार नय के मत से एक आनुपूर्वी द्रव्य का जघन्य से एक समय प्रमाण उत्कृष्ट दो समय मात्र अतर काल होता है किन्तु नाना प्रकार के आनुपूर्वी द्रव्यों की अपेक्षा से अतर काल नहीं होता है और अनानुपूर्वी द्रव्य का जघन्य दो समय प्रमाण उत्कृष्ट असख्यात काल का अतर काल हो जाता है किन्तु नाना प्रकार के अनानुपूर्वी द्रव्यों का अतर काल नहीं होता है क्योंकि वे सदैव काल रहते हैं नैगम और व्यवहार नयके मत से एक अवक्तव्य द्रव्य का जघन्य से एक समय प्रमाण उत्कृष्ट असख्यात काल पर्यन्त अतर काल है अपितु अनेक अवक्तव्य द्रव्यों की अपेक्षा से अतर काल नहीं होता है मो अतर काल का तात्पर्य इतना ही है कि-अपनी जाति को छोडकर पर जाति में प्रवेश करना फिर स्वजाति में आजाना तो उसको अतर काल कहते है यह वर्णन उक्त दोनों नयों के मत से किया गया है और यह तीनों द्रव्य परस्पर द्रव्यों के कतिपय भागों में होते है इस विषय में

जैसे क्षेत्रानुपूर्वी में कथन किया गया है उसी प्रकार जान लेना चाहिये वैसेही अल्प बहुत्व द्वार का भी समास जान लेना । यह नैगम और व्यवहार नयके मत से अनुपनिधि का कालानुपूर्वी वर्णन की गई है अब संग्रहनय के मत से अनुपनिधि का कालानुपूर्वी का विवर्ण किया जाता है ।

अथ संग्रह नय विषय ।

सेकिंत संग्गहस्स अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी पंचविहा प० तं० अट्ठपयपरूवणया एवमाइ जहेव खेत्ताणुपुव्वी संग्गहस्स तहा कालाणुपुव्वी एविभाणियव्वाइ नवर ठिइ अभिलावे जाव सेत्त अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी ॥

पदार्थ-(सेकिंत संग्गहस्स अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी २ पचविहा पं० त०) हे पूज्य ! संग्रह नय के मत से वर्णन की हुई अनुपनिधि का कालानुपूर्वी कौनसी है गुरु कहते हैं कि-संग्रह नय के मत से अनुपनिधि का कालानुपूर्वी पांच प्रकार से प्रतिपादन कीगई है जैसे कि-(अट्ठपयपरूवणया एवमाइजहेव खेत्ताणुपुव्वी संग्गहस्स तहेव कालाणुपुव्वी एविभाणियव्वाइ) जैसे कि-अर्थ पद प्रतिपादनता १ भंगसमुत्कीर्तनता २ भगोपदर्शनता ३ समवतार ४ और अनुगम ५ और शेष विवर्ण जैसे क्षेत्रानुपूर्वी का कथन किया गया है उसी प्रकार कालानुपूर्वी का भी समास जान लेना चाहिये (नवर ठिइअभिलावे जाव सेत्त अणोवणिहिया कालाणुपुव्वी) किन्तु इतना विशेष है कि स्थिति बोधक सूत्र कहना चाहिये सो इसी का नाम अनुपनिधि का कालानुपूर्वी कहते हैं ॥

भावार्थ-संग्रह नय के मत से अनुपनिधि का कालानुपूर्वी पाच प्रकार से वर्णन कीगई है शेष विवर्ण जैसे पूर्व क्षेत्रानुपूर्वी का विवर्ण किया गया है उसी प्रकार कालानुपूर्वी का विवरन जान लेना चाहिये अपितु यहां पर स्थिति का अभिलापक ग्रहण करो सो इसी का नाम अनुपनिधि का कालानुपूर्वी कहते हैं अब इस के पश्चात् उपनिधि का कालानुपूर्वी का वर्णन किया जाता है ॥

अथ उपनिधिका कालानुपूर्वी विषय ।

सेकिंत उवणिहिया कालाणुपुव्वी २ तिविहा पण्णत्ते

तंजहा पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी सेकिंतं पुव्वा-
णुपुव्वी समय १ आवलिया २ आणा पाणु ३ थोवे ४
लवे ५ मुहुत्ते ६ अहोरत्ते ७ पक्खे ८ मासे ९ उऊ १० अयणे ११
संवच्छरे १२ जुगे १३ वाससए १४ वाससहस्से १५ वाससय
सहस्से १६ पुव्वगे १७ पुव्वे १८ तुडियगे १९ तुडिय २० अड्ड-
डागे २१ अडडे २२ अववगे २३ अववे २४ हुहुअगे २५ हुहु-
ए २६ उप्पलगे २७ उप्पले २८ पउमगे २९ पउमे ३० णलिणगे
३१ णलिणे ३२ अत्थिणिऊरगे ३३ अत्थिणिउरे ३४ अजु-
यगे ३५ अजुए ३६ नउअगे ३७ नउय ३८ पउअगे ३९ पउए
४० चूलिअगे ४१ चूलिया ४२ सीसपहेलिअगे ४३ सीसपहे-
लिए ४४ पलिउवमे ४५ सागरोवमभे ४६ ओसप्पिणि ४७
उस्सप्पिणि ४८ पोग्गलपरियट्टे ४९ तीतद्धा ५० अणागयद्धा
५१ सव्वद्धा ५२ सेत पुव्वाणुपुव्वी सेकिंत पच्छाणुपुव्वी सव्व
द्धा जाव समय सेत्त पच्छाणुपुव्वी सेकिंत अणाणुपुव्वी एयाए
चेव एगाइयाए एगुत्तरियाए अणतगच्छगयाए सेढीए अन्नमन्न
ब्भासो दुरूवूणो सेत्त अणाणुपुव्वी अहवा उवणिहिया का-
लाणुपुव्वी २ तिविहा प० त० पुव्वाणुपुव्वी पच्छाणुपुव्वी २
अणाणुपुव्वी सेकित पुव्वाणुपुव्वी २ एग समयट्ठितीए जाव
असखेज्ज समयट्ठिइए सेत्त पुव्वाणुपुव्वी सेकिंत पच्छाणुपुव्वी
२ असखेज्ज समयट्ठिइय जाव एगसमयट्ठिइय सेत्त पच्छाणु-
पुव्वी सेकिंत अणाणुपुव्वी २ एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरि-
याए असखेज्ज गच्छगयाए सेढीए अन्नमन्नब्भासो दुरूवूणो
सेत्त अणाणुपुव्वी सेत्त उवणिहिया कालाणुपुव्वी सेत्त का-
लाणुपुव्वी ॥

पदार्थ-(सेकिंत उवणिहिया कालाणु पुव्वी २ तिविहा प० तं० पुव्वाणु पुव्वी पच्छाणुपुव्वी अणाणुपुव्वी) हे भगवन् ! उपनिधि का कालानापूर्वी कितने प्रकार से वित्रर्ण की गई है। ऐसे शिष्य के पूछने पर गुरु कहते हैं भो-शिष्य ! उपनिधि का कालानुपूर्वी तीना प्रकार से कथन की गई है जैसे कि पूर्वानुपूर्वी १ पश्चात् आनुपूर्वी २ अनानुपूर्वी (सेकिंत पुव्वाणु पुव्वी २) (प्रश्न) पूर्वानुपूर्वी किसे कहते हैं (उत्तर) उपनिधि का कालानुपूर्वी उसका नाम है जो उपनाम समीप का है कालानुपूर्वी नाम कालानुक्रमता का है सो जो काल को समीप किया जाय वही उपनिधि का कालानुपूर्वी कही जाती है उस की पूर्वानुपूर्वी निम्न प्रकार से है (समय १) सर्वसे सूक्ष्म जिस क द्विभाग न हो उसे समय कहते है वही काल की गणना का आदिभूत है इसलिये प्रथम समय कथन किया गया है फिर (आवलिया २) असंख्यात समयों क काल को आवलिका कहते हैं (आण पाणु ३) संख्यात आवलिकाओं का एकसा श्वोछ्वास होता है उसी को एक प्राण कहते है (थोवे ४) सात प्राणों का एक थोव (स्तोक) होता है (लवे ५) सात स्तोकों का एक लव होता है (मुहु-त्ते ६) और ७७ लवों का एक मुहूर्त (दोघटिका) होता है (अहोरत्ते ७) तीस मुहूर्तों का एक अहोरात्र होता है (पक्खे ८) १५ पंचदश अहोरात्रों का एक पक्ष होता है (मासे ९) २ पक्षों का एक मास होता है (उऊ १०) दो मासों की एक ऋतु होती है (अयणे ११) और तीन ऋतुओं की एक अयण होती है (सम्वत्सरे १२) दो अयणों का एक सम्वत्सर (वर्ष) होता है (युगे) पाच सम्वत्सरों का एक युग होता है और (वाससए १४) बीस युगों के १०० वर्ष होते हैं (वाससहस्से १५) दश शत एकत्र करने पर एक सहस्र होता है (वाससयसहस्से १६) एक शत सहस्र वर्ष एकत्र होने पर एक लक्ष वर्ष होता है (पुव्वंगे १७) चौराशी ८४ लक्ष वर्षों का एक पूर्वाङ्ग होता है (पुव्वे १८) और ८४ लाख पूर्वाङ्गों का एक पूर्व होता है अर्थात् पूर्वांग को चौरासी लाख गुणा करने से एक पूर्व होता है एक पूर्व के सत्तर लाख करोड़ और छप्पन सहस्र करोड़ वर्ष होते हैं तथा अङ्कों को भी देख लीजिये ७०५६००००००००००

और (तुडियंगे १९) और एक पूर्व को ८४ लाख गुणा करने से एक त्रुटि-ताग होता है और (तुडिए २०) और त्रुटिताग को चोराशी लाख गुणा करने एक त्रुटित होता है (अडडांगे २१) चोराशी लाख त्रुटितों का एक

अट्टांग होता है इसी प्रकार आगे सर्व को चोराशी लाख गुणा करते चले जाना (अडड २२) चोराशी लाख अट्टांगों का एक अटट होता है (अवबंगे २३) चोराशी लाख अटट को गुणा करने से एक अववग होता है (अवने २४) और उसको चोराशी लाख गुणा करने से एक अवव होता है (हु हु अगे २५) अवव को चौराशी लाख गुणा करने से एक हुहुतांग होता है (हुहुए २६) और हुहुतांग को चोराशी लक्ष गुणा करने से एक हुहुक होता है (उप्पलगे २७) चोरासी लक्ष हुहुक को गुणा करने से एक उत्पलांग-होता है (उप्पले २८) उत्पलांग को ८४ लक्ष गुणा करने से एक उत्पल होता है (पउमगे २९) उक्त को ८४ लक्ष गुणा करने से एक पद्मांग होता है इसी प्रकार आगे भी समझ लेना किंतु पिछले से अगला चौरासी लाख गुणा करते जाना (पउमे ३०) पद्म (णलिणगे ३१) नालिनाग (णलिण ३२) नलिन (अत्थिणि उरे ३३) अर्थिनि पूरांग (अत्थिणिपुरे ३४) अर्थिनी पूर. (अजुयगे ३५) अयुताग (अजुय ३६) अयुत (नउअगे ३७) नियुताग और (नउय ३८) नियुत (पउमगे ३९) और प्रयुतांग (पउय ४०) प्रयुत (चूलिअगे ४१) चूलिकांग और (चूलिया ४२) चूलिका (सीस पहेलि अगे ४३) शीर्ष प्रहेलिकाग और (सीस पहेलिय ४४) शीर्ष प्रहेलिका यह सर्व पिछले अकों से अगला अंक चौराशी लाख गुणा किया जाता है तब शीर्ष प्रहेलिका के सर्व अंक इतने हुए, ७५०२६३२०, ३०७३२०१०२४११ ५७९७३५६९९७५६९४०, ६२१८९६६८४८०८०३२९६ इनों से आगे १४० चाली करल विन्दु लिखे जावें तब १९४ अकों पर्यन्त सख्या शब्द व्यवहृत होता है अर्थात् गणना १९४ वें अक्षरों पर्यन्त है आगे उपमा से काम लिया जाता है जिसका विवर्ण चेत्र प्रमाण के विषय में किया जायगा (पलिउवमे ४५) पल्योपम प्रमाण और (सागरोवमे ४६) सागरोपम प्रमाण (उसप्पिणि ४७) उत्सर्पिणी काल (उस्सप्पिणिन ४८) अवसर्पिणी काल (पोग्गले परियट्टे ४९) दश कोटाकोटि सागरोपम से एक अवसर्पिणी काल होता है और दश कोटाकोटि सागरोपम प्रमाण एक उत्सर्पिणी काल अपितु अनन्त उत्सार्पिणी और अवसर्पिणियों के एकत्रित करने से एक पुद्गल परावर्तन होता है (तीतद्धा ५०) अनन्त पुद्गल परावर्तनों का भूतकाल है और (अणागयद्धा ५१) तावत्प्रमाण भविष्यत् काल है (सव्वद्धा ५२) दोनों के मिलने से सर्व

काल होता है (सेत्त पुव्वाणुपुव्वी) सो इसको पूर्वानुपूर्वी कहते हैं (सेकिंत पच्छाणुपुव्वी सव्वद्धा जाव समय सेत्त पच्छाणुपुव्वी) हे भगवन् ! पश्चात् आनुपूर्वी किसे कहते हैं भो शिष्य ! सर्व काल से लेकर यावत् एक समय पर्यंत जो गणना कीजाती है उसी को पश्चात् आनुपूर्वी कहते हैं (सेकिंत अणाणुपुव्वी २ एयाए चेव एगाइयाए एगुत्तरियाए अणन्त गच्छ गयाए सढीए अन्न मन्नभासो दुरूवूणो सेत्त अणाणुपुव्वी) शिष्य ने फिर प्रश्न किया कि हे भगवन् ! अनानुपूर्वी किसे कहते हैं गुरु ने उत्तर दिया कि भो शिष्य ! यह जो पूर्वानुपूर्वी की गणना है इसको एक से वृद्धि करते हुए अनन्त गच्छ रूप श्रेणियें जब होजाए तब परस्पर गुणा करने से यावन्मात्र भग बनते हैं उनमें से आदि और अंत के भग के न्यून करने से शेष रहे हुए भगों को अनानुपूर्वी कहते हैं। यही

पदार्थ (अह) अत्र (कुसुमसभवे) पुष्पों के उत्पन्न होने के (काले) कालमें (कोइला) कोइल (पंचम) पचम (सर) स्वर भाषण करती है अतः (छट्ठच) धैवत स्वर (सरसा कुचा) सारस और क्रौंच पक्षी बोलते हैं पुन (नेसाय) निषाध स्वर (सतम) जो सप्तम है वह (गतो ५) गज का होता है अर्थात

जो निषाद स्वर है वो हस्ती का होता है इसलिये (सतमगतो ५) यह सूत्र दिया गया है ५ यह सप्त स्वर जीव की निश्राय कथन किए गये हैं अब सात ही स्वर अजीव की निश्राय कहते हैं अर्थात जो वादिंत्र से उत्पन्न होते हैं ॥

भावार्थ-वसंत ऋतु में कोइल पंचम स्वरमें बोलती है सारस और क्रौंचपक्षि धैवत स्वर में शब्द उच्चारण करते हैं अपितु सप्तम स्वर में हस्ती का शब्द होता है यह सात ही स्वर जीवों की निश्राय वर्णन किए गए हैं अब इस के आगे सातों स्वर अजीव की निश्राय में जो हैं उनका विवर्ण करते हैं ॥

॥ अथ सप्त स्वर अजीवनिश्राय विषय ॥

सत्त सरा अजीवनिस्सिया प त ।

पदार्थ- (सत) सप्त (सरा) स्वर (अजीव) अजीव वादित्रादि की (निस्सिया) निश्राय (प. त.) प्रतिपादन किए गये हैं जैसे कि—

भावार्थ-सप्त स्वरा अजीव की निश्राय मे कहे गए हैं जो आगे कहे जाते हैं।

मूल-सज्ज रवइ मुयगो, गोमुही रिसभ सरं संक्खो रवइगंधारं मज्झिम पुणझल्लरी ६ चउचलणपइट्ठाणा गोहिया पचम सरं आडंबरो यरेवइयं महाभेरी य सत्तम ॥ ७ ॥

पदार्थ- (सज्जरवइमुयगो) मृदंग षड्ज स्वर में बजता है और (गोमुही) गोमुखी नामावादित्र (रिसभ) ऋषभ (सर) स्वर में बोलता है अत (सक्खो) शंख (रवइ) बोलता है (गंधारं) गांधार स्वर और (मज्झिम) मध्यमस्वर (पुण) पुन (झल्लरी) छैणों का होता है क्योंकि छैणोंका शब्द मध्यभाग से निकलता है इसलिये उनका मध्यम स्वर होता है ६ (चउचलण) चार जिसके चरण (पइठाणा) भूमि पर प्रतिष्ठित हैं और (गोमुही) गोधिका उस वादित्र का नाम है वह (पचम) पंचम नामक (स्वर) स्वर में बोलता है और (आडंबरोय) पटह (ढोल] नामक वादित्र (रेवइय) रेवत (धैवत) नामक स्वर में शब्द उच्चारण करता है और (महाभेरीय) महा भेरी नामक वादित्र (सतम७) सतम निषाद नामक स्वर में उच्चारण करता है ७ किंतु यह सर्व एक अंश को लेकर इन के उदाहरण दिए गए हैं ॥

भावार्थ-षड्ज स्वर मृदंग नामक वादित्र से निकलता है क्योंकि यह सर्व देश मात्र उदाहरण है अपितु षड्ज स्वर की षट् स्थानों से उत्पत्ति मानी गई है किन्तु यहा पर केवल अग्र भाग के प्रमाण का मानकर मृदंग मानकर मृदंग को षड्ज स्वर माना है इसी प्रकार गोमुखी नामक वादित्र ऋषभ स्वर में शब्द उच्चारण करता है और शंख का गान्धार स्वर होता है झलरी (छैणों का) का मध्यम स्वर है पटह (ढोल) का स्वर धैवत स्वर होता है और महा भेरी सप्तम स्वर में शब्द उच्चारण करती है अत जिस वादित्र के चार चरण हैं गोधिका उसका नाम है और भूमी पर रखकर उस बजाया जाता है उसके शब्द को पचम स्वर कहते है ७ यह सर्व सप्त स्वर जीव और अजीव की निश्राय वर्णन किये गये हैं किन्तु कतिपय ग्रन्थकारों ने जीव निश्राय स्वरों के विषय में निम्न प्रकार से भी उदाहरण दिये है जैसे कि-षड्जरौति मयूरस्तु गावो न दति चर्षभम । अजाविकौ चगान्धार क्रौञ्चोनदति मध्यमम् ॥ १ ॥ पुष्प साधा रणे काले कोकिलोरौति पचमम् अश्वस्तु धैवत रौति निषाद रौति कुंजर ॥२॥ अर्थात् मोर षड्ज शब्द को बोलता है बैल ऋषभ शब्द को बोलता है भेड बकरी गान्धार स्वर को बोलते है क्रौञ्च पक्षी मध्यम स्वर को बोलता है घोडा धैवत स्वर को बोलता है कोकिल बसत ऋतु में पचम सुर बोलता है हस्ति निषाद स्वर को बोलता है सो यह सप्त स्वरों के जीव निश्रित उदाहरण दिख लाये गये है अब जिस जीव को जिस स्वर की स्वाभाविक प्राप्ति होती है उस के लक्षणों के विषय में कहते है क्योंकि लक्षणों द्वारा उस स्वर का पूर्णप्रकार से निश्चय होता है।

अथ सप्त स्वरों के लक्षण विषय।

एएसि ण सत्तण्ह सराण सत्त सरलक्खणा प० त० सज्जे ण लहइवित्तिं कयं च न विणस्सइ गावो पुत्ता य मित्ता य नारीण होइ वल्लभो ७ ॥

पदार्थ-(एएसि ण) इन (सत्तण्ह) सातों (सराण) स्वरों के (सत सर) सात स्वर (लक्खणा) लक्षण प्रतिपादन किए गए हैं अर्थात सप्त स्वरों की लक्षणों द्वारा प्रतीती होती है जैसे कि (सज्जेण) षड्ज स्वर से

(लहइ) माप्ति होती है (वित) वृति का अर्थात पड्ज स्वर के प्रभाव से आ जीविका की वृद्धि होती है फिर (कय च) उसका किया हुआ कार्य (नविराणस्सइ) विनाश को प्राप्त नहीं होता अत. जो वह करदे वह सबको माननीय होता है और (गावो) गौएं (पुत्ताय) और पुत्र तथा (मित्ताय) मित्र भी उसक बहुत से होते हैं पुनः (नारीण) नारियो को (हाइ) होता है (वल्लभो) वल्लभ ॥ १ ॥

भावार्थ-सात स्वरों के सात लक्षण बतलाए गये हैं जिन के द्वारा स्वर द्वार बहुतशी शीघ्र उत्पन्न होजाए जैसे कि जिस व्यक्ति का पड्ज स्वर होता है उसकी आजीविका ठीक होती है और उसके द्वारा उस धन की प्राप्ति भी अनीव होती रहती है फिर उसका किया हुआ कार्य सबको माननीय होता है गौएं पुत्र वा मित्र उसके बहुत से होते हैं अत नारी जनों को भी वह वल्लभ होता है सो इन के द्वारा प्रथम स्वर की लक्ष्यता होती है ॥ १ ॥

। अथ ऋषभ स्वर लक्षण विषय ॥

रिसभेणउ एसज्ज सेणावच्च धणाणि य । वत्थगधमलकारं इत्थिओ सयणाणि य ॥ ६ ।

पदार्थ-(रिसभेणउए) ऋषभ स्वर से प्राप्त होता है (सज्ज) ऐश्वर्य भाव और (सेणावच्च) सेनापतिभाव और (धणाणिय) धन का सग्रह अतीव होना तथा (वत्थ) वस्त्र (गध) सुगन्धादि पदार्थ (अलकार) अलकारादि पदार्थ उसको मिलते है तथा (इत्थिओ) स्त्रियों की भी उसको प्राप्ति होती है (सयणाणिय ६) और पर्यकादि की भी उसको अत्यत प्राप्ति होती है ॥ ६ ॥

भावार्थ- ऋषभ स्वर के महातम्य से ऐश्वर्य भाव वा सेनापति और धन का अतीव सग्रह व स्वगंध अलकार स्त्रियें पर्यकादि शय्या सर्व प्रकार के पदार्थ उपलब्ध होते है और इन लक्षणों से निश्चय होता है कि-इस व्यक्ति का ऋषभ स्वर है ॥ ६ ॥

॥ अथ गांधार स्वर लक्षण विषय ॥

गधारे गीइजुत्तिन्ना वज्जवित्ति कलाहिया ॥ हवति कवि-णोपन्ना जो अन्ने सत्थपारगा ॥ १० ॥

पदार्थ- (गधारे) गाधार स्वर वाला पुरुष (गीई) गीतादि (जुइन्ना) ज्ञाता होता है और जिसकी (वज्ज) प्रधान (वित्ति) आजीविका होती है पुनः (कलाहिया) कला अधिक होती है अर्थात् कलाओं में प्रवीण होता है पुन इस स्वर वाले (हवति कविणोपन्ना) कवि होते हैं अपितु (प्रज्ञा) बुद्धिवान् कवि होते हैं (ज) जो (अन्ने) अन्य छन्दादि (सत्थ) शास्त्र के भी (पारगा १०) पारगामी होते हैं ॥ १० ॥

भावार्थ गाधार स्वर वाला गीता के ज्ञान का गीतज्ञ होता है और जिस की ससार में (वज्जवित्ति) प्रधान आजीविका होती है पुन' कलाओं में प्रवीण होता है फिर इस स्वर वाले कवि होते हैं अत बुद्धिमान कवि होते हैं जो अन्य छन्दादि शास्त्रों के भी पारगामी होते हैं सो इन लक्षणों द्वारा गाधार स्वर की पूर्ण लक्षणता होजाती है कि इस व्यक्ति का गाधार स्वर है ॥ १० ॥

॥ अथ मध्यम स्वर लक्षण विषय ॥

मज्झिमसर मत्ताउ हवति सुह जीविणो । खायइ पियइ देई मज्झिम सरमास्सिउ ॥ ११ ॥

पदार्थ- (मज्झिम) मध्यम (सर) स्वर (मत्ताउ) वालेजीव (हवति) होते हैं (सुह जीवणे) सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करनेवाले जैसे कि (खाइय) खाना (पीयइ) पीना (देइ) देना अर्थात् खानाहै पीनाहै देनाहै (मज्झि- मध्यम (सर) स्वर (मस्सिउ ११) आश्रित वाला जीव ॥ ११ ॥

भावार्थ-मध्यम स्वर वाले जीव सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करने वाले है उनके खान पान करने में वा देने में किसी प्रकार से भी विघ्न उपस्थित नहीं होते किंतु पदार्थों के विशेष सग्रह करने में वे असमर्थ होते हैं इसी करके वे मध्यम स्वर आश्रित कहे जाते हैं ॥ ११ ॥

॥ अथ पंचम स्वर लक्षण विषय ॥

पंचम सरमंताउ हवंति पुहवीपती । सुरा संग्रह कत्तारो अणेग नरणायगा ॥ १२ ॥

पदार्थ- (पंचम) पंचम (सर) स्वर (मंताउ) वाले जीव (हवंति) होते हैं (पुहवी) पृथवी (पति) के पति पुनः (सूरा) शूरवीर होते हुए (संगह) पदार्थों के (कत्तारो) संग्रह करने वाले होते हैं, और (अणेक) अनेक (नर नायगा) नर नायक होते हैं अर्थात् नरों के अधिपति होते हैं यह सर्व पंचम स्वर के लक्षण हैं और इन्हीं लक्षणों द्वारा स्वर की प्रतीति होती है ॥ १२ ॥

भावार्थ-पंचम स्वर वाले जीव भूमी के अधिपती होते हैं और समर में शूर वीर भी होते हैं तथा अनेक प्रकार के पदार्थों के भी संग्रह करने वाले होते हैं फिर अनेक नरों के नाथ भी होते हैं यह पंचम स्वर के लक्षण हैं इसके पीछे अब छठे स्वर के लक्षण कहते हैं ॥ १२ ॥

धेवंय सरमंताउ हवंती दुहजीविणो कुचेला य कुवित्ति उ चोरा चडाल मुट्ठिया ॥ १३ ॥

नोट-१ रेवत सरमंताउ भवति कलहप्पिया साउणिया वग्गुरिया सोयरिया मच्छ बंधाय १

रेवत स्वर वाले जीवों को क्लेश प्रिय होता है वे पक्षियों के मारने वाले व मृगादि के पकड़ने वाले होते हैं तथा सूकरों के पकड़ने वाले वा मत्स्य के बंधन करने वाले होते हैं ॥ १० ॥

२ चंडाला मुट्ठिया सेया जे अन्ने पाव कम्मुणो गोघात गा ये चोराणे साय सरमस्सिया ॥१३॥

जो चंडालादि कर्म करने वाले और मुष्टिक आदि का प्रहार करने वाले तथा जो अन्य प्रकार के पाप कर्म करने वाले हैं जैसे कि गो घातक गौओं की घात करने वाले अथवा जो चोर हैं वे सब निषाद स्वर के आश्रित होते हैं अर्थात् गो आदि उपकारी पशुओं की हिंसा करने वाले होते हैं।

॥ श्रीस्थानांग सूत्र अध्याय ७ गाथा १२ १३ ॥

पदार्थ-(धेवय) धैवत (सर) स्वर (मताउ) वाले जीव (हवंति) होते हैं (दुहजीविणो) दुःख पूर्वक जीवन व्यतीत करने वाले फिर जिनके (कुचेला) कुवस्त्र पहिरे हुए होते हैं और जिनकी (कुवितिय कुवृत्ति होती है यह स्वर भाव (चोरा) चोरों का (चंडाल) चंडालों का (मुट्ठिया) मुष्टि मल्लादिका होता है और यह स्वर निषिद्ध होता है ॥ १३ ॥

भावार्थ—धैवत स्वर वाले जीव दुःख पूर्वक जीवन व्यतीत करने वाले होते हैं पुनः जिनके कुवस्त्र और दुष्ट आजीविका होती है इस स्वर के धारने वाले जीव चौर्य कर्म करने वाले होते हैं वा चांडालादि के क्रिया करने वाले वा मुष्टिकादि से प्रहार करने वाले होते हैं इसीलिए यह स्वर निषिद्ध होता है तथा इस स्वर वाला जीव पाप कर्म विशेष करता है ॥ १३ ॥

अथ सप्तमस्वर लक्षण विषय ।

निसाद सरमताउ हवंतिहिंस गावरा । जघाचारा लेहवाहा हिंडगा भारवाहगा ॥ १४ ॥

पदार्थ-(निसाद) निषाद (सर) स्वर (मताउ) वाले जीव (हवंति) होते हैं (हिंसगा) हिंसक (नरा) नर अर्थात् व हिंसा करने वाले होते हैं पुन (जघाचाण) जघादिकों को समर्दन करने वाले (लेहवाह) लेख वाहक (लेख के लेजाने वाले (हिंडगा) प्रमाण से रहित भ्रमण करने वाले और (भार वाह गा १४) भार वाहक होते हैं क्योंकि निषाद स्वर वाले जीवों की भी क्रियायें अयोग्य होती हैं ॥ १४ ॥

भावार्थ-निषाद वाले जीव हिंसक और अतीव भ्रमण करने वाले होते हैं तथा जघाओं के मर्दन करने वाले लेख ग्राहक और भार वाहक भी होते हैं अर्थात् जो शूद्र क्रियायें हैं उनके करता निषाद स्वर वाले ही होते हैं अब इनके सप्त स्वरों के तीन ग्राम और सप्त मूर्च्छना के विषय में कहते हैं ॥ १४ ॥

अथ सप्त स्वरों के ग्राम वा मूर्च्छना विषय ।

एएसिं णं सतण्ह सराणं तओगामा प० त० सज्जगामे मज्झिम गामे गंधार नामे सज्जगामस्सणं सत्त मुच्छणाओ

प० त० मगी को रविया हरिया रयणी.य सारकंता य छट्ठी य सारसी नाम सुद्ध मज्जा य सत्तमा ॥ १५ ॥ मज्झिमगामस्स ण सत्त मुच्छणाओ प० त० उत्तर मदारयणी उत्तरा उत्तर समासम्मो कताय सो वीरा अभिरुवा होइ सतमा ॥१६॥ गंधार गामस्सण सत मुच्छणाओ प० त० नंदिया खुड्डिया पूरिमाय चउत्थी सुद्ध गधारा उतर गधारा पुणसाय च मिया हवइ मुच्छा ॥१७॥ सुठुतर मा यामीसाछट्ठी सव्व उयनायव्वा अह उत्तारायत्ता कोडिमा य सा सत्तमा हवंइमुच्छा ॥ १८ ॥

पदार्थ-(एएसिं ण सतण्ह सराण तउगामा प० त०) इन सात स्वरों को तीन ग्राम प्रतिपादन किए गए हैं ग्राम उसे कहते हैं जिन में मूर्छनाओं का समूह हो सो वह ग्राम समूह तीन प्रकार से कथन किया गया है जैसे कि (सज्ज गामे १) षड्ज ग्राम जिसमें षड्ज ग्राम सम न्धि मूर्छनाओं का समूह हो इसी प्रकार (गाधार नामे ३) गाधार ग्राम (मज्झिम गामे २) मध्यम ग्राम यह सर्व ग्राम मूर्छनाओं के समूह रूप होते हैं किन्तु (सज्ज गामस्सण सत मुच्छणा उ प० त०) षड्ज ग्राम की सात मूर्छनायें प्रतिपादन की गई हैं अपितु मूर्छना उसे कहते हैं जिस के द्वारा श्रोता वा वक्ता मूर्छित हो तथा मूर्छित के समान श्रोता गण वा वक्तागण होवें उसे मूर्छना कहते हैं अथवा राग भेद का नामभी मूर्छना कहते हैं तथा जहा पर रागों के भेदानुभेद होते हैं वे मूर्छनायें हैं वे षड्ज ग्राम की सात मूर्छना प्रतिपादन की हैं जैसे कि (मगी १) मागी १ (कोरवीया २) कोरव्री २ (हरिया ३) हरिता ३ (रयणीय ४) रत्ना ४ (सार कता ५) शारकांता ५ (छट्ठीय सारसी नाम) छठी मूर्छना सारसी नाम क है (सुद्ध सज्जाय सतमा १५) शुद्ध षड्ज नामक सप्तमी मूर्छना है १५ किन्तु इस स्थान में इनके नाम ही वर्णन किए गए हैं किन्तु इनका पूर्णस्वरूप दृष्टिवाद के अन्तर जो पूर्व हैं उन में सविस्तर वर्णन किया गया है तथा जो सागीत विद्या के पुस्तक हैं वहा से इनका स्वरूप जानना चाहिये और (मज्झिम गामस्सण सत मुच्छणाउ पएणता त० (मध्यम ग्राम की भी सात मूर्छनायें प्रतिपादन कीगई हैं जैसे कि-(उतरमदा १) उतरामदा १ (रयणी २)

रत्ता २ (उत्तरा ३) उत्तरा ३ (उत्तर समा ४) उत्तर समा ४ (समोकता य ५) समकाता ५ (सोविरा ६) सुवीरा ६ (अभिरूवा होई सतमा १६) अभिरूप होती है सातमी मूर्छना १६ फिर (गाधार गामास्सण सत मुच्छणाउ प० त० गान्धार ग्राम की सात मूर्छना प्रतिपादन की गई है जैसे कि (नंदिय, १) नंदिका १ (खुदिया २) क्षुद्रिका २ (पुरिमाय) और पुरिमाउ पुन (चउत्थीय सुद्ध गधारा) चतुर्थी शुद्ध गधार नामक मूर्छना है (उत्तर गधारा ५) उत्तर गधारा (पुणसा) पुन वह (पचमिया) पाचमिका (हवई) होती है (मूर्छा १७) मूर्छा १७ और (सुठुतरमायमा) सुठुतर मायाम) साछट्ठी सव्व उयनायव्वा वह छठी मूर्छना सर्वथा प्रकार से जाननी चाहिये (अह) अथ (उत्तरायता कोडीमाय) उत्तरायन को टिमा नामक (सा) वह सतमी हवई (मूर्छा १०) मूर्छा होती है सातवीं ॥ १८ ॥

भावार्थ-इन सात स्वरों के तीन ग्राम है और एक एक ग्राम में सात ७ मूर्छनायें है मूर्छना उसे कहते है जिस रागके कथन करने स वक्ता वा श्रोता मूर्छित के समान होजावें तथा यह मूर्छना रागों के भेद रूप है इन का पूर्ण विवर्ण दृष्टिवाद अतरगत पूर्वो मे सविस्तरता से किया गया है तथा किंचित् विवर्ण जो राग विद्या के (गायन विद्या के) पुस्तक है उन में भी कियागया है अपितु इस सूत्र में जो केवल सूचना मात्र ही विवर्ण है इसलिए इन का नामो लेख किया गया है तथा वृतिकार ने भी इनकी वृति विस्तार पूर्वक नहा लिखी है अपितु सूचना मात्रही वृति लिखी गई है अब सप्त स्वरों के विशप वर्णणन में सूत्रकार प्रश्नोत्तर के रूप में विवर्ण करते है ॥ १८ ॥

॥ अथ सप्त स्वरो के विशप प्रश्नोत्तर विषय ॥

सतसरा कओ हवइ गीयस्स का हवइ जोणी कइसमया ओसासा कइवा गीयस्स आगारा ॥ १६ ॥

पदार्थ-(सत्तसरा कओ हवइ) (प्रश्नि) सातों स्वर किस स्थान में उत्पन्न होते हैं १ और (गीयस्स का हवइ जोणी) गीत की कौनसी योनि (उत्पत्ति स्थान) होती है २ (कइ समिया ओसासा) और कितने समय

प्रमाण स्वर का उच्छ्वास है ? अपितु (कइ वागीयस्स आगारा १९) गीतों के कितने आकार (स्वरूप) हैं ॥ १९ ॥

भावार्थ इस गाथा में चार प्रश्न किए गए हैं जैसे कि सात स्वर कहा से उत्पन्न होते हैं गीत की योनि क्या है और स्वर का उच्छ्वास कितना होता है और गीत का आकार कैसा है इस प्रकार के प्रश्नों का उत्तर निम्न प्रकार से दिए जाते हैं ॥ १९ ॥

॥ प्रश्नों के उत्तर विषय ॥

सत सरा नाभीओ हवंति गीयं च रुन्नजोणी पाय समा ओसासा तिन्नि य गीयस्स आगारा ॥ २० ॥

पदार्थ (सतसरा) सातों स्वर (नाभीओ) (हवंति) उत्पन्न होते हैं और (गीय चरुन्न जोणी) गीतों की रुदित योनि है (पायसमा उसासा) गीतों के के पद पद में उच्छ्वास है अर्थात् जो पद सम है वह गीता के पद पद में उच्छ्वास हैं और (तिन्निय) तीन (गीयस्स) गीतके (आगारा २०) आकार होते हैं ॥ २० ॥

भावार्थ उक्त प्रश्नों के निम्न प्रकार से उत्तर दिए गए हैं जैसे कि (प्रश्न) सात स्वर कहा से उत्पन्न होते हैं (उत्तर) नाभिमें (प्रश्न) गीता की योनि क्या है (उत्तर) गाना (प्रश्न) स्वर का उच्छ्वास कितने समय प्रमाण होता है (उत्तर) पदकी पूर्ति के अंत प्रमाण उच्छ्वास होता है (प्रश्न) गीत के आकार कितने प्रकार से वर्णन किए गए हैं (उत्तर) गीता के तीन प्रकार से आकार वर्णन किये गये हैं (प्रश्न) वे कौन २ से हैं (उत्तर) निम्न लिखित गाथा देखिये ॥ २० ॥

आइमउआरभता समुव्वहता य मज्झयारंमि अवसाणे भवित्ता तन्निवि गीयस्स आगारा ॥ २१ ॥

पदार्थ (आइ) गीत की आदि में (आरभता) आरंभ करता हुआ (मउ) कोमल स्वर होना चाहिए फिर (समुव्व हताय) महा ध्वनि (मज्झ

यारमि) मध्य भाग म होवे (अत साणय) गीत के अन्त म (भणिता) म० स्वर में होवे (तिन्निा) अपि शब्द समुच्चयार्थ म है इस लिए यही तीन (गीयस्स आगारा) गीत के आकार हैं ॥ २१ ॥

भावार्थ–गीत के तीन आकार होते है जैसे कि जब गीत की ध्वनि उठाई जावे तब मृदु स्वर होना चाहिए जब मध्य भाग में ध्वनि जाए तब महा ध्वनि होनी चाहिए अपितु जब गीत का अवसान समय आवे तब यावत् मृदु ध्वनि और मद ध्वनि होनी चाहिए यही गीत के तीन आकार है अब गीत के दोष वा गुणा का विवर्ण करते हैं ॥ २१ ॥

॥ अथ स्वरो के भेदानुभेद गुण और दोष विषय ॥

छद्दोसे अट्ठगुणा तिन्नि य वित्ताई दोन्नि भणिइओ।
जो नाहि सो गाहिई सुसिखिओ रंग मज्झमि ॥ २२ ॥

पदार्थ–(छदो से) गीत के पद दोष हैं और (अट्ठगुणा) अष्ट गुण है फिर (तिन्निय) तीन (वित्ताइ) छन्दों के भेद हैं (दोन्निय भणिइओ २) स्वर मंडल मे दोनों भाषाएँ कथन की गई हैं (जो नाहि) जो उक्त सर्व भेदों को जानता है (सो गाहिइ) सो गीत शुद्ध गाता है अपितु (सुसिखिओ रंगमज्झमम्मि २२) जिसने गायन विद्या को भली प्रकार से सीखा है रंग भूमी में रंग भूमी उसे कहते हैं जो नाटक घर होता है अर्थात् गायन शाला अब सूत्रकार पद दोषों के विषय में कहते हैं ॥ २२ ॥

भावार्थ–गीत के पद दोष अष्ट गुण होते ह और तीन प्रकार के छन्दों के भेद होते हैं अपितु दो भाषाओं में स्वर मडल गायन किया जाता है सो जो इस को पूर्ण विधि से जानता है वही गीत गाता है किन्तु जिसने भली प्रकार से गीत विद्या को रंग भूमिका में सीखा है २२ अब दोषों का विवर्ण करते हैं ॥

॥ अथ पद दोष विषय ॥

भीयं १ दुय २ मप्पिच्छं ३ उत्ताल च कम्म सो मुणे यव्वं ४
काकस्सर ५ मणुणास ६ छद्दोसा होंति गीयस्स ॥ २३ ॥

पदार्थ-(भीयं १) भय के साथ गायन करना अथवा (दुय २) शीघ्र २ गाना २ (अपित्थ ३) श्लेष्मा सहित गला होने पर गान करना तथा अती व श्वास के होने पर गान करना ३ तथा (उत्तालच) ताल मे विपरीत गाना (कम्मसो मुणेयव्व ४) इसी प्रकार अनुक्रमता पूर्वक भेद जानने चाहिए (काग-स्सर ५) अथवा कागवत् यदिस्वर होवे तब भी गीत में दोष होता है ५ (अनु णास ६) और नासिका में स्वर उच्चारण करना यह भी दोष है सो (छद्दो सा) यह षट् दोष (होंति) होते हैं (गीयस्स) गीत के ॥ २३ ॥

भावार्थ-गीत के गाने मे षट् प्रकार के दोष होते हैं जैसे कि-भय के सा थ गाना १ शीघ्र २ गान २ श्वास होने पर गाना ३ ताल से विपरीत गाना ४ कागवत् स्वर के होने पर गाना और नासिका में गाना ६ अथ गुणों का विवर्ण करते हैं।

अथ गुणो विषय में सूत्रकार कहते हैं ॥

पुण्णं रत्तं च अलंकियं च वत्तं तहेव अविघुट्ठं महुरं समं सुललियं अट्ठ गुणा होंति गीयस्स ॥ २४ ॥

पदार्थ- (पुण्ण) स्वर कला पूर्ण होवे १ (रत्तच) पुन राग में रक्त होवे २ फिर (अलंकियच) राग अलंकार के सहित होवे ३ (वत्त तहेव विघुट्ठ) और प्रगट वचन होवे अर्थात् स्पष्ट वचन होवे ४ उसी प्रकार शुद्ध स्वर होवे ५ फिर (मुहुर ६) कोकिलावत् मधुर स्वर होवे (सम ७) तालादि वादित्र सम होवें और (सुललिय) राग वा स्वर सुललित होवे ८ (अट्ठ गुणा) यह अष्टगुण (होंति) होते हैं (गीयस्स) गीत के ॥ २४ ॥

भावार्थ-गीत के गाने के अष्ट प्रकार के गुण निम्न प्रकार से प्रतिपादन किए गए है जैसे कि स्वर कला मे प्रवीणता १ राग में रक्तता २ अलंकार सहित ३ प्रगट वचन ४ शुद्ध स्वर ५ कोकिलावत् स्वर मधुर ६ तालादि वादित्र सम हों ७ सुललित स्वर वा राग ८ यही गीत के गाने के आठ गुण हैं इन गुणों के साथ गीत गाने से गीत निर्दोष कहे जाते हैं अब इन के अतिरिक्त गुणों का विवेख करते हैं जो अवश्य ही जानने योग्य हैं ॥

अथ स्वरों के अन्य गुणों विषय में।

उरकंठ सिरपसत्थ च गिज्जते मउयरिभियपदवद्ध समताल पउक्खेव सत्तसरसी भरणेय ॥ २५ ॥ अक्खर सम पदसम समताल समलय समगेह समच निस्ससियओससिय समसचार समसरासत ॥ २६ ॥

पदार्थ (उरकठ) यदि स्वर विशाल होता है तब उर (वृक्ष स्थल) विशुद्ध कंठ विशुद्ध (सिर पसत्थच) और शिर मशस्त फिर (गिज्जते) गीत गाएं जाएं किन्तु (मउय) मृदु स्वर के साथ (रिभिय) स्वर को सचारण करता हुआ चातुर्यता के साथ उस रिभित कहते हैं और (पदबद्ध शुद्ध पद कद्ध वृत होवे और (समताल) समताल होवे तथा वादित्रादि भी सम्यक् मकार से ध्वनि निकालते हों (पुच्चुखेव) मत्युत्क्षेप उस का नाम है जो कासिकादि वादित्र हैं उन के शब्द वा नृत्य करने वाले के आक्षेप भी ठीक होवें इसी लिए (सत्तमरसी) सात स्वर (भरणेय २५) सयुक्त और अक्षरादि सम गीत कहाजाता है ५५ पुन (अक्खरसम) दीर्घ ह्रस्व प्लुत वा अनुनासिकादि अक्षर सम होवें और (पयसम) पिंगल शास्त्रानुसार पद सम होवे (ताल सम) हस्तादि ताल सम होवें (लयसम) लतादि नाद्रतादि के वादित्र बने हों वह भी सम हों फिर (गहसमच) जो वीणादि राग मे गृहीत हैं वह भी सम हो (निस्ससियउससियसम) नि श्वास और उच्छ्वास भी सम हों क्योंकि श्वासोच्छ्वास के ठीक होने परही गाना गाया जाता है (सचारसम) वती सतार आदि में अगुली आदि का सचार भी सम हो (संरासत २६) यह सात स्वरों के सात लक्षण प्रकारांतर से कहे गय हैं ॥ २६ ॥ अब इस के आगे छद के लक्षण वर्णन करते हैं ॥

भावार्थ—प्रकारान्तर से भी गीत शुद्धि का विवर्ण इस प्रकार से किया गया है जैसे कि उर १ कण्ठ २ शिर ३ विशुद्ध होवें मृदु गीत गाया जावे चातुर्यता के साथ अक्षरों का सचारण किया जाए पद बद्ध रचना होवे फिर हस्तादि का ताल सम होवे मत्युत्क्षेप नृत्य करने वाले का ठीक होवे इस प्रकार विशुद्धि के साथ जब गाना गाया जाता है तब उस गीत को सप्त स्वर विशुद्ध कहते

है ०५ फिर अक्षर सम हों १ पद सम हो, २ ताल सम हो, ३ लता सम हो,४ ग्रह सम हो ५. साम्वोद्वास समहो ६, और (तंत्री) सनाग आदि में सचार भी सम हो ७, यह भी सात गुण स्वरों के प्रकारान्तर से कहे गये हैं क्योंकि जो गीत विद्या के वेत्ता है यदि वे शुद्धि पूर्वक उसे ग्रहण करते हैं तब वे क्रिया उनकी फली भूत होती है जब कि सर्व प्रकार से शुद्धि हो जावे तब जो छंद हैं वह भी शुद्ध होने चाहिए इस लिए अब वृत्तादि विषय में कहते हैं ॥

॥ अथवृत्त शुद्धि विषय ॥

निद्दोसे सारवंत च हेउज्जुत मलं किर्यं उवणयं सो वयार च मिय महुरमेव य ॥२७॥ समअद्ध मम चेव, सव्वत्थ विममसजं तिन्निवित्तपयाराइ चउत्थ नो वलभ्भई ॥२८॥

पदार्थ-(निद्दोस) द्वात्रिंशत् दोषों से रहित और (सार वंतच) विशिष्ट अर्थ का सूचक पुन (हे उज्जुत) हेतु युक्त और (अलंकिय) उपमादि अलंकारों से अलंकृत पुन (उवणय) नैगमा दिनयों से युक्त अयुक्त अथवा (सोवयार च) कठिन रचनों से रहित लज्जा युक्त अविरुद्ध अर्थ का प्रकाशक (मिय) मितान्तर वा मर्यादा पूर्वक अक्षर फिर (महुर) मधुर अक्षर युक्त (एवय) इस प्रकार के शुद्ध गीत को वृत्त कहते हैं अब वृत्त के सम विषय में कहते हैं (सम) जिस छंद के चारों चरणों के समान अक्षर हों उन्हें समछंद कहते हैं और (अद्धसम चव) जिस छंद के प्रथम पाद और तृतीय पाद द्वितीय पाद और चतुर्थ पाद के परस्पर सामान वर्ण होवे उन्हें अर्द्धसमच्छद कहते हैं और (सव्वत्थ विमम चज्ज) जिस वृत्त की सर्वथा प्रकार से ही विषमता होवे उसे सर्व विषम छंद कहते हैं सो यह (तिन्नि) तीनों (वित्त) वृत्त के (पयागइ) प्रकार कहे गये हैं इस लिये (चउत्थनोवलभइ २८) वृत्त का चतुर्थ प्रकार कीसी प्रकार से भी उपलब्ध नहीं होता अर्थात् सम, अर्द्धसम, विषम यही तीनो प्रकार छंद के हैं ॥ २८ ॥

भावार्थ वृत्त के आठ गुण होते हैं जैसे कि छंद निर्दोष १ विशिष्ट अर्थ का सूच कर हेतु युक्त २ अलंकृत ४ नयों से युक्त ५ शुद्ध अलंकार पूर्वक निरु-

पदार्थ-(कणी) कौन सी स्त्री (गायइ) गाती है (महुर) मधुर गीत और (केसी) कौन सी स्त्री (गायइ) गाती है (खरच) खर श्रार (रुक्खच) रूक्ष कर्कश गीत और (केसी) कौनसी स्त्री (गायई) गाती है (चउर) चातुर्यता पूर्वक और (केसी य) कौन सी स्त्री (विलंबिय) विलम्ब से गाती है (दुय) शीघ्र (केसी) गाने वाली कौनसी स्त्री फिर (विस्सर पुण केसी ३०) विस्वर गीत कौनसी स्त्री गाती है अर्थात् राग का विभ्रम करनेहारी कौनसी स्त्री होती है ॥ ३० ॥

भावार्थ-उक्त गाथा में यह प्रश्न किए गये हैं कि कौनसी स्त्री मधुर गीत गाती है कौनसी स्त्री कर्कश और रूक्ष गीत गाती है कौनसी स्त्री दक्षता पूर्वक गाना गाती है कौनसी स्त्री विलम्ब से गाती हैं कौनसी स्त्री शीघ्रता से गाती है कौनसी स्त्री विस्वर गीत गाती है ॥ ३० ॥ इन प्रश्नो के उत्तर निम्न गाथा में दिए गए हैं ॥

अथ उत्तर विषय ।

गोरी गायइ महुर काली गायइ खर च रुक्ख च सामा गा-यइ चउर काणीयविलंवियं दुत अधा विस्सर पुणपिंगला ॥३१॥

पदार्थ- (गोरी गायइ) गौर वर्ण वाली स्त्री गान गाती है (महुर) मधुर और (कालीगायइ) कृष्णा गाती है (खर च रुक्ख च) कर्कश रूक्ष अपितु (सामा गायइ चउर) श्यामा गाती है दक्षता के साथ (काणीयविलंविय) एक चक्षुवाली विलम्ब से गाती है और (दुय अधा) शीघ्र अंधी स्त्री गाती है पुनः (विस्सरपुणपिंगला ३१) विस्वर पिंगला गाती है अर्थात् कपिला स्त्री विस्वर गीत गाती है ॥ ३१ ॥

भावार्थ-जो तीसवीं ३० गाथा मे प्रश्न किए गए थे उनका अनुक्रमता पूर्वक ३१ वीं गाथा में उत्तर दिए गए हैं जैसे कि (प्रश्न) कौनसी स्त्री मधुर गीत गाती है (उत्तर) गौर वर्ण वाली (प्रश्न) कौनसी स्त्री कर्कश और रूक्ष गाना गाती है (उत्तर) कृष्णा (काले वर्ण वाली) (प्रश्न) कौनसी स्त्री चातुर्यतापूर्वक गाती है (उत्तर) श्याम वर्ण वाली (प्रश्न) कौनसी स्त्री विलंब से गाती है (उत्तर) एक आंख वाली (प्रश्न) कौनसी स्त्री शीघ्र २ गाती है

द्वादि दोषों से रहित ६ मिताक्षरी ७ और मधुर ८ फिर तीनों प्रकार से वृत कहे गये हैं २७ जिनके चारों पादों में परस्पर समान वर्ण होते हैं उन्हें सम छन्द कहते हैं जिनके प्रथम पाद और तृतीय पाद द्वितीय पाद और चतुर्थ पाद परस्पर सम हों उन्हें अर्द्ध समच्छन्द कहते हैं किन्तु जिस वृत्त के चारों पाद विषम हों उन्हें सर्व विषय छंद कहते हैं यही तीन वृत्तों के प्रकार कहे गये हैं किन्तु चतुर्थ प्रकार कहीं भी उपलब्ध नहीं होता अब भाषा विषय में कहते हैं।

अथ भाषा विषय ।

सक्कया पागया चेव भणिइओ होंति दोण्णिवि सर मंडल मिगिज्जते पसत्था इसी भासिया ॥ २८ ॥

पदार्थ-(सक्कया) संस्कृत (पागया चेव) और प्राकृत (भणिइज हो ति दोण्णिवि) दोनों भाषाएँ कही गई हैं (सर मंडलमि) स्वर मंडल में (अर्थात् अर्हत् गणधरों न दोनों भाषाओं में स्वर मंडल प्रतिपादन किया है) (गिज्जते) और इन्हीं में (गिज्जते) स्वर मंडल गायन किया है क्यों कि यह स्वर मंडल और यही दोनों भाषाएँ (पसत्था) प्रशस्त (सुन्दर (इसी) ऋषि श्री भगवन् वर्द्धमान स्वामी से (भासिया) भाषित हैं २८ अर्थात् दोनों भाषाएँ प्रशस्त श्री भगवान् ने प्रतिपादन की हैं ॥ २८ ॥

भावार्थ-तीर्थंकरों ने संस्कृत और प्राकृत यह दोनों भाषाए प्रतिपादन की हैं और दोनों भाषाओं में स्वर मंडल गायन किया जाता है और यह दोनों भाषाएँ सुन्दर हैं और ऋषि भाषित है यहा पर ऋषि शब्द का सम्बन्ध भगवान से है २९ अब कुछ विशेष प्रश्न के विषय में कहते हैं ॥

अथ विशेष प्रश्न विषय ।

केसी गायइ महुर केसी गायइ खर च रुक्खं च केसी गायई चउरं केसी य विलवियं दुप केसी विस्सरं पुण केरसी ॥३०॥

पदार्थ-(केसी) कौन सी स्त्री (गायइ) गाती है (महुर) मधुर गीत और केसी) कौन सी स्त्री (गायइ) गाती है (खरच) खर और (रुक्खच) रूक्ष कर्कश गीत और (केसी) कौनसी स्त्री (गायई) गाती है (चउर) चातुर्यता पूर्वक और (केसी य) कौन सी स्त्री (विलंबिय) विलम्ब से गाती (दुय) शीघ्र (केसी) गाने वाली कौनसी स्त्री फिर (विस्सर पुण केरसी ३०) विस्वर गीत कौनसी स्त्री गाती है अर्थात् राग का विध्वंस करनेहारी कौनसी स्त्री होती है ॥ ३० ॥

भावार्थ-उक्त गाथा में यह प्रश्न किए गये हैं कि कौनसी स्त्री मधुर गीत गाती है कौनसी स्त्री कर्कश और रूक्ष गीत गाती है कौनसी स्त्री दक्षता पूर्वक गाना गाती है कौनसी स्त्री विलम्ब से गाती है कौनसी स्त्री शीघ्रता से गाती है कौनसी स्त्री विस्वर गीत गाती है ॥ ३० ॥ इन प्रश्नों के उत्तर निम्न गाथा में दिए गए हैं ॥

अथ उत्तर विषय ।

गोरी गायइ महुर काली गायइ खर च रुक्ख च सामा गायइ चउरं काणीयाविलाविय दुत अधा विस्सर पुणपिंगला ॥३१॥

पदार्थ- (गोरी गायइ) गौर वर्ण वाली स्त्री गाना गाती है (महुर) मधुर और (कालीगायइ) कृष्णा गाती है (खर च रुक्ख च) कर्कश रूक्ष अपितु (सामा गायइ चउर) श्यामा गाती है दक्षता के साथ (काणीयविलाविय) एक चक्षुवाली विलम्ब से गाती है और (दुय अधा) शीघ्र अधी स्त्री गाती है पुन (विस्सरपुणपिंगला ३१) विस्वर पिंगला गाती है अर्थात् कपिला स्त्री विस्वर गीत गाती है ॥ ३१ ॥

भावार्थ-जो तीसवीं ३० गाथा में प्रश्न किए गए थे उनका अनुक्रमता पूर्वक ३१ वीं गाथा में उत्तर दिए गए हैं जैसे कि (प्रश्न) कौनसी स्त्री मधुर गीत गाती है (उत्तर) गौर वर्ण वाली (प्रश्न) कौनसी स्त्री कर्कश और रूक्ष गाना गाती है (उत्तर) कृष्णा (काले वर्ण वाली) (प्रश्न) कौनसी स्त्री चातुर्यतापूर्वक गाती है (उत्तर) श्याम वर्ण वाली (प्रश्न) कौनसी स्त्री विलम्ब से गाती है (उत्तर) एक आंख वाली (प्रश्न) कौनसी स्त्री शीघ्र २ गाती है

(उत्तर) आधी नेत्रहीन (प्रश्न) कौनसी स्त्री त्रिस्वर गाना गाती है (उत्तर) पिंगला (कपिला) स्त्री विस्वर गाती है उक्त प्रश्नों के उत्तर अनुक्रमता पूर्वक ३१ वी गाथा में दिए गए है अब स्वर मंडल का उपसंहार करते हैं ॥

अथ उपसंहार विषय ।

सत्तसरा तओगामा मुच्छणाएगवीसइ ताणाएगुणपन्नास ससम्मत्त सरमंडल सेतसत्तनामे ॥ ३३ ॥

पदार्थ— (सतसरा) षड्जादि सप्त स्वर हैं और (तओगामा) इन के तीन ग्राम हैं फिर इन की (मुच्छणाएगवीसइ) २१ मूर्छनायें हैं क्योंकि एक २ ग्राम की सात सात मूर्छनायें हैं और (ताणाएगुणपन्नास) ४९ इन की तान है जैसे कि एक तंत्री की ७ तानें हैं उन में एक २ स्वर सात सात वार गाया जाता है इसलिये ४९ तान कथन की गई हैं सो इसी विधि पूर्वक (सम्मत) समाप्त हो गया है (सरमंडल) स्वर मंडल ३२ (सेतसत्तनाम) सो यही सप्त नाम है अर्थात् दश प्रकार के नामान्तर के विषय सप्तनाम इस प्रकार से वर्णन किया गया है अब इस के आगे आठ नाम का विवर्ण किया जायगा ॥

भावार्थ—इस स्वर मंडल में सप्त स्वर तीन ग्राम २१ मूर्छना और ४९ तान वर्णन की गई हैं किन्तु नाम उसे कहते हैं जैसे कि एक वीणा में ७ छिद्र हैं उन में एक एक स्वर सात सात वार गाया जाता है सो इस प्रकार से सातों सात ४९ हुए सो यह ४९ तान भी स्वर मंडल के बीच में हैं इस प्रकार से स्वर मंडल की समाप्ति की गई है अपितु इसे ही सप्त नाम कहते हैं अब इस के पश्चात् आठ प्रकार के नाम का विवेचन किया जाता है किन्तु आठ नाम में आठ प्रकार से विभक्तियें दिखलाई गई हैं इसलिए अब विभक्तियों का स्वरूप दिखलाते हैं ॥

अथ अष्टनामान्तर्गत अष्ट विभक्तिऐं विषय ।

सेकिंत अट्ठनामे२ अट्ठविहा वयणविभत्ती प० त० निद्देसे पढमाहोइ बिइयाउवएसण तइया कारणमि कया चउत्थी सप-

यावणे२ पचमीअवायाणे छट्टीस्सामिवायणे सत्तमि सिन्निहा णत्थेअट्टमी आमत्तणीभवे ॥ २॥

पदार्थ-सेकिंत अट्ठ नामे २ अट्ठविहा वयणाविभत्ति प० त०) सो सप्त नाम के अनन्तर आठ प्रकार के नाम का नाम किस प्रकार से विवर्ण किया गया है अर्थात् वह आठ प्रकार का नाम कौनसा है इस प्रकार शिष्य के पूछने पर गुरु कहने लगे कि भो शब्द मार्द् ! आठ प्रकार के नाम में आठ प्रकार की वचन विभक्ति कथन की गई है वचन विभक्ति उसे कहते हैं जो अर्थों क विभा ग को करे और वचनों के अनेक भेद करके दिखलाए किन्तु यह सुवत वचन हैं अपितु तिङन्त न समझने चाहिए सो यह विभक्तियें आठ प्रकार से प्रतिपादन कीगई हैं जैसे कि (निदेस पठमा होइ) केवल लिंग बोधनार्थ जो वचन भाषण किए जाते हैं उनमें प्रथमाविभक्ति होती है अर्थात् निर्देश में प्रथमा होती है और (विइया उव एसरा) द्वितीया उपदेश में होती है अर्थात् द्वितीया विभक्ति आदेश में होती है (तइया) तृतीय (करणमि) करण में (कया) विधान की गई है अपितु (चउत्थी) चतुर्थी (सपयावणे १) सप्रदान में कही गई है १ और पचमी पाचवीं (आवादाणे) अपादान में होती है (छट्टी सस्सा मि वायणे) किन्तु षष्ठी स्वस्वामि वचन में होती है अर्थात् सम्बन्ध में षष्ठी हो ती है और (सप्तमी) सातवीं (सणिहाणत्थे) सन्निधानार्थ में होती है अर्थात् आधार में सप्तमी विभक्ति होती है और (अठमी) आठमी विभक्ति (आमतणी भवे २) आमत्रण अर्थ में होती है अर्थात् अष्टमी विभक्ति सम्बोधन में कथन की गई है किन्तु आधुनिक व्याकरणों में सबोधन को पृथक करके सात विभक्तियें लिखी हैं और वृद्ध व्याकरणों के मत में विभक्तियें आठ ही होती हैं क्योंकि कर्ता के वचन भेद में ही आमत्रण होता है सो वचन भेद का नाम विभक्ति है यथा विभज्यन्ते विभागी क्रियन्ते सख्या कर्मादयोऽर्थो आभिरिति विभक्तय विभक्तिना अर्थाः विभक्तार्था इसलिए आमत्रण को भी विभक्तियों की सज्ञा में रखा गया है ॥ २ ॥

भावार्थ-आठ नाम के बीच में आठ प्रकार से विभक्तियें कथन की गई हैं क्योंकि वचन के भेद को ही विभक्ति कहते है सो यह नाम विभक्तियें है तिङत नहीं है और इसी को कारक प्रकरण जानना चाहिये अब जिन २ स्थानों में

जो जो कारक होता है वे निम्न लिखितानुसार है निर्देश में प्रथमा होती है उप देश में द्वितीया होती है इसी प्रकार करण म तृतीया सम्प्रदान में चतुर्थी अपादा न में पचमी सम्बन्ध में षष्ठी आधार में सप्तमी और आमन्त्रण में अष्टमी विभक्ति होती है इस प्रकार के कारकों के स्थान वर्ण करने के पश्चात् अब इन के उदाह रण दिखाए जाते हैं ॥

अथ अष्ट विभक्तियों के प्राकृत उदाहरण विषय ।

तत्थ पढमा विभत्ति निद्देसे सो इमो अहवाति विइया पुण उवएसे भणकुणसु इम वय वंति ३ ॥

पदार्थ-(तत्थ पढमा विभत्ति) इन आठ विभक्तियों में जो प्रथमा है वो (निद्देसे सोइमो अहवत्ति) निर्देश रूप इस प्रकार से है जैसे किस अय अह- इत्यादि किन्तु अय प्रयोग पुलिंग का इसलिये दिखलाया गया है यह भी प्र योग केवल निर्देश मात्र ही है और (विइया पुण) द्वितिया फिर (उवएसे) उपदेश में होती है जैसे कि-(भणकुण सुइम वय वत्ति) शास्त्र को पढ़ कार्य को कर इस प्रकार के वचनों में द्वितीया होती है किन्तु इन से अन्य स्थानों में भी द्वितीया होती है जैसे कि कट करोति, शर लुनाति, इत्यादि ३ ॥

भावार्थ-आठों विभक्तियों में से प्रथम प्रथमा के ही स्थान वर्णन किए गये हैं जैसे कि केवल निर्देश में प्रथमा होती है यथा स अय, अह, इत्यादि निर्दे- श वचन प्रथमा में रहते हैं और उपदेश में द्वितीया होती है जैसे कि शास्त्र पठ कार्य कुरु अर्थात् शास्त्र को पढ कार्य कर इत्यादि अर्थों में द्वितीया होती है अ थवा इन से अतिरिक्त अर्थों में भी द्वितीया होती है जैसे कि कट करोति, शर लुनाति अथात् कट को बनाता है शर को काटता है इस में उपदेश कुछ भी नहीं है अपितु वह स्वयमेव ही वह क्रियाए करता है यथा कुभ करोति इत्यादि प्रयोग जानने चाहिए अब तृतीया और चतुर्थी के उदाहरण करते हैं ॥

अथ तृतीया और चतुर्थी विषय ।

तइया करणमि कया भणिय च कय च तेणव मएवा ह- दिनमोसाहाए हवइ चउत्थी सपयाणमि ४ ॥

पदार्थ -(तइया) तृतीया (करणमि) करण में (कया) विधान की गई जैसे कि (भणियं च कय च) पठन किया और कृत किया (तेणे वमएवा) उसने अथवा मैंने अर्थात् पठित मया पठन किया मैंने तेन ताडिता उसने मारी इत्यादि अर्थों में तृतीया होती है और (हदि) इत्युपदर्शने यह अव्यय दिखलाने अर्थ में है यथा (नमो साहाए) नमो देवेभ्यो स्वाहा अग्नये अर्हते नम इत्यादि अर्थों में (हवइ) होती है (चउत्थि) चतुर्थी विभक्ति होती है (सपयाणमि) सो दान पात्र में सम्प्रदान कारक होता है यथा उपाध्याय गां ददाति इत्यादि प्रयोग जानने चाहिये ॥ ४ ॥

भावार्थ--तृतीया विभक्ति करण में होती है क्योंकि साधक तम करण इस प्रकार से माना गया है यथा शरेण हन्ति असिना छिनन्ति इत्यादि प्रयोग जानने चाहिये और चतुर्थी सम्प्रदान में है जैसे कि नमो देवेभ्य अर्हते नम स्वाहा अग्नये उपाध्याय गा ददाति इत्यादि अर्थों में सम्प्रदान होता है क्योंकि नम शब्द का सम्बन्ध सम्प्रदान के साथ ही प्राय होता है सम्प्रदान उसे कहते हैं जिसको कोई वस्तु दी जाए अर्थात् लेने वाला सम्प्रदान कहाता है इसके अन्तर पचम और छठे कारक के विषय में विवेचन करते हैं ॥

अथ पंचम और छठे कारक विषय ।

अवणय गिण्ह य एत्तो इउत्तिवा पचमी अवायाणे ।
छट्ठी तस्स इमस्सवा गयस्स वा सामिसंबंधे ॥ ५ ॥

पदार्थ--(अवनय) दूर कर (गिण्हय) ग्रहण कर (एतो) उससे (इउ ति वा पचमी अवायाणे) अथवा इससे मुक्ति होती है यथा रत्न त्रयान्मोक्षः इत्यादि अर्थों में पाचमी विभक्ति अपादान नामक कारक में होती है क्योंकि अपायेऽवधी ॥ शाख्या. अ १ पा ३ सू १५६ । बुधि कृत जो विभाग है उसके विषय अपादान कारक होता है और (छट्ठी) छठी विभक्ति इन अर्थों में होती है जैसे कि-(तस्स) उसकी वस्तु है (इमस्स) इसकी है (गयस्स वा) अथवा गए हुए की है क्योंकि यह कारक (सामि सम्बन्धे ५) स्वामी सम्बन्ध में होता है यथा " राज्ञ पुरुषः " यह राजा का पुरुष है इत्यादि अर्थों में षष्ठी विभक्ति होती है ॥ ५ ॥

भावार्थ-पांचवीं विभक्ति अपादान में होती है जैसे कि इससे दूर करो इस से लो इत्यादि अर्थों में पांचवी है और षष्ठी सम्बन्ध में होती है जैसे कि यह उसकी वस्तु है वा इसकी है इत्यादि अर्थों में स्वामी सम्बन्ध होता है इसलिये इन अर्थों में षष्ठी दी गई है अब इस के आगे सप्तमी और आमंत्रण विषय में कहते हैं ॥

अथ सप्तमी विभक्ति और आमत्रण के विषयमें ।

हवइ पुण सत्तमी तंइममि आहारकालभावेय आमतणी भवे अट्ठमी जहाहे जुवाणेत्ति सेत अट्ठनामे ॥

पदार्थ-(हवइ) होती है (पुण) फिर (सत्तमी) सप्तमी विभक्ती (तइम मि) वो इस (आहार) आधार (काल भावेय) काल और भाव के विषय में जैसे कि आधार के विषय में तो सप्तमी होती है साथ ही काल और भाव का भी सम्बन्ध करलेना चाहिए जैसे कि " मधौ रमते " वसत मास में लोग क्रीडा करते हैं यहां पर काल म सप्तमी हो गई है और " चारित्रेऽवतिष्ट ते" चारित्र में मुनि ठहरते हैं यहां पर भाव में सप्तमी है क्योंकि आत्मा निज भाव में स्थिति करता है इत्यादि प्रयोगों में सप्तमी होती है और (आमतणी भवे अट्ठमी) आमत्रण में अष्टमी होती है यथा (हेजुवाणेति) हे युवान् इस प्रकार के सबोधन में अष्टमी होती है क्योंकि (" ह्रस्वोऽनित्पाद: ") इस सूत्र से सबोधन में हे शब्द का प्रयोग करना चाहिए ६ (सेत अट्ठ नाम) यही आठ नाम है सो इसी स्थान पर अष्ट प्रकार का नाम पूर्ण हो गया है अब इ सके आगे नव नाम विषय में कहते है ॥

भावार्थ-सप्तमी विभक्ति अधार में होती है तथा काल और भाव म भी हो जाती है यथा " मधौ रमते " चारित्रेऽवतिष्टते " यह काल और भाव के प्रयोग हैं और आमत्रण में अष्टवीं विभक्ति कथन की गई है जैसे कि हे युवन् भो पुरुष इत्यादि प्रयोग हैं किन्तु वर्त्तमान काल में जो व्याकरण में प्रचलित हैं उनम आमत्रण प्रथमान्त माना गया है और सूत्र मेंआमत्रण को आठवीं विभक्ति करके माना गया इससे सिद्ध होता है कि प्राचीन व्याकरण आमत्रण को भी

। विभक्ति मानते थे और इन के सर्व प्रत्यय निम्न प्रकार से हैं जैसे कि– सु औ जस् । अम् औट् शस् । टाभ्याम् भिस् । ङे भ्याम् भ्यस् । ङसि भ्याम् भ्यस् । ङस् ओस् आम् ङि ओस् सुप् । पुनः आमन्त्रण में सु औ जस् । सो इस प्रकरण में कारक प्रकरण दिखलाया गया है अपितु इसका सविस्तर स्वरूप व्याकरणों में देखना चाहिये क्योंकि यहा पर तो सूचना मात्र ही वर्णन किया गया है सो इस प्रकरण को अवश्य ही ध्यान से पठन करना चाहिए अब इसके अनन्तर नव नाम के विषय में कहते हैं किन्तु नाम के अंतर्गत नव प्रकार के रस वर्णन किए गए हैं इस लिए नवरसों की व्याख्या की जाती है ।

अथ नवरस विषय ।

नव कव्वरसा पन्नता तंजहा वीरो १ सिंगारो २ अब्भुतोय ३ राद्दोय ४ होई वोधव्वो वेलणओ ५ वीभच्छो ६ हासो ७ कलुणो ८ पसतोय ६ ॥

पदार्थ–(नव कव्वरसा पन्नता तंजहा) नव प्रकार से काव्य रस प्रतिपादन किए गए हैं क्योंकि वेभीर काव्य कवि काजो अंतःकरण का भाव है व फिर वो वीरादि रस काव्य में बधे हुए हैं उन्हीं को काव्य रस कहते हैं यथ वा शार्या लत्नो वस्तु विकागे मान सो भवेत समाव कथ्यते सद्भिस्तस्योत् कर्पो रस स्मृत १ यह काव्य रस नव प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (वीरो १) दान तप युद्ध इत्यादि में वीरता करना उसे वीर कहते हैं १ और (सिंगारो २) काम जन्य सर्व रसों में प्रधान स्त्री सग से उत्पन्न होने वाले रस को शृङ्गाररस कहते है २ (अब्भुतोय ३) अद्भुत पदार्थों के देखने से जो रस उत्पन्न होता है उसको अद्भुत रस कहते हैं और (रोद्दोय ४) वैरी के दिखलाए हुए भयों को देखकर जो रस उत्पन्न होता है उसे रौद्र रस कहते हैं ४ (होई वोधव्वा) अर्थात् इस रस को रौद्र रस जानना चाहिए (वेलणओ ५) जो लज्जा का उत्पादक होवे और लोकों में स्तुति का पात्र भी हो उसको व्रीडन रस कहते हैं ५ (विभच्छो ६) जिन पदार्थों के सुनने से वा देखने से घृणा उत्पन्न हो उस रस को विभत्स रस कहते हैं ६ (हासो ७) जिसके द्वारा हास्य की प्राप्ति हो उसे हास्य रस कहते हैं जैसे कि वेष परिवर्तन करना

भाषा परिवर्तन भाड चेष्टा वा कुतुहल उत्पादक वचन उच्चारण करनेग्उसी को हास्य रस कहते है ७ (कलुणे ८) प्रिय वस्तुओं के वियोग से दुःख उत्पन्न होता है फिर मुखाकृति मलीन हो जाती है चित्त व्याकुल रहता है इत्यादि भावों को करुणा रस कहते हैं ८ फिर (पसतोय ९) जो क्रोध मान माया राग लोभ और द्वेशादिके वशों से विमुक्त हुआ है अत एव आत्मज्ञान में हिनि मग्न है सदैव काल प्रशान्तात्मा है इत्यादि गुण पूर्वक जीव को प्रशान्त रस प्राप्त होता है ॥ ९ ॥

भावार्थ–नव प्रकार के नाम नव रस प्रतिपादन किए गये हैं और इनको नव काव्य रस भी कहते है क्योंकि कवि के भावों का नाम काव्य होता है अत उनमें जो निबन्धन किया हुआ है उसी को रस कहते हैं सो यह नव प्रकार के रस काव्य रस होते हैं जैसे कि वीर रस १, शृङ्गार रस २, अद्भुत रस ३, रौद्र रस ४, व्रीडन रस ५, वीभत्स रस ६, हास्य रस ७, करुणा रस ८, और प्रशान्त रस ९ यही नव प्रकार के रस हैं और अलंकार ग्रन्थों में प्रायः इन्हीं रसों का विशेष वर्णन होता है-वह भी नव रसों के विधायक होते है और रसों में नव रसों का परस्पर विशेष सम्बन्ध रहता है सो जो ससार भर में पदार्थ हैं वे नव रसों के ही अतरगत रहते हैं अब रसों के उदाहरण दिखाये जाते हैं।

अथ वीर रस का उदाहरण विषय।

तत्थ परिच्चागमि य दाणेतवचरणा सत्तुजण विणासे य अणणुसयधितीपरक्कमलिंगो वीरो रसो होई ॥ २ ॥ वीरोरसो जहा सो नाम महावीरो जो रज्ज पयहिऊण पव्वइओ कामको- हमहासत्तु पक्ख निग्घायण कुणई ॥ ३ ॥

पदार्थ–(तत्थ परिच्चागमि य दाणे) इन नव रसों में प्रथम वीर रस का विवर्ण किया गया है सो यह वीर रस त्याग में दान में तपश्चरण में च पुन. (तवचरणसत्तुजणविणासे य) शत्रु जन के विनाश में होता है जैसे कि (अणण सयधिती) दान करके गर्व न करना जैसे कि मत्तुल्योदानी नास्तीति अर्थात् मेरे समान कोई दानी नहीं है इस लिए दान देकर गर्व न.

करना तप करके शांति रखना और (परक्कम) वैरी के हनन में पराक्रम करता है किन्तु व्याकुलता नहीं करता सो (लिंगो वीरोरसो होई २) इन लक्षणों से वीर रस की पहचान होती है क्योंकि त्याग करना दान देकर पश्चाताप न करना, तप में घृति धारण करना यह सब वीरता के लक्षण हैं और संसार पक्ष में यह रस शत्रु के विनाश में भी होता है इसी का नाम वीर रस है अब इस रस का उदाहरण देते हैं किन्तु यह उदाहरण भाव शत्रु के हनन करने का ही है क्योंकि शास्त्र में मोक्षमार्ग का ही प्रारम्भ हुआ है सो उसी के अनुसार उदाहरण हैं (वीरोरसो) वीर रस (जहासोनाम महावीरो) जैसे वह सुप्रसिद्ध नाम से श्री महावीर स्वामी जिन्होंने (जोरज्ज) राज्य को (पयाइऊण) त्याग करके और वर्षादान देकर (पव्वइओ) दीक्षा ग्रहण की फिर (कामकोह) काम क्रोध रूपी जो (महासत्तु) महा शत्रुओं का (पक्ख) समूह वा गर्व था (निग्घायणकुण ३) उसका नाश किया अथवा श्री महावीर देव स्वामी भाव शत्रुओं को नाश करने लगे सो इसी का नाम वीर रस है ३ इस रस में भाव वीरता का ही उदाहरण दिया गया है किन्तु भावार्थ यह है कि जिस काव्य के सुनने से वीरता उत्पन्न होवे उसे ही वीर रस कहते हैं ॥

भावार्थ—इन नव रसों में प्रथम वीर रस का विवर्ण किया गया है जैसे कि यह रस त्याग में, दान में, तप में और शत्रु के विनाश में होता है दान देकर अहंकार न करना, तप में धृति धारण करना, शत्रु के विनाश में पराक्रम करना, इन लक्षणों द्वारा वीर रस की प्रतीती हो जाती है इस में उदाहरण श्री भगवान् महावीर स्वामी का ही है जिन्होंने राज त्याग कर दीक्षा लेकर काम क्रोध रूपी भाव शत्रुओं के नाश करने में उद्यत हुए यही वीरता का लक्षण है तथा जिस काव्य के सुनने से वीरता की प्राप्ति हो उसे ही वीर रस कहते हैं ॥

अथ शृंगार रस विषय ।

सिंगारो नाम रसो रइसं जोगाभिलास संजणणो मंडण विलास विव्वोय हासलीला रमण लिंगो ॥ ४ ॥ सिंगारो रसो जहा महुर विलास ललिय हिययउम्मादण कर जुवाणाणं सा मासद्दु दामं दायंति मेह लादामं ॥ ५ ॥

पदार्थ-(सिंगारो नाम रसो) शृङ्गार नामक रस (रई) रति कामन्ति स-जोगा भिलास) स्त्री आदि के सजोग की अभिलाषा के (सजणणो) उत्पन्न करने हारा है और (मडण) कङ्कणादि का मडण और नेत्रादि (विलास) विलास युक्त होने वा (विव्वोयण) अग विकार युक्त होजाने फिर (हास) हास्य करना अथवा (लीला) काम जन्य वार्ताओं का उच्चारण करना फिर रमण लिंगो ४) स्त्री पुरुष का परस्पर सजोग होना वा क्रीडा करना इस रस का चिन्ह है ४ अब इस रस का उदाहरण दिखलाते हैं (सिंगारो रसो जहा) शृङ्गार नामक रस इस प्रकार से है जैसे कि (महुर) मधुर वचन (विलासल लिय) विलास और ललित पुन (हियय उम्मादण कर जुवाणाण) हृदय के उन्माद कारी अर्थात् काम के उत्पादन करने हारे जो वचन हैं अत किनको ! युवा पुरुषों को (सामासद्दु) श्याम वर्णा स्त्री के घुंघुरुओं के शब्द (दाम दायति) कौंकणी आदि के शब्द (मेहलादाम ५) मेखला के शब्द इत्यादि शब्दों को सुनकर युवा पुरुषों की काम अग्नि सदीप्त होती है सो इसी को शृङ्गार रस कहते हैं ॥ ५ ॥

भावार्थ-शृङ्गार रस का लक्षण इस प्रकार से है काम की आशा शरीर काम उन काम चेष्टा युक्त अगों का हो जाना, हास्य करना, लीला युक्त वचन बोलने और क्रीडा में लगे रहना इन लक्षणों से शृङ्गार रस की प्रतीति होती हैं ४ जैसे कि युवा पुरुषों के हृदय में विकार उत्पन्न करने वाले मधुर और विला स लीलाकारी श्यामा नाम की स्त्री के आभूषणों के शब्द होते हैं अत ये शब्द युवा पुरुषों के काम उत्पादक होते हैं सो इसीको शृङ्गार रस कहते हैं ५ किन्तु इस रस का लक्षण हास्य क्रीडा रमणादि क्रियाये करना ही है और इसके अ-नन्तर अद्भुत रस का वर्णन करते हैं ॥ ५ ॥

३ अथ अद्भुत रस विषय ।

विम्हय करो अपुव्वो अणुभुयपुव्वो य जो रसो होइ सोहास विसाउपतिलक्खणो अब्भुओनाम ॥ ६ ॥ अब्भुओ रसो जहा अब्भुतरमिह मित्तो अन्न कि अत्थि जीवलोगमि जंजिणवयणे अत्था त्तिकालजुत्ता मुणिज्जति ॥ ७ ॥

पदार्थ (बिम्हय करो) विस्मय करने द्वारा जो (अपुव्वो) पूर्व अनुभव नहीं किया उसके (अणुभयपुव्वोय) अनुभव करने से अपूर्व (जो रसो होई) जो रस उत्पन्न होता है पुन जिसकी (सोहा सविसाउपति) हास्य और विपाद से उत्पति है (लक्खणो अब्भुए नाम ७) सो इन लक्षणों से अद्भुत रस जाना जाता है अर्थात् जो आश्चर्य कारी वस्तु को देख कर हर्ष वा विषाद उत्पन्न होता है इन लक्षणोंसे अद्भुत रस की प्रतीती होती है ॥ ६ ॥ अथ इसका उदाहरण दिखलाते हैं (अब्भुय रसो जहा) अद्भुत रस इस प्रकार से होता है जैसे कि (अब्भुतर इहमिता) अद्भुत वस्तु इस लोकमें श्री जिनेन्द्र देव के वचन ही हैं क्योंकि जो यथार्थ पदार्थों के उपदेष्टा हैं इसालिये (अन्न कि अत्थि) और कोई अद्भुत वस्तु है (जीव लोगमि) समस्त ससार में अपितु नहीं है क्योंकि (जजिए वयणे अत्था) जो जिन वचनों में जीवादि पदार्थों का अर्थ है वे (तिकाल जुत्ता) त्रिकाल युक्त मुणिज्जति जाना जाता है ७ अर्थात् वे पदार्थों का अर्थ त्रिकाल में सद्रूप है इत्यादि भावों में जो हर्ष उत्पन्न होता है उसे अद्भुत रस कहते हैं ॥ ७ ॥

भावार्थ आत्मा को विस्मय करने वाला जिसका पूर्व अनुभव नहीं किया जिसके अनुभव करने से हर्ष औरविपाद उत्पन्न होता है वह अद्भुत रस है ६ इसका उदाहरण इस प्रकार से है जैसे कि–इस प्रकार से विचार करना कि इस ससार में जो अर्हन् देवों ने पदार्थों का स्वरूप प्रतिपादन किया है उसके समान कोई भी इतरजन पदार्थों का स्वरूपवर्णन नहीं कर सके जो अर्हन् देव के पदार्थ कथन किए हुए हैं वे त्रिकाल युक्त जाने जाते हैं अर्थात् जो लक्षण वर्णन किए गये हैं वे यथार्थ है और तीनों कालों में इस प्रकारसे रहते हैं इसलिये विस्मय करने वाले इस ससार भर में श्री जिनेन्द्र देव के वचन हैं अन्य कुछ नहीं इस प्रकार के भावों का अद्भुत रस कहते हैं ॥

४ अथ रौद्र रस विषय।

भयंजणणरूवसद्दधयारचितकहासमुप्पन्नो संमोह संभम विसायमरणलिगो रसो रुद्दो ॥ ८ ॥ रुद्दो रसो जहा भि-

ऊडीविडावियमुहो सद्दुट्टोट्ठइय रुहिरमाकिन्नो हणसि पसु असुरनिभो भमिरसिय अइरुद्दो रुद्दोऽसि ॥ ६ ॥

पदार्थ-(भय जणण) भय के उत्पन्न करने वाला (रूव) पिशाचादि का रूप और (सद्दयार) शब्द तथा अन्धकार तथा भय जन्य वार्ताओं की चिंता करनी वा (कहा) कथा करनी (समुप्पन्नो) इन कारणों से रौद्र रस उत्पन्न होता है और (समोह संभम) समोह उत्पन्न होना क्या किया जाए वा चित्त की व्याकुलता अथवा (विसाय) चित्त का विषाद जैसे कि-यहां पर मैं क्यों आ गया हूं इत्यादि विचार करने और (मरण लिंगो रसो रुद्दो ८) सोमल ब्राह्मण वत् मृत्यु चिन्ह है जिसका सोरौद्र रस है ८ अब इस रौद्र रस का उदाहरण लिखते हैं (रुद्दो रसो जहा) रौद्र रस जैसे कि-(भिऊडी विडंवियमुहो) ललाट में जिस के भौंहें चढ़ी हुई हैं और मुख जिस का विकृत होरहा है इसी के संबोधन में कहा गया कि-हे भ्रकुटि विडंबित मुख (सद्दुट्टोट्ठइयरुहिर माकिन्नो) और जो होठों को चबारहा है रुधिर से अंगोपांग आकीर्ण हैं फिर इसी के आमंत्रण में कहा गया कि हे सदष्टोष्ट वा हे रुधिरा किन्न (हणसियसु) तू मारता है पशू को किस प्रकार से मारता है जैसे कि (असुरनिभो) असुर के समान अतएव जैसे असुर (भीमरसिय) भीम शब्द करता है उस के संबोधन में कहा गया कि हे असुर इव भीम रसित (अइरुद्दोऽसि ६) तू अतीव रौद्र वा रौद्र परिणाम युक्त है ६ शंका भय जिसका कारण है कार्य उसका रौद्र किस प्रकार से हो सक्ता है (समाधान) शत्रु के देखने से रौद्र ध्यान की उत्पत्ति हो जाती है इसलिए इस में कोई दोष नहीं है ॥

भावार्थ-भय के उत्पन्न करने वाले रूप शब्द अंधकार चिंता कथा व्यामोह व्याकुलता विषाद मृत्यु इस रौद्र रस के चिन्ह हैं ८ और हे भ्रकुटि विडंबित मुख हे सन्दष्टोष्ट हे रुधिर क्लिन्न तू पशु को मारता है असुर इव भीम रसित तू रौद्र परिणामि है किन्तु शत्रु आदि के दर्शन से रौद्र ध्यान की उत्पत्ति हो जाती है इसलिए इस को रौद्र रस कहा गया अब व्रीडन रस का विवर्ण करते हैं ॥

५ अथ लज्जा रस विषय ।

विणओवयारगुज्झगुरुदारमेरावइक्कमुप्पन्नो वेलणओ नाम रसो लज्जामकाजणणलिंगो ॥१०॥ वेलणउरसो जहा-किं लोइयकरणीयाओ लज्जणतरग तिलिज्जिया। मेति वारिज्जामि गुरूजणो परिवदेइज वहुप्पोति ॥ ११ ॥

पदार्थ—(विणयओव यार गुज्झ गुरुदार) विनय उपचार के उल्लघन करने से अथवा गुप्त तथा अश्लील वार्ताओं के करने से शिष्ट पुरुषों को लज्जा रस उत्पन्न होता है तथा अयोग्य कृत्य करने से भी लज्जा रस उत्पन्न होजाता है जैसे कि उपाध्यायादि की स्त्री से मैथुन क्रीडादिका आसेवन करना तथा (गुरुदार) जो पितृव्य आदि हैं उनका स्त्रियों से काम क्रीड़ा करना फिर (मेरावइक्क मुप्फन्नो) सुंदर मर्यादा के व्यतिक्रम से उत्पन्न हो जाता है (वेलणओ नाम रसो) व्रीडन नामक रस (लज्जासका जणण लिंगो १०) शिर और नेत्र नीचे करने गात्रादि का सकोच हो जाना इसे ही लज्जा रस कहते हैं और सदैव काल मन में शका का रहना कि मुझे अमुक व्यक्ति क्या कहेगा तथा यदि मैं अमुक स्थान पर गया तो लोग मुझे क्या कहेंगे इत्यादि वार्ताओं में शका रखना सो लज्जा और शका के उत्पन्न करने वाला चिन्ह है जिसका १० अब इस में उदाहरण देते हैं । (वेलणओ रसो जहा) व्रीडा नामक रस में यह उदाहरण दिया गया है जैसे कि किसी देशवा किसी कुल में प्रथा है जब नव वधू स्वभर्ता से सग करती है तब अक्षतयोनि के कारण से उसके वस्त्रादि रुधिर से भर जाते हैं तब उस के श्वसुरादि उन वस्त्रों को बहुत से नर नारियों को दिखलाते हैं कि हमारी नव वधू पतिव्रता धर्म में दृढ़ि भूत है इसने कभी भी पर पुरुषों का संग नहीं किया इसमे रुधिर चर्चित वस्त्र ही प्रमाण भूत है अब यावन्मात्र वे नव वधू के शील की प्रशसा करते हैं तावन्मात्र ही वह नव वधू लज्जा को प्राप्त होती है क्योंकि मैथुन के नाम से ही लज्जा की प्राप्ति होती है जब उसके सेवन का ही उदाहरण दिया जाए तब तो क्यों न लज्जा प्राप्त होवे इसलिए वह नव वधू अपनी प्रिय सखी से कहती है कि (कि लोइय करणीयाओ लज्जणतरगतिलज्जामोति) हे मेरी प्यारी सखी ! इस लौकिक

क्रिया से और क्या लज्जा स्थान होगा अपितु कोई भी नहीं है इसीलिए इन क्रियाओं से मैं पुन २ लज्जित होती हू और फिर यह (वारिज्जमि) विवाह के समय में गुरुजणो) श्वसुरादिजन (परिवदेइ ३) नाधने है अथवा (परिवदइ) विवाहादि कार्यों में कहते है कि यह (जनइपोत्ति ११) रुधिर चर्चित हमारी अभिनव वधू का वस्त्र है सो इस कारण से वधू परम लज्जा को प्राप्त होती है यही लज्जा रस का उदाहरण है ॥ ११ ॥

भावार्थ—विनय उपचार अश्लील वार्ता उपाध्यायादि की स्त्रियों से मैथुन क्रीडा मर्यादाओं का अतिक्रम करना इत्यादि कारणों से लज्जा नामक रस उत्पन्न होजाता है और शंका वा लज्जा इस रस के चिन्ह हैं। १०। जैसे कि नव वधू अपनी प्यारी सखी से कहती है कि हे मेरी प्यारी सखी ! जो मेरे भर्तादि के संयोग से रुधिर चर्चित वस्त्र हुए हैं उन वस्त्रों को मेरे श्वसुरादि अनेक नर नारियों को दिखलाते है यद्यपि यह मेरे पतिव्रता धर्म ही की प्रशंसा करते है किन्तु इन कारणों से मैं तो परम लज्जित होती हू क्योंकि जब मैथुन क्रियाके नाम से ही लज्जा उत्पन्न होती है अपितु यह तो मेरे उदाहरण ही दे रहे है इसलिये इस संसार में इससे बढ़ कर लज्जा का स्थान क्या होगा अपितु कोई भी नहीं है अतः विवाहादि में भी मेरे वस्त्र दिखलाये जाते है इसलिए मैं परम लज्जित होती जाती हू। ११ । सो इसी का नाम लज्जा रस है अब बीभत्स रस का विवर्ण करते हैं ॥

८ अथ बीभत्स रस विषय ।

असुइकुणवदुदसणंसंजोगाब्भासगंधनिप्फन्नो निव्वेयविहिंसालक्खणो रसो होई बीभच्छो ॥ १२ ॥ बीभच्छोरसो जहा असुइमलभरिय निज्झरमभावदुगंधिसव्वं । कालपि धन्नाओ सरीरकलिं बहुमलकलूस विमुचंति ॥१३॥

पदार्थ (असुई) अपवित्रता मूत्र पुरीषादि की वा (कुणव) मृतक कलेवर (मांसपिंड) (दुदसण) दुर्दर्शन लालादि वा दान्तादि (संजोगब्भास) के वारम्वार देखने से और (गंधनिप्फन्नो) उसकी दुर्गंध से उत्पन्न हो गया है (निव्वेयविहिंसा) वैराग्य अहिंसा सो यही (लक्खणो) लक्षण है जिसके

(रसो होई वीभन्छो १२) सो नही वभित्स रस होता है अर्थात् वीभत्स लक्ष ण वैराग्य और अहिंस ही कथन किए गये हैं किन्तु यह वार्ता महा भागवशाली मोक्ष गमन करने वाले आत्माओं की अपेक्षा ही ज्ञात करनी चाहिये अन्यत्र नहीं अब इस का उदाहरण कहते हैं जैसे कि किसी शुद्ध पुरुष ने कहा कि वी भन्छो रसो जहा) वीभत्स रस यह है जैसे कि (असुईमलभरिय निज्झर) अशुची मूत्र विष्टादि और मल से भरे हुए हैं यह सर्व श्रोत्रादि विवर (स्थान) फिर यह (समावदुगंधि सव्वकालपि) स्वभाव से दुर्गंधि युक्त है अपितु सर्व काल में इसलिए (धन्नायो) व धन्य हे जो (सरीर काले) इस शरीर को जो अनिष्ट रूप है फिर (बहुमल कलुस) बहुत मल से कलुषित हैं अर्थात् मल का पिंड है इसको (विमुचाति १३) छोडते हैं अर्थात् जो इस दुर्गंध मय शरीर को छोडकर मोक्ष गमन होते हैं वे धन्य हैं ॥ १३ ॥

भावार्थ-वीभत्स रस उसे कहते है जो अशुची मास पिंड दुर्दर्शन इत्यादि के बारम्बार देखने से और दुर्गन्धि के निमित्त से वैराग और दया भाव उत्पन्न होता है वही वीभत्स रस है अपितु यह वार्ता मोक्षगमन आत्मा की अपेक्षा से कही गई है ॥ १२ ॥ और वे धन्य हैं जिन्होंने अशुचि और मल से भरे हुए श्रोत्रादि विवर जो स्वभाव से दुर्गंध यह शरीर है इसको छोड दिया है क्योंकि यह शरीर मल से कलुषित हो रहा है सदैव काल इसके सर्व द्वार मल को मस्रवण कर रहे हैं इस लिये वे धन्यवाद के योग्य हैं जो इस असार मय शरीर को छोड कर मोक्षगमन हो गए हैं। अब इसके अनतर हास्य रस का विवर्ण करते हैं ॥ १३ ॥

अथ हास्य रस विषय ।

रूववयवेसभासाविवरियनिलवण समुप्पन्नो हास मणप्प हासोप्पगासलिंगो रसो होई ॥ १४ ॥ हासो रसो जहा पासुत्तमसीमडियपडिबुद्ध देवरंपलोयाति हाज हणथणभर कंपणप्पणानियमज्झा हसई सामा ॥ १५ ॥

पदार्थ-(रूववयवेसभासा) रूप, वय, और भाषा (विवरिय) से विपरीति जैसे कि हास्य रस के उत्पादन करने के लिए पुरुष स्त्री के रूप को

धारण करता है तथा स्त्री पुरुष के रूप को धारण करती है और तरुण पुरुष हास्य रस के वश म होता हुआ वृद्ध के रूप को धारण करता है और राजा के वेष से वणिग् का वष धारण करता है अथवा भाडादि की नकलें इत्यादि (विवरिय विलवण समुप्पन्ने) विपरीत भावों से वा विडम्बनासे उत्पन्न होता है (हासो पणप्पहासो) हास्य रस जो मन का मकर्ष करने वाला है अर्थात् अतीव मनको मफुल्लित करने वाला है इसलिए (पगासलिंगोरसो होई १४) नेत्र मुखादिका विकाश रूप वा उदर कर मस्पण अद हास्य आदि इस रस के चिन्ह होते हैं १४ अब इसमें उदाहरण कहते हैं (हासो रसो जहा) हास्य रस जैसे (पासुत्तमसिमडिय) मसुप्त देवर को देखकर कर मषी के द्वारा मुख को मडित करती है फिर (पडिबुद्ध देवर पलोयति) जागृत हुए देवर को विशेष करके देखती है और कहती है कि (हा) हा इति खेदे क्या हुआ मेरे देवर के मुख को जो मषी से अलकृत हो रहा है अथवा (ही) शब्द कामका उत्पादक है इसलिए देवर के मुख को देखकर जो मषी (स्याही) से अलकृत हो रहा है इस निमित्त को लखकर काम जन्य वार्तायों को भाषण करती है फिर जिसके (जहयणभरक्पण) कलश के सामान स्तनों के भार से कापती है और (पणमियमज्भा) जिसका मध्य भाग स्तन भार से झुक रहा है इस मकार से कोई किसी व्यक्ति को आमत्रण देकर कहता है कि देखो (हसइसामा) अपने देवर के मुख को देख कर यह श्यामा किस मकार से हसती है सो इसी का नाम हास्य रस है अब इसके आगे करुणा रसके विषय में कहते हैं क्याकि करुणा रस भी दीन वचनों से युक्त है इसलिए हास्य रस का मतिपक्ष है सो मतिपक्ष का विवर्ण करते हैं ॥ १५ ॥

भावार्थ–रूप का परिवर्तन करना अथवा वृद्धादिका रूप धारण करना भाषा विपरीत भाषण करनी जिसके द्वारा हास्य की उत्पत्ति हो और मन मफुल्लित हो जाए सो यही उक्त चिन्ह हास्य रस के हैं अर्थात् इन लक्षणों ही से हास्य रस की मतीती होती है॥ १४ ॥ इस के उदाहरण में केवल इतना ही विवर्ण है कि जैसे कि श्यामा स्त्री निज देवर का उपहास करती है और उस के मुखादि को मषी से अलकृत करती है केवल उपहास्य के लिए उसी को हास्य रस कहते हैं ॥ १५ ॥

८ अथ करुणा रस विषय ।

पियविप्पओयवधवहवाहिविणिवायसंभमुप्पन्नो सोईयविल-वियपण्हयरुन्नलिंगो रसो करुणो ॥ १६ ॥ करुणो रसो जहा पभ्भायकिलामिअय वाहा गयपप्फ । अच्छिय बहुसो तस्स विओगे पुत्तया दुव्वलयते मुह जाय ॥ १७ ॥

पदार्थ-(पियवप्पओय) प्रिय का वियोग (वध वह) वध और वध (वा हिविणीवायसंभमुप्पन्नो) व्याधि पुत्रादि की मृत्यु अथवा स्वचक्र पर चक्रों के भय से उत्पन्न होता है करुणा रस अपितु (सोइय) शोक करना (विलविय) विलाप करना (पण्हय) खेद का होना (मूर्च्छागत) सो (रुन्नलिंगो, रसो करुणो १६) रोना लिंग होता है करुणा रस का अर्थात् नेत्रों से आंसु निर्मो चन करने इन्हीं लक्षणों से करुणा रस की प्रतीती होती है ॥ १६ ॥ अब इस का उदाहरण दिखलाते हैं (करुणो रसो जहा) करुणा रस इस प्रकार से होता है जैसे कि कोई वृद्धा स्त्री युवती स्त्री से कहती है कि हे पुत्रिके (पभ्भायकिला मि अय) परम प्रिय (पति के) के वियोग से तू परम दु खित (क्लामना) हो रही है फिर (वाहा गयपफअच्छिय बहुसो) पुनः २ तेरे नेत्रों में पानी के आने से नेत्र जल से भरे रहते है (तस्स विओगे) उस प्रिय क वियोग से (पुत्तया) हे पुत्रिके ! (दुव्वलय ते मुह जाय १७) तेरा मुख परम दुर्बल हो गया है इसी का नाम करुणा रस है ॥ १७ ॥ अब प्रशान्त रस के विषय में कहते हैं ॥

भावार्थ-करुणा रस उसे कहते है जो प्रिय के वियोग से अथवा वध और वध व्याधि से अथवा पुत्रादि की मृत्यु से चित्त को अशान्ति उत्पन्न होती है उसी के कारणों से चिंता करना, विलाप करना, मूर्छा वश होना इत्यादि लिंग यह सर्व करुणा रस के होते हैं इस में उदाहरण यह है कि जैसे किसी युवती कन्या के पति के वियोग होने पर वह कन्या परम दु खित अश्रु पूर्ण नेत्र जिसके मुख की आकृति मलीन है इत्यादि लक्षणों से निश्चय कराती है कि यह करुणा रस से व्याप्त हो रही है सो इसी को करुणा रस कहते हैं अब प्रशान्त रस के विषय में विवर्ण किया जाता है ॥ १७ ॥

अथ प्रशान्त रस विषय।

निद्दोसमणसमाहाणसभवो जो पसतभावेण अविकार लक्खणो सो रसो पसतोत्तिनायव्वो ॥ १८ ॥ पसतो रसो जहा सब्भावनिव्विकार उवसतपसतसोमदिट्ठीय ही जण मुणिणो सोहइ मुहकमल पीवरसिरीय ॥ १९ ॥ एए नवकव्वरसा बत्तीसादोसविहिसमुप्पन्नो गाहा हि मुणेयव्वा हवति सुद्धा मीसावा ॥ २० ॥ सेत नव नामे ॥

पदार्थ—(निद्दोसमण समाहाण) हिंसादि दोषा से रहित मनका समाधान (धारण) करना सो उसो स (सभवो जो पसतभावेण) उत्पति है जिसकी अर्थात् प्रशान्त भावा से ही प्रशान्त रस की उत्पति है और जिसका (अविकार) निर्विकार (लक्खणो) लक्षण है (सोरसो) वह रस (पसतोत्ति नायव्वा १८) इस प्रकार स प्रशान्त जानना चाहिये ॥१८॥ अब इसका उदाहरण कहते हैं (पसतोरसो जहा) कोई पुरुष किसी व्यक्ति को आमत्रण देकर कहता है कि प्रशान्त रस वह होता है जैसे कि- (सब्भावनिव्विकार) यह साधु स्व भाव से वा सद्भावे से निर्विकार है फिर (उवसत) इस का उपशान्त और (पसत) प्रशान्त चित्त है पुन' सोमदिट्ठीय) सौम्य दृष्टि है अपितु (ही) ही शब्द विशेष प्रशान्त रस का द्योतक है इसलिए (ही) शब्द ग्रहण किया गया है सो (जह) हे प्रिय तू देख जैसे (मुणिणो सोहइ मुह) मुनिका शोभता है मुख रूपी (कमल) कमल (पीवर सिरिय १९) जो उपशम रूपी रस से पुष्ट हो रहा है अर्थात् जिस के मुख पर उपशम रूपी लक्ष्मी (श्री) निवास कर रही है ॥१९॥ (एए नव*) यह नव (कव्व रस) काव्य रस (बत्तीस दो स-

---

* नोट १ इतिहास शुच क्रोधे स्याहो भयजुगुप्सके॥ विस्मय शाम इत्युक्त स्थायिभावा नवक्र मात १ सम्भो गमो परो वाच्छा विशेषो रति। विकार दर्शनादि अन्यो मनारथो हास । स्वस्येष्ट जय वियोगा दिना स्वास्मिन दु खोत्कष शोक। रिपु कृताय कारिणश्चेन सिम्बलन क्रोध परेषु लोकोत्कृष्टसु स्थिरतर प्रयत्न उत्साह। रौद्र विलोकनादिना अवचा शकन भयम् अर्थानां दोष विलोक नाद्रिमा गहा। जुगुप्सा अपूर्व वस्तु दर्शनादिना चित्तपरतारा विस्मय। विरागत्वा

विहि) सूत्र के द्वात्रिंशत् दोषों की शुद्धि के प्रयोग से (समुप्पन्ना) समुत्पन्न हैं जैसे कि सूत्र वह होता है जिसमें अलीक दोष न हो सो इसी के द्वारा अद्भुत रस की उत्पत्ति है इसी प्रकार आगे सभावना कर लेनी चाहिए अपितु ३२ दोषों का स्वरूप आगे लिखा जायगा पुन (गाहाहिं मुणेयव्वा) यह सर्व रस गाथाओं करके जानने चाहिए अर्थात गाथा वा छदादि के विषय यह सर्व रस होते हैं तथा (हवंति सुद्धा) किसी २ काव्य में एक २ ही रस होता है अथवा (मीसावा२०) किसी २ काव्य में एक वा २ ३ इत्यादि रसों का सम्बन्ध होता है अर्थात् एक काव्य में कई रसों के उदाहरण होते हैं (सेत नव नामे) अब इसी का नाम नव नाम है अर्थात् नव नाम के अन्तर्गत नव प्रकार के रसों का सक्षेप से विवर्ण किया गया है ॥ २० ॥

भावार्थ–मन के निर्दोष होने पर और भावों की विशेष शान्ति होने पर प्रशान्त रस की उत्पत्ति होती है और निर्विकार रूप का होना यही प्रशान्त रस का मुख्य लक्षण है ॥१८॥ इस रस में उदाहरण इस प्रकारसे दिया गया है कि जैसे कषायों के उपशम होने से और सौम्य दृष्टि होने से अतः परम शान्ति युक्त होने पर मुनि का मुख रूपी कमल उपशम रूप श्री से अलकृत होता है उसीका नाम प्रशान्त रस है ॥१९॥ यह नव काव्य रस सूत्र के ३२ दोषों की विधि की रचना से उत्पन्न होते हैं जैसे कि अलीक दोष से रहित अद्भुत रस की उत्पत्ति होती है ऐसे ही और सभावना कर लेनी चाहिये सो यह रस गाथा काव्य छदादि में जानने चाहिये किन्तु काव्यादि में शुद्ध रस भी होते हैं मिश्रित रस भी होते हैं जैसे कि एक काव्य में एक रस हो उसे शुद्ध रस कहते हैं यदि एक काव्य में २-३ तीन रसों का समावेश हो उसे मिश्रित रस कहते हैं किन्तु ३२ दोषों के प्रयोग से भी इन की उत्पत्ति है अन्य प्रकार से भी उत्पत्ति हो जाती है अलकार, चपू और छदादि ग्रथों में इनका सविस्तर स्वरूप जानना चाहिए सो इसी स्थानोपरि नव नाम का स्वरूप पूर्ण होगया है अब दश प्रकार के नाम का विवर्ण करते हैं ॥ २० ॥

दिना निर्विकार मशान्तरस । इति अलकार चिंतामणि सूत्रम् अलकार चिंतामणि नामक ग्रन्थ में उक्त रसों का महान् सविस्तर स्वरूप वर्णन किया गया है और इनके पृथक् २ उदाहरण और उद्दीपन दि के कारण भी बतलाए गये हैं किन्तु मूल सूत्र में तो केवल नव रसों का स्वरूप सूचना मात्र ही दिखलाया गया है।

अथ दश नाम विषय ।

सेकित दसनामे २ दसविहे पण्णते तंजहा गोणे १ नो-गुणे २ आयाणपदेण ३ पडिवक्खपएण ४ पाहाण पण्ण ५ अणाइयसिद्धंतेण ६ नामेण ७ अवयवेण ८ सजोगेण ९ पमाणेण १०ं सेकित गोणे २ खमुद्दो समुद्दो ३ अलालं पलाल ४ अकुलिया सकुलिया ५ नो पल असइ पलास अमाइवाहए माइवाहए अवीयभाव्वए वीयवावए नो इदगोवए इदगो-वए ९ सेत नो गोणे ॥

पदार्थ-(सेकित दसनामे २ दसविहे प० त) वह मतिपादित दश नाम कौनसा है (उत्तर) दशनाम दश प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (गोण १) जा गुण निष्पन्न हो उसे गुण नाम कहते है १ (नो गुणे २) जो गुण से रहित उत्पन्न हो उसे नो गुण निष्पन्न नाम कहते हैं सो प्रथम यथार्थ नाम है द्वितीय अयार्थ है २ (अयाण पदेण ३) जो आदि पद से उत्पन्न हो उसे आदान पद नाम कहते है ३ और (पडिवक्खपएण ४) जो प्रति पक्ष से उत्पन्न हो उसे प्रतिपक्ष नाम कहते हैं ४ (पाहाण पएण ५) प्रधान वस्तु के संयोग से जो उत्पन्न हो उसका नाम प्रधान पद है (अणाइयसिद्धं तेण ६) जो अनादिकाल से सिद्ध है उसी का नाम अनादि सिद्ध नाम है ६ (नामेण ७) नाम से जो निष्पन्न होता है उसे नाम पद कहते हैं ७ (अवय वेण ८) अवयवों के संयोग से जो नाम उत्पन्न होता है उसे अवयव नाम कहते हैं ८ और (सजोगेण ९) द्रव्य के संयोग से जो नाम उत्पन्न होता है उस संयोग नाम कहते है ९ (पमाणेण १०) जो प्रमाणों के कारण से नाम उत्पन्न हो उसे प्रमाणपद कहते है १० अब इन के पृथक् २ उदाहरण दिख लाए जाते है (सेकित गोणे २) (प्रश्न) गुण निष्पन्न नाम किसे कहते हैं (उत्तर) गुण निष्पन्न नाम निम्न प्रकार से है जैसे कि-(खम इति खमणो १) जो क्षमा करे उसे क्षमण कहते हैं यह नाम क्षमा के गुण से निष्पन्न है इस लिए यथार्थ नाम है इसी प्रकार (जल इति जलणो) जो जलती है वह ज्वलन है सो यह ज्वलन गुण से निष्पन्न नाम है २ (तव इति तवणो ३) जो तपता

है उसे तपन कहते हैं (पव इति पवणो ४) जो पवित्र करता है उसे पवन कहते हैं (सेत गोण) इत्यादि और नामों की भी सभावना करलेनी चाहिए सो यही गुण निष्पन्न नाम है अब नोगुण निष्पन्न नाम के उदाहरण देते हैं (सेकिंत नो गुणे ?) (प्रश्न) नो गुण निष्पन्न नाम कौनसा है (उत्तर) नो गुण निष्पन्न नाम इस प्रकार से है जैसे कि- (अकुंतो संकुंतो १) जिस के कुंत नाम शस्त्र विशेष नहीं है उसे अकुंत कहते हैं यह अयथार्थ नाम है क्योंकि कुंत नाम शस्त्र (बर्छी) का है और सकुंत नाम प्राकृत में पक्षी का है सो शस्त्रादि के न होने पर भी उसे शकुंत कहा जाता है सो इसी को नो गुण निष्पन्न नाम कहते हैं इसी प्रकार आगे भी जानना चाहिए १ (अमुग्गोसमुग्गो २) नहीं है मुद्ग जिस के उसी का नाम अमुद्ग अर्थात् मुद्ग के न रखने पर भी समुद्ग कहा जाता है) मुद्ग वस्तु आधार भाजन (करंड) विशेष होता है और (अमुद्दो समुद्दो ३) नहीं है मुद्रा जिसके उसी को समुद्र को कहते हैं अत मुद्रा न होने पर भी सागर का नाम समुद्र कहा जाता है ३ (अलाल पलाल ४) मुखादि के लालों के न होने पर भी तृण विशेष को पलाल कहते हैं ४) (अकुलिया सकुलिया ५) कुलिका से रहित होने पर सकुलिका कहते हैं यह सर्व प्राकृत की शैली से नामों का विवर्ण है परन्तु संस्कृत में तो शकुनिक पक्षी का ही नाम होता है ५ (नापल असइ पलास ६) जो पल (मांस) का आस्वादन नहीं करता उस को पलाश कहते हैं यह भी एक वनस्पति के पत्रों के नाम है ६ (अमाइवाहएमाइवाहए ७) जो मातृ वाहक नहीं होता उसे मातृ वाहक कहते हैं द्विइन्द्रिय जीव विशेष होता है ७ (अवीय वायए वीयवायए ८) जो बीज के बोने वाला नहीं उसे बीज वायक कहते हैं विकलेंद्रिय जीव विशेष का नाम है ८ (नोइंदगोवए इंदगोवए ९) जो इंद्र गोपक नहीं होता उसे इंद्र गोपक कहते हैं यह भी विकलेंद्रिय जीव विशेष है ९ (सेतं नो गुणे) अब यही नो गुण निष्पन्न नाम होता है अर्थात् यह नाम यथार्थ नहीं है किन्तु प्रसिद्धि में इसी प्रकार से उच्चारण किये जाते हैं इसी वास्ते इन को नोगुण निष्पन्न नाम कहते हैं ॥

भावार्थ—दश नाम दश प्रकार से वर्णन किया गया है जैसे कि गुण निष्पन्न नाम १, अगुणनिष्पन्न नाम २, आदानपद नाम ३, प्रतिपक्षपद नाम ४, प्रधानपद नाम ५, अनादिसिद्ध नाम ६, नामपद ७, अवयव नाम ८ स-

योग नाम ६, प्रमाण नाम १०, अपितु गुण निष्पन्न उसे कहते हैं जैसे कि क्षमा के गुण से क्षमण १ ज्वलन होने से ज्वलन २ ताप होने से तपन ३ पवित्र करने से पवन ४ यह सर्व गुण निष्पन्न नाम हैं॥ किन्तु नो गुण निष्पन्न नाम निम्न प्रकार से हैं कुन्त के न होने पर शकुन्त १, समुद्गन होने पर भी समुद्ग २, मुद्रा के न होने पर समुद्र ३, लाल के न होने पर पलाल ४, कुलिका के न होने पर शकुलिका ५, मास के न खाने पर पलाश ६, अमातृ वाहक को मातृ वाहक ७, अबीज वापक को बीज वापक ८, इन्द्र के न गोपने पर इन्द्र गोप ६, इत्यादि यह सर्व प्रयोग गुण निष्पन्न नहीं हैं किन्तु गुण से विरुद्ध नाम प्रसिद्ध हैं॥ अब आदान पद और प्रतिपक्ष पद के विषय में लिखा जाता है॥

अथ आदान पद और प्रति पक्ष पद विषय।

(सेकित आयाणपएण २ आवन्ती १ चउरंगिज्जं २ असखय ३ जनइज्ज ४ पुरिसविज्ज ५ एलइज्ज ६ विरियं ७ धम्मो ८ मग्गो ९ समोसरण १० अहात्तहीय ११ गन्थो १२ जमइज्ज १३ अद्दइज्जम् १४ सेत्तआयाणपएणं॥ सेकिन्तं पडिवक्खपएण २ नवेसुगामागर १ नगर ३ खड ४ कवड ५ मडव ६ दोणमुह ७ पट्टण ८ आसम ६ सेवाह १० सन्निविसेसुय ११ णिविस्समाणेसु असिवा सिवा १ अग्गी सीयलो २ विसं महुर ३ कल्लालघेरसु अविल साउय ४ जे लत्तए से अलत्तए ५ जे लाउए से अलाउए ६ जे सुम्भए से कुसुम्भए ७ आलम्बते विवलीएभासए ८ से तं पडिवक्खपएणं॥

पदार्थ-(सेकित्त अयाणपएण २) (प्रश्न) जो आदान पद करके पद बनते हैं वे किस प्रकार से हैं (उत्तर) जिस अध्याय वा उद्देश के आदि पद के उच्चारण करने से उसी अध्याय वा उद्देश का बोध हो जाय उसे आदान पद से निष्पन्न नाम कहते हैं इनके उदाहरण निम्न प्रकार से हैं (आवन्ती) श्री आचाराङ्ग सूत्र के प्रथम श्रुत स्कन्ध के पंचम अध्याय के आदि में आवन्ती

के यावंती इत्यादि पद हैं सो वह अध्याय आदि पद के नाम से प्रसिद्ध है जैसे कि आवन्ती अध्याय इसी प्रकार आगे भी जान लेना चाहिये (चउरंगिज्ज २) चतुरंगी अध्याय (श्री उत्तराध्ययन सूत्र के ३ तीसरे अध्याय का आदि पद है (चत्तारि पर मगाणि इत्यादि) (असखय ३ असख्यय अध्याय उत्तराध्ययन सूत्र का ४ अध्याय (जन्नइज्जम् ५) यज्ञ का अध्याय (उत्तराध्ययन सूत्रका २५ अध्याय) (पुरिस विज्ज) पुरुष विद्याध्याय (उत्तर-सूत्राध्याय ६ (एलइज्जम् ६) एलक अध्याय (उत्तर सूत्र अध्याय ७) (वीरिए ८) वीर्याध्याय (सूयगडाग सूत्र अ० ८) (धम्मो ८) मोक्षधर्म अध्याय (सू० सू० अ० ११) (मग्गो ६) मार्ग अध्याय (सू० सू० अ० ६) (समोसरणम् १०) समोसरण अध्याय (सू० सू० अ० १२) (आहात्तहीयम् ११) यथा तथ्याध्याय (सू० सू० अ० १३) (गन्थो १२) ग्रन्थ अध्याय (सू० सू० अ० १४) (जमइज्जम् १३) यमईय अध्याय (सू० सू० अ० १३) (अद्दइज्जम् १४) आर्द्रकुमाराध्याय (सू० सू० अ० २२) (सेत्त अयाणपएणम्) सो इसी का नाम आदान पद है अर्थात् जिन अध्यायों का आदि पद से निष्पन्न नाम है उन्हीं अध्यायों को आदान पद कहते हैं इसी प्रकार और अध्यायों का भी सम्बन्ध जानना चाहिये ॥ अब प्रतिपक्ष विषय में कहते हैं) सेकिंत पडिवक्खपएणम्) (प्रश्न) प्रतिपक्ष धर्म से जो पद उत्पन्न होते हैं वेह किस प्रकार से हैं (उत्तर) प्रतिपक्ष धर्म निष्पन्न पद निम्न प्रकार से होते हैं जैसे कि (नवे सुगामाम २) नूतन ग्रामों और आकरों में इसी प्रकार (नगर) जो शुल्क रहित होता है उसे नगर कहते हैं ३ (खेड ४) धुलिमय कोट वाला खेडा होता है ४ (कवड ५) कुनगर को कर्वट कहते हैं ५ (मडव ६) जिसके दूरवर्ती नगर हों उसे मडप कहते हैं (दोणमुह ७) जिस स्थान पर जल और स्थल दोनों मार्ग हों उसे द्रोण मुख कहते हैं (पट्टण ८) नाना प्रकार के पदार्थ नाना प्रकार के दोषों से विक्रीयमाण होते हों उसे पत्तन कहते हैं (आसम ९) तापसादि के स्थान को आश्रम कहते हैं (सवाह १०) जहा पर बहुत से लोगों का समूह हो उसे सवाह कहते हैं अथवा (सन्निवेसे सु अ०) घोसादिक मे (णिविस्समाणेसु) बसते हुओं में यदि (अशिवा सिवा) शृगालादि प्रवेश करते हैं वा शब्द करते हैं वेह शब्द अशिव (अशुभ) होने पर भी उन्हें शिवा (कल्याण रूप) कहा जाता है क्योंकि शृगाली का नाम कोस में शिवा भी लिखा है

तथा कोई व्यक्ति (अग्गी सीयलो २) अग्नि का शीतल कहता है और (विस महुर ३) विषको मधुर कहता है अथवा (कलालघरेसु अविलमाउय ४) कलाल के गृह में मदिरा स्वरस चलित होगया है अर्थात् अम्ल की स्वादु कहता है फिर (जे लत्तए से अलत्तए ५) जो लाक्षादि से रक्त है उसको प्राकृत में अलत्त कहते हैं और (जे लाउए से अलाउए ६) जो जलादि से वस्तु को ग्रहण करता है उसी को अलाबुतूंबा कहते हैं और जो (जे सुभए स कुसुभए ७) शुभ (प्रिय) है उसे देश भाषा में कुशुभा कहते हैं कु अव्यय कुत्सित अर्थ में है सो (आलवते विवलीयभासए ८) जो उक्त प्रकार से भाषा भाषण करते हैं वह विपरीत भाषा है क्योंकि पक्षधर्म से प्रतिपक्षधर्म है इसीलिए इस को विपरीत भाषा कहते हैं अथवा भाषा के न होने से इसे अभाषा भी कहते हैं सो यह समासान्त पद है (सेत पडिवक्खपएणं) सो यही प्रतिपक्ष पद है अर्थात् पक्षधर्म से प्रतिकूल होने से प्रतिपक्ष कहा जाता है शंका क्या यह प्रतिपक्ष पद नोगुण पद में अन्तर्भूत नहीं हो सकता है (समाधान) नहीं हो सकता है क्योंकि नो गुण पद कुन्तादि की प्रवृत्ति के निमित्तसे पैदा हुआ है और यह पद प्रतिपक्ष धर्म वाचक है इसलिये सापेक्षित्वादिविशेष ॥ ४ ॥

भावार्थ-आदान पद उसका नाम है जिस अध्याय का आदि सूत्र से नाम प्रसिद्ध होजाय और उसी नाम अध्याय से उच्चारण किया जाय सो इस पद में चतुर्दश उदाहरण दिखलाए गये हैं जैसे कि आवन्ती अध्याय १ चतुरंगि अध्याय २ असंखयाध्याय ३ यज्ञ नियमाध्याय ४ पुष्प विधाध्याय ५ एलका ध्याय ६ वीर्याध्याय ७ धर्माध्याय ८ मोक्ष मार्गाध्याय ९ समोशरणाध्याय १० याथा तथ्याध्याय ११ ग्रन्थाध्याय १२ यमइयाध्याय १३ आर्द्रकुमाराध्याय १४ यह सर्व अध्याय श्रीआचारांग सूत्र श्रीसूयगडांग सूत्र श्रीउत्तराध्ययन सूत्र के अन्तर्गत हैं सो इन्हीं का नाम आदान पद नाम कहते हैं और प्रतिपक्ष पद उस का नाम है जो धर्म से विरुद्ध पद है जैसे कि नूतन ग्राम नगरों में जब शृगालादि शब्द कहते हैं तब वे शब्द अशुभ होते हैं किन्तु उनको लोक शिवा कहते हैं क्योंकि (शिवा गौरी फेरवयोः) इत्यमरः शिव शब्द पार्वती गीदडी शमी का वृक्ष हरें तथा आंवला इन अर्थों में भी व्यवहृत किया जाता है इसलिये अशिवा शब्द को शिवा कथन करना प्रतिपक्षधर्म वाचक पद है इसलिये आगे भी जानना चाहिये जैसे कि अग्नि शीतल १, विष मधुर २, कलाल के घर में मदिरा

स्वादु ३, रक्त को अलक्त ४, लापु को अलातु ५, शुभ को कुशुभ ६ इस प्रकार प्रतिपक्ष वचन उच्चारण करने उसी को प्रतिपक्ष धर्म कहते हैं और यह नोगुण में उदाहरण नहीं गिने जाते क्योंकि यह कथन प्रतिपक्ष धर्म वाचक पद है अब प्रधान पद और अनादि सिद्ध नाम का विवेचन करते हैं ॥

अथ प्रधान पद और अनादि सिद्ध पद विषय ।

सेकिंत पहाणपएण २ असोगवणे १ सत्तिवणे २ चंपगवणे ३ चूयवणे ४ नागवणे ५ पुन्नागवणे ६ उच्छुवणे ७ दक्खवणे ८ सालवणे ९ सेत्त पहाणपएणम सेकिंत अनादियसिसिद्धंतेण २ धम्मत्थिकाय १ अधम्मत्थिकाय २ आगासत्थिकाए ३ जीवत्थिकाए ४ पुग्गलत्थिकाए ५ अद्धासमए ६ सेत्तं अनाइयसिद्धंतेण ॥ ६ ॥

पदार्थ-(सेकिंत पहाणपएण २) से शब्द अथ का वाची है और कि प्रश्न अर्थ में होता है त शब्द पूर्व सम्बन्ध के लिये होता है सो तात्पर्य यह हुआ कि प्रधान पद कौनसा हुआ गुरु कहने लगे कि भो शिष्य ! प्रधान पद उसे कहते हैं जिस वन में आम्रादि वृक्ष अनेक जाति के होते हुए उन में जो प्रधान और बहुत हो उन्ही के नाम से वन प्रसिद्ध होजाता है जैसे कि (असोगवणे १) अशोक वृक्ष अतीव होने से अशोक वन कहा जाता है उसी प्रकार (सत्तिवण्णवणे ३) सप्तपर्ण वन (चंपगवणे ४) चंपकवन (चूयवणे ५) आम्रवन (नागवणे ६) नागवन (उच्छूवणे ७) इक्षुवन (दक्खवणे ८) द्राक्षावन और (सालवण ६) शालवन यह सर्व प्रधानता की अपेक्षा से कथन किये गये हैं (सेत्तंपहाण पएण ५) सो यही प्रधान पद है ५ (सेकिंत अनाइय सिद्ध तेणं २) (प्रश्न) अनादि सिद्धांत नाम किसे कहते हैं (उत्तर) जो अनादि काल से सिद्ध और निर्णीत हो उसी का नाम अनादि सिद्धान्त नाम है क्योंकि जो अनादि सिद्धांत पद है वह कभी भी परिवर्तित नहीं होता

* प्रवामीत्यै ॥ प्र० व्या० अ०८ पा०१ सू० १५ अतवेरादे दित उत्वम् भवति पावासु भेरु-इत्यु-२५६ ॥

जैसे कि (धम्मत्थिकाय १) धर्मास्तिकाय १ (अधम्मत्थिकाय २) अधर्मी स्तिकाय २ (आगासत्थिकाय ३) आकाशास्तिकाय ३ (जीवत्थिकाय ४) जीवस्ति काय (पुग्गलत्थिकाय ५ पुद्गलास्तिकाय ५) (अद्धासमय ६) समय (से त अनाइय सिद्धतेण ६) ये ही अनादि सिद्धात नाम हैं क्योंकि यह पद् नाम द्रव्य के किसी समय म भी परिवर्तन शील नहीं है अत स्वत सिद्ध हैं इसीलिये इन्हें अनादि सिद्धात नाम कहते हैं ॥ ६ ॥

भावार्थ—प्रधान पद उसका नाम है जो वृक्ष अनेक जाति के हों उनमें जो अतीव प्रधान वृक्ष हों उन्हीं क नाम से वन शब्द व्यवहृत किया जाता है जैसे कि अशोक वन १ सप्तपर्ण वन २ चम्पक वन ३ आम्र वन ४ नाग वन ५ पुन्नाग वन ६ इक्षु वन ७ द्राक्षा वन ८ शाल वन ६ सो इसी का नाम प्रधान पद है ५ किन्तु अनादि सिद्धान्त नाम उसे कहते हैं जो अनादि काल से सिद्ध रूप और निर्णीत हो रही अनादि सिद्धान्त नाम है जैसे कि धर्म १ अधर्म २ आकाश ३ जीव ४ पुद्गल ५ समय ६ यह अनादि निष्पन्न नाम है इसीलिये इन्हें अनादि सिद्धान्त नाम कहते हैं क्योंकि नाम और नाम कर्म भिन्न है अतएव नाम कर्म स्थिति वाला होता है नाम अनादि निष्पन्न है इसीलिये इन्हें अनादि सिद्धात नाम कहते हैं ॥ ६ ॥ अब नाम पद और अवयव नाम पद विषय में विवर्ण किया जाता है ॥

अथ नाम पद और अवयव नाम पद विषय ।

(सेकिंत नामेण २) पिउपियामहस्स नामेण उन्ना मिज्जइ सेत नामेण ७ से किंत अवयवेण सिंगी १ सिखी २ विसाणी ३ दाडी ४ पक्खी ५ खुरी ६ णही ७ वाली ८ दुप्पय ६ चउप्पय १० वहुप्पया ११ णगुली १२ केसरी १३ कउही १४ परियरवधेण भउजाणेज्जा १५ मिहिलिय निवसणेणं १६ सित्थेणदोणयाग १७ कविं च एगाए गाहाए १८ सेत अवय-वेणी १६)

पदार्थ-(सेकिंत नामेण २) (प्रश्न) नाम से नामपद किस प्रकार बनता है (उत्तर) नाम से नामपद निम्न प्रकार से है जैसे कि , पिउपियो महस्सना मेण उन्नामिज्जइ) पिता अथवा पितामह पितृ पितामह इत्यादि के नामो परि नाम प्रसिद्ध किया जाय जैसे पिता के नाम पर तेतलीपुत्र अथवा माता के नाम से मृगापुत्र थावचा पुत्र पितृ पिता के नाम पर वरुण नाग नतआ इत्यादि यह नाम पूर्व पुरुषो के नाम पर प्रसिद्ध है सो इसी का नाम (सेत नामेण) नाम से उत्पन्न नाम है. इस नाम के द्वारा पूर्व पुरुषों के नाम भी प्रगट हो जाते हैं अब अवयव विषय में कहते हैं (सेकिंत अवयवेण) (प्रश्न) अवयव नाम कौनसा है गुरु कहते हैं भोशिष्य ! अवयवो के प्रधान होने से जिस का नाम अवयवो के अनुसार किया जाय उसी को अवयव नाम कहते हैं जैसे कि (सिंगी १) शृंग के होने से शृंगी कहा जाता है (पशुविशेष) इसी प्रकार (सिही २) शिखा होने से शिखी (मोर) (विसाणी) विषाणों के होने से विषाणी ३ (दाढी ४) दाढों के होने से दाढी (सूअर) (पक्खी) पाख होने से पक्षी ६ फिर अवयव प्रधान होने से पादादि प्रधान भी होते हैं इसलिये इस विषय में कहते हैं (खुरी ६) खुर होने से खुरी ६ (नही ७) नख होने से नखी ७ (वाली ८) (केश) बाल अधिक होने से वालो ८ (दुप्पए ९) द्विपद होने से मनुष्य कहा जाता है इसी प्रकार (चतुप्पय १०) चारपाद वाले गवादि १० (बहुप्पया ११) बहुपाद वाले कान खजूरा आदि (णंगुली १२) पूंछ होने से नगुली वानरादि (केसरी १३) केसर होने से केसरी १३ (कउही १४) ककुभ होने से ककुभी (स्कन्ध वाले वृषभादि) (परियरबंधेण भडजाणिज्जा १५) विशिष्ट वस्त्रादि की रचना देखकर शूर पुरुष जाना जाता है अर्थात् जिसके विशिष्ट वस्त्र राज चिन्हों से अंकित हैं वही शूर पुरुष होता है (महीलिय निवसणेण १६) इसी प्रकार वस्त्रादि की रचना देखकर और वेष को देखकर स्त्री जानी जाती है यथा यह पतिव्रता है अथवा पुंश्चली है (सित्थेण दोणपाग १७) द्रोण पाक रतन से एक कणका मात्र अन्न ग्रहण करने से परिपक्व अथवा अपरिपक्व जाना जाता है (कविंच एगाए गाहाए १८) और कवि एक गाथा के उच्चारण करने से जाना जाता है कि यह सुकवि है वा कुकवि है विद्वान् है वा मूर्ख है साक्षर है वा निरक्षर भट्टाचार्य है (सेतंभवयवेण) सो यही पूर्वोक्त अवयव प्रधान नाम पद होता है

क्योंकि जिसका जो अवयव प्रधान हो उसके अनुसार उसका नाम ग्रहण किया जाय उसी को अवयवी नाम कहते हैं ॥ ८ ॥

भावार्थ—नाम से नाम निष्पन्न उसे कहते है जो पिता और पितामह पितृ पितामह के नाम से नाम निष्पन्न होता है उसी से प्रसिद्धि को भी प्राप्त हो जाता है जैसे तेतली पुत्र उग्रण नागनतुआ अथवा मृगापुत्र थावच्चा (स्तापत्य) पुत्र इत्यादि यह सर्व नाम से निष्पन्न नाम पद है, और अवयवों की प्रधानता से जो नाम उत्पन्न हो उसे अवयवी नाम कहते है जैसे कि इस कथन में १८ उदाहरण दिये गये है जो निम्न लिखितानुसार है। शृगी १ शिखी २ विषाणी ३ दाढी ४ पक्षी ५ खुरी ६ नखी ७ वाली ८ द्विपद ९ चतुष्पद १० बहुपद ११ नागुली १२ कसरी १३ ककुभी १४ सैनिक वेष से शूरवीर जाना जाता है १५ वेष से ही सती वा असती स्त्री जानी जाती है १६ पके हुए अन्न के एक कण से द्रोणके वा घडाहे का पाक जाना जाता है १७ कवि एक गाथा से १८ यह सर्व अवयव प्रधान पद हैं क्योंकि जिस जीव का जो अवयव प्रधान होता है उसी के प्रयोग से उसका वही नाम उच्चारण किया जाता है इसी कारके इसे अवयव प्रधान नाम पद कहते है और गौण निष्पन्न नाम के यह अन्तर्भूत है अब संयोग नाम विषय में विवेचना करते हैं ॥

॥ अथ संयोग नाम विषय ॥

सेकित संजोएणं २ चउव्विहे पण्णत्ते तं० दव्वसंजोए १ खेत्तसंजोए २ कालसंजोए ३ भावसंजोए ४ सेकित्त दव्वसंजोए ५ तिविहे प० तं० सचित्ते १ अचित्ते २ मीसए ३ सेकित्त सचित्ते २ गोहिंगोमिए १ महिसिहिं महिसिए उट्टीहिं उट्टीए पसूहिं पसूइए ३ ऊरणीएहिं ऊरणीए ४ सेत सचित्ते सेकित्त अचित्ते २ छत्तेणं छत्ती १ दंडेणं दंडी २ पडेणं पडी घडेणं घडी ३ कडेणं कडी ४ सेत्त अचित्ते सेकित्त मिहस्सए २ नावए नाविए १ सगडेणं सागडिए २ रहेणं रहिए ३ हलेणं हालिए सेत्त मिस्सए-सेत दव्वसंजोए सेकित्त खेत्त संजोए २ भरहे एरवए

हेमवए एरणवए हरिवासए रम्मगवासए देवकुरुए उत्तर कुरुए पुव्वविदेहए अवरविदेहए अहवा मागह मालवए सोरट्ठए मरहट्ठए कुकणए कोसलए सेत्तं खेत्त सजोए सेकित कालसजोए २ सुसुमसुसुमाए सुसमाए सुसमदुसमाए दुसमसुसमाए अहवा पावसए १ वासारत्तए २ सरदए ३ हेमतए ४ वसतए ५ गिम्हए ६ सेतकाल सजोगे सेकित भाव संजोगे २ दुविहे पण्णत्ते तजहा पसत्थे अपसत्थेए सेकित पसत्थे २ नाणेण नाणी दसणेग दमणी चरित्तेणं चरित्तीं सेत्त पसत्थे सेकित अपसत्थे २ कोहेण कोही माणेण माणी मायाए मायी लोभेण लोभी (सेत्त असत्थे) सेत्त भाव संजोगे सेत्त सयोगे ॥ ८ ॥

पदार्थ–(सेकित सजोएणु २ चउविह पण्णत्ते तजहा) (प्रश्न) सयोग जन्य नाम कितने प्रकार से प्रतिपादन किया गया है (उत्तर) सयोग जन्य नाम चार प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (दव्व सजोग १ खेत्त सजोगे २ काल सजोगे ३ भाव सजोगे ४) द्रव्य सयोग जन्य नाम १ क्षेत्र सयोग जन्य नाम २ काल सयोग जन्य नाम ३ भाव सयोग जन्य नाम ४ (सेकित दव्व सजोगे २ तिविहे पण्णत्ते तजहा सचित्ते १ अचित्त २ मीसए ३) (प्रश्न) द्रव्य सयोग जन्य नाम कितने प्रकार से प्रतिपादन किया गया है (उत्तर) द्रव्य सयोग जन्य नाम तीन प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे-कि–सचित्त १ अचित्त २ मिश्र ३ (प्रश्न) (सचित्त सचित्ते) द्रव्य सयोगज सचित्त के उदाहरण किस प्रकार से है (उत्तर) (गोहिगोमए १ उट्टिहि उट्टीए २ पसूहि पसूए ३, ऊरणीहि ऊरणीए ४ सेत्त सचित्ते) जैसे जिसके पास गौएँ है उसे गोमान् कहते है १ इसी प्रकार जिसके पास ऊट है उसे औष्ट्रिक कहते हैं तथा जिसके पास पशु हैं उसे पशुओं वाला कहते हैं ३ जिसके पास अजादि हैं उसे अजादि वाला कहते है (सेत्त सचित्ते) यही सचित्त द्रव्य सयोगज नाम है इसी प्रकार अन्य भी उदाहरण जानने चाहिए १ (सेकित

अचित्ते) (प्रश्न) अचित्त द्रव्य सम्बन्ध कौनसा है और उसके उदाहरण जानने चाहिए ? (सेकिंत अचित्ते) (प्रश्न) अचित्त द्रव्य सम्बन्ध कौनसा है और उसके उदाहरण किस प्रकार से हैं। उत्तर) अचित्त द्रव्य सम्बन्ध वह होता है जिस अचित्त के प्रयोग से संयोजन किया जाय और उसके उदाहरण निम्न लिखित प्रकार से है (छत्तेण छत्ती १ दंडेण दंडी २ पडेण पडी ३ कडेण कडी ४) छत्र के सम्बन्ध होने से (छत्री) १ दंड के सम्बन्ध होने से दंडी पटके सम्बन्ध होने से पटी ३ कटके सम्बन्ध होने से कटी ४ (कट) चटाई (सेत्तं अचित्ते) सो यही अचित्त द्रव्य सम्बन्ध है अब मिश्र द्रव्य सम्बन्ध विषय म कहते हैं (सेकिंतं मिसए २) (प्रश्न) मिश्र द्रव्य सम्बन्ध किसे कहते हैं (उत्तर) मिश्र द्रव्य यह होता है जैसे कि (नावा णाविए १ सगडेणं सागडिए २ रहेण रहिए ३ हलेणं हालिए ४ सेत्तं मिसए) (सेत्तं दव्व संजोगे ?) नाव के संयोग होने पर नाविक होता है १ शकट के संयोग से शाकटिक २ रथ के संयोग से रथिक ३ हलके संयोग से हालिक ४ क्योंकि इन पदार्थों में सचित्त अचित्त दोनों प्रकार के पदार्थों का संयोग है जैसे कि वृषभ (बैल) सचित्त है हल अचित्त है सो दोनों के संयोग होने से हालिक कहा जाता है सो यही मिश्र संयोग है और इसे ही द्रव्य संयोगज कहते हैं। अब क्षेत्र संयोग विषय में विवेचन किया जाता है (सेकिंत खेत्तसंजोए ?) (प्रश्न) क्षेत्र संयोगज नाम किस प्रकार से वर्णन किया गया है (उत्तर) क्षेत्र संयोगज नाम इस प्रकार से वर्णन किया गया है (भारहए एरवए हेमवए एरणवए हरिवासए रम्मगवासए) जैसे जिसका जन्म भारत में हुआ है अथवा भरत क्षेत्र में निवास करता है उसे ही भारत कहते हैं इसी प्रकार ऐरवतिक हैमवत एरण्यवत हरिवर्षीय रम्यकवर्षीय (देवकुरुए उत्तरकुरुए पुव्वविदेहए अवरविदेहए) देवकुरुक उत्तर कुरुक पूर्वविदेहक अपरविदेहक यह सर्व क्षेत्र संयोगज नाम है (अहवा) अथवा अन्य प्रकार से भी क्षेत्र संयोगज नाम का वर्णन करते हैं जैसे कि (मागहे १ मालवए २ सोरट्ठए ३ मरहट्ठए ४ कोंकणए ५ कोसलए ६ सेत्तं खेत्तसंजोए) जिसका जन्म मगध देश में हुआ है अथवा मगध देश में बसता है उसे मागध कहते हैं इसी प्रकार मालवीय २ सौराष्ट्रिक महाराष्ट्रिक ४ कोंकण ५ कौशालिक ६ येही क्षेत्र संयोगज नाम होते हैं इसी प्रकार अन्य देशों के सम्बन्ध होने पर

भी सम्भावना करलेनी चाहिये जैसे अचनदीय (पजाबी) गुर्जरी (गुजराती) इत्यादि (सेत्त काल सजोगे २) (प्रश्न) काल सयोग जन्य नाम किसे कहते उत्तर जिसका जन्म सुषम सुषम काल में हुआ है उसको सुषम सुषमज कहते हैं इसी प्रकार (सुसमाए) सुषमज (सुसमदुसमाय ३) सुषमदुषमज दुसमसुस-माए) दुषम सुषमज (दुसमाए) दुषमज (दुसम दुसमाए) दुषम दुषमज यह सर्व सप्तम्यन्तपद पचम्यन्त जानने चाहिए सो जिस काल में जिसका सम्भव हुआ है वह कालिक सयोग से उसी प्रकार कहा जाता है अथवा काल का सयोग अन्य प्रकार से भी कहते हैं (अहवा पावसए १ वा सारत्तय २ सर दए ३ हेमतए ४ वसतए ५ गिम्हए ६ (सेत्तकाल सजोगे) यदि पावस ऋतु में जन्म हुआ है तब उसको पावसिक कहते हैं इसी प्रकार वर्षा ऋतु २, शरद ऋतु ३, हेमन्त ऋतु ४, वसत ऋतु ५, ग्रीष्म ऋतु ६, सो जिस ऋतु में जन्म हुआ हो उसी ऋतु के नाम से कहा जाता है यह भी काल सयोगज नाम है॥ अब भाव सयोगज नाम विषय में कहते हैं (सेकित्त भाव सजोगे २) (प्रश्न) भाव सयोगज नाम किसे कहते है (उत्तर) भाव सयोगज नाम (दुविहेपएणते तजहा) दो प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (पसत्थेय अपसत्थेय २) प्रशस्त भाव जन्य नाम और अप्रशस्त भाव जन्य नाम (सेकित पसत्थे२) (प्रश्न) प्रशस्त भाव जन्य नाम किसे कहते हैं अर्थात् जो सुन्दर भावों से निष्पन्न नाम कौनसा है (नाणेण नाणी १) (उत्तर) जैसे ज्ञान से युक्त होने पर ज्ञानी कहा जाता है १ (दसणेणदसणी २) इसी प्रकार दर्शन से दर्शनी २ (चरित्तेण चरित्ती चरित्र से चारित्री (सेत पसत्थे) सो यही प्रशस्त नाम होता है। (सेकित अपसत्थे) (प्रश्न) अप्रस्त निष्पन्न नाम कौनसा होता है (को हेण कोही १) (उत्तर) जैसे क्रोध से क्रोधी (माणेण माणी २) मान से मानी (मायाए मायी ३) माया से मायी (लोभेण लोभी ४) लोभ से लोभी ४ क्योंकि जो अप्रशस्त पदार्थ है उनके सयोग से अप्रशस्त नाम निष्पन्न होजाता है (सेत अपसत्थे सेत भाव सजोए सेत्त सजोएण) सो यही अप्रशस्त नाम है और यही भाव सयोग है और इसी स्थान पर सयोग निष्पन्न नाम का समाप्त पूर्ण होगया है॥

भावार्थ-सायोगिक नाम चार प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि द्रव्य सयोगज १, क्षेत्र सयोगज २, काल सयोगज ३, भाव सयोगज ४, अपितु-

द्रव्य सयोगज नाम तीन प्रकार से वर्णित है सचित्त १ अचित्त २ मिश्रित ३ सो सचित्त के उदाहरण इस प्रकार से ह जैसे गौओं के होने से गामन् १, उष्ट्रों क होने से औष्ट्रिक २, पशुओं के होने से पशुओं वाला ३, उरणीयों के होने स उरणीक ४, यही सचित्त जन्म नाम है और अचित्तज नाम ऐसे हैं जैसे कि छत्र के सयोग होने से छत्री कहा जाता ह १, और दड के सयोग होने से दडी २, पट के सयाग होने से पटी ३, कट के सयोग होने से कटी ४, सो येही अचित्त सयोगज नाम है और मिश्रज नाम निम्न प्रकार स हैं जैसे कि नाव के सयोग से नाविक १, शकट के सयोग से शाकटिक २, रथ के सयोग से राथिक ३, हल के सयोग से हालिक येही मिश्रज नाम हैं क्योंकि हल अचित्त वृषभ सचित्त दोनों के सयोग से मिश्रज नाम उत्पन्न होजाता है इसे द्रव्य सयोगज नाम कहते हैं १ और क्षेत्र के सयोग स जो नाम निष्पन्न हों उसे क्षेत्रज नाम कहते है जैसे कि भरत क्षेत्र के सयाग से भारत यावत् अपर विदेहादि अथवा मागध १ मालवी २ कोशली इत्यादि यह क्षेत्रज निष्पन्न नाम है २ और काल के सम्बन्ध से जो नाम निष्पन्न होते हैं उन्हें कालज नाम कहते हैं जैसे एक काल के चक्र के पद् २ भाग होते हैं उन के सयोग से अथवा षट् ऋतुओं के सयोग से जो नाम उत्पन्न हो उन्हें काल जन्य नाम कहते हैं ३ और भाव सयोग से जिस की उत्पत्ति है उसे भावज नाम कहते है अत' प्रशस्त भाव वा अप्रशस्त भाव यह दो प्रकार के भाव है इन दोनों से निष्पन्न नाम निम्न प्रकार से है जैसे कि प्रशस्त भाव सम्बन्धी ज्ञान से ज्ञानी १ दर्शन से दर्शनी २ चारित्र के सयोग से चारित्री ३ और अप्रशस्त भाव सम्बन्धी क्रोध के सयोग से क्रोधी १ मान के सयोग से मानी २ माया क सयोग से मायी ३ लोभ के सयोग से लोभी ४ सो यही भाव सयोगज नाम है और इन्हें ही सयोगज नाम कहते है क्योंकि यह सर्व नाम सयोग से ही उत्पन्न हुए हैं ॥ अब प्रमाण नाम के विषय म विवेचन करते हैं ॥

प्पमाणे जस्स णं जीवस्स वा अजीवस्स वा जीवाण अजी-
वाण तदुभयस्स वा तदुभयाण वाप्पमाणेत्ति नाम कज्जइ
सेत्त नामप्पमाणे १ सेकित ठवणाप्पमाणे २ सत्तविहेय पराण
त्ते तजहा नक्खत्ते १ दवय २ कुले ३ पासड ४ गणेय ५
जीवियाहेउं ६ आभिप्पाइयनाम ७ ठवणानामतु सत्तविह ॥ १ ॥
सेकित नक्खत्तनामे २ किति याहिं जाए कित्तिए १ कित्ति-
यादत्ते २ कित्तियाधम्मे ३ कित्तियासम्मे ४ कित्तियादेवे ५
कित्तियादासे ६ कित्तियासेणे ७ कित्तियारक्खिए ८ रोहि-
णीहि जाए रोहिणिए रोहिणिदिन्ने रोहिणिधम्मे रोहिणि-
सम्मे रोहिणिदेवे रोहिणिदासे रोहिणिसेणे रोहिणिरक्खेय
एवसव्वनक्खत्तेसु नामा भाणियव्वा एत्थ सगाहणि गाहाओ
कित्तियरोहिणिमिगसिरअद्दा पुणव्वसू य पुस्से य तत्तो य
अस्सिलेसा महा उ दा फग्गुणीओय १ हत्थो चित्ता साती वि
साहा तह य होइ अणुराहा जेट्ठा मूला पुव्वासाढा तह उत्तरा
चेव ॥२॥ अभिई सवण धणिट्ठा सत्तभिसदा दा अ होंति भद्द
वया रेवई अस्सिणि भरणी एसा नक्खत्तपरिवाडी ॥३॥ सेत्त
नक्खत्तनामे । सेकित देवयानामे २ अग्गिदेवयाहि जाए
अग्गिए अग्गिदिन्ने अग्गिसम्मे अग्गिधम्मे अग्गिदेवे अग्गि-
दासे अग्गिसेणे अग्गिरक्खिए एव सव्वनक्खत्तदेवतानाम
भाणियव्वा एत्थपि अट्ठनामे जावजमो इत्थपिय सग्गाणिगा
हाओआग्ग १ पयावई २ सोमे ३ रुद्दो ४ आदिती ५ विहस्सई
६ सप्पे ७ पिति ८ भग ९ अज्जम १० साविया ११ तट्ठा १२
वाउय १३ इदग्गी १४ मित्तो १५ इन्दो १६ निरई १७
आऊ १८ विस्सो य १९ वभ २० विण्हुआ २१ वसु २२

वरुण २३ अय २४ विवाद्धि २५ पुस्सो य २६ अग्गि २७ जमे चेव २८ सेत्त देवयानामे २ सेकिंत कुलनामे २ उग्गा १ भोगा २ राइन्नो ३ खत्तिए ४ इक्खगा ५ णाया ६ कोरव्वा ७ सेत्त कुलनामे ३ सेकित्त पासडनामे ४ समणे १ पडुरंगे २ भिक्खू ३ कावालिए ४ ताव से ५ परिवायए ६ सेत्तपास डनामे ४ सेकित्त गणनामे २ मल्ले १ मल्लदिन्ने २ मल्ल धम्मे ३ मल्लसम्मे ४ मल्लदेवे ५ मल्लदासे ६ मल्लसेणे ७ मल्लरक्खिए ८ सेत्त गणनामे ५ सेकित्त जीवियानामे २ अवकरए १ ऊक्कुरुडिए २ सुप्पए ३ उज्झियए ४ कज्जवए ५ सेत्त जीवियानामे ६ सेकित्त आभिप्पाइयनामे २ अवए १ निंवए २ वबूलए ३ पलासए ४ सिणए ५ पीलूए ६ करीरए ७ सेत्त आभिप्पाइयनामे ७ सेत्त ठवणाप्पमाणे ॥

पदार्थ-(सेकितप्पमाणे २ चउव्विहे प० तं०) शिष्यने प्रश्न किया कि हे भगवन् ! प्रमाण कितने प्रकार से प्रतिपादन किया गया है क्योंकि प्रमाण उसे कहते हैं जिस के द्वारा वस्तुओंका निश्चय किया जाय सो गुरुने उत्तर दिया कि वह प्रमाण चार प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (नाम प्पमाणे १ ठवणाप्पमाणे २ दव्वप्पमाणे ३ भावप्पमाणे ४) नाम प्रमाण १ स्थापना प्रमाण २ द्रव्य प्रमाण ३ भाव प्रमाण ४ (सेकित नामप्पमाणे २) (प्रश्न) नाम प्रमाण किसे कहते है (उत्तर) नाम प्रमाण के निम्न लिखिता नुसार उदाहरण हैं जैसे कि (जस्सणंजीवस्सवा) जिस जीव का अथवा (अजी-वस्सवा (अजीवका अथवा) जीवाणवा (बहुत से जीवों का अथवा) अजी वाणवा) बहुत से अजीवों का (तदुभयस्सवा) अथवा एक जीव और एक अजीव का अथवा (तदुभयाणवाप्पमाणेति नामकिज्जइसेत्त नामप्पमाणे १) बहुत से जीव बहुत से अजीवों का " प्रमाण " इस प्रकार से नाम रक्खा जाता है इसे ही नाम प्रमाण कहते हैं क्योंकि नाम प्रमाण से यह तात्पर्य है कि नाम प्रमाण के द्वारा पदार्थों का निर्णय किया जाता है सो यही नाम प्रमा

ण है १ (सकिंत ठवणाप्पमाणे २ सत्तविहे प० तं०) (प्रश्न) स्थापना प्रमाण कितने प्रकार से प्रतिपादित है (उत्तर) स्थापना प्रमाण सात प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि (नक्खत्त १) नक्षत्र के नाम पर जो नाम स्थापन किया जावे उसी को नक्षत्र स्थापना कहते हैं इसी प्रकार (देव-य २) देवों के नाम पर स्थापना (कुलेय ३) कुल के नाम पर स्थापना ३ (पासंड ४) पासंड के नाम पर स्थापना ४ (गणेय) ५ गण के नाम पर ५ (जीवियाहेतु ६) जिस नाम के द्वारा पुत्र जीवित रहे ऐसे नाम का स्थापना करना ६ (अभिप्पाइय नाम ७) और निज अभिप्रायिक नाम अर्थात् जैसे मन का अभिप्राय होता है उसके अनुसार नाम स्थापन किया जाता है इसलिये (ठवणा नामतु सत्तविह ८) स्थापन नाम सात प्रकार से कथन किया गया है (सेकिंत नक्खतनामे) (प्रश्न) नक्षत्र नाम के ऊपर स्थापना नाम किस प्रकार से प्रतिपादन किया गया है (उत्तर) नक्षत्र नाम निम्न प्रकार से हैं जैसे कि (कित्तियाहि जाए कत्तिए १) जिसका कृत्तिका नक्षत्र में जन्म हुआ हो उसे उस नक्षत्र की अपेक्षा से कार्तिक कहते हैं १ (कित्तिया दत्ते २) जो कृत्तिका ने दिया हो वही कृत्तिकादत्त २ इसी प्रकार (कित्तियाधम्मे ३) कृत्तिका धर्म्म (३ कित्तिया सम्मे ४) कृत्तिका शर्म्म ४ (कित्तियादेवे ५) कृत्तिकादेव ५ (कित्तियादासे ६) कृत्तिकादास ६ (कित्तियासेणे ७) कृत्तिकासेन ७ (कित्तियारक्खिए ८) कृत्तिका रक्षित और इसीप्रकार (रोहिणिहिं जाए रोहिणिए) जिसका रोहिणि नामक नक्षत्र में जन्म हुआ है उसे रोहिणेय कहते हैं (रोहि-णिदत्ते १) फिर रोहिणिदत्त २ (रोहिणिधम्मे) रोहिणि धर्म (रोहिणि सम्मे) रोहिणि शर्म्म (रोहिणिदेवे) रोहिणि देव (रोहिणिदासे) रोहिणिदास (रो-हिणिसेणे) रोहिणिसेन (रोहिणि रक्खिए) रोहिणि रक्षित (एवं सव्व न क्खत्तेसुनामाभाणियव्वा) सो इसी प्रकार सर्व नक्षत्रों के नाम कथन करने चा हिये परन्तु (इत्थ संगहणीगाहाओ) इस स्थान पर संग्रहणी गाथाएँ कही जाती हैं जिनके द्वारा सर्व नक्षत्रों का बोध होजाय जैसे कि (कित्तिए रोहिणि मिगसिर) कृत्तिका १ रोहिणि २ मृगशीर्ष ३ (अद्दाय पुणव्वसुय) आर्द्रा ४ पुनर्वसु ५ (पुस्सोयतत्तोय अभिलेसा) फिर पुष्य ६ तत्पश्चात् आश्लेषा ७ (म घाउ दोफग्गुणीउय) फिर मघा ८ और पूर्वा फाल्गुणी ९ उत्तरा फाल्गुणी १० (हत्थोचित्ता स्वाई) हस्त ११ चित्रा १२ स्वाति १३ (विसाहातहय अ-

गुपद्दा) विशाखा १४ तथा अनुराधा १५ (जट्ठा मूला पुव्वासाढा) जेष्ठा १६ मूल १७ पूर्वाषाढा १८ (तहउत्तरोचर) तथा उत्तराषाढा १६ (अभिईसवणे धणिट्ठा) अभिजित् २० श्रवण २१ धनिष्ठा २२ (सत्तभिसयादो अहेतिमद्दवया) शतभिषा २३ पूर्वा भाद्रपद २४ उत्तराभाद्रपद २५ (रेवई अस्सिणि भरणी) रेवती २६ अश्विनी २७ भरणी (एसा नक्खत परिवाडी) यही नक्षत्रों की परिपाटी वर्णन की गई है (सेत्त नक्खतनामे) यही नक्षत्र नाम है अर्थात् नक्षत्रों के नाम पर स्थापना नाम वर्णन किया गया है ॥ १ ॥ (सेकिं देवयानामे २) (प्रश्न) देवताओं के नाम पर नाम किस प्रकार से होता है (उत्तर) देवताओं के नाम पर नाम इस प्रकार से है जैसे कि (अग्गि देवयाहिं जाए अग्गिए) जिसका अग्निदेव के समय जन्म हुआ है वह आग्नेय १ इसी प्रकार (अग्गिदिन्ने) अग्निदत्त २ (अग्गिसम्म) अग्निशर्म्म ३ (अग्गिधम्मे) अग्निधर्म ४ (अग्गिदेव) अग्निदेव ५ (अग्गिदासे) अग्निदास ६ (अग्गिसेणे) अग्निसेन ७ (अग्गिरक्खिए) अग्नि रक्षित ८ (एव सव्वनक्खत नामाभाणियव्वा) इसी प्रकार सर्व नक्षत्र देवों के नाम पर नाम कहने चाहिएँ इसलिये (इत्थंपियसंगाहणिगाहाउ) इस स्थान पर भी सग्रहणी गाथाएँ कही जाती हैं क्योंकि अष्टाविंशति नक्षत्रों के अधिष्ठाता अष्टाविंशति देव हैं जिनके नाम निम्न गाथाओं में दिखलाए जाते हैं तथा उक्त आठ २ नाम देवों के नाम पर लोग नाम संस्कार करते हैं (अग्गि पयवइ सोमेरुद्दे) अग्नि १ प्रजापति २ सोम ३ रुद्र ४ (आदिति विहस्सई) अदिति ५ बृहस्पति ६ (सप्पेपिउभग अज्जम) सर्प ७ पितृ ८ भग ६ अर्य्यमा १० (सवियातट्ठावाउग) सविता ११ त्वष्टा १२ वायु १३ (इन्दग्गी मितोइन्दोनिरत्ती) इन्द्राग्नि १४ मित्र १५ इन्द्र १६ निर्ऋति १७ (आउविस्सोय बम्भविण्हय) अम्भ १८ विश्व १९ ब्रह्मा २० विष्णु २१ (वसुवरुणअयविवद्धि) वसु २२ वरुण २३ अज २४ विवर्द्धि २५ (पुस्सो आग्गि जये चेव) पूषा २६ अग्नि २७ यम २८ (सेत देवयानामे) सोयही देव नाम है अर्थात् अष्टाविशति नक्षत्रों के अधिष्ठाता अष्टाविंशति देव हैं यदि उन देवों के नामों पर नाम स्थापन किया जाये तब उनको देव नाम कहते हे ॥ २ ॥ अब कुल नाम का विवर्ण करते हैं (सेकिंत कुल नामे) (प्रश्न) कुल नाम किसे कहते हैं (उत्तर) उग्ग १ भोगा २ राइन्ना ३ खत्तिय ४ इक्खागा ५ णाया ६ कोरव्वा ७ सेत्त कुल नामे ३ जिसका उग्र कुल में जन्म हुआ है उसको उग्र कुल कहते है १ इसी प्रकार भोग कुल २ राज्य कुल ३

क्षत्रिय कुल ४ इक्ष्वाकु कुल ५ ज्ञात कुल ६ कौरव्य कुल ७ सो जिस कुल में जिसका जन्म होता है उसी कुल के नाम से फिर उसकी प्रसिद्धि होजाती है येही कुल नाम हैं ॥ ३ ॥ (सेकिंत पासंडनामे) (प्रश्न) पाषंड नाम किसे कहते हैं (उत्तर) (समणे पंडुरंगे भिक्खू) श्रमण परमतावलम्बी पाण्डु रंगादि वस्त्रों के धारण करने वाले बौद्ध भिक्षु (कावालिएतावसेय) कपिल मतानुयायी और तापस (परिवायए) परिव्राजक (सेत पासंड नामे) यह सर्व अन्य दर्शनीय पाषंड नामाश्रित हैं । (सेकिंत गण नामे ?) (प्रश्न) गण नाम किसे कहते हैं (उत्तर) मल्ले १ मल्ल दिन्ने २ मल्ल धम्मे ३ मल्ल सम्मे ४ मल्ल देवे ५ मल्ल दासे ६ मल्ल सेणे ७ मल्ल रक्खिए ८) मल्लादि गण नामों पर जो नाम स्थापन किया जाता है वही गण नाम हैं जैसे कि मल्ल १ मल्लदत्त २ मल्ल धर्म्म ३ मल्ल शर्म्म ४ मल्ल देव ५ मल्ल दास ६ मल्लसेन ७ मल्ल रक्षित ८ (सेत्त गणनामे) सो येही गण नाम है ॥ (सेकिंत जीवियानामे) (प्रश्न) जीवक नाम किसे कहते है अर्थात् जिसका पुत्र जीवित न रहता हो वह पुत्र के जीवित रहने के वास्ते इस प्रकार से नाम स्थापन करता है (उत्तर) अवकरए १ उकुरुडिए २ सुप्पए ३ उज्झिए ४ कुज्जरए ५ सेत्त जीवियानामे) जैसे के पुत्र के जीवित रहने की इच्छा से जन्म हुए के पश्चात् पुत्र को कचरादि में गेर कर फिर उसका नाम स्थापन करना जैस कि अवकरक १ उत्कुरुटक २ सूर्पक ३ उज्झित ४ कार्यापत ५ यह सर्व जीवित रहने की इच्छा से नाम स्थापन किये जाते हैं इसी को जीवित नाम कहते हैं ६ (सेकिंत अभिप्पाइय नामे २) (प्रश्न) अभिप्रायिक नाम किसे कहते है (उत्तर) जो अपनी इच्छानुसार नाम स्थापन किये जावे जैसे कि (अवए निंवए २ चबूल ३ पलासए ४ सिणए ५ पीलूए ६ करीर (सेत्तठवणप्पमाणे) वृक्षादि के नामों पर स्थापन करना यथा अवक १ निंवक २ बबूल ३ पलासक ४ सिनक ५ पीलु ६ करीर ७ यही सप्त प्रकार से स्थापना प्रमाण वर्णन किया गया है इसलिये स्थापना प्रमाण की समाप्ति हुई है ।

अथ द्रव्य प्रमाण विषय ।

सेकिंत दव्वप्पमाणे २ छव्विहे प० त० धम्मत्थिकाए जाव श्रद्धासमय ६ सेत्तं दव्वप्पमाणे २ ।

पदार्थ–(सेकिंत दव्वप्पमाणे २) (प्रश्न) द्रव्य प्रमाण किसे कहते हैं (उत्तर) द्रव्य प्रमाण षट् प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि धम्म त्थिकाय जाव अद्धासमय ६ सेत्तदव्वप्पमाणे) धर्मास्तिकाय १ अधर्मास्ति-काय २ आकाशास्तिकाय ३ जीवास्तिकाय ४ पुद्गलास्तिकाय ५ समय ६ यही द्रव्य प्रमाण हैं क्योंकि जो अनादि सिद्धांत में नाम वर्णन किए हैं वह केवल अनादि सिद्ध की अपेक्षा से वर्णन किये हैं और जहा पर द्रव्य अनंत धर्मात्मक होने से कथन किए गये हैं किन्तु पुनरुक्ति दोष न जानना चाहिए तथा धर्म शब्द अन्यत्र कहीं नहीं जा सक्ता केवल द्रव्याश्रित धर्म रहता है इस लिये पुनिरुक्ति न जाननी चाहिये सो यही द्रव्य प्रमाण है।

भावार्थ–प्रमाण नाम चार प्रकार से विवर्ण किया गया है जैसे कि नाम प्रमाण १ स्थापना प्रमाण २ द्रव्य प्रमाण ३ भाव प्रमाण ४ सो नाम प्रमाण उसे कहते हैं जो एक जीव और एक अजीव अथवा बहुत से जीव वा बहुत से अजीव वा बहुत से अजीव अथवा जीव अजीव दोनों का " प्रमाण नाम " इस प्रकार से जो स्थापन किया जाता है उसे ही नाम प्रमाण कहते हैं अपितु स्थापना प्रमाण सात प्रकार से कथन किया है जैसे कि नक्षत्र १ देव २ कुल ३ प पंड ४ गण ५ जीविका हेतु ६ और अभिप्रायिक नाम ७ सो इन्हीं के कारण से जो नाम स्थापन किया जाता है उसे ही स्थापना नाम कहते हैं जैसे कि जिसका कृत्तिका नक्षत्र में जन्म हुआ है उसका नाम कात्तिक १ कृत्तिका दत्त २ कृत्तिका धर्म ३ कृत्तिका शर्म ४ कृत्तिका देव ५ कृत्तिका दास ६ कृत्तिका सेन ७ कृत्तिका रक्षित ८ इसी प्रकार २८ नक्षत्रों की कल्प ना कर लेनी चाहिए ॥ १ ॥ और २८ नक्षत्रों के अधिष्ठाता २८ देव हैं यदि उनके नामों पर नाम स्थापन किया जाय उन्हीं को देव नाम कहते हैं जैसे कि कृत्तिका नक्षत्र का अधिष्ठाता अग्नि नामक देव है उसी के नाम पर आग्नेयक १ अग्नि देव २ अग्नि दत्त ३ अग्नि शर्म ४ अग्नि धर्म ५ अग्नि सेन ६ अग्नि दास ७ अग्नि रक्षित ८ इसी प्रकार २८ देवों पर नाम स्थापन कर लेने चाहिये और उग्र १ भोग २ क्षत्रिय ३ राज्य ४ इक्ष्वाकु ५ ज्ञात ६ कौरव्य ७ इत्यादि कुलों के नामों पर नाम स्थापन किया जाय उसी को कुल नाम कहते हैं ३ जो श्रमण पांडुरंग भिक्षुका पालिक तापस परिव्राजक आदि के नामों पर नाम स्थापन हो उसे ही पापण्डनाम नाम कहते हैं ॥ ४ ॥ जो मल्ला

दि गुण के नामों पर नाम हो उसे गण नाम कहते है ५ तथा पुत्र के जी वित रहने की आशा पर पुत्र को गेर देना फिर उसके अनकर उत्कुरुट आदि नाम रखने वही जीवित नाम है ६ अथवा गुण निष्पन्न वा नो गुण निष्पन्न आदि को न विचारते हुए अपने अभिप्राय के अनुसार नाम रक्खे उसे अभि-प्रायिक नाम कहते हैं जैसे कि अवक १ निंवक २ बबूल ३ पलाशक ४ सि नक पीलुक ६ करीरक ७ यही अभिप्रायिक नाम है और इसे ही स्थापना प्रमाण कहते है इसका पूर्ण विवर्ण पदार्थ में लिखा गया है और द्रव्य प्रमाण में षट् द्रव्य वर्णन किए गए हैं क्योंकि द्रव्य सज्ञा इन्हीं की ही है इसीलिये यह द्रव्य सज्ञक हैं अब इसके आगे भाव प्रमाण का विवर्ण किया जाता है।

अथ भाव प्रमाण विषय।

सेकिंतंभावप्पमाणे २ चउविहे पन्नता तंजहा सामासिए तद्धितए धाउय निरुत्तिय सेकित सामासिए २ सत्तसमासा भवन्ति तंजहा दंदे अ १ बहुव्वीही २ कम्मधारए ३ दिगूए ४ तप्पुरिसे अव्वइभावे ६ एगसेसे य सत्तमे सेकित दंदे २ दन्ताश्च ओष्टौ च दन्तोष्ठम् १ स्तनौ च उदर च स्तनोदरम् २ वस्त्रच पात्रच वस्त्रपात्रम् ३ अश्वाश्च महिषाश्च अश्वमहिषं ४ अहिश्च नकुलच अहिनकुलम् ५ सेत्त दंदे ॥ १ ॥

पदार्थ-(सेकित भावपमाणे चऊविहे पन्नता तंजहा) (प्रश्न) शिष्य कहता है कि हे पूज्य भाव प्रमाण कितने प्रकार से वर्णन किया गया है (उत्तर) गुरु ने उत्तर में कहा कि भाव प्रमाण चार प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि सामासिक १ तद्धितज २ धातुज ३ और नैरुक्तिक ४ भाव प्रमाण इन्हें इसलिये कहा गया है कि अर्थ के युक्त होने पर गुण उत्पन्न होता है सो गुण भाव में होता है प्रमाण शब्द का अर्थ यह है "प्रमीयतेच्छिद्यत निश्चयी क्रियते अनेनतत्प्रमाणम्" जिसके द्वारा पदार्थों का प्रमाण किया जाय अथवा निर्णय किया जाय वेही प्रमाण हैं सो इसीलिये शब्द योग होने के लिये उक्त चारों का भाव प्रमाण में रक्खा है अतएव यह युक्ति संगत कथन है कि-

पदार्थ-(सेकिंत्त दव्वप्पमाणे २) (प्रश्न) द्रव्य प्रमाण किसे कहते हैं (उत्तर) द्रव्य प्रमाण षट् प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि धम्म त्थिकाय जाव अद्धासमय ६ सेत्तदव्वप्पमाणे) धर्मास्तिकाय १ अधर्मास्ति काय २ आकाशास्तिकाय ३ जीवास्तिकाय ४ पुद्गलास्तिकाय ५ समय ६ यही द्रव्य प्रमाण है क्योंकि जो अनादि सिद्धांत में नाम वर्णन किए हैं वह केवल अनादि सिद्ध की अपेक्षा से वर्णन किये हैं और जहा पर द्रव्य अनंत धर्मात्मक होने से कथन किए गये हैं किन्तु पुनरुक्ति दोष न जानना चाहिए तथा धर्म शब्द अ यत्र कहीं नहीं जा सक्ता केवल द्रव्याश्रित धर्म रहता है इस लिये पुनिरुक्ति न जाननी चाहिये सो यही द्रव्य प्रमाण है।

भावार्थ-प्रमाण नाम चार प्रकार से विवर्ण किया गया है जैसे कि नाम प्रमाण १ स्थापना प्रमाण २ द्रव्य प्रमाण ३ भाव प्रमाण ४ सो नाम प्रमाण उसे कहते हैं जो एक जीव और एक अजीव अथवा बहुत से जीव वा बहुत से अजीव वा बहुत से अजीव अथवा जीव अजीव दोनों का " प्रमाण नाम " इस प्रकार से जो स्थापन किया जाता है उसे ही नाम प्रमाण कहते हैं अपितु स्थापना प्रमाण सात प्रकार से कथन किया है जैसे कि नक्षत्र १ देव २ कुल ३ पषंड ४ गण ५ जीविका हेतु ६ और अभिप्रायिक नाम ७ सो इन्हीं के कारण से जो नाम स्थापन किया जाता है उसे ही स्थापना नाम कहते हैं जैसे कि जिसका कृत्तिका नक्षत्र में जन्म हुआ है उसका नाम कात्तिक १ कृत्तिका दत्त २ कृत्तिका धर्म ३ कृत्तिका शर्म ४ कृत्तिका देव ५ कृत्तिका दास ६ कृत्तिका सेन ७ कृत्तिका रक्षित ८ इसी प्रकार २८ नक्षत्रों की कल्प ना कर लेनी चाहिए ॥ १ ॥ और २८ नक्षत्रों के अधिष्ठाता २८ देव हैं यदि उनके नामों पर नाम स्थापन किया जाय उन्हीं को देव नाम कहते हैं जैसे कि कृत्तिका नक्षत्र का अधिष्ठाता अग्नि नामक देव है उसी के नाम पर आग्नेय १ अग्नि देव २ अग्नि दत्त ३ अग्नि शर्म ४ अग्नि धर्म ५ अग्नि सेन ६ अग्नि दास ७ अग्नि रक्षित ८ इसी प्रकार २८ देवों पर नाम स्थापन कर लेने चाहिये और उग्र १ भोग २ क्षत्रिय ३ राज्य ४ इक्ष्वाकु ५ ज्ञात ६ कौरव्य ७ इत्यादि कुलों के नामों पर नाम स्थापन किया जाय उसी को कुल नाम कहते हैं ३ जो श्रमण पाण्डुरंग भिक्षुक पालिक तापस परिव्राजक आदि के नामों पर नाम स्थापन हो उसे ही पाषंडनाम नाम कहते हैं ॥ ४ ॥ जो मल्ला-

दि गुण के नामों पर नाम हो उसे गण नाम कहते हैं ५ तथा पुत्र के जीवित रहने की आशा पर पुत्र को गेर देना फिर उसके अवकर उत्कुरुट आदि नाम रक्खे वही जीवित नाम है ६ अथवा गुण निष्पन्न वा नो गुण निष्पन्न आदि को न विचारते हुए अपने अभिप्राय के अनुसार नाम रक्खे उसे अभिप्रायिक नाम कहते हैं जैसे कि अवक १ निंबक २ बबूल ३ पलाशक ४ सिनक पीलुक ६ करीरक ७ यही अभिप्रायिक नाम हैं और इसे ही स्थापना प्रमाण कहते हैं इसका पूर्ण विवर्ण पदार्थ में लिखा गया है और द्रव्य प्रमाण में षट् द्रव्य वर्णन किए गए हैं क्योंकि द्रव्य सञ्ज्ञा इन्हीं की ही है इसीलिये यह द्रव्य सञ्ज्ञक है अब इसके आगे भाव प्रमाण का विवर्ण किया जाता है।

अथ भाव प्रमाण विषय।

सेकिंतंभावप्पमाणे २ चउविहे पन्नता तजहा सामासिए तद्धितए धाउय निरुत्तिय सेकिंत सामासिए २ सत्तसमासा भवन्ति तजहा ददे अ १ बहुव्वीही २ कम्मधारए ३ दिगूए ४ तप्पुरिसे अव्वइभावे ६ एगसेसे य सत्तसे सेकित ददे २ दताश्च ओष्ठौ च दतोष्ठम् १ स्तनौ च उदर च स्तनोदरम् २ वस्त्रच पात्रंच वस्त्रपात्रम् ३ अश्वाश्च महिषाश्च अश्वमहिषं ४ अहिश्च नकुलच अहिनकुलम् ५ सेत्त ददे ॥ १ ॥

पदार्थ-(सेकिंत भावप्पमाणे चउविहे पन्नता तजहा) (प्रश्न) शिष्य कहता है कि हे पूज्य भाव प्रमाण कितने प्रकार से वर्णन किया गया है (उत्तर) गुरु ने उत्तर मे कहा कि भाव प्रमाण चार प्रकार से प्रतिपादन किया गया है जैसे कि सामासिक १ तद्धितज २ धातुज ३ और नैरुक्तिक ४ भाव प्रमाण इन्हें इसलिये कहा गया है कि अर्थ के युक्त होने पर गुण उत्पन्न होता है सो गुण भाव में होता है प्रमाण शब्द का अर्थ यह है " प्रमीयतेच्छिद्यते निश्चयी क्रियते अनेनतत्प्रमाणम् " जिसके द्वारा पदार्थों का प्रमाण किया जाय अथवा निर्णय किया जाय वेही प्रमाण हैं सो इसीलिये शब्द बोध होने के लिये उक्त चारों का भाव प्रमाण में रक्खा है अतएव यह युक्ति सगत कथन है कि

शब्द बोध होने से अर्थ बोध शीघ्र हो जाता है पुन अर्थ बोध से गुण की प्राप्ति है गुण है सो भाव है इसीलिये यह भाव प्रमाण है (सेकिंत समासिए ? सत्त समासा भवन्ति तजहा) (प्रश्न) सामासिक प्रमाण कितने प्रकार से वर्णन किया गया है (उत्तर) सामासिक प्रमाण में सात समास होते हैं जैसे कि (दंदे १ बहुव्वीही २ कर्म धारए ३ दिगूए ४ तप्पुरिसे ५ अव्वई भाव ६ एग सेसेय सत्तमे ७) द्वन्द १ बहुव्रीहि २ कर्म धारय ३ द्विगु ४ तत्पुरुष ५ अव्ययी भाव ६ एक शेष ७ येही सात प्रकार के समास हैं क्योंकि समास शब्द का यह अर्थ है कि बहुत से पदों का एक पद किया जाय उसे ही समासान्त पद कहते हैं जैसे कि " सममन संक्षेपण परस्परा पेक्षयो पूर्वोत्तर पदयो रेकत्वेनन्यसन समास " सो जो सम्मिलित हो कर पद उत्पन्न होता है वही सामासिक पद है अपितु वर्तमान समय के शब्दानुशासनों में समास पद् प्रकार से वर्णन किये गये हैं जैसे कि बहुव्रीहि १ अव्ययी भाव २ तत्पुरुष ३ कर्म धारय ४ द्विगु ५ द्वन्द ६ तथा " परस्परा पेक्षाणाम् पूर्वोत्तरपदाना सुवताना ऋथ निकैपद्यम् समासः " परस्पर की अपक्षा से पूर्वोत्तर सुवत पदों का एक पद किया जाय वही समासान्त पद है क्योंकि जहा पर अनेक सुवत पद हों उनको एक पद में वर्णन किया जाय वही समासान्त पद है सो अब अनुक्रमता पूर्वक इनके उदाहरण दिखलाए जाते हैं जैसे कि (सेकिंत दंदे ? २) (प्रश्न) द्वन्द समास किसे कहते हैं (दंतोश्च ओष्ठौ च दंतोष्ठम्) (उत्तर) द्वन्द समास दो प्रकार से होता है एक अवयव प्रधान द्वितीय समाहार प्रधान सो यहा पर समाहार प्रधान के उदाहरण दिखलाए गये हैं जैसे कि दान्त और ओष्ठों का समाहार करने से " दंतोष्ठम् " ऐसे प्रयोग बन जाता है क्योंकि " प्राणि तूर्याङ्गम् " शा० व्या० अ० २ पा० १ सू १०१ प्राण्यङ्गाना तूर्याङ्गानां द्वन्द्व एकार्थोनित्य भवति पाणिपादम् शङ्ख पटहम् इत्यादि इस सूत्र से दंतोष्ठ रूप होकर फिर " अतोऽम् " शा० व्या० अ० १ पा० २ सू० ४ अकारान्तस्म नपुंसकस्य सम्बन्धिनो स्वमोरमित्या देशो भवति फिर " मोणोऽम " " पदस्य " " षष्टया स्थानेऽन्तेल " इन सूत्रों से " दंतोष्ठम् " शब्द सिद्ध हो जाता है किन्तु यह दन्तोष्ठ शब्द नपुंसक लिङ्ग का एक वचनान्त है और द्वन्द समासान्त पद है और (स्तनौच उदरच स्तनोदर) जब स्तन और उदर का समाहार किया तब स्तनोदरम् प्रयोग सिद्धहुआ सो " प्राणि तूर्याङ्गम् " अताऽम् इत्यादि सूत्रों की प्राप्ति है यह द्वन्द समासान्त पद है. (वस्त्रच पात्रच अनयो समाहार वस्त्र पात्रम्) जब

वस्त्र और पात्र का समाहार किया गया तव द्वन्द्वो वा शा० व्या० अ० २ पा० १ सू० ९३ इस सूत्र से वस्त्र पात्र प्रयोग सिद्ध हुआ फिर " अतोऽम् " सूत्र से विभक्त्यन्त पद वस्त्र पात्रम् हो गया तथा (अश्वश्च महिषश्च अश्व महिषम्) अश्व और महिष का जव समाहार किया गया "नित्य वैरविरे" शा० २-१ १०२ और मोऽणोऽम् इन सूत्रों से अश्व महिषम् प्रयोग सिद्ध हुआ क्योंकि यह सर्वांद्धि पदान्त और द्वन्द्व समासान्त पद है फिर " अहिश्च नकुलश्च अहिनकुल " सर्प और नकुल का जब समाहार किया गया " नित्य वैरविरे " २-१-१०२ इस सूत्र के द्वारा अहि नकुल प्रयोग सिद्ध हो गया फिर " अहतोऽम् " सूत्र से अहि नकुलम् शब्द बना सो यह सर्व द्वन्द्व समासान्त पद हैं क्योंकि जिस समास में चकार बहुत बार आता हो उसे ही द्वन्द्व समास कहते हैं अपितु "प्रत्यय स्यच सुपः इलुक्" शा० अ० २ पा० २ सू० १ समासस्य प्रत्ययस्यश्च निमित्त स्य सुप इलूक् भवति इस सूत्र से समाहार करते समय सुप् प्रत्यय का लोप हो जाना है (सेत द्वन्द्वे १) सो यही द्वन्द्व समास हैं अर्थात्) चकार बहुलो द्वन्द्व जिसमें चकारों की संख्या अधिक हो वही द्वन्द्व समास होता है।

